वक्र के समीकरण पर से और $\dfrac{\text{तार}}{\text{ताय}}=-\text{कोस्पष}$ इस से य और र का मान ष के रूप में आ सकता है इन का उत्थापन ल में देने से ल भी कोई ष का फल होगा फिर $\text{चा}=\dfrac{\text{ताल}}{\text{ताष}}+\int\text{ल ताष}$ इस पर से चाप का मान जान सकते हो। ब की ओर गणना करने से चा का ऋण चिह्न छोड़ दिया है ।

ऊपर जो प. ल इत्यादि का परस्पर सम्बन्ध दिखलाया है वह सब हम ने द्युचरचार नामक ग्रन्थ में लिखा है। बालावबोध के लिये यहाँ भी थोड़ा सा दिखला दिया है।

ऊपर जो $\text{ल} = \text{यकोज्याप} + \text{रज्याप}$

$$\frac{\text{ताल}}{\text{ताप}} = -\text{च} = -\text{यज्याप} + \text{रकोज्याप}$$

ये सिद्ध हुए हैं इन पर से

$$\text{लकोज्याप} = \text{यकोज्या प} + \text{रज्यापकोज्याप}$$

$$\frac{\text{ताल}}{\text{ताप}}\text{ज्याप} = -\text{चज्याप} = -\text{यज्या प} + \text{रज्यापकोज्याप}$$

$$\left.\begin{array}{ll} \text{अन्तर करने से} & \text{ल}\cdot\text{कोज्याप} - \text{ज्याप}\dfrac{\text{ताल}}{\text{ताप}} = \text{य} \\ \text{इसी प्रकार} & \text{ल ज्याप} + \text{कोज्याप}\dfrac{\text{ताल}}{\text{ताप}} = \text{र} \end{array}\right\} \cdots\cdots\cdots \text{(१)}$$

यदि एक ऐसे वक्र का ज्ञान करना हो जिस के चाप पर से उद्दिष्ट $\int \text{लताप}$ इस का ज्ञान अपेक्षित हो जहाँ ल कोई प का फल है तो (१) समीकरण से स्पष्ट है कि ल, कोज्याप, ज्याप, और $\frac{\text{ताल}}{\text{ताप}}$ इन सब पर से उस वक्र का भुज, और कोटि विदित हो जाँयगे।

इसी क्षेत्र में यदि वक्रजातीय वृत्त का केन्द्र ग और व्यासार्द्ध गव = वि मानो (चलनकलन का १७वाँ अध्याय देखो) तो चलनकलन के १६८ और १७१ प्रक्रमों से, $\text{वि} = \text{श्रु}\dfrac{\text{ताश्रु}}{\text{ताल}} = \dfrac{\text{ताचा}}{\text{ताप}}$, इस लिये $\dfrac{\text{ताल}}{\text{ताप}} = \text{श्रु}\dfrac{\text{ताश्रु}}{\text{ताचा}}$

और $$\text{च} = \text{श्रुकोज्या}\angle\text{नावल} = -\text{श्रु}\frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताच}}$$

इसलिये $-\text{च} = \dfrac{\text{ताल}}{\text{ताप}}$ ।

ना विन्दु से वक्रजातीय व्यासार्द्ध के ऊपर नात लम्ब डालो तो स्पष्ट है कि नात = च = बल। और वक्र के प्रति विन्दु के भिन्न भिन्न जो वक्रजातीय वृत्तकेन्द्र होंगे उन पर गये हुए वक्र अर्थात् अवलूत (चलनकलन का १७५ वाँ प्रक्रम देखो) के साथ नात का वैसाही सम्बन्ध रहेगा

जैसा कि ब विन्दु के साथ बल अर्थात् च का है। यदि त विन्दु का अक्षीय भुज युग्म $\text{ल}'$, $\text{ष}'$ मानें और तग = $\text{च}'$ तो

$$\text{ष}' = \text{ष} - \frac{\pi}{2} \text{ और } \text{ल}' = \text{च}$$

$$\text{और गत} = \text{च}' = -\frac{\text{ताल}'}{\text{ताष}'} = -\frac{\text{ताल}'}{\text{ताष}} = -\frac{\text{ताच}}{\text{ताष}} = \frac{\text{ता}^2\text{ल}}{\text{ताष}^2}$$

क्योंकि अवलूत के लक्षण से गव रेखा अवलूत की स्पर्शरेखा होगी

$$\text{और वि} = \text{वत} + \text{तग} = \text{ल} + \text{च}' = \text{ल} + \frac{\text{ता}^2\text{ल}}{\text{ताष}^2}$$

$$\text{परंतु वि} = \frac{\text{ताचा}}{\text{ताष}}, \text{ इस लिये } \frac{\text{ताचा}}{\text{ताष}} = \text{ल} + \frac{\text{ता}^2\text{ल}}{\text{ताष}^2}$$

$$\text{और} \quad \text{चा} = \int \text{ल ताप} + \frac{\text{ताल}}{\text{ताप}} \text{ यही पहले भी सिद्ध हुआ था।}$$

यदि प्रत्येक स्पर्शरेखाओं के ऊपर ना विन्दु से लम्ब डाले जायँ और उन लम्बमूलों में लगाकर एक वक्र करें और इसके ल विन्दु पर जो स्पर्शरेखा होगी उस पर ना विन्दु से जो लम्ब पड़ा उसको ल_1 कहो तो चलनकलन के १३१ वें प्रक्रम से $\frac{1}{\text{ल}_1^2} = \frac{1}{\text{ल}^2} + \frac{1}{\text{ल}^4} \cdot \frac{\text{ताल}^2}{\text{ताष}^2}$ (क्योंकि इस वक्र की श्रुति = ल है) इस में $\frac{\text{ताल}}{\text{ताष}}$ के स्थान में $-$च का उत्थापन देने से

$$\frac{1}{\text{ल}_1^2} = \frac{1}{\text{ल}^2} + \frac{\text{च}^2}{\text{ल}^4} = \frac{\text{ल}^2 + \text{च}^2}{\text{ल}^4} = \frac{\text{श्रु}^2}{\text{ल}^4}$$

$$\text{इसलिये } \text{ल}_1 = \frac{\text{ल}^2}{\text{श्रु}} \text{ यह एक चमत्कृत सिद्धान्त उत्पन्न होता है।}$$

ऊपर के क्षेत्र में अ विन्दु से ब की ओर जब चा = चा_1 तो च = च_1 और जब चा = चा_2 तब च = च_2 ऐसा मानो तो

$$\text{चा}_2 - \text{चा}_1 + \text{च}_2 - \text{च}_1 = \int_{\text{ष}_1}^{\text{ष}_2} \text{लताष} \text{ यह उत्पन्न होगा}$$

जहाँ चा_2 और चा_1 सम्बन्धी ष_2 और ष_1 हैं।

ध्रुव स्थान से किसी ष_1 में यदि श्रुति का मान श्रु_1 और च का मान च_1 हो तो स्पष्ट है कि श्रुति नियत अक्ष के चारो ओर घूम कर जब फिर अपने पहले

स्थान पर पहुँचेगी तब प का मान $\text{प}_२ = \text{प}_१ + २\pi$ यह और $\text{श्रु}_२ = \text{श्रु}_१$ । $\text{च}_२ = \text{च}_१$ ऐसी स्थिति में जो सीमित वक्र होंगे

उनके परिधि का मान $= \int_{\text{प}_१}^{\text{प}_१ + २\pi} \text{लताप}$ यही होगा ।

८५। ८४ प्रक्रम के सिद्धान्त की व्याप्ति दिखाने के लिये दो उदाहरण दिखलाते हैं ।

(१) मानो कि अतवक एक दीर्घवृत्त का चतुर्थांश है जिस का केन्द्र न, बृहद्व्यासार्द्ध नअ = अ, लघुव्यासार्द्ध नक = क, व विन्दु की स्पर्शरेखा लवस और उस पर केन्द्र से पड़ा लम्ब नल = ल है तो न को मूलविन्दु मानने से इसका समीकरण $\frac{\text{र}^२}{\text{क}^२} + \frac{\text{य}^२}{\text{अ}^२} = १$ यह होगा । यहाँ यदि

$\angle \text{लनस} = \text{प}$, तो ८४ प्रक्रम से ल = यकोज्याप + रज्याप ।

वल = च = यज्याप—रकोज्याप ।

$$\text{और} \frac{\text{र}^२}{\text{क}^२} = १ - \frac{\text{य}^२}{\text{अ}^२} \therefore \frac{२\text{र}}{\text{क}^२} \frac{\text{तार}}{\text{ताय}} = -\frac{२\text{य}}{\text{अ}^२} \text{और} \frac{\text{तार}}{\text{ताय}} = -\frac{\text{य}}{\text{र}} \frac{\text{क}^२}{\text{अ}^२}$$

(१)



$$\text{और ल} = \text{यकोज्याप} + \text{रज्याप} = \text{ज्यापर} \left(\text{कोसपप} \times \frac{\text{य}}{\text{र}} + १ \right) \cdots$$

$$= \text{ज्यापर} \left[\frac{\text{अ}^२}{\text{क}^२} \text{कोस}^२\text{प} + १ \right] \cdots\cdots (१)$$

$$\text{परन्तु} \frac{\text{यक}^२}{\text{रअ}^२} = \text{कोसपप} \therefore \frac{\text{य}^२\text{क}^४}{\text{र}^२\text{अ}^४} = \text{कोस}^२\text{प} । \frac{\text{य}^२}{\text{र}^२} = \frac{\text{अ}^४\text{कोस}^२\text{प}}{\text{क}^४}$$

और $\frac{\frac{\text{य}^2}{\text{अ}^2}}{\frac{\text{र}^2}{\text{क}^2}} = \frac{\text{अ}^2\text{कोस्प}^2\text{प}}{\text{क}^2}$ । एक में जोड़ देने से

$$\frac{\text{क}^2}{\text{र}^2} = \frac{\text{अ}^2\text{कोस्प}^2\text{प} + \text{क}^2}{\text{क}^2},$$

मूल लेने से $\frac{\text{क}}{\text{र}} = \sqrt{१ + (१ - \text{इ}^2)^{-१}\text{कोस्प}^2\text{प}}$ . . . . (२)

$$\therefore \text{र} = \frac{\text{क}}{\sqrt{१ + (१ - \text{इ}^2)^{-१}\text{कोस्प}^2\text{प}}}$$

इस का उत्थापन (१) में देने से

$$\text{ल} = \text{ज्यापर}\left[\frac{\text{अ}^2}{\text{क}^2}\text{कोस्प}^2\text{प} + १\right]$$

$$= \text{ज्याप}\frac{\text{क}}{\sqrt{१ + (१ - \text{इ}^2)^{-१}\text{कोस्प}^2\text{प}}}\{(१ - \text{इ}^2)^{-१}\text{कोस्प}^2\text{प} + १\}$$

$$= \text{ज्यापक}\sqrt{\{१ + (१ - \text{इ}^2)^{-१}\text{कोस्प}^2\text{प}\}}$$

$$= \text{अ}\sqrt{१ + \text{इ}^2}\sqrt{\{\text{ज्या}^2\text{प} - \text{इ}^2\text{ज्या}^2\text{प} + \text{कोज्या}^2\text{प}\}} = \text{अ}\sqrt{\{१ - \text{इ}^2\text{ज्या}^2\text{प}\}}$$

अव अ$\sqrt{(१ - \text{इ}^2\text{ज्या}^2\text{प})}$ इस ल पर से

$$\text{अव} + \text{वल} = \text{अ}\int\sqrt{१ - \text{इ}^2\text{ज्या}^2\text{प}}$$

वक्र में व विन्दु ऐसा कल्पना करें जिसका भु = $\text{य}' = \text{अज्याप}$
और कोटि = $\text{र}' = \text{ककोज्याप}$ तो ७७ वें प्रक्रम से

$$\text{कत} = \text{अ}\int\sqrt{(१ - \text{इ}^2\text{ज्या}^2\text{प})}$$

इसलिये अव + वल = कत यह सिद्ध हुआ । . . . . (अ)

और व बिन्दु का भुज यदि य तो ८४वें प्रक्रम से ल के रूप में य

$$= \text{ल कोज्याप} - \frac{\text{ताल}}{\text{ताप}}\text{ज्याप} = \text{अकोज्याप}\sqrt{१ - \text{इ}^2\text{ज्या}^2\text{प}} + \frac{\text{अइ}^2\text{ज्या}^2\text{पकोज्याप}}{\sqrt{(१ - \text{इ}^2\text{ज्या}^2\text{प})}}$$

$$= \frac{\text{अकोज्याप}}{\sqrt{(१ - \text{इ}^2\text{ज्या}^2\text{प})}}$$ . . . . (क)

(क्योंकि यहाँ $\text{वल} = \text{च} = -\frac{\text{ताल}}{\text{ताप}} = \frac{\text{अइ}^2\text{ज्यापकोज्याप}}{\sqrt{(१ - \text{इ}^2\text{ज्या}^2\text{प})}}$]

बल के मान में (क) का उत्थापन देने से

बल = $\text{इ}^{\text{२}}\,\text{य}\,\text{ज्या}\,\text{प}$। इसी जगह यदि न के भुज का $\text{य}' = \text{अ}\,\text{ज्या}\,\text{प}$ इस का उत्थापन दें तो

$$\text{बल} = \frac{\text{इ}^{\text{२}}\,\text{य}\text{य}'}{\text{अ}}$$ इस पर से और (अ) के रूप से

$$\text{कत} - \text{अब} = \text{बल} = \frac{\text{इ}^{\text{२}}\,\text{य}\text{य}'}{\text{अ}}, \quad \cdots\cdots \quad \text{(ग)}$$

इस सिद्धान्त को फ्यागनानी (Fagnani) ने निकाला है इसलिये उन के आदरार्थ इसे फ्यागनानी का सिद्धान्त (Fagnani's Theorem) कहते हैं। बल का मान चलनकलन के ११वें अध्याय से भी $\text{इ}^{\text{२}}\,\text{य}\,\text{ज्या}\,\text{प}$ यह निकाल सकते हो।

(क) का वर्ग कर देने से $\dfrac{\text{अ}^{\text{२}} - \text{अ}^{\text{२}}\,\text{ज्या}^{\text{२}}\,\text{प}}{\text{१} - \text{इ}^{\text{२}}\,\text{ज्या}^{\text{२}}\,\text{प}} = \dfrac{\text{अ}^{\text{२}} - \text{य}'^{\text{२}}}{\text{१} - \dfrac{\text{इ}^{\text{२}}\,\text{य}'^{\text{२}}}{\text{अ}^{\text{२}}}} = \text{य}^{\text{२}}$

छेदगम कर समशोधन से

$\text{इ}^{\text{२}}\,\text{य}^{\text{२}}\,\text{य}'^{\text{२}} - \text{अ}^{\text{२}}(\text{य}^{\text{२}} + \text{य}'^{\text{२}}) + \text{अ}^{\text{४}} = \text{०}$ इस से यह सिद्ध होता है कि य के स्थान में $\text{य}'$ का और $\text{य}'$ के स्थान में य का उत्थापन देने से भी पूर्ववत् फल उत्पन्न होगा। इस लिये $\text{कव} - \text{अत} = \dfrac{\text{इ}^{\text{२}}\,\text{य}\text{य}'}{\text{अ}}$ यह भी होगा

(२)



मानो कि किसी अतिपरवलय का केन्द्र न, अ शिरःस्थान, बल व विन्दु पर स्पर्शरेखा और इस पर न से पड़ा लम्ब नल है।

यहाँ पर भी यदि $\angle$अनल = प और नल = ल तो (१) उदाहरण के ऐसा सिद्ध कर सकते हो कि

$$\text{बल} - \text{अब} = \text{अ} \int \sqrt{(\text{१} - \text{इ}^{\text{२}}\,\text{ज्या}^{\text{२}}\,\text{प})}\;\text{ताप}$$

चलनकलन के १३वें अध्याय से अतिपरबलय के अनन्त दूर की स्पर्श-रेखा अर्थात् असीमपथ निकालो तो उस समय $\frac{\text{तार}}{\text{ताय}} = \pm \frac{\text{अ}}{\text{क}}$ इस लिये उस स्थान में प का मान अ_1 कहो तो कोस्पअ$_1 = \frac{\text{क}}{\text{अ}} = \sqrt{\text{इ}^2 - 1}$ अति-परबलय के लक्षण से उस समय अ स्थान से अनन्त दूर तक जो अतिपरबलय का चाप हो उसको न स्थान से असीमपथ जो हो उसके मान में घटा देने से शेष $= \text{अ} \int_0^{\text{अ}_1} \sqrt{(1 - \text{इ}^2 \text{ज्या}^2 \text{प})}$ ताप यही होगा।

यह शेष वही है जो ७८ प्रक्रम के अन्त में सिद्ध हुआ है क्योंकि उस समय अइल यह असीमपथ ही का मान होगा।

८४। प्रक्रम में जो सिद्धान्त दिखलाया है अर्थात् चा $= \frac{\text{ताल}}{\text{ताप}} + \int$ लताप यह लेजेण्ड्र (Legendre) का निकाला हुआ है (See Traitè des Fanctions Elliptiques)

८६। अति परबलय के चाप का मान जानने के लिये ल्याण्डन का सिद्धान्त (Landen's Theorem on a Hyperbolic Arc.)

अतिपरबलय का कोई चाप कोई दो दीर्घवृत्तों के चाप से प्रकाशित कर सकते हैं।

किसी त्रिभुज में जहाँ आ, का, गा कोण और उन के संमुख भुज अ, क, ग हैं सरलत्रिकोणमिति से स्पष्ट है कि

$$\text{ग} = \text{अकोज्याका} + \text{ककोज्याआ}। \quad \cdots\cdots\cdots \quad (1)$$

मानो कि शिरःस्थान का वहिर्गत कोण गा = आ + का है। और अ, क दो भुज तो स्थिर और बाक़ी सब अवयव त्रिभुज में चल हैं

तो गा = आ + का और ताआ + ताका = तागा इससे (१) को गुण देने से गतागा = (अकोज्याका + ककोज्याआ) ताआ + (अकोज्याका + क कोज्याआ) ताका चल-ज्ञान करने से

$$\int \text{गतागा} = \int \text{अकोज्याकाताआ} + \int \text{ककोज्याआताका} + \text{२अज्याका} + \text{स्थि}$$

वा सरलत्रिकोणमिति से

$$\int \sqrt{(\text{अ}^2 + \text{क}^2 + \text{२अककोज्यागा})}\text{तागा} = \int \sqrt{(\text{अ}^2 - \text{क}^2 \text{ज्या}^2 \text{आ})}\ \text{ताआ}$$

$$+\int\sqrt{(\text{क}^{२}-\text{अ}^{२}\,\text{ज्या}^{२}\,\text{का})}\,\text{ताका}+\text{२अज्याका}+\text{स्थि}\cdots\cdots\cdots\cdot\ (२)$$

परन्तु $\sqrt{(\text{अ}^{२}+\text{क}^{२}+\text{२अक कोज्यागा})}$

$$=\sqrt{\left\{(\text{अ}-\text{क})^{२}\,\text{ज्या}^{२}\,\frac{\text{गा}}{२}+(\text{अ}+\text{क})^{२}\,\text{कोज्या}^{२}\,\frac{\text{गा}}{२}\right\}}$$

इस लिये (२) का रूप

$$\int\sqrt{\left\{(\text{अ}-\text{क})^{२}\,\text{ज्या}^{२}\,\frac{\text{गा}}{२}+(\text{अ}+\text{क})^{२}\,\text{कोज्या}^{२}\,\frac{\text{गा}}{२}\right\}}$$

$$=\int\sqrt{(\text{अ}^{२}-\text{क}^{२}\,\text{ज्या}^{२}\,\text{अ})}\,\text{ताआ}+\int\sqrt{(\text{क}^{२}-\text{अ}^{२}\,\text{ज्या}^{२}\,\text{का})}\,\text{ताका}$$
$$+\text{२अज्याका}+\text{स्थि}$$

इस में $\left[\frac{\text{अ}-\text{क}}{\text{अ}+\text{क}}\right]^{२}=१-\text{इ}^{२}$, $\text{ज्या}\ \frac{\text{गा}}{२}\ \text{ज्या}^{२}\text{प}$ ।

$\frac{\text{क}^{२}}{\text{अ}^{२}}=\text{इ}_{१}^{२}$ । $\text{ज्या}^{२}\text{आ}=\text{ज्या}^{२}\text{प}_{१}$ । $\frac{\text{अ}^{२}}{\text{क}^{२}}=\text{इ}_{२}^{२}$ । $\text{ज्या}^{२}\text{का}=\text{ज्या}^{२}\text{प}_{२}$ कल्पना करें

जहाँ अ 7 क तो

$$२(\text{अ}+\text{क})\int\sqrt{(१-\text{इ}^{२}\,\text{ज्या}^{२}\,\text{प})}\,\text{ताप}$$

$$=\text{अ}\int\sqrt{(१+\text{इ}_{१}^{२}\,\text{ज्या}^{२}\,\text{प}_{१})}\,\text{ताप}_{१}+\text{क}\int\sqrt{(१-\text{इ}_{२}^{२}\,\text{ज्या}^{२}\,\text{प}_{२})}\,\text{ताप}_{२}$$
$$+\text{२अज्याका}+\text{स्थि}\cdots\cdots\ (३)$$

देखो यहाँ बायें पक्ष का चल उस दीर्घवृत्त के द्विगुण चाप का प्रमाण है जिसका वृहद्व्यास = २ (अ + क) और दहने पक्ष का प्रथम चल उस दीर्घवृत्त का एक चाप है जिसका वृहद्व्यासार्द्ध = अ । दोनों में क्रम से इ और $\text{इ}_{१}$ ऊपर की कल्पना से निष्पत्तिमान है । (७७ वाँ प्रक्रम देखो) इन दोनों के अन्तर तुल्य समीकरण से दहने पक्ष का चल होगा जो कि ८५ वें प्रक्रम के (२) उदाहरण से एक सरल रेखा और उस अतिपरवलय के चाप के अन्तर समान है जिस का लघुव्यास = २क और निष्पत्तिमान $=\frac{\text{अ}^{२}}{\text{क}^{२}}$ यह है ।

इस पर से किसी समय में ८५ वें प्रक्रम के (२) उदाहरण से बल का मान जान कर और २अज्याका के ज्ञान से दोनों दीर्घवृत्तों के चापों पर से अतिपरवलय का चाप जान सकते हैं ।

जब सरलत्रिकोणमिति से स्पष्ट है कि

अज्याका = कज्याआ । गा = आ + का

इसलिये आ ० से लेकर π तक जब पहुँचेगा तो गा भी ० से लेकर π तक पहुँचेगा। और अज्याका = कज्याआ के नियम से उस समय का ० लेकर $अ_१$ (जहाँ $अ_१ = ज्या^{-१}\frac{क}{अ}$) तक पहुँच कर फिर घटते घटते ० तक आजायगा। ऐसी स्थिति में ककोज्याआ और ताका दोनों ऋण होंगे इसलिये ककोज्याआ ताका सर्वदा धन रहेगा तब सान्तचलानयन से (३) का रूप

$$२(अ+क)\int_{0}^{\frac{\pi}{२}}\sqrt{(१-इ^{२}ज्या^{२}प)}\,\text{ताप}$$

$$=२अ\int_{0}^{\frac{\pi}{२}}\sqrt{(१-इ_{१}^{२}ज्या^{२}प_{१})}\,\text{ताप}_{१}+२क\int_{0}^{अ_{१}}(१-इ_{२}^{२}ज्या^{२}प_{२})\,\text{ताप}_{२}$$

ऐसा होगा। इस में दो का भाग दे कर समशोधन से यह दिखला सकते हो कि अतिपरवलय का अनन्त चाप और असीमपथ का अन्तर दो दीर्घवृत्तों के चतुर्थांश परिध्यन्तर तुल्य है। यह भी ल्याण्डेन (Landen) की कल्पना है।

८७। डाक्टर ग्रेव का सिद्धान्त (Theorem of Dr. Graves) कल्पना करो कि एक नाभिक दो दीर्घवृत्त हैं। बड़े दीर्घवृत्त के परिधि में कोई व विन्दु लेकर छोटे दीर्घवृत्त पर वहाँ से वट, वट' दो स्पर्शरेखा डालो तो वट और वट' के योग में दीर्घवृत्त का टट' चाप घटा दो तो शेष सर्वदा स्थिर रहेगा



व विन्दु के अत्यन्त निकट बड़े दीर्घवृत्त में एक भ विन्दु कल्पना करो और वहाँ से छोटे दीर्घवृत्त पर भत, भत' दो स्पर्शरेखा खींचो इन दोनों का पहली स्पर्शरेखा में क्रम से द और द' विन्दु पर योग समझो। वट' पर भन' और भत पर वन लम्ब समझो।

देखो दोनों दीर्घवृत्त एक नाभिक हैं इस लिये दीर्घवृत्त लक्षण से ∠वभन = ∠भवन' ∴ वन' = भन

और वट = टद + दन = टद + दत + तन = टत + तन = टत + तभ — भन।

इसी तरह वट' = वन' + त'भ — ट'त'।

दोनों के योग से वट + वट' = भत + भत' + टत — ट'त'।

दोनों में टट′ चाप को घटा देने से वट + वट′−टट′ = भत + भत′−तत′

अर्थात् व विन्दु यदि भ पर हो तो भी शेष वही रहता है। इसी प्रकार थोड़ा थोड़ा विन्दुओं को हटा हटा सर्वत्र दिखला सकते हो कि शेष एक ही रहेगा।

८८। इसी तरह यदि एक अतिपरवलय और एक दीर्घवृत्त दोनों एक नाभिक हों तो अतिपरवलय के किसी विन्दु से जो दो स्पर्शरेखा दीर्घवृत्त में होंगी उनका अन्तर स्पर्शरेखान्तर्गत अतिपरवलय और दीर्घवृत्त का जो सम्पात विन्दु है वहाँ से दोनों स्पर्श विन्दु तक जो दीर्घवृत्त के दो चाप होंगे उनके अन्तर तुल्य होता है। क्योंकि यहाँ भी जो ऊपर की क्रिया करो तो वट = टद + दन = टद + दत + तन = टत + भत + भन



इसी तरह वट′ = ट′द′ + न′द′ + वन′ = ट′द′ + त′द′ + भत′ + वन′ = ट′त′ + भत′ + वन′

दोनों का अन्तर करने से (वट−वट′) = टत−ट′त′ + (भत−भत′) और टचा—ट′चा = अ = टत + तचा—(ट′त′ + त′चा)

इन दोनों का अन्तर करने से (वट—वट′) —अ = (भत—भत′)—(तचा—त′चा)

इसी प्रकार भ को बदलने से दो दो पक्ष समान होते जाँयगे अन्त में जब भ, चा के पास आवेगा तब स्पर्शरेखान्तर और चापान्तर दोनों शून्य हो जाँयगे इसलिये (वट—वट′)— (टचा— ट′चा) = ० अर्थात् वट—वट′ = टचा—ट′चा।

यदि दीर्घवृत्त के परिधि ही में कोई विन्दु लेकर अतिपरवलय ही पर दो स्पर्शरेखा डाली जाय तौ भी यहाँ पर यही सिद्धान्त ठीक ठहरेगा यदि दोनों स्पर्शरेखायें अतिपरवलय के एक ही शाखा पर हों।



इस पर से असीमपथ और अतिपरवलय का अनन्त-चाप इनका अन्तर सरलरेखा और अतिपरवलय के चाप रूप में प्रकाश कर सकते हैं। जैसे कल्पना करो कि अचा अतिपरवलय का असीमपथ केतद है और अ विन्दु की स्पर्शरेखा अत है त विन्दु में लगाकर अति परवलय के साथ एक एकनाभिक

दीर्घवृत्त बनाया तो ऊपर के सिद्धान्त से अनन्त दूर पर तद को स्पर्शरेखा समझ लेने से तद—अत = चादचाप—अचा

केत + अचा इसको जोड़ देने से

तद + केत—अत + अचा = चाद + अचा—अचा + केत

अर्थात् केद—अत + अचा = अद—अचा + केत

समशोधन से केद—अद = अत + केत—२अचा

इसलिये केत और अत के योग में दूने अचा को घटा देने से शेष असीमपथ और अतिपरवलय सम्बन्धि अनन्त चाप का अन्तर होता है यह सिद्ध हुआ।

८९। डिकार्टस के आवल (Oval of Descartes) का चापानयन।



इसकी दोनों नाभी ना, नां हैं नाभी से वक्र के किसी विन्दु व तक जो रेखा है उन में त·श्रु + द·श्रुं = न·ग यह नियम है जहाँ त,द और न स्थिराङ्क हैं नानां = ग, नाव = श्रु। नांव = श्रुं यहाँ यदि ∠ वनानां = ष तो सरलत्रिकोणमिति से

$$\text{श्रुं}^2 = \text{श्रु}^2 + \text{ग}^2 — \text{२श्रुगकोज्याष}$$

$$= \left[\frac{\text{न·ग—श्रु·त}}{\text{द}}\right]^2$$

$$= \left[\frac{\text{न}^2\text{ग}^2\text{—२तनगश्रु} + \text{श्रु}^2\text{त}^2}{\text{द}^2}\right]$$

छेदगम और समशोधन से

$$\text{श्रु}^2(\text{द}^2—\text{त}^2)—\text{२श्रुग}(\text{द}^2\text{कोज्याष—तन})—\text{ग}^2(\text{न}^2—\text{द}^2) = ०$$

$$\text{वा} \quad \text{श्रु}^2 — \frac{\text{२श्रुग}(\text{द}^2\text{कोज्याष—तन})}{\text{द}^2—\text{त}^2} - \frac{\text{ग}^2(\text{न}^2—\text{द}^2)}{\text{द}^2—\text{त}^2}$$

$$\text{अथवा श्रु}^2 — \text{२श्रुग}\,\frac{\text{तन—द}^2\text{कोज्याष}}{\text{त}^2—\text{द}^2} + \frac{\text{ग}^2(\text{न}^2—\text{द}^2)}{\text{त}^2—\text{द}^2} = ०$$

इस में यदि ग $\frac{(\text{तन—द}^2\text{कोज्याष})}{\text{त}^2—\text{द}^2} = \text{प}_1$। और

$$\frac{(\text{ग}^2\text{न}^2 - \text{द}^2)}{\text{त}^2 - \text{द}^2} = \text{आ} \quad \text{तो}$$

$$\text{श्रु}^2 - 2\text{प}_1\text{श्रु} + \text{आ} = 0 \qquad \cdot\cdot \qquad \cdot\cdot \qquad (1)$$

इस पर से $\text{श्रु} = \text{प}_1 \pm \sqrt{\text{प}_1^2 - \text{आ}}$ वा $\text{नाव}_1 = \text{प}_1 + \sqrt{\text{प}_1^2 - \text{आ}}$ ।
$\text{नाव} = \text{प}_1 - \sqrt{\text{प}_1^2 - \text{आ}}$ इस से सिद्ध होता है कि यदि त, द, न सम्भाव्य और अतुल्य संख्या हों तो

इस वक्र में दो आवल होंगे एक बाहर में और दूसरा भीतर में रहेगा जैसा कि इस क्षेत्र में देख पड़ता है ।

अब यहाँ (१) का तात्कालिकसम्बन्ध निकालने से

$$\frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताप}} \cdot \frac{1}{\text{श्रु}} = \frac{\text{प}'_1}{\sqrt{\text{प}_1^2 - \text{आ}}} \text{ जहाँ } \text{प}'_1 = \frac{\text{ताप}_1}{\text{ताप}}$$

इस पर से

$$\frac{\text{ताचा}}{\text{ताप}} \cdot \frac{1}{\text{श्रु}} = \frac{\sqrt{\text{प}_1^2 + \text{प}'^2_1 - \text{आ}}}{\sqrt{(\text{प}_1^2 - \text{आ})}}$$

$$\text{वा चा} = \int \frac{\text{प}_1\sqrt{(\text{प}_1^2 + \text{प}'^2_1 - \text{आ})}\text{ताप}}{\sqrt{(\text{प}_1^2 - \text{आ})}} \pm \int \sqrt{(\text{प}_1^2 + \text{प}'^2_1 - \text{आ})}\ \text{ताप}$$

यहाँ धन चिह्न बाहरी आवल के लिये और ऋण चिह्न भीतरी के लिये है ।

इस लिये दोनों के सजातीय चापों का अन्तर $= 2\int \sqrt{(\text{अ}_1^2 + \text{प}'^2_1 - \text{आ})}\text{ताप}$

$$= 2\int \sqrt{(\text{अ}^2 + 2\text{अक कोज्याप} + \text{क}^2 - \text{आ})}\text{ताप} \cdot\cdot\cdot\cdot \quad (2)$$

$$\text{यदि} \quad \text{प}_1 = \frac{\text{ग(तन}-\text{द}^2 \text{ कोज्याप)}}{\text{त}^2 - \text{द}^2} = \text{अ} + \text{क कोज्याप} \text{ ।}$$

देखो (२) का रूप ८६ प्रक्रम से एक दीर्घवृत्त के चाप समान हो सकता है इस लिये दोनों आवलों के सजातीय चापों का अन्तर एक दीर्घवृत्त के चाप रूप में प्रकाशित कर सकते हैं । इस सिद्धान्त को राबर्टस ने निकाला है (Mr. W. Roberts) त, द, और न, के भिन्न भिन्न मानों पर से यही आवल, वृत्त, दीर्घवृत्त, अतिपरवलय इत्यादि का रूप हो जायगा इस लिये आवल को इन सब वक्रों का उत्पादक कह सकते हैं ।

९०। यदि किसी वक्रक्षेत्र के अनवलूत का समीकरण मालूम हो तो चलन-कलन के १७६वें प्रक्रम के (३) समीकरण से चलज्ञान के बिना ही वक्र के चाप का

ज्ञान हो सकता है क्योंकि अनवलूत समीकरण पर से $\text{चा}' \pm \text{वि} = \text{ट}$ इस में जो वक्रजातीय वृत्त का व्यासार्द्ध वि है उस का मान अनवलूत के भुजकोटि रूप में ला सकते हैं और ये भुजकोटि अवलूत के भुजकोटि रूप में आ सकते हैं इस प्रकार अनवलूत के समीकरण पर से वि का ज्ञान हो जायगा फिर स्थिर ग के वश से चाप का मान भी विदिति हो जायगा ।

जैसे यदि उस परवलय को अनवलूत कल्पना करो जिसका $\text{र}^2 = ४\text{अय}$ यह समीकरण है तो चलनकलन के १७८ प्रक्रम के (१) उदाहरण से अवलूत का समीकरण $२७\,\text{अ}\,\text{र}'^2 = ४(\text{य}' - २\text{अ})^3$ और $\text{वि} = २\text{अ}\left[\dfrac{\text{य}' + \text{अ}}{३\text{अ}}\right]^{\frac{3}{2}}$ यह होगा इस लिये $\text{चा}' \pm २\text{अ}\left[\dfrac{\text{य}' + \text{अ}}{३\text{अ}}\right]^{\frac{3}{2}} = \text{ट}$ । यहाँ चाप की गणना यदि उस विन्दु से करें जिस का $\text{भु} = \text{य}' = २\text{अ}$ अर्थात् उस विन्दु से जो कि परवलय के शिरोविन्दु के सजातीय है तो क्षेत्र के देखने से विदित होता है कि वहाँ $\text{चा}' = ०$ इस लिये

$\text{ट} = -२\text{अ}$ ऋण चिह्न ग्रहण करने से क्योंकि यहाँ ज्यों ज्यों य' बढ़ेगा त्यों त्यों चा' भी बढ़ेगा इसलिये $\text{चा}' = २\text{अ}\left[\dfrac{\text{य}' + \text{अ}}{३\text{अ}}\right]^{\frac{3}{2}} - २\text{अ}$

यदि यहाँ वक्र के $२७\text{अर}'^2 = ४(\text{य} - २\text{अ})^3$ इस समीकरण पर से $\dfrac{\text{ताचा}'}{\text{ताय}}$ का मान जान कर चलज्ञान से चाप का आनयन करो तो भी ऊपर आया हुआ मान आजायगा ।

९१। वक्र के भुज कोटि के रूप में यदि चाप का मान विदित हो तो उस के अनवलूत का समीकरण जान सकते हैं ।

चलनकलन के १७६ प्रक्रम के (२) समीकरण से

$$\frac{\;\dfrac{\text{ताय}'}{\text{ताय}}\;}{\text{य} - \text{य}'} = \pm \frac{१}{\text{वि}} \cdot \frac{\text{ताचा}'}{\text{ताय}'}$$ जहाँ य अनवलूत का भुज है

समशोधनादि से $\text{य} = \text{य}' \mp \text{वि}\,\dfrac{\text{ताय}'}{\text{ताचा}'}$ . . . . (१)

इसी तरह $\text{र} = \text{र}' \mp \text{वि}\,\dfrac{\text{तार}'}{\text{ताचा}'}$ . . . . (२)

यदि $\text{चा}'$, $\text{य}'$ और $\text{र}'$ के रूप में विदित हो और वक्र का समीकरण जानते हों तो $\frac{\text{ताचा}'}{\text{ताय}'}$ और $\frac{\text{ताचा}'}{\text{तार}'}$ जान सकते हैं और वि, $\text{चा}' \pm \text{वि} = \text{ट}$ इस समीकरण समीकरण पर से जान जायँगे फिर इन का उत्थापन (१) और (२) में देने से अनवलूत का भुज कोटि जान जायँगे ।

जैसे किसी कातन्वली (The Catenary) का समीकरण

$$\text{र}' = \frac{\text{ग}}{२}\left(\text{इ}^{\frac{\text{य}'}{\text{ग}}} + \text{इ}^{-\frac{\text{य}'}{\text{ग}}}\right)$$

और $$\text{चा}' = \frac{\text{ग}}{२}\left(\text{इ}^{\frac{\text{य}'}{\text{ग}}} - \text{इ}^{-\frac{\text{य}'}{\text{ग}}}\right)$$ यह है ।

यहाँ मान लो कि चाप की गणना उस विन्दु से है जिस का भु $= \text{य}' = ०$ और को $= \text{र}' = \text{ग}$ अब इन पर से कातन्वली के अनवलूत (Involute) का समीकरण जान जायँगे जिस की प्रवृत्ति वक्र के निर्दिष्ट विन्दु (जिस के भुज कोटि का मान अभी मान लिया है) के वश से होगी ।

अब ऊपर के $\text{र}'$ और $\text{चा}'$ के मान से

$$\frac{\text{तार}'}{\text{ताय}'} = \frac{१}{२}\left(\text{इ}^{\frac{\text{य}'}{\text{ग}}} - \text{इ}^{-\frac{\text{य}'}{\text{ग}}}\right) = \frac{\text{चा}'}{\text{ग}}$$

$$\frac{\text{ताचा}'}{\text{ताय}'} = \frac{१}{२}\left(\text{इ}^{\frac{\text{य}'}{\text{ग}}} + \text{इ}^{-\frac{\text{य}'}{\text{ग}}}\right) = \frac{\text{र}'}{\text{ग}}$$

भाग देने से

$$\frac{\text{तार}'}{\text{ताचा}'} = \frac{\text{चा}'}{\text{र}'}\ ,\ \text{और}\ \frac{\text{ताय}'}{\text{ताचा}'} = \frac{\text{ग}}{\text{र}'}$$

और यहाँ ऐसी ही कल्पना किया है कि $\text{चा}' = ०$ तो $\text{वि} = ०$ इस लिये स्थिराङ्क शून्य होगा । तब $\text{चा}' = \text{वि}$ ।

इन का उत्थापन (१) और (२) में देने से

$$\text{य} = \text{य}' - \frac{\text{चा}' \cdot \text{ग}}{\text{र}'}\ ,\ \text{र} = \text{र}' - \frac{\text{चा}'^{२}}{\text{र}'} = \frac{\text{र}'^{२} - \text{चा}'^{२}}{\text{र}'} = \frac{\text{ग}^{२}}{\text{र}'}$$

$$\text{और}\ \ \text{चा}' = \sqrt{(\text{र}'^{२} - \text{ग}^{२})} = \sqrt{\left[\frac{\text{ग}^{४}}{\text{र}^{२}} - \text{ग}^{२}\right]} = \frac{\text{ग}}{\text{र}}\sqrt{\text{ग}^{२} - \text{र}^{२}}$$

इस लिये $\frac{\text{चा}'}{\text{र}'} = \frac{\sqrt{(\text{ग}^2 - \text{र}^2)}}{\text{ग}}$, इस तरह से $\text{य}' = \text{य} + \sqrt{(\text{ग}^2 - \text{र}^2)}$ इस का उत्थापन वक्र के समीकरण में देने से

$$\text{र}' = \frac{\text{ग}}{2}\left(\text{इ}^{\frac{\text{य}'}{\text{ग}}} + \text{इ}^{-\frac{\text{य}'}{\text{ग}}}\right)$$

इस लिये $\sqrt{(\text{र}'^2 - \text{ग}^2)} = \frac{\text{ग}}{2}\left(\text{इ}^{\frac{\text{य}'}{\text{ग}}} - \text{इ}^{-\frac{\text{य}'}{\text{ग}}}\right)$

जोड़ देने से $\text{र}' + \sqrt{(\text{र}'^2 - \text{ग}^2)} = \text{गइ}^{\frac{\text{य}'}{\text{ग}}}$

लघुरिकथ लेने से $\text{य}' = \text{ग}\cdot\text{ला}\,\frac{\text{र}' + \sqrt{(\text{र}'^2 - \text{ग}^2)}}{\text{ग}}$

इसी तरह $\text{य} + \sqrt{(\text{ग}^2 - \text{र}^2)} = \text{ग}\cdot\text{ला}\,\frac{\text{ग} + \sqrt{(\text{ग}^2 - \text{र}^2)}}{\text{र}}$

इस वक्र को अङ्गरेजी में (Tractory) कहते हैं हमने इस का नाम त्रीतर रखा है। इस में यदि ग > र तो मूल का मान द्विविध आवेगा प्रत्येक य के मान में। ये दोनों मान संख्या में तुल्य परन्तु भिन्न चिह्न के होंगे। चलनकलन से यदि इस की आकृति बनावो तो जान पड़ेगा कि जहाँ य = ० और र = ग वहाँ वक्र को एक स्कन्ध होगा जिस में य अक्ष असीमपथ होगा।

९२। यदि अवलूत के चाप का मान अक्षीय भुजयुग्म का फल हो तो ऊपर की युक्ति से अनवलूत का समीकरण भी अक्षीय भुजयुग्म सम्बन्धी जान सकते हो।

चलनकलन के १७७ प्रक्रम के (१) और (२) समीकरण से

$$\text{श्रु}'^2 = \text{श्रु}^2 + \text{वि}^2 - 2\,\text{ल}\cdot\text{वि} \quad \cdots\cdots (1)$$

$$\text{ल}'^2 = \text{श्रु}^2 - \text{ल}^2 \quad \cdots\cdots (2)$$

यहाँ भी पहले के ऐसा स्वरविशिष्टवर्ण ज्ञात वक्र के हैं अर्थात् अवलूत के और केवल वर्ण अनवलूत के हैं। अवलूत तो ज्ञात ही है और इसी लिये ल', और श्रु' का भी सम्बन्ध विदित ही होगा और चा' ∓ वि = ट इसलिये यदि चा' का मान ल' श्रु' के रूप में आ सके तो इस के वश से (१) और (२) में श्रु', ल' को उड़ा सकोगे और एक समीकरण ल और श्र में सम्बन्ध दिखाने वाला अनवलूत का ज्ञात हो जायगा।

जैसे समाश्रिक सर्पिल (Equiangular Spiral) में (चलनकलन का २८६ प्रक्रम का (२) वक्र देखो) यदि भ = स्प$^{-1}$ क तो

$$\text{ल}' = \text{श्रु}'\text{ज्याभ}$$

यहाँ यदि अनवलूत की प्रवृत्ति सर्पिल के ध्रुवविन्दु ही से मानें और उसी विन्दु से यदि चा के गणना का भी आरम्भ करें तो वि = चा = श्रु$'$छेभ (८१वाँ प्रक्रम देखो) इस का उत्थापन (१) में देने से

$$\text{श्रु}'^{2} = \text{श्रु}^{2} + \text{श्रु}'^{2}\cdot\text{छे}^{2}\text{भ} - 2\text{श्रु}'\,\text{ल छेभ}$$

$$= \text{श्रु}'^{2}\cdot\text{छे}^{2}\text{भ} + \text{श्रु}'^{2}\cdot\text{ज्या}^{2}\text{भ} + \text{ल}^{2} - 2\text{श्रु}'\,\text{ल}\cdot\text{छेभ} \text{ । (२) से}$$

इस वर्गसमीकरण पर से

$$\text{ल} - \text{श्रु}'\cdot\text{छेभ} = \pm\ \text{श्रु}'\cdot\text{कोज्याभ}$$

यदि यहाँ धन चिह्न ग्रहण करें तो $\text{ल} = \dfrac{\text{श्रु}'(१ + \text{कोज्या}\,\text{न})}{\text{कोज्याभ}}$ और (२) से

$\text{श्रु}'^{2} = \dfrac{१ + ३\text{कोज्या}\,\text{भ}}{\text{कोज्या}\,\text{भ}}\,\text{श्रु}'^{2}$ इस पर से श्रु $\dfrac{\text{ताश्रु}}{\text{ताल}} = \text{वि}$

$$= \frac{१ + ३\text{कोज्या}\,\text{भ}}{\text{कोज्याभ}(१ + \text{कोज्या}\,\text{भ})}\,\text{श्रु}'$$

परन्तु वक्र के समीकरण मे वि = श्रु$'$·छेभ इस लिये धन चिह्न ग्रहण करने से मान असम्भव आता है । इस लिये ऋण चिह्न लेकर क्रिया करने से

$\text{ल} = \dfrac{\text{श्रु}'\text{ज्या}\,\text{भ}}{\text{कोज्याभ}}$ और तब (२) से $\text{श्रु}^{2} = \dfrac{\text{श्रु}'^{2}\text{ज्या}^{2}\text{भ}}{\text{कोज्या}^{2}\text{भ}}$ $\therefore \text{श्रु}' = \dfrac{\text{श्रुकोज्याभ}}{\text{ज्याभ}}$

इस का उत्थापन ल में देने से ल = श्रु ज्याभ । देखो यह अनवलूत का समीकरण ठीक अवलूत ही के समीकरण के ऐसा है ।

९३। यदि वक्र के स्पर्शरेखा से और वक्रस्थ नियतविन्दु की स्पर्शरेखा से उत्पन्न कोण जो हो उस के फल रूप में चाप का मान जानना हो तो भी $\dfrac{\text{तार}}{\text{ताय}}$ का मान उस स्पर्शरेखा के फल रूप में जान कर चाप का मान जान सकते हो ।

जैसे मानो कि किसी वक्र का समीकरण र = फ(य) मूल विन्दु वक्र ही के चाप का कोई विन्दु है और उसी विन्दु पर र अक्ष स्पर्शरेखा भी है तो वक्र के समीकरण से $\dfrac{\text{तार}}{\text{ताय}} = \text{फ}'(\text{य}) = \text{स्पव} = \dfrac{१}{\text{स्पव}_{१}}$ (चलनकलन

के ११६ वें प्रक्रम से) जहाँ $व_१$ र अक्ष और वक्र की स्पर्शरेखा से उत्पन्न कोण का मान है।

अब ऊपर के समीकरण से $स्पव_१$ के फल रूप में य का मान जान जावोगे मानो कि य = फा ($स्पव_१$) तो

$$\frac{ताय}{ताव_१} = फा' (स्पव_१)\, छे^२व_१$$

और $\frac{ताचा}{ताय} = कोछेव_१$

इस लिये $\frac{ताचा}{ताव_१} = फा' (स्पव_१)\, छे^२व_१\, कोछेव_१$

इस समीकरण पर से $व_१$ के फल रूप में चा का मान जान सकते हो यदि वक्र के एक विन्दु पर य अक्ष स्पर्श रेखा हो और उसी नियत विन्दु से चाप का मान जानना हो तो ऊपर ही की युक्ति से समीकरण वना सकते हो केवल $व_१$ के स्थान में व को लेना होगा।

जैसे चक्रालद (Cycloid) में (चलनकलन के २८६ प्रक्रम का (११) वक्र देखो)

$$\frac{तार}{ताय} = \sqrt{\frac{२अ-य}{य}} = \frac{१}{स्पव_१} \quad ।$$

इस लिये $\frac{२अ}{य} = \frac{१}{ज्या^२व_१}$ और $य = २अज्या^२व_१$

$$\frac{ताय}{ताव_१} = ४अज्याव_१ \cdot कोज्याव_१$$

$$\frac{ताचा}{ताव_१} = कोछेव_१, \; \frac{ताय}{ताव_१} = ४अकोज्याव_१$$

इस लिये $चा = ४अ \cdot ज्याव_१ + स्थि$

यदि चाप की गणना उस विन्दु से करें जहाँ र अक्ष स्पर्शरेखा है तो स्थिराङ्क शून्य होगा।

इस प्रकार से वक्र के दो स्पर्शरेखाओं से उत्पन्न कोण और वक्र के चाप के वीच सम्वन्ध दिखाने वाले समीकरण को वक्र का चापस्पार्शिक समीकरण कहते हैं।

९४। यदि वक्र का चापस्पार्शिक समीकरण दिया हो तो उस पर से साधारण वक्र का समीकरण विपरीत क्रिया से जान सकते हैं।

क्योंकि चापस्पार्शिक समीकरण पर से जानते हैं कि

$$\frac{\text{ताय}}{\text{ताचा}} = \text{ज्याव}_१$$

इसलिये $\text{य} = \int \text{ज्याव}_१\text{ताचा}$

और इसी तरह $\text{र} = \int \text{कोज्याव}_१\text{ताचा}$

चापस्पार्शिक समीकरण से जानते हैं कि चा कोई $\text{व}_१$ का फल है इसलिये य, और र का मान ऊपर के चलज्ञान से आजायगा।

जैसे (१) चक्रालद (Cycloid) में जानते हैं कि चापस्पार्शिक समीकरण $\text{चा} = ४\text{अज्याव}_१$ यह है

इसलिये $\text{ताचा} = ४\text{अकोज्याव}_१\ \text{ताव}_१$

इस का उत्थापन य के मान में देने से

$\text{य} = \int \text{ज्याव}_१\text{ताचा} = ४\text{अ} \int \text{ज्याव}_१\text{कोज्याव}_१\text{ताव}_१$

$= \text{स्थि} — \text{अकोज्याव}_१$ इसी तरह, $\text{र} = \int \text{कोज्याव}_१\text{ताचा}$

$= ४\text{अ} \int \text{कोज्या}^२\text{व}_१\text{ताव}_१ = \text{स्थि}_१ + २\text{अव}_१ + \text{अज्या}२\text{व}_१$

इस लिये यहाँ दोनों समीकरणों पर से य वा र के फल रूप में $\text{व}_१$, $\text{ज्याव}_१$, $\text{कोज्याव}_१$ का मान ले आने से य और र के सम्बन्ध पर से वक्र का समीकरण आजायगा।

यदि दोनों अक्षों का योगविन्दु वक्र का शिरः स्थान मानें तो $\text{स्थि} = \text{अ}$ और $\text{स्थि}_१ = ०$

(२) इसी तरह वृत्त का चापस्पार्शिक समीकरण $\text{चा} = \text{अ}\cdot\text{व}_१$ यह है इस पर से $\text{ताचा} = \text{अताव}_१$

और $\text{य} = \int \text{ज्याव}_१\text{ताचा} = \text{अ}\int \text{ज्याव}_१\text{ताव}_१ = — \text{अकोज्याव}_१ + \text{स्थि}$

इसी तरह $\text{र} = \int \text{कोज्याव}_१\text{ताचा} = \text{अ}\int \text{कोज्याव}_१\text{ताव}_१$

$= \text{अज्याव}_१ + \text{स्थि}_१$ यदि नियत स्पर्शरेखा और व्यासार्द्ध के योगविन्दु ही को मूलस्थान मानें तो $\text{स्थि} = \text{अ}$ और $\text{स्थि}_१ = ०$ इन का उत्थापन देकर य और र के सम्बन्ध से समीकरण $\text{र}^२ = \text{अ}^२ — (\text{अ} — \text{य})^२$।



जैसे यदि न विन्दुगत स्पर्शरेखा नस को नियत स्पर्शरेखा मानो और किसी व विन्दु की स्पर्शरेखा वस तो $\angle$ वसर = $\text{व}_१$ और वृत्त के धर्म से $\text{व}_१ = \angle$ वकेन। के को केन्द्र समझो इस लिये नव = चा = $\text{अ}\cdot\text{व}_१$ (जहाँ अ = केन = वृत्तव्यासार्द्ध)। इस लिये यदि नसर को र, अक्ष और नकेय को य अक्ष। और न को मूलविन्दु मानो तो व विन्दु की कोटि = बल = $\text{र} = \sqrt{\text{अ}^२ — (\text{अ} — \text{य})^२}$ यही समीकरण पहले भी सिद्ध हुआ था।

(३) इसी तरह चलनकलन के २८६ प्रक्रम के (१३) वक्र अपचक्राभ (Epicycloid) के लक्षण से यदि अ को नियतविन्दु मानो उसी स्पर्शरेखा य अक्ष ही है इस लिये इस अक्ष को नियत स्पर्शरेखा मान लेने से चाप-स्पार्शिक समीकरण से

$$\frac{\text{तार}}{\text{ताय}} = \frac{\text{कोज्याष} — \text{कोज्या}\frac{\text{अ}+\text{क}}{\text{क}}\,\text{ष}}{\text{ज्या}\frac{\text{अ}+\text{क}}{\text{क}}\,\text{ष} — \text{ज्याष}} = \text{स्पव}_१$$

$$= \frac{२\text{ज्या}\,\frac{\text{अ}+२\text{क}}{२\text{क}}\,\text{ष}\cdot\text{ज्या}\frac{\text{अ}}{२\text{क}}\,\text{ष}}{२\text{ज्या}\,\frac{\text{अ}}{२\text{क}}\,\text{ष}\ \text{कोज्या}\,\frac{\text{अ}+२\text{क}}{२\text{क}}\,\text{ष}} = \text{स्प}\,\frac{\text{अ}+२\text{क}}{२\text{क}}\,\text{ष}$$

इस लिये $\text{व}_१ = \frac{\text{अ}+२\text{क}}{२\text{क}}\,\text{ष}$

और ८२ प्रक्रम से

$$\text{चा} = —\frac{\sqrt{(\text{ग}^२ — \text{अ}^२)}}{\text{अ}}\sqrt{\text{ग}^२ — \text{श्रु}^२} + \text{स्थि}$$

परन्तु वक्र के लक्षण से

$$\text{य}^२ = (\text{अ}+\text{क})^२\text{कोज्या}^२\text{ष} — २(\text{अ}+\text{क})\ \text{क}\ \text{कोज्याषकोज्या}\ \frac{\text{अ}+\text{क}}{\text{क}}\,\text{ष} + \text{क}^२\text{कोज्या}^२\ \frac{\text{अ}+\text{क}}{\text{क}}\,\text{ष}$$

$$\text{र}^२ = (\text{अ}+\text{क})^२\text{ज्या}^२\text{ष} — २(\text{अ}+\text{क})\ \text{क}\ \text{ज्याषज्या}\ \frac{\text{अ}+\text{क}}{\text{क}}\,\text{ष} + \text{क}^२\text{ज्या}^२\ \frac{\text{अ}+\text{क}}{\text{क}}\,\text{ष}$$

$$\text{श्रु}^२ = \text{य}^२ + \text{र}^२ = (\text{अ}+\text{क})^२$$

$$— २\text{क}\,(\text{अ}+\text{क})\left\{\text{ज्या}\,\frac{\text{अ}+\text{क}}{\text{क}}\,\text{षज्याष} + \text{कोज्या}\,\frac{\text{अ}+\text{क}}{\text{क}}\,\text{षकोज्याष}\right\} + \text{क}^२$$

$$\text{ग}^२ = (\text{अ}+२\text{क})^२ = \text{अ}^२ + ४\text{अक} + ४\text{क}^२$$

$ग^2 — श्रु^2 = २अक + २क^2 + २क\ (अ + क)\ कोज्या\ \frac{अ}{क}\ प$

$= २क\ (अ + क)\ \{ १ + कोज्या\ \frac{अ}{क}\ प \} = ४क(अ + क)\ कोज्या^2\ \frac{अ}{२क} प$

$\therefore \sqrt{ग^2 — श्रु^2} = \sqrt{\{४क\ (अ + क)\}}\ कोज्या\ \frac{अ}{२क}\ प$

और $\sqrt{ग^2 — अ^2} = \sqrt{४क\ (अ + क)}$

चाप में इन का उत्थापन देने से

$चा = — ४क\ (अ + क)\ कोज्या\ \frac{अ}{२क}\ प + स्थि$

$= \frac{४क(अ+क)}{अ}\ (१ — कोज्या\ \frac{अप}{२क})$

यदि चाप की गणना वहाँ से करें जहाँ $प = ०$

परन्तु $प = \frac{२कब_१}{अ + २क}$ इस लिये $चा = \frac{४क(अ + क)}{अ}\left[१ — कोज्या\ \frac{अब_१}{अ + २क}\right]$

यदि यहाँ $ब_१ = \frac{\pi\ (अ + २क)}{२अ} + ब'_१$

तो $\frac{अब_१}{अ + २क} = \frac{\pi}{२} + \frac{अब'_१}{अ + २क}$ $\therefore कोज्या\ \frac{अब_१}{अ + २क} = — ज्या\ \frac{अब'_१}{अ + २क}$

इस लिये यदि $\frac{४क(अ + क)}{अ}\ ज्या\ \frac{अब'_१}{अ + २क} = चा'$ तो

$$चा = \frac{४क(अ+क)}{अ} + चा'$$

यहाँ स्पष्ट है कि वक्र के उच्च स्थान से यदि चा की गणना करें तो

$$चा' = \frac{४क(अ + क)}{अ}\ ज्या\ \frac{अब'_१}{अ + २क}$$

यहाँ स्वर चिह्न का कुछ भी प्रयोजन नहीं यदि उच्चगत स्पर्शरेखा को नियत स्पर्शरेखा मान लें क्योंकि उस से और इष्टस्पर्शरेखा से उत्पन्न कोण तब $ब'_१$ यही होगा

इसलिये उच्चस्थान से गणना करने में

$$चा = \frac{४क(अ + क)}{अ}\ ज्या\ \frac{अब_१}{अ + २क}\ ।$$

इसी तरह अतिचक्राभ (Hypocycloid) में नीचस्थान से यदि चाप गणना करो तो $चा = \frac{४क(अ — क)}{अ}\ ज्या\ \frac{अब_१}{अ — २क}$ यह समीकरण होगा ।

दोनों समीकरणों का रूप $चा = ट\ ज्यानब_१$ ऐसा कह सकते हो

प्रथम में $ट = \frac{४(अ+क)}{अ}$, $न = \frac{अ}{अ+२क} \angle १$ और दूसरे में

$ट = \frac{४(अ-क)}{अ}$, $न = \frac{अ}{अ-२क}$ 7 १ इतना ही विशेष है ।

(४) कातन्वली का समीकरण यदि

$र + ग = \frac{ग}{२}\left(इ^{\frac{य}{ग}} + इ^{-\frac{य}{ग}}\right)$ ऐसा मानें जिस में र अक्ष और वक्र के योग विन्दु को मूल मानें तो

$\frac{तार}{ताय} = \frac{१}{२}\left[इ^{\frac{य}{ग}} - इ^{-\frac{य}{ग}}\right]$। $चा = \frac{ग}{२}\left[इ^{\frac{य}{ग}} - इ^{-\frac{य}{ग}}\right]$

इस लिये मूलविन्दुगत स्पर्शरेखा से इष्टस्पर्शरेखा जो कोण वनावे उसे $ब_१$ कहो तो $चा = ग \cdot स्पब_१$ ऐसा होगा। इस प्रकार से कातन्वली (Catenary) का चापस्पार्शिक समीकरण उत्पन्न हो गया।

९५। यदि चापस्पार्शिक समीकरण से वक्रजातीय वृत्त का व्यासार्द्ध ले आवें तो चलनकलन के १७१ वें प्रक्रम से

$वि = \frac{ताचा}{ताब}$ (जहाँ $ब = ब_१$) ऐसा होगा।

जैसे लाघुरिक्थिक सर्पिल में ८१ प्रक्रम से

$चा = श्रु\sqrt{क^२ + १}$ ⎫ यदि ध्रुव स्थान से चाप गणना करें
$\quad = श्रु \, छेभ$ ⎭ और चलनकलन के १३१वें प्रक्रम से

$ल = श्रु \cdot ज्याभ \quad \therefore \frac{ताल}{ताश्रु} = ज्याभ$ इसलिये चलनकलन के १६८ वें प्रक्रम से

$वि = श्रु \cdot \frac{ताश्रु}{ताल} = श्रु \cdot \frac{१}{ज्याभ}$

वि का भाग चा में देने से $\frac{चा}{वि} = ज्याभ \cdot छेभ = स्थि$ इस से सिद्ध होता है कि लाघुरिक्थिक सर्पिल में चाप और वक्रजातीय वृत्त के व्यासार्द्ध में स्थिर सम्बन्ध है। मानो कि $वि = चा \cdot त$ जहाँ त कोई स्थिराङ्क है तो $वि = चा \cdot त = \frac{ताचा}{ताब}$ इसलिये $ताब \; त = \frac{ताचा}{चा}$

चलानयन से $त \cdot ब + स्थि_१ = लाचा$

इसलिये $चा = अ \, इ^{त \cdot ब}$ जहाँ अ कोई स्थिराङ्क है

यदि $चा = चा' + अ$ तो $चा' = अ\left(इ^{त \cdot ब} - १\right)$

अब इस में चा' वहाँ से परिगणित है जहाँ $ब = ०$

९६। यदि वक्र का चापस्पार्शिक समीकरण ज्ञात हो तो उस के अवलूत का भी समीकरण जान सकते हैं



कल्पना करो कि अब एक वक्र है जिस के अवलूत की आकृति कब, है। मान लो कि अब चाप (चा) की गणना वक्र के किसी नियत विन्दु से ब की ओर है।

और कब, चाप (चा̍) की गणना वक्र के किसी नियत विन्दु से ब, की ओर है तो यदि अ विन्दु पर अब वक्र की जो स्पर्शरेखा अय है उसी को नियत स्पर्शरेखा मान अब का चापस्पार्शिक समीकरण बनावें और क विन्दु से इस पर जो कअ लम्ब डाला गया इस को नियत स्पर्शरेखा मान कर यदि कब, का चापस्पार्शिक समीकरण बनावें तो अवलूत और अनवलूत के लक्षण से स्पष्ट है कि दोनों समीकरणों में ब, का एक ही मान रहेगा।

इस लिये (१) क्षेत्र में $\text{चा̍} = \text{वि} - \text{स्थि} = \dfrac{\text{ताचा}}{\text{ताब}_1} - \text{स्थि}$

और (२) क्षेत्र में $\text{चा̍} = \text{स्थि} - \text{वि} = \text{स्थि} - \dfrac{\text{ताचा}}{\text{ताब}_1}$

इस लिये यदि चा का मान ब, के फलरूप में हो तो चा̍ का मान भी ब, के कोई फलरूप में जान सकते हैं जहाँ जब $\text{चा̍} = 0$ तब वक्रजातीय वृत्त का जो व्यासार्द्ध होगा वही स्थि का मान है।

जैसे चक्रालद में जानते हैं कि $\text{चा} = ४\text{अज्याष}$

इस लिये $\text{चा̍} = \text{स्थि} - \dfrac{\text{ताचा}}{\text{ताब}_1} = \text{स्थि} - ४\text{अकोज्याष}$।

इस में यदि $\text{ब}_1 = \text{ब}'_1 + \frac{\text{ग}''}{2}$ और $\text{चा}' = \text{ध} + \text{स्थि}$ ऐसा कल्पना करें तो $\text{ध} = ४\text{अ}\cdot\text{ज्या}\text{ब}'_1$ अर्थात् यह भी एक चक्कालद ही हुआ।

इसलिये चक्कालद का अवलूत एक चक्कालद ही है।

इसी प्रकार इस प्रक्रम की विपरीत क्रिया से यदि किसी वक्र का चापस्पार्शिक समीकरण ज्ञात हो तो उस के अनवलूत का चापस्पार्शिक समीकरण जान सकते हैं। क्योंकि ऊपर के प्रक्रम से सिद्ध है कि

$$\frac{\text{ताचा}}{\text{ताब}_1} = \text{स्थि} \pm \text{चा}'$$

इसलिये $\text{चा} = \int (\text{स्थि} \pm \text{चा}')\,\text{ताब}_1$

इसलिये यदि $\text{चा}'$ का मान ब_1 के फल रूप में हो तो चा का मान भी ब_1 के कोई फल रूप में ला सकते हैं।

जैसे वृत्त में जानते हैं कि $\text{चा}' = \text{अ}\cdot\text{ब}_1$ इसलिये

$$\text{चा} = \int (\text{स्थि} \pm \text{अ}\cdot\text{ब}_1)\text{ताब}_1 = \text{स्थि}\ \text{ब}_1 \pm \frac{\text{अ}\cdot\text{ब}_1^2}{२} + \text{स्थि}_1$$

यदि चा की प्रवृत्ति वहाँ से हो जहाँ $\text{ब}_1 = ०$ तो $\text{स्थि}_1 = ०$। और अवलूत और अनवलूत के योग विन्दु ही से यदि चा की गणना करें तो $\text{स्थि} = ०$ ऐसी स्थिति में

$\text{चा} = \frac{\text{अ}\cdot\text{ब}_1^2}{२}$। (चलनकलन के १७८ वें प्रक्रम का (५) उदाहरण देखो और फ के स्थान में ब_1 को मान लो)

ऊपर कहे हुए प्रक्रम की युक्ति से अवलूत का अवलूत उस का अवलूत यों अवलूतों की परम्परा वा अनवलूत का अनवलूत उसका अनवलूत यों अनवलूतों की परम्परा सहज में जान सकते हैं।

विद्यार्थियों को चाहिये कि चापस्पार्शिक समीकरण पर से वक्रों की आकृति निकाल अच्छी तरह अभ्यास करें। परन्तु चाहिये कि ऐसा वक्र लें जिस की आकृति चक्कालद के ऐसी प्रसिद्ध हो।

९७। चाप पर से विपरीत क्रिया से वक्र के भुज कोटि का ज्ञान।

कल्पना करो कि $\text{चा} = \text{फ}(\text{य})$ तो

$$फ'(य) = \frac{ताचा}{ताय} = \sqrt{१ + \frac{तार^२}{ताय^२}}$$

इस लिये $\frac{तार}{ताय} = \sqrt{\{फ'(य)\}^२ - १}$

और $र = \int [\{फ'(य)\}^२ - १]^{\frac{१}{२}} ताय$

जैसे (१) कल्पना करो कि $चा = फ(य) = गय$

इसलिये $फ'(य) = ग$

और $र = \int [\{फ'(य)\}^२ - १]^{\frac{१}{२}} ताय = \int (ग^२ - १)^{\frac{१}{२}} ताय = य\sqrt{ग^२ - १} + स्थि$

यदि $र' = र - स्थि$ तो वक्र का समीकरण $र' = य\sqrt{ग^२ - १}$

(२) $चा = फ(य) = \sqrt{(४गय)}$ तो $फ'(य) = \left(\frac{ग}{य}\right)^{\frac{१}{२}}$

$$इस लिये\ र = \int \left\{\frac{ग}{य} - १\right\}^{\frac{१}{२}} ताय = \int \frac{(ग - य)ताय}{\sqrt{(गय - य^२)}} = \int \frac{(\frac{ग}{२} - य)ताय}{\sqrt{(गय - य^२)}}$$

$$+ \frac{ग}{२} \int \frac{ताय}{\sqrt{(गय - य^२)}}$$

$$= \sqrt{(गय - य^२)} + \frac{ग}{२} उज्या^{-१}\frac{२य}{ग} + स्थि$$

यदि $र' = र - स्थि$ तो चलनकलन के २८६ प्रक्रम के (११) वक्र, चक्रालद का समीकरण यह है ।

(३) $चा = फ(य) = अ \cdot लाय$ तो $फ'(य) = \frac{अ}{य}$

$$यहाँ\ र = \int \sqrt{\left[\frac{अ^२}{य^२} - १\right]} ताय = \int \frac{(अ^२ - य^२)ताय}{य\sqrt{(अ^२ - य^२)}}$$

$$= \int \frac{अ^२ ताय}{य\sqrt{(अ^२ - य^२)}} - \int \frac{यताय}{\sqrt{(अ^२ - य^२)}}$$

$$= अ^२ ला \frac{य}{अ + \sqrt{(अ^२ - य^२)}} + \sqrt{(अ^२ - य^२)} + स्थि$$

इस तरह से अनेक उदाहरण का उत्तर निकाल सकते हो ।

इस तरह विद्यार्थियों को चाहिये कि पूर्व प्रक्रमों में लिखे हुए सिद्धान्तों का अच्छी तरह अभ्यास कर प्रश्न का उत्तर निकालें ।

९८। यदि आकाश में कोई वक्र हो जिस का समीकरण भुज, कोटि और शङ्कु से बनता हो अर्थात् तीन धरातलों के सम्बन्ध से समीकरण हो तो गोल-

युक्ति से यदि क्षितिज, पूर्वापर और याम्योत्तरवृत्त ये तीनों धरातलों को क्रम से मान लें और आकाशीय विन्दु को ग्रह कल्पना करें तो इस ग्रह का ज्ञान याम्योत्तरीय भुज = य, पूर्वापरीयकोटि = र और दृग्मण्डलीयशङ्कु = ल के ज्ञान से हो जायगा।

यदि किसी नियत विन्दु से ग्रह के गमन दिशा से जो वक्र हुआ उस के चाप का मान = चा मानें और जब भु = य + △य, को = र + △र और ल = ल + △ल कल्पना करें और उस समय में चाप = चा + △चा मानो तो गोलयुक्ति से $\triangle\text{चा} = \sqrt{(\triangle\text{य})^2 + (\triangle\text{र})^2 + (\triangle\text{ल})^2}$

△य का भाग देकर △य के स्थान में शून्य का उत्थापन देने से

$$\frac{\text{ताचा}}{\text{ताय}} = \sqrt{1 + \left(\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\right)^2 + \left(\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}\right)^2}$$ ऐसा होगा।

इसी प्रकार

$$\frac{\text{ताचा}}{\text{तार}} = \sqrt{\left\{1 + \left(\frac{\text{ताय}}{\text{तार}}\right)^2 + \left(\frac{\text{ताल}}{\text{तार}}\right)^2\right\}}$$

और $$\frac{\text{ताचा}}{\text{ताल}} = \sqrt{\left\{1 + \left(\frac{\text{ताय}}{\text{ताल}}\right)^2 + \left(\frac{\text{तार}}{\text{ताल}}\right)^2\right\}}$$

यहाँ वक्र के समीकरणों पर से $\frac{\text{ताय}}{\text{तार}}$, $\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}$, $\frac{\text{ताल}}{\text{ताल}}$, इत्यादि, य वा र अथवा ल के फल रूप में आ सकते हैं फिर इन पर से

$$\text{चा} = \int \sqrt{\left\{1 + \left(\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\right)^2 + \left(\frac{\text{ताल}}{\text{तार}}\right)^2\right\}}\ \text{ताय}$$

वा $$\text{चा} = \int \sqrt{\left\{1 + \left(\frac{\text{ताय}}{\text{तार}}\right)^2 + \left(\frac{\text{ताल}}{\text{तार}}\right)^2\right\}}\ \text{तार}$$

अथवा $$\text{चा} = \int \sqrt{\left\{1 + \left(\frac{\text{ताय}}{\text{ताल}}\right)^2 + \left(\frac{\text{तार}}{\text{ताल}}\right)^2\right\}}\ \text{ताल}$$

इन का ज्ञान हो जायगा।

इस प्रकार के वक्र को द्विगुण वक्रजातीय वक्र (Curves of double Curvature) कहते हैं

जैसे कल्पना करो कि एक वक्र नीचे लिखे दो समीकरणों से ज्ञात है।

$$\text{र}^2 = ४\text{अय} \quad \dots\dots\dots \quad (१)$$

$$\text{ल} = \sqrt{(२\text{गय} - \text{य}^2)} + \text{गउज्या}^{-1}\frac{\text{य}}{\text{ग}} \quad \dots\dots \quad (२)$$

यहाँ दो समीकरणों से वक्र ज्ञात है इस का तात्पर्य ऐसा समझो ।

कल्पना करो कि उदयास्तसूत्र और याम्योत्तर का सम्पात अ है तो अ विन्दु को मूलविन्दु, याम्योत्तर सूत्र को य अक्ष और उदयास्त सूत्र को र अक्ष कल्पना करने से (१) समीकरण का परवलय जो क्षितिज के धरातल में उत्पन्न होगा उसको आधार मान उस पर एक समखात ऐसा वनावो जिस का पृष्ठसूत्र सव ऊर्ध्वाधरसूत्र के समानान्तर हो। इसी तरह अ को मूल मान और याम्योत्तर सूत्र को, य अक्ष, ऊर्ध्वाधर सूत्र को र अक्ष के ऐसा ल अक्ष मान याम्योत्तरवृत्त के धरातल में जो (२) समीकरण से चक्रालद् बनेगा इस को आधार मान एक समखात वनावो जिस का सव पृष्ठ-सूत्र उदयास्त-सूत्र के समानान्तर हो तो ऐसे दो समखातों के आपस में कटने से जो वक्र की आकृति होगी वही वक्र ऊपर के दोनों समीकरणों से अपेक्षित है ।

इस लिये यहाँ $\frac{\text{तार}}{\text{ताय}} = \sqrt{\frac{\text{अ}}{\text{य}}}$, $\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}} = \sqrt{\left(\frac{\text{२ग}-\text{य}}{\text{ग}}\right)}$

और $\frac{\text{ताचा}}{\text{ताय}} = \sqrt{\left\{ १ + \left[\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\right]^{२} + \left[\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}\right)^{२} \right\}} = \sqrt{\left(१ + \frac{\text{अ}}{\text{य}} + \frac{\text{२ग}}{\text{य}} - १\right)}$

$$= \sqrt{\left(\frac{\text{२ग}+\text{अ}}{\text{य}}\right)}$$

इसलिये $\text{चा} = \int \sqrt{\left(\frac{\text{२ग}+\text{अ}}{\text{य}}\right)}\,\text{ताय} = \sqrt{\text{२ग}+\text{अ}} \int \text{ताय}\,\text{य}^{-\frac{१}{२}}$

$$= २\sqrt{(\text{२ग}+\text{अ})}\,\sqrt{\text{य}}$$

यदि मूल विन्दु से चाप की गणना करें तो स्थिराङ्क की कुछ आवश्यकता नहीं ।

९९। इसी तरह यदि य, र, और ल किसी "का" चल के फल हों तो चलन-कलन की युक्ति से सिद्ध कर सकते हो कि

$$\frac{\text{ताचा}}{\text{ताका}} = \sqrt{\left\{ \left[\frac{\text{ताय}}{\text{ताका}}\right]^{२} + \left[\frac{\text{तार}}{\text{ताका}}\right]^{२} + \left[\frac{\text{ताल}}{\text{ताका}}\right]^{२} \right\}}$$

इस लिये $\text{चा} = \sqrt{\left\{ \left[\frac{\text{ताय}}{\text{ताका}}\right]^{२} + \left[\frac{\text{तार}}{\text{ताका}}\right]^{२} + \frac{\text{ताल}}{\text{ताका}}\right]^{२} \right\}}\,\text{ताका}$

जैसे यदि य = अकोज्याका, र = अज्याका, ल = ग का

तो $\frac{\text{ताय}}{\text{ताका}} = -\,\text{अज्याका}$, $\frac{\text{तार}}{\text{ताका}} = \text{अकोज्याका}$, $\frac{\text{ताल}}{\text{ताका}} = \text{ग}$

इस लिये $\text{चा} = \int \sqrt{(\text{अ}^{२}\text{ज्या}^{२}\text{का} + \text{अ}^{२}\text{कोज्या}^{२}\text{का} + \text{ग}^{२})}\,\text{ताका}$

$$= \int (अ^२ + ग^२)^{\frac{१}{२}} ताका = \sqrt{(अ^२ + ग^२)}का + स्थि ।$$

१००। यदि $य = श्रुज्याषकोज्याष_१$, $र = श्रुज्याषज्याष_१$, $ल = श्रुकोज्याप$ ऐसा अक्षीय समीकरण हो, तो जब वक्र दो समीकरण से विदित है अर्थात् य, र, ल में से कोई दो तीसरे के फल हैं तब स्पष्ट है कि श्रु, प, $प_१$ इन में भी कोई दो तीसरे के फल होंगे। इस लिये प के वश से

$$\frac{ताय}{ताप} = ज्यापकोज्याप_१ \frac{ताश्रु}{ताप} + श्रुकोज्यापकोज्याप_१ — श्रुज्यापज्याप_१ \frac{ताप_१}{ताप}$$

$$\frac{तार}{ताप} = ज्यापज्याप_१ \frac{ताश्रु}{ताप} + श्रुकोज्यापज्याप_१ + श्रुज्यापकोज्याप_१ \frac{ताप_१}{ताप}$$

$$\frac{ताल}{ताप} = कोज्याप \frac{ताश्रु}{ताप} — श्रुज्याप$$

इस लिये $\left[\frac{ताय}{ताप}\right]^२ + \left[\frac{तार}{ताप}\right]^२ + \left[\frac{ताल}{ताप}\right]^२$

$$= \left[\frac{ताश्रु}{ताप}\right]^२ + श्रु^२ज्या^२प \left[\frac{ताप_१}{ताप}\right]^२ + श्रु^२$$

और $चा = \int \sqrt{\left\{\left[\frac{ताश्रु}{ताप}\right]^२ + श्रु^२ज्या^२प \left[\frac{ताप_१}{ताप}\right]^२ + श्रु^२\right\}} ताप$

इसी तरह र, और $प_१$ के वश से

$$चा = \int \sqrt{\left\{श्रु^२ \left[\frac{ताप}{तार}\right]^२ + १ + श्रु^२ज्या^२प \left[\frac{ताप_१}{तार}\right]^२\right\}} ताश्रु$$

$$वा, \; चा = \int \sqrt{\left\{श्रु^२ \left[\frac{ताप}{ताप_१}\right]^२ + \left[\frac{ताश्रु}{ताप_१}\right]^२ श्रु^२ज्या^२प\right\}} ताप_१$$

१०१। इसी तरह अन्तरिक्ष में जो वक्र हो उस के किसी विन्दु पर जो स्पर्शरेखा हो उस पर मूलविन्दु से पड़ा लम्ब यदि ल कहो तो ७९ प्रक्रम के

(६) समीकरण से $चा = \int \frac{श्रुताश्रु}{\sqrt{(श्रु^२ — ल^२)}}$ ऐसा होगा।

यह समीकरण यद्यपि एकधरातलगत वक्र में सिद्ध होता है तथापि जब दो एकधरातलीय वक्रों के योग ही से यह वक्र उत्पन्न हुआ है तब योगविन्दु में इस में भी यही धर्म रहेगा। अथवा जब चलनकलन से सिद्ध है कि

$\frac{ताचा}{ताश्रु}, \frac{श्रु}{\sqrt{(श्रु^२ — ल^२)}}$ यह दोनों अन्तरिक्षस्थ वक्र के स्पर्शरेखा और श्रुति से

उत्पन्न कोण की छेदन रेखा है तब $\frac{\text{ताचा}}{\text{ताश्रु}}$

$$= \frac{\text{श्रु}}{\sqrt{(\text{श्रु} - \text{ल})}} \quad \therefore \text{चा} = \int \frac{\text{श्रुताश्रु}}{\sqrt{(\text{श्रु} - \text{ल})}} \text{।}$$

अभ्यास के लिये प्रश्न

१। यदि वक्र का समीकरण $४(\text{य} + \text{र}) - \text{अ} = ३\text{अ}\,\text{र}^{\frac{}{३}}$ यह हो तो इस के परिधि का मान बताओ। परि० $= ६\text{अ}$

२। सिद्ध करो कि वीतर का चा $= \pm$ गलार $+$ स्थि।

३। सिद्ध करो कि किसी त्रिच्छेद (Trochoid) का चाप

$$= \text{स्थि} - \int \sqrt{\left\{ (\text{ग} - \text{क})\,\text{ज्या}\,\frac{\text{अं}}{२} + (\text{ग} + \text{क})\,\text{कोज्या}\,\frac{\text{अं}}{२} \right\}}\,\text{ताअं}$$

जहाँ $\text{अं} = \pi - \text{अ}$

चलनकलन के २८६ प्रक्रम का (१२) वक्र देखो

४। किसी वक्र में यदि $\text{य} = \text{ज्याप}\,(२\text{प} + ३\text{प}) + \text{कोज्याप}\,(२ + ६\text{प})$

$\text{र} = \text{कोज्याप}\,(२\text{प} + ३\text{प}) - \text{ज्याप}\,(२ + ६\text{प})$

तो सिद्ध करो कि $\text{चा} = \text{प}^{३} + \text{प} + ६\text{प} + २$।

५। सिद्ध करो कि किसी वक्र में यदि

$\text{य} = \text{ज्याप}\,\text{फ}'(\text{प}) + \text{कोज्याप}\,\text{फ}''(\text{प})$

$\text{र} = \text{कोज्याप}\,\text{फ}'(\text{प}) - \text{ज्याप}\,\text{फ}''(\text{प})$

तो $\text{चा} = \text{फ}'(\text{प}) + \text{फ}''(\text{प})$।

६। सिद्ध करो कि यदि वक्र का समीकरण $\text{र} = \text{य} + ३\,\text{य}$ हो तो यदि मूलविन्दु से चाप की गणना करें तो $\text{चा} = \text{य}\,(\text{य} + १)^{\frac{३}{२}}$।

७। $\text{र}^{३} = \text{अय}$ इस समीकरण के वक्र का चापस्पार्शिकसमीकरण कैसा होगा।

उ० $\text{चा} = \frac{८\text{अ}}{७}(\text{छे}\,\text{व}_{१} - १)$।

८। सिद्ध करो कि परवलय के चापस्पार्शिकसमीकरण में

$$\frac{\text{ताचा}}{\text{ताब}_{१}} = \frac{२\text{अ}}{\text{कोज्या}^{३}\text{ब}_{१}} \text{। वा, चा} = \frac{\text{अ}}{२}\,\text{ला}\,\frac{१ + \text{ज्याब}_{१}}{१ - \text{ज्याब}_{१}} + \frac{\text{अज्याब}_{१}}{१ - \text{ज्या}\,\text{ब}_{१}} \text{।}$$

९। सिद्ध करो कि यदि वक्र का $(\text{य} + \text{र})^{\frac{२}{३}} - (\text{य} - \text{र})^{\frac{२}{३}} = \text{अ}^{\frac{२}{३}}$ यह समीकरण हो तो

$$\text{चा} = \frac{1}{\sqrt{2}} \left\{ (\text{य}+\text{र})^{\frac{2}{3}} + (\text{य}-\text{र})^{\frac{2}{3}} \right\}^{\frac{3}{2}} ।$$

१०। सिद्ध करो कि अपचक्रालद् का अवलूत एक अपचक्रालद् ही होगा जिस के स्थिरवृत्त का व्यासार्द्ध $= \frac{\text{अ}}{\text{अ}+२\text{क}}$ और चलितवृत्त का व्यासार्द्ध $= \frac{\text{अ}.\text{क}}{\text{अ}+२\text{क}}$ होगा ।

११। $\text{श्रु}^{\text{म}} = \text{अ}^{\text{म}}\text{कोज्या}\text{म}\text{प}$ इस समीकरण के वक्र में यदि $\frac{१}{\text{म}}$ यह कोई अभिन्नसंख्या हो तो चाप का मान जान सकते हैं ।

१२। सिद्ध करो कि यदि वक्र का समीकरण $\text{इ}^{\text{र}} = \frac{\text{इ}^{\text{य}}+१}{\text{इ}^{\text{य}}-१}$ ऐसा हो तो $\frac{\text{ताचा}}{\text{ताय}} = \frac{\text{इ}^{\text{य}}+१}{\text{इ}^{२\text{य}}-१}$ होगा ।

१३। यदि वृत्त का व्यासार्द्ध = १ इस के चाप का प्रमाण = प हो और इसके अनवलूत का चाप $= \text{प}_१$, अनवलूत के अनवलूत का चाप $= \text{प}_२$, इस के अनवलूत का चाप $= \text{प}_३$ इस तरह अनवलूतपरम्पराओं के चाप मान $\text{प}_४$, $\text{प}_५$ इत्यादि मानो तो सिद्ध करो कि

$\text{प} + \text{प}_१ + \text{प}_२ + \text{प}_३ + \cdots\cdots = \text{इ}^{\text{प}} - १$ होगा ।

अनवलूत और वृत्त के योग विन्दु से चाप की गणना समझो ।

१४। यदि किसी इलामूलक (The Lamniscate) का $\text{श्रु}^{२} = \text{अ}^{२}$ कोज्या२प ऐसा समीकरण हो (चलनकलन के २८६ प्रक्रम का (१०) वक्र देखो)

तो सिद्ध करो कि उस के परिधि का मान

$$= २\pi\text{अ} \left(१ - \frac{१}{२^{२}} + \frac{१^{२}.३^{२}}{२^{२}.४^{२}} - \frac{१^{२}.३^{२}.५^{२}}{२^{२}.४^{२}.६^{२}} + \cdots \right) \text{ यह होगा ।}$$

१५। यदि एक विन्दु से दीर्घवृत्त पर दो स्पर्शरेखा खींची जायँ तो दो स्पर्शरेखा दो भुज और उन के अन्तर्गत दीर्घवृत्त का चाप आधार मानो तो दो सरल और एक वक्ररेखा इस से एक त्रिवाहु उत्पन्न हुआ इस त्रिवाहु के अन्तर्गत जो वृत्त वनेगा वह वक्राधार को जहाँ स्पर्श करेगा उस से जो दो भाग वक्राधार के होंगे उन का अन्तर त्रिभुज के दोनों भुजों के अन्तर तुल्य होता है। इसे सिद्ध करो ।

१६। जिस वक्र का $र = \frac{य^२}{२अ}$, $ल = \frac{य^३}{६अ^२}$ ये समीकरण हैं उस के मूल विन्दु से चाप का मान बतावो। उ०, $चा = य + ल$।

१७। सिद्ध करो कि यदि वक्र के समीकरण पर से $\left(\frac{तार}{ताय}\right)^२ = २\frac{ताल}{ताय}$ तो $चा = य + ल + स्थि$।

१८। वक्र का एक समीकरण $र = फ(य)$ यह दिया हुआ है और यह जानते हैं कि इस के चाप का मान $य + ल + स्थि$ यह है तो वक्र का दूसरा समीकरण क्या होगा। उ०, $ल = \frac{१}{२}\int \{फ(य)\}^२ ताय$।

१९। वक्र का एक समीकरण $र = ज्याय$ यह है और इस के चाप का मान $= य + ल$ तो दूसरे समीकरण का मान बताओ।

$$उ०\ ल = \frac{१}{४}\left(य + \frac{ज्या२य}{२}\right)$$

२०। किसी वक्र में $र = २\sqrt{अय - य^२}$, $ल = य - \frac{२}{३}\sqrt{\frac{य^३}{अ}}$ तो चाप का क्या मान होगा। उ० $चा = य + र - ल$

२१। यदि वक्र के $\frac{य^२}{अ^२} - \frac{र^२}{क^२} = १$, $य = \frac{अ}{२}\left[इ^{\frac{ल}{अ}} + इ^{-\frac{ल}{अ}}\right]$ ये समीकरण हों तो चाप का क्या प्रमाण होगा।

उ०, य, र अक्ष के धरातल में जहाँ पर वक्र मिला है इस विन्दु से यदि चाप की गणना करें तो $चा = \frac{(अ^२ + क^२)^{\frac{१}{२}}}{अ}(य^२ - अ^२)^{\frac{१}{२}}$

२२। ८५ प्रक्रम के (१) क्षेत्र में त विन्दु पर जो स्पर्शरेखा होगी उस पर न से पड़े लम्ब का मान यदि नलं रक्खो तो सिद्ध करो कि

(१) $नल \times नलं = नअ \times नक$। (२) $नव^२ + नलं^२ = नअ^२ + नक^२$।

२३। एक दीर्घवृत्त के परिधि चतुर्थांश का ऐसा द्विभाग करो कि उनका अन्तर व्यासार्द्धान्तर तुल्य हो।

८५ प्रक्रम का (१) क्षेत्र देखो यहाँ त और व दोनों एक ही स्थान में हो जायंगे। और $नल = \sqrt{नअ \times नक}$ और $वल = नअ - नक$

२४। २३ वें प्रश्न में द्विभागकारी विन्दु जो है उस पर दीर्घवृत्त में जो स्पर्शरेखा होगी वह दोनों अक्षों में द्विभागकारी विन्दु से क्रम से व्यासार्द्ध तुल्य अन्तर पर लगेगी अर्थात् र अक्ष में बृहद्व्यासार्द्धतुल्य अन्तर पर और य अक्ष में लघुव्यासार्द्धतुल्य अन्तर पर। इस को सिद्ध करो।

२५। यदि ८५ प्रक्रम के (१) क्षेत्र में (२२) प्रश्न के अनुसार लम्ब नल डालें तो सिद्ध करो कि बल, तल वढ़ाने से जिस विन्दु पर कटेंगे वह विन्दु दीर्घ वृत्त के उस ऐकनामिक अतिपरवलय में होगी जो कि (२३) प्रश्न में द्विभाग-कारी जो विन्दु है उस पर जायगा। यहाँ पर यह भी सिद्ध करो कि अ और क विन्दुगत स्पर्शरेखाओं के योग विन्दु पर भी वह अतिपरवलय जायगा।

२६। एक ही स्थान से तीन लड़के दौड़े पहला सरल मार्ग में और बाकी दो वक्रमार्ग में। पहला जिस स्थान पर पहुँचता था वहाँ पर यदि उस की गमन दिशा पर लम्ब करें तो यह लम्ब दूसरे और तीसरे के तात्कालिक स्थान पर जाता है। यदि पहला १० कोश चल कर ठहर जाय तो उस समय दूसरा और तीसरा कितना कितना चल चुके होंगे। इस प्रश्न में हम इतना जानते हैं कि किसी समय में पहले से दूसरे के स्थान का अन्तर = $\sqrt{\text{४अय}}$, और पहले से तीसरे के स्थान का अन्तर = $\text{अय}^{\frac{३}{२}}$ ।

यहाँ किसी समय में पहले के चल चुकने का प्रमाण य है

$$\text{उ० दूसरे का चलना} = \sqrt{\text{१००} + \text{१०अ} + \tfrac{\text{अ}}{\text{२}}\text{ला}\left\{\frac{\text{२०} + \text{अ} + \text{२}\sqrt{\text{१००} + \text{१० अ}}}{\text{अ}}\right\}}$$

$$\text{तीसरे का चलना} = \text{अ}\left\{\left[\frac{\text{४}}{\text{९अ}^{\text{२}}} + \text{१०}\right]^{\frac{३}{२}} - \frac{\text{८}}{\text{२७अ}^{\text{३}}}\right\}$$

इति षष्ठाध्याय।

अथ सप्तमाध्याय।

वक्र क्षेत्रों का फलानयन।

१०२। जिस वक्र में कोटि, भुज का कोई फल है वहाँ चलनकलन से सिद्ध है कि $\frac{ताफ}{ताय}$ = र (चलनकलन का १५६ वाँ प्रक्रम देखो)

इस लिये फ = $\int$ रताय इस में कोटि के स्थान में $र_1$ और $र_2$ का उत्थापन देकर सान्त चलानयन से



वम म₁व₁ वक्रचतुर्भुज का फल $\int_{र_1}^{र_2}$ रताय यह होगा।

यहाँ यदि अक्ष तिर्यक् हो तो यही फल ज्याअ $\int_{र_1}^{र_2}$ रताय ऐसा होगा। यहाँ अ = $\angle$ रअय।

१०३। इस की व्याप्ति के लिये कुछ वक्रों का फलानयन करते हैं।

केन्द्र को मूल मान वृत्त का र = $\sqrt{अ^2 - य^2}$ यह समीकरण है इस के फल का मान जानना है।

यहां १०२ प्रक्रम से फ = $\int \sqrt{अ^2 - य^2}$ ताय

$= \frac{य\sqrt{(अ^2 - य^2)}}{२} + \frac{अ^2}{२}$ ज्या$^{-1}\frac{य}{अ}$ + स्थि, यदि प्रथम र को र अक्ष में मिला समझें तो उस समय य = ० होगा और फल भी शून्य इसलिये स्थि = ० तब फल

$$\int \sqrt{(अ^2 - य^2)}ताय = \frac{य\sqrt{(अ^2 - य^2)}}{२} + \frac{अ^2}{२}ज्या^{-1}\frac{य}{अ}\text{।}$$

इस में यदि य = अ तो वृत्त के चतुर्थांश का फल = $\frac{अ^2}{२} \times \frac{\pi}{२}$

इस लिये समग्रवृत्तफल $= \text{अ} \times \text{अ}\pi = \text{अ}^{2}\pi = \dfrac{२\text{अ} \times २\text{अ}\pi}{४} = \dfrac{२\text{अ} \times \text{परि}}{४}$ अर्थात् परिधि, व्यास के घात की चौथाई वृत्त का फल होता है। इस को भास्कराचार्य भी जानते थे इन से भी प्राचीन ब्रह्मगुप्तादिकों ने भी यह जान लिया था। परन्तु इस की उपपत्ति वे लोग नहीं दिखाये।

१०४। दीर्घवृत्त के फल का आनयन।

यहाँ $\text{र}^{२} = \dfrac{\text{क}^{२}}{\text{अ}^{२}}(\text{अ}^{२} - \text{य}^{२})$ इस लिये

$\text{फ} = \dfrac{\text{क}}{\text{अ}} \int \sqrt{(\text{अ}^{२} - \text{य}^{२})}\text{ताय}$। परन्तु १०३ प्रक्रम से $\int \sqrt{(\text{अ}^{२} - \text{य}^{२})}\text{ताय}$ यह अ, व्यासार्द्ध से उत्पन्न वृत्त का फल है इस लिये उस वृत्त का सम्पूर्ण फल जो हो उसे लघुव्यासार्द्ध से गुण कर बृहद्व्यासार्द्ध का भाग देने से दीर्घवृत्त का क्षेत्र फल होता है।

१०५। परवलय के फल का आनयन।

यहाँ $\text{र}^{२} = ४\text{अय}$। इस लिये

$\text{फल} = \int \sqrt{(४\text{अय})}\text{ताय} = \dfrac{४\sqrt{\text{अ}}}{३}\text{य}^{\frac{३}{२}} + \text{स्थि}$।

यहाँ यदि $\text{य} = ०$ तो $\text{फ} = ०$ इस लिये $\text{स्थि} = ०$।

तब $\text{फ} = \dfrac{४\sqrt{\text{अ}}}{३} \times \text{य}^{\frac{१}{२}} \times \text{य} = \dfrac{२\text{यर}}{३}$ अर्थात् भुज और कोटि से जो आयत बने उस का दो तृतीयांश परवलय का फल होता है।

१०६। जिस वक्र का $\text{र} = \text{अय}^{\text{न}}$ ऐसा समीकरण है उस के फल का आनयन।

यहाँ $\text{फ} = \int \text{अय}^{\text{न}}\text{ताय} = \text{अ} \int \text{य}^{\text{न}}\text{ताय} = \dfrac{\text{अ} \cdot \text{य}^{\text{न}+१}}{\text{न}+१} + \text{स्थि}$।

यदि मूल स्थान से फल की प्रवृत्ति मानें तो $\text{स्थि} = ०$ इस लिये

$\text{फ} = \dfrac{\text{अ} \cdot \text{य}^{\text{न}+१}}{\text{न}+१} = \dfrac{\text{अय}^{\text{न}} \times \text{य}}{\text{न}+१} = \dfrac{\text{र} \times \text{य}}{\text{न}+१}$ यह फल जानने के लिये ऐसे वक्र में एक साधारण सिद्धान्त उत्पन्न हो गया। इस में न के स्थान में यदि $\frac{१}{२}$ का उत्थापन दो तो परवलय का फल आ जायगा।

१०७। अतिपरवलय के फल का आनयन।

केन्द्र को मूल मानने से इस का समीकरण $र = \frac{क}{अ}\sqrt{(य^२—अ^२)}$

इस लिये $फ = \frac{क}{अ}\int\sqrt{(य^२—अ^२)}\, ताय$

$$= \frac{क}{अ}\left\{\frac{य\sqrt{(य^२—अ^२)}}{२} - \frac{अ^२}{२} ला\ (य+\sqrt{(य^२—अ^२)})\right\} + स्थि$$

यदि य = अ तो फ = ० इस लिये

$$० = \frac{क}{अ}\left\{-\frac{अ^२}{२} लाअ\right\} + स्थि \therefore स्थि = \frac{कअ^२}{२अ} लाअ$$

इस लिये

$$फ = \frac{क}{अ}\left\{\frac{य\sqrt{य^२—अ^२}}{२} - \frac{अ^२}{२} ला\left[\frac{य+\sqrt{य^२—अ^२}}{अ}\right]\right\}$$

$$= \frac{यर}{२} - \frac{अक}{२} ला\left[\frac{य}{अ} + \frac{र}{क}\right]$$

केन्द्र से वक्र के प विन्दु तक एक रेखा कर दो तो भुज, कोटि, श्रुति से जो जात्यत्रिभुज होगा उस का फल $\frac{यर}{२}$ यह होगा। इस लिये श्रुति, अतिपरवलय का चाप और केन्द्र और शिरःस्थान का अन्तर अ से जो वक्र त्रिबाहु होगा उस का फल $= \frac{अक}{२} ला\left(\frac{य}{अ} + \frac{र}{क}\right)$ . . . . (१)

(चलनकलन का १११ वाँ प्रक्रम देखो)

१०८। चक्रालद् के फल का आनयन।

चक्रालद् में $य = अ\ (१—कोज्याप)$। $र = अ\ (प + ज्याप)$।

इस लिये $ताय = अज्याप \cdot ताप$।

और $रताय = अ^२(ज्या^२प + पज्याप)\ ताप$

$$= अ^२पज्यापताप + \frac{अ^२}{२}(१—कोज्या२प)ताप$$

$$इसलिये \int रताय = अ^२\int पज्यापताप + \frac{अ^२}{२}\int(१—कोज्या२प)ताप$$

$$= अ^२(—पकोज्याप + ज्याप) + \frac{अ^२}{२}\left(प — \frac{ज्या२प}{२}\right)$$

यदि ० और π के बीच प के मान में फल साधन करें तो चक्रालद

के आधे का फल $= \text{अ}^{२}\pi + \dfrac{\text{अ}^{२}\pi}{२} = \dfrac{३\text{अ}^{२}\pi}{२} =$ चलितवृत्त के फल का डेढ़गुना इस लिये चलितवृत्त के फल को तीन गुना करने से सम्पूर्ण चक्राऌद का फल होता है (चलनकलन में २८६ प्रक्रम का (११) वां वक्र देखो और वहाँ क = अ, और अ = ष मान लो)

इसी वक्र में यदि $\text{र} = \text{अष}$ तो पूर्वयुक्ति से $\int \text{रताय} = \text{अ}^{२}\int \text{षज्यापताप}$

$= \text{अ}^{२}(-\text{षकोज्याष} + \text{ज्याष})$ यह चक्राऌद के साथी का फलसमीकरण हुआ। इस में ष के ० और π के बीच यदि फल साधन करें तो आधे वक्र का फल $= \text{अ}^{२}\pi$। इस लिये चलितवृत्त का दूना इस का फल होगा।

१०९। कातन्वली के फल का आनयन।

यहाँ $\text{र} = \frac{\text{ग}}{२}\left(\text{इ}^{\frac{\text{य}}{\text{ग}}} + \text{इ}^{-\frac{\text{य}}{\text{ग}}}\right)$

इस लिये $\text{फ} = \int \text{रताय} = \frac{\text{ग}}{२}\int\left(\text{इ}^{\frac{\text{य}}{\text{ग}}} + \text{इ}^{-\frac{\text{य}}{\text{ग}}}\right)\text{ताय} = \frac{\text{ग}^{२}}{२}\left(\text{इ}^{\frac{\text{य}}{\text{ग}}} - \text{इ}^{-\frac{\text{य}}{\text{ग}}}\right)$

$$= \text{ग}\left\{\frac{\text{ग}^{२}}{४}\left(\text{इ}^{\frac{२\text{य}}{\text{ग}}} - २ + \text{इ}^{-\frac{२\text{य}}{\text{ग}}}\right)\right\}^{\frac{१}{२}}$$

$$= \text{ग}\left\{\frac{\text{ग}^{२}}{४}\left(\text{इ}^{\frac{२\text{य}}{\text{ग}}} + २ + \text{इ}^{-\frac{२\text{य}}{\text{ग}}}\right) - \text{ग}^{२}\right\}^{\frac{१}{२}} = \text{ग}\left(\text{र}^{२} - \text{ग}^{२}\right)^{\frac{१}{२}}$$

११०। $\left(\frac{\text{य}}{\text{अ}}\right)^{\frac{२}{२\text{म}+१}} + \left(\frac{\text{र}}{\text{क}}\right)^{\frac{२}{२\text{न}+१}} = १$ इस समीकरण के वक्र का फलानयन।

यहाँ यदि $\text{य} = \text{अज्या}^{२\text{म}+१}\text{ष}_{१}$ और $\text{र} = \text{क कोज्या}^{२\text{न}+१}\text{ष}_{१}$

तो $\text{ताय} = \text{अ}\,(२\text{म}+१)\,\text{कोज्याष}_{१}\,\text{ज्या}^{२\text{म}}\text{ष}_{१}\,\text{ताष}_{१}$

इस लिये $\text{फ} = \int \text{रताय} = \text{अक}(२\text{म}+१)\int \text{कोज्या}^{२\text{न}+२}\text{ष}_{१}\text{ज्या}^{२\text{म}}\text{ष}_{१}\text{ताष}_{१}$

३५ प्रक्रम के (१) समीकरण से इस का चल ला सकते हो।

वा खण्डचलानयन से

$$\int \text{कोज्या}^{२\text{न}+२}\text{ष}_{१}\text{ज्या}^{२\text{म}}\text{ष}_{१}\,\text{ताष}_{१}$$

$$= \frac{\text{कोज्या}^{२\text{न}+१}\text{ष}_{१}\text{ज्या}^{२\text{म}+१}\text{ष}_{१}}{२\text{म}+१} + \frac{२\text{न}+१}{२\text{म}+१}\int \text{ज्या}^{२\text{म}+२}\text{ष}_{१}\text{कोज्या}^{२\text{न}}\text{ष}_{१}\text{ताष}_{१}$$

$$= \frac{\text{कोज्या}^{२\text{न}+१}\text{ष}_{१}\text{ज्या}^{२\text{म}+१}\text{ष}_{१}}{२\text{म}+१}$$

$$+\frac{२न+१}{२म+१}\int ज्या^{२म}प_१(१-कोज्या^२प_१)कोज्या^{२न}प_१ताप_१$$

$$=\frac{कोज्या^{२न+१}प_१ज्या^{२म+१}प_१}{२म+१}$$

$$+\frac{२न+१}{२म+१}\int ज्या^{२म}प_१कोज्या^{२न}प_१ताप_१$$

$$-\frac{२न+१}{२म+१}\int ज्या^{२म}प_१कोज्या^{२न+२}प_१ताप_१$$

पक्षान्तरानयन कर $\frac{२म+२न+२}{२म+१}$ का भाग दे देने से

$$\int ज्या^{२म}प_१कोज्या^{२न+२}प_१ताप_१$$

$$=\frac{कोज्या^{२न+१}प_१ज्या^{२म+१}प_१}{२(म+न+१)}+\frac{२न+१}{(२म+२न+२)}\int ज्या^{२म}प_१कोज्या^{२न}प_१ताप_१ \quad \cdots\cdots(१)$$

यदि ० और $\frac{\pi}{२}$ के बीच $प_१$ के मान में सान्तचल का मान लावें तो सम्पूर्ण वक्र का फल (१) से स्पष्ट है कि

$$\frac{१.३.५.७\cdots\cdots(२न+१)\cdot१.३.५.७\cdots\cdots(२म+१)}{२.४.६.८\cdots\cdots\cdots\cdots\cdots२(म+न+१)}२अक^{\pi},$$ यही होगा। न, म के स्थान में भिन्न भिन्न संख्याओं का उत्थापन देकर अनेक वक्र और उनके क्षेत्रफल जान सकते हो।

जैसे यदि वक्र का $\left(\frac{य}{अ}\right)^{\frac{२}{३}}+\left(\frac{र}{क}\right)^{\frac{२}{३}}=१$ ऐसा समीकरण हो तो यहाँ म = १ और न = १ इस लिये २न + १ = ३, और २म + १ = ३, २(म + न + १) = ६। फल में इन का उत्थापन देने से वक्र का संपूर्ण फल $=\frac{१.३.१.३}{२.४.६}$ $अक^{\pi}=\frac{३}{१६}२अक\,\pi=\frac{३}{८}अक\,\pi$

इस वक्र को चलनकलन से सिद्ध कर सकते हो कि दीर्घवृत्त का अवलूत है।

१११। कभी कभी दो सीमाओं के भीतर फलानयन में बड़ा धोखा पड़ जाता है। क्योंकि ऊपर के प्रक्रमों से जो फलानयन किया है किसी स्थान में र के धनत्व वा ऋणत्व का विचार नहीं किया है सर्वत्र र को एक ही प्रकार का मान लिया है। परन्तु फलानयन में र के स्थान में य के फल में जो उस का रूप होता है उस का उत्थापन देकर फल साधन किया है इस लिये संभव है कि इस फल

में ऋणात्मक र संबन्धी य का उत्थापन देने से वही मान आवे जो कि धनात्मक र में आता हो ऐसी दशा में अवश्य धोखा खाने की सम्भावना है ।

जैसे यदि किसी वक्र का र = गज्या $\frac{य}{अ}$ ऐसा समीकरण हो तो यहाँ फल का समीकरण $\int$ रताय = ग $\int$ ज्या $\frac{य}{अ}$ ताय = — गअकोज्या $\frac{य}{अ}$ मानो कि जब य = $य_1$ तो र = $र_1$ और जब य = $य_2$ तब र = $र_2$ इस लिये $र_1$ और $र_2$ कोटि मान के बीच में क्षेत्रफल ग $\int_{य_1}^{य_2}$ ज्या $\frac{य}{अ}$ ताय

= ग अ $\left[\text{कोज्या} \frac{य_1}{अ} - \text{कोज्या} \frac{य_2}{अ} \right]$ यह हुआ । इस में पहले मानो कि $य_1 = 0$, $य_2 = अ\pi$, तो फल = २गअ यह होगा । फिर मानो कि $य_1 = 0$, $य_2 = २अ\pi$ तो गअ$\left[\text{कोज्या} \frac{य_1}{अ} - \text{कोज्या} \frac{य_2}{अ} \right]$ इस का मान शून्य होगा जो कि क्षेत्र की आकृति से असम्भव है क्योंकि जब तक य, ० से $\frac{अ\pi}{२}$ के ऊपर आवेगा तब तक र का धनमान बढ़ता रहेगा फिर आगे धनमान घटने लगेगा जब य = $अ\pi$ तब शून्य हो जायगा इस लिये वक्र फिर य अक्ष में मिलेगा इस लिये $य_1 = 0$ और $य_1 = अ\pi$ के बीच का पहले जो फल २अग आया है वह एक ही चाल के र में सिद्ध हुआ ठीक आया । अब य का मान $अ\pi$ के आगे बढ़ेगा तब र का मान ऋण होगा और बराबर य के $२अ\pi$ मान तक ऋण ही ऋण चला जायगा ऐसी दशा में य अक्ष से नीचे वक्र बनेगा जैसा कि नीचे की आकृति से स्पष्ट है । यहाँ $अ_1ग_1 = अ\pi$ और $अ_1च = २अ\pi$



और कम = ग = $म_1$घ । और वक्र के धन कोटि मान में $अ_1कग_1$ खण्ड और ऋण कोटि मान में $ग_1$घच खण्ड है । इस लिये ० और $२अ\pi$ के बीच य के मान में $अ_1कग_1$घच का फल वक्र के समीकरण से $अ_1कग_1$ का अर्थात् २ग·अ का दूना ४गअ होगा परन्तु फल के समीकरण से शून्य आया इस लिये वह असम्भव है । ऐसी स्थिति

में चाहिये कि ग,घच के फल के लिये र का मान ऋण मानो तब इस का फल $= \int (-र)ताय = ग\int(-ज्या\frac{य}{अ})ताय = अग\ कोज्या\frac{य}{अ} + स्थि$

इस लिये सम्पूर्ण फल $= ग\int_0^{अ\pi} ज्या\frac{य}{अ}ताय + ग\int_{अ\pi}^{२अ\pi}(-ज्या\frac{य}{अ})ताय$

$= २गअ + २गअ = ४गअ$ यह ठीक होगा ।

ऐसे ऐसे स्थानों में र के धनत्व वा ऋणत्व का बिना विचार किये फलानयन ठीक न होगा ।

११२। जब कहीं सीमितवक्र के फल साधन में $\int रताय$ के मान में य के स्थान में क्या क्या उत्थापन दें जिस में सम्पूर्ण वक्र का फल आ जाय इस में संशय जान पड़े तो $\int रताय$ स्थान में $\int र\frac{ताय}{ताचा}$ ताचा इस का उत्थापन देने से सुगमता हो जायगी इस में चा के स्थान में वक्र के परिधि का वा तत्सम्बन्धी और कोई चल का उत्थापन देने से सम्पूर्ण फल तुरन्त आ जायगा ।

जैसे दीर्घवृत्त में ७७ वें प्रक्रम से

$\frac{ताचा}{ताप} = अ\sqrt{(१-इ^२ज्या^२प)}$ और $\frac{ताय}{ताष} = अकोज्याष$ इस लिये

$\frac{ताय}{ताचा} = \frac{कोज्याप}{\sqrt{१-इ^२ज्या^२ष}}$ और $र\cdot\frac{ताय}{ताचा}\cdot ताचा = कअकोज्या^२ष\ ताष$

इस लिये $\int र\frac{ताय}{ताचा}ताचा = अक\int कोज्या^२ष\ ताष$

$= \frac{अक}{२}(१ + कोज्या२ष)\ ताप = \frac{अक}{२}(ष - \frac{ज्या२प}{२})$ अब सम्पूर्ण दीर्घवृत्त की परिधि में प, चार समकोण अर्थात् २π होगा इस लिये इस का उत्थापन देने से सम्पूर्ण दीर्घवृत्त का फल $= अक\pi = \frac{क}{अ} अ^२\pi$ । यही पहले भी सिद्ध हुआ था ।

कहीं कहीं य को कोटि और र को भुज मान कर भी दो भुजों के बीच वक्रीय फल का साधन कर सकते हो ।

जैसे परवलय में $र^२ = ४अय \therefore \frac{र^२}{४अ} = य$ इस लिये

$\int$ यतार $= \frac{१}{४अ}\int$ र^{२}तार $= \frac{र^३}{१२अ} = \frac{र^२ \times र}{४अ \times ३} = \frac{य \times र}{३}$ यह फल वक्र के विन्दु से र अक्ष पर जो य के तुल्य लम्ब पड़ा उस से और लम्बमूल और वक्र के शिरःस्थान अ तक जो रेखा और वक्र के चाप से जो वक्रत्रिबाहु हुआ उस का है।

११३। २, और ४० वें प्रक्रम से स्पष्ट है कि दो कोटियों ($र_०$, $र_न$) के बीच वक्र का फल $= \int_{य_०}^{य_न}$ रताय $= र_० च_१ + र_१ च_२ + \cdots + र_{न-१} च_न$

यही है। जहाँ र = फ(य), $र_०$ = फ($य_०$), $र_१$ = फ($य_१$) $\cdots\cdot$ $र_न$ = फ($य_न$) इस लिये ६३ प्रक्रम की युक्ति से श्रेढीरूप फल के पदों का मान र$\triangle$य इस साँचे से अथवा फ(य)$\triangle$य इस साँचे से प्रकाश कर सकते हैं।

यहाँ भी ठीक वैसा ही अर्थ समझना चाहिये और च का सूचक जैसा कि चलनकलन में प्रसिद्ध है$\triangle$य है।

इस लिये दो कोटियोंके बीच वक्र का फल यौर$\triangle$य इस से प्रकाश कर सकते हैं र$\triangle$य के पहले जो यौ है उस से यह समझना चाहिये कि$\triangle$य के स्थान में $च_१$, $च_२$, $\cdots\cdot$ $च_न$ का और र के स्थान में $र_०$, $र_१$ $र_२$ $\cdots\cdot$ $र_{न-१}$ का उत्थापन देने से जितने पद होंगे उन सबों का योग किया हुआ है।

५ वें प्रक्रम से स्पष्ट जान पड़ेगा कि यदि $अअ_१$, $अ_१अ_२$ इत्यादि को (जो अत्यल्प मान है) $\triangle$य से प्रकाश करें और $क_२अ_१$,$क_१अ_२$ इत्यादि को र से, तो पास की दो कोटि, तदन्तर्गत भुजान्तर = $\triangle$य और वक्र चापान्तर से जो चतुर्भुज बनेगा उस का फल = र$\triangle$य यह होगा।

और र, के स्थान में $र_०$, $र_१$ इत्यादि का $\triangle$य के स्थान में $अअ_१$ $अ_१अ_२$ इत्यादि का उत्थापन देने से श्रेढी के प्रत्येक पद क्रम से प्रत्येक वक्रचतुर्भुज के फल होंगे।

वक्र क्षेत्र के फल ही से धीरे धीरे चलराशिकलन का प्रचार हुआ। क्षेत्र का छोटा छोटा खण्ड कर के पृथक् पृथक् खण्डों के फलों के योग से फल का ले आना भास्कर के गोलाध्याय के पृष्ठ फल देखने से जान पड़ता है कि भास्कर को समझ पड़ा था परन्तु इन से पहले भारतवर्ष में इस प्रकार से फल ले आने की कहीं भी चर्चा नहीं है।

११४। दो वक्रों के चाप और उन के कोट्यन्तर से जो क्षेत्र बनेगा उस का फलानयन ।



कल्पना करो कि काव₁प₁त₁ एक वक्र का चाप और कवपत दूसरे वक्र का चाप, काक प्रथम कोट्यन्तर और त₁त दूसरा कोट्यन्तर इन से काकतत₁ वक्र क्षेत्र जो बना है उस का फल जानना है ।

र अक्ष के समानान्तर और य अक्ष के समानान्तर अनेक रेखा जिन में दो दो का अन्तर बहुत ही अल्प हो खींचने से देखो अनेक, क्षेत्र के भीतर आयत बन गये हैं जिन में किसी एक दट का फल (यदि अल = य, दल = र और अम = य + △य, मट = र + △र) △य△र यही होगा । अब, वव₁प₁प वक्रचतुर्भुज के बीच जितने छोटे छोटे दट के ऐसे चतुर्भुज हैं उन के फलों का योग यौ△य△र यही होगा । यहाँ क्षेत्र के देखने से स्पष्ट है कि △य सर्वत्र एक ही है इस लिये

$$\text{यौ}\triangle\text{य}\triangle\text{र} = \int_{\text{लव}}^{\text{लव}_1} \triangle\text{यतार} = \triangle\text{य} \int_{\text{लव}}^{\text{लव}_1} \text{तार}$$

इस में △र का मान अत्यल्प मानने से अर्थात् तार मानने से वव₁ प₁प वक्र चतुर्भुज के विलक्षण खण्ड हैं उन का लोप हो जायगा ।

$$\text{इस लिये } \text{वव}_1\text{प}_1\text{प} = \triangle\text{य} \int_{\text{फ(य)}}^{\text{फा(य)}} \text{तार} = \triangle\text{य} \{ \text{फा(य)} - \text{फ(य)} \}$$

यहाँ फा(य) = व,ल = ऊपर के वक्र की कोटि और

फ(य) = वल = नीचे के वक्र की कोटि।

इस प्रकार सब स्तम्भरूप वक्रचतुर्भुजों का योग △ य { फा(य)–फ(य) } इस सांचे से निकाल सकते हो अर्थात् यदि अगा = गा, अच, = चा तो

$$\text{ककातृत} = \text{यौ}\triangle\text{य}\,\{\,\text{फा(य)} - \text{फ(य)}\,\} = \int_{\text{गा}}^{\text{चा}} \{\,\text{फा(य)} - \text{फ(य)}\,\}\,\text{ताय}$$

यदि द्विगुणचलानयन की रीति से इस फल को लिखें तो इस का मान $\int_{\text{गा}}^{\text{चा}}\int_{\text{फ(य)}}^{\text{फा(य)}}$ तार ताय ऐसा होगा।

११५। यदि जिन दो वक्रों के य = फा(र)। य = फ(र) ऐसे समीकरण हों और उन से सीमितक्षेत्र का फल जानना हो तो स्पष्ट है कि ऊपर के मान में य र को बदल देना होगा। अर्थात् तब क्षेत्र का फल $\int_{\text{गा}}^{\text{चा}}\int_{\text{फ(र)}}^{\text{फा(र)}}$ ताय तार ऐसा होगा।

११६। ऊपर के दोनों प्रक्रमों की व्याप्ति दिखलाने के लिये एक उदाहरण दिखलाते हैं।



कल्पना करो कि कलघ वृत्त, और अलग परवलय में न मूलविन्दु, नल = २अ = वृत्त का व्यासार्द्ध, नअ = कअ = अ, तो यदि न विन्दु से घ की ओर भुज-

गणना करें तो वृत्त का समीकरण $र^{२} = ४अ^{२} — य^{२}$ और परवलय का समीकरण $र^{२} = ४अ(अ + य)$ होगा । क्योंकि इस स्थिति में न परवलय की नाभी होगी ।

अब यहाँ यह इच्छा है कि घल वृत्त का चाप, गल परवलय का चाप, गघ परवलय की कोटि इन से जो गघल वक्र त्रिबाहु होगा उस का फल निकालें ।

११४ वें प्रक्रम में जो ऐसे क्षेत्रों के लिये फल का $\int_{गा}^{चा}\int_{फ(य)}^{फा(य)} तार\ ताय$ यह समीकरण है इस में $फा(य) = \sqrt{४अ(अ + य)}$, $फ(य) = \sqrt{४अ^{२} — य^{२}}$, चा = नघ = २अ, । और गा = ० मानने से घलग का फल

$$= \int_{०}^{२अ} \{ फा(य) — फ(य) \}\ ताय$$

$$= \int_{०}^{२अ} \{ (४अ^{२} + ४अय)^{\frac{१}{२}} — (४अ^{२} — य^{२})^{\frac{१}{२}} \}\ ताय$$

$$= \int_{०}^{२अ} (४अ^{२} + ४अय)^{\frac{१}{२}} ताय — \int_{०}^{२अ} (४अ^{२} — य^{२})^{\frac{१}{२}} ताय$$

$$परन्तु = \int (४अ^{२} + ४अय)^{\frac{१}{२}} ताय = \tfrac{४}{३}\sqrt{अ}\ (अ + य)^{\frac{३}{२}}$$

$$और \int_{०}^{२अ} (४अ^{२} + ४अय)^{\frac{१}{२}} ताय = \tfrac{४}{३} अ^{\frac{१}{२}} (३अ)^{\frac{३}{२}} - \tfrac{४}{३}\ अ^{\frac{१}{२}} अ^{\frac{३}{२}}$$

$$= \tfrac{४}{३} \{ (३)^{\frac{३}{२}} अ^{२} — अ^{२} \} = \tfrac{४अ^{२}}{३} (\sqrt{२७} — १)$$

$$और \int (४अ^{२} — य^{२})^{\frac{१}{२}} ताय = २अ^{२} ज्या^{-१} \frac{य}{२अ} + य\sqrt{(४अ^{२} — य^{२})}$$

$$इस\ लिये \int_{०}^{२अ} (४अ^{२} — य^{२})^{\frac{१}{२}} ताय = अ^{२}\pi$$

ऊपर फल मान में इन का उत्थापन देने से

$$फ = \int_{०}^{२अ} \{ (४अ^{२} + ४अय)^{\frac{१}{२}} ताय = (४अ^{२} — य^{२})^{\frac{१}{२}} \}\ ताय$$

$$= \frac{४अ^{२}}{३} (\sqrt{२७} — १) — अ^{२}\pi \text{ ।}$$

यदि परवलय में भुज की गणना अ विन्दु से करें तो १०५ प्रक्रम से अलन परवलयखण्ड का फल $= \frac{अ \times २अ \times २}{३} = \frac{४अ^{२}}{३}$ और अगघ परवलयखण्ड

का फल $= \frac{२अघ \times गघ}{३} = \frac{२ \times ३अ(१२अ^२)^{\frac{१}{२}}}{३} = ४अ^२\sqrt{३}$ । इन दोनों का अन्तर नघगल वक्रचतुर्भुज का फल $= ४अ^२\sqrt{३} - \frac{४अ^२}{३} = \frac{४अ^२}{३}(\sqrt{२७}—१)$

इस में वृत्त के चतुर्थांश घनल को अर्थात् $अ^२\pi$ इस को घटा देने से गलघ वक्र क्षेत्र का फल $= \frac{४अ^२}{३}(\sqrt{२७}—१)—अ^२\pi$ । यही पहले भी सिद्ध हुआ था।

इसी जगह यदि अल परवलय का चाप, कल, वृत्त का चाप, और कअ भुजान्तर से जो क्षेत्र है इस का फल अपेक्षित हो तो क्षेत्र से स्पष्ट है कि न से यदि क की ओर भुजगणना करें और भुज ही को कोटि मान लें तो यहाँ वृत्त का समीकरण $र^२ = ४अ^२—य^२$ यह जो है उस से $य^२ = ४अ^२—र^२$ और परवलय का समीकरण $र^२ = ४अ(अ—य)$ जो यह होगा उस से $य = अ— \frac{र^२}{४अ}$

अब ११५वें प्रक्रम से $फा(र) = \sqrt{४अ^२—र^२}$ । $फ(र) = अ - \frac{र^२}{४अ}$

$चा = २अ$, $गा = ०$ और क्षेत्र का फल $= \int_{गा}^{चा} \int_{फ(र)}^{फा(र)} ताय\, तार$

$$= \int_{०}^{२अ} \{ फा(र)—फ(र) \}\, तार = \int_{०}^{२अ} \{ \sqrt{४अ^२—र^२} —अ + \frac{र^२}{४अ} \}\, तार$$

परन्तु $\int \sqrt{४अ^२—र^२}\, तार = २अ^२ज्या^{-१}\frac{र}{२अ} + र\sqrt{(४अ^२—र^२)}$

और $\int (अ + \frac{र^२}{४अ})\, तार = अर - \frac{र^३}{१२अ}$

इस लिये

$$\int_{०}^{२अ} \{ \sqrt{(४अ^२—र^२)} —(अ— \frac{र^२}{४अ}) \}\, तार = अ^२\pi —२अ^२ + \frac{२}{३}अ^२$$

$$= अ^२\pi —\frac{४}{३}अ^२ \text{ यही फल हुआ।}$$

इसे परवलयखण्ड नअल और वृत्तचतुर्थांश नकल के अन्तर पर से भी निकाल सकते हो। इस तरह से जहाँ पर जिन सीमाओं के भीतर फल अपेक्षित

हो वहाँ पर क्षेत्र की आकृति से उन सीमाओं को अच्छी तरह से जाँच कर तब उन के उत्थापन से फल का साधन करो ।

जहाँ दोनों वक्रात्मक भुज एक ही वक्र के शाखा हों वहाँ पर ११४ और ११५ प्रक्रम की युक्ति बहुत ही काम की है जैसे किसी वक्र का यदि $(र — मय — ग)^२ = अ^२ — य^२$ यह समीकरण हो तो इस पर से र का एक मान $र = मय + ग + \sqrt{(अ^२ — य^२)}$ यह दूसरा $मय + ग — \sqrt{(अ^२ — य^२)}$ यह होगा ।

यहाँ $फा(य) = मय + ग + \sqrt{(अ^२ — य^२)}$ और $फ(य) = मय + ग — \sqrt{(अ^२ — य^२)}$ मान लें तो $फा(य) — फ(य) = २\sqrt{(अ^२ — य^२)}$ इस लिये वक्रशाखा और कोट्यन्तर से उत्पन्न फल $२\int_{गा}^{चा} \sqrt{(अ^२ — य^२)}ताय$ यह होगा । यहाँ य का परमाल्प मान —अ और परमाधिक २अ मान लें तो पहले वक्र का सम्पूर्ण फल $= २\int_{—अ}^{अ} \sqrt{(अ^२ — य^२)}ताय = \pi अ^२$ यही होगा ।

११७। अक्षीय भुजयुग्म पर से वक्र का फलानयन ।



सपब वक्र में मान लो कि ना ध्रुवस्थान नाय नियत रेखा नाप = श्रु । $\angle यनाप = प$ और $श्रु = फ(प)$ । तो यदि नासप वक्रत्रिबाहु का फल = आ हो तो चलनकलन के १५८ वें प्रक्रम से

$$\frac{ताआ}{ताप} = \frac{श्रु^२}{२} = \frac{\{फ(प)\}^२}{२}$$

इस लिये $आ = \frac{१}{२}\int \{फ(प)\}^२ ताप + स्थि$ । यहाँ वक्र में स विन्दु को कोई निश्चित विन्दु समझो ।

$$मानो कि \int \frac{\{फ(प)\}^२ ताप}{२} = फा(प)$$

तो $आ = फा(ष) + स्थि$ · · · · · · (१)

कल्पना करो कि जब $ष = ष_१$ तब $आ = आ_१$ और जब $ष = ष_२$ तब $आ = आ_२$ इस लिये (१) समीकरण से

$$आ_२ — आ_१ = फा(ष_२) — फा(ष_१) = \frac{१}{२}\int_{ष_१}^{ष_२} \{ फ(ष) \}^२ ताष$$

यदि श्रुति और स्पर्शरेखा से उत्पन्न कोण का मान भ रक्खो और ध्रुवस्थान से स्पर्शरेखा पर पड़े हुए लम्ब का मान ल मानो तो त्रिकोणमिति से

$$ज्याभ = \frac{ल}{श्रु} = श्रु \frac{ताष}{ताचा}$$ (चलनकलन के १५५ वें प्रक्रम से)

$$इस लिये\ आ = \frac{१}{२}\int श्रु^२ ताष = \frac{१}{२}\int श्रु^२ \frac{ताष}{ताचा} \cdot ताचा$$

$$= \frac{१}{२}\int \frac{श्रु \cdot ल}{श्रु} ताचा = \frac{१}{२}\int ल\ ताचा \quad \cdots\cdots\cdots\cdots (२)$$

यहाँ ल का मान चा के फल रूप में वा $\frac{ताचा}{ताल}$ का मान ल के फल रूप में जानने से आ का मान चा वा ल के फल रूप में जान सकते हो।

$$आ = \frac{१}{२}\int ल\ ताचा = \frac{१}{२}\int ल \frac{ताचा}{ताश्रु} ताश्रु = \frac{१}{२}\int \frac{लश्रु\ ताश्रु}{\sqrt{(श्रु^२ - ल^२)}} \quad \cdots \quad (३)$$

७५ प्रक्रम के (६)वें समीकरण से।

ऊपर दिखलाये हुए तीनों समीकरण पर से अनेक वक्र का फल जान सकते हैं।

११८। सामास्रिक सर्पिल का फलानयन (जिस वक्र के समीकरण वा नाम इत्यादि में संशय पड़े तो चलनकलन का २८६ प्रक्रम देखना चाहिये)।

यहाँ $श्रु = अ\ इ^{\frac{प}{क}}$ इस लिये ११७ प्रक्रम के (१) समीकरण से

$$आ = \frac{१}{२}\int अ^२ इ^{\frac{२ष}{क}} = \frac{अ^२क}{४} इ^{\frac{२प}{क}} + स्थि।$$

$$और\ आ_२ — अ_१ = \frac{अ^२क}{४}\left[इ^{\frac{२प_२}{क}} — इ^{\frac{२प_१}{क}} \right] = \frac{क}{४}(श्रु_२^२ — श्रु_१^२)$$

इस लिये $श्रु_२$, $श्रु_१$ ये दो भुज और तदन्तर्गत वक्र का चाप इन से जो क्षेत्र होगा उस का फल $\frac{क}{४}(श्रु_२^२ — श्रु_१^२)$ यही होगा।

११९। अक्षीय भुजयुग्म पर से परवलय का फलानयन ।

चलनकलन के १०८ प्रक्रम से ।

$$\text{यहाँ}\quad \text{श्र} = \frac{\text{अ}}{\text{कोज्या}^{२}\frac{\text{प}}{२}}\quad \text{इस लिये}$$

$$\text{आ} = \frac{\text{अ}^{२}}{२}\int \frac{\text{ताप}}{\text{कोज्या}^{४}\frac{१}{२}\text{प}} = \text{अ}^{२}\int (१ + \text{स्प}^{२}\tfrac{१}{२}\text{प})\,\text{तास्प}\,\tfrac{१}{२}\text{प}$$

$$= \text{अ}^{२}\left(\text{स्प}\tfrac{१}{२}\text{प} + \frac{\text{स्प}^{३}\frac{१}{२}\text{प}}{३}\right) + \text{स्थि}\ ।$$

$$\text{इस लिये}\quad \text{आ}_{२}-\text{आ}_{१} = \text{अ}^{२}\left(\text{स्प}\tfrac{१}{२}\text{प}_{२} + \frac{\text{स्प}^{३}\frac{१}{२}\text{प}}{३}\right) - \text{अ}^{२}\left(\text{स्प}\tfrac{१}{२}\text{प}_{१} - \tfrac{१}{३}\text{स्प}^{३}\tfrac{१}{२}\text{प}_{१}\right)$$

इस में यदि $\text{प}_{१} = ०$ और $\text{प}_{२} = \frac{\pi}{२}$ तो

$\text{आ}_{२}-\text{आ}_{१} = \text{अ}^{२}(१ + \frac{१}{३}) = \frac{४}{३}\text{अ}^{२} = \frac{२}{३}\,\frac{\text{अ}\times२\text{अ}}{१}$ अर्थात् परवलय के नाभिग कोटि, तत्सम्बन्धि शिरःस्थान से भुज और परवलय का चाप इन से बने क्षेत्र का फल $\frac{२}{३}$ अ × २अ यह वही सिद्ध हुआ जो १०५ वें प्रक्रम से सिद्ध होता है ।

१२०। जिस वक्र का अक्षीय समीकरण $\text{श्रु} = \text{अ}(\text{प} + \text{ज्याप})$ यह है उस का फलानयन ।

$$\text{यहाँ आ} = \tfrac{१}{२}\text{अ}^{२}\int(\text{प} + \text{ज्याप})^{२}\text{ताप} = \frac{\text{अ}^{२}}{२}\int(\text{प}^{२} + २\text{प ज्याप} + \text{ज्या}^{२}\text{प})\text{ताप}$$

$$\text{परन्तु}\ \int \text{प ज्याप} = -\text{पकोज्याप} + \text{ज्याप}\ ।$$

$$\text{और}\ \int \text{ज्या}^{२}\text{प ताप} = \tfrac{१}{२}\int(१-\text{कोज्या}२\text{प})\ \text{ताप} = \tfrac{१}{२}\left(\text{प}-\frac{\text{ज्या}२\text{प}}{२}\right)$$

इस लिये

$$\text{आ} = \frac{\text{अ}^{२}}{२}\left\{\frac{\text{प}^{३}}{३} - २\text{पकोज्याप} + २\text{ज्याप} + \frac{\text{प}}{२} - \tfrac{१}{४}\text{ज्या}२\text{प}\right\} + \text{स्थि}$$

यहाँ यदि ० और $\frac{\pi}{२}$ के बीच प के मान में फल लावें तो

$$\text{फल} = \frac{\text{अ}^{२}}{२}\left(\frac{\pi^{३}}{२४} + \frac{\pi}{४} + २\right)\ ।$$

१२१। यदि वक्र का अक्षीय समीकरण $\text{श्रु} = २\,\text{अ}\dfrac{\text{कोज्याप}-\sqrt{(\text{कोज्या}२\text{प})}}{\text{ज्या}^{२}\text{प}}$

ऐसा हो तो

$$\text{आ} = २\,\text{अ}^{२}\int\frac{\text{कोज्या}^{२}\text{प} + \text{को ज्या}२\text{प} - २\ \text{को ज्याप}\sqrt{(\text{कोज्या}२\text{प})}}{\text{ज्या}^{४}\text{प}}\ \text{ताप}$$

$$=२\,\text{अ}^२\int\frac{\text{कोज्या}^२\text{ष}+\text{कोज्या}२\text{ष}}{\text{ज्या}^४\text{ष}}\text{ताष}-४\text{अ}^२\int\frac{\text{कोज्याष}\sqrt{\text{कोज्या}२\text{ष}}}{\text{ज्या}^४\text{ष}}\text{ताष}$$

$$\text{परन्तु}\int\frac{\text{कोज्या}^२\text{ष}+\text{कोज्या}२\text{ष}}{\text{ज्या}^४\text{ष}}\text{ताष}=\int(२\text{कोस्प}^२\text{ष}-१)\,\text{कोछे}^२\text{षताष}$$

$$=\text{कोस्पष}-\tfrac{१}{३}\,\text{कोस्प}^३\text{ष}\text{ ।}$$

$$\text{और}\int\frac{\text{कोज्याष}\sqrt{(\text{कोज्या}२\text{ष})}}{\text{ज्या}^४\text{ष}}\text{ताष}=\int\frac{\sqrt{(१-२\,\text{ज्या}^२\text{ष})}\ \text{ताज्याष}}{\text{ज्या}^४\text{ष}}$$

इस में मानो कि $\text{ज्याष}=\frac{१}{\text{द}}$ तो

$$\int\frac{\sqrt{(१-२\,\text{ज्या}^२\text{ष})}}{\text{ज्या}^४\text{ष}}\text{ताष}=-\int\sqrt{(\text{द}^२-२)}\,\text{दताद}$$

$$=-\tfrac{१}{३}(\text{द}^२-२)^{\frac{३}{२}}=-\tfrac{१}{३}\left(\frac{१}{\text{ज्या}^२\text{ष}}-२\right)^{\frac{३}{२}}$$

$=-\frac{१}{३}(\text{कोछे}^२\text{ष}-२)^{\frac{३}{२}}$ इन का उत्थापन आ में देने से

$$\text{आ}=२\text{अ}^२\,\text{कोस्पष}-\frac{४\text{अ}^२}{३}\text{कोस्प}^३\text{ष}+\frac{४\text{अ}^२}{३}(\text{कोछे}^२\text{ष}-२)^{\frac{३}{२}}+\text{स्थि}$$

$$=२\text{अ}^२\,\text{कोस्पष}+\frac{४\text{अ}^२}{३}\left\{(\text{कोछे}^२\text{ष}-२)^{\frac{३}{२}}-\text{कोस्प}^३\text{ष}\right\}+\text{स्थि}$$

$$=२\text{अ}^२\text{कोस्पष}+\frac{४\,\text{अ}^२}{३}\left\{\frac{(१-२\text{ज्या}^२\text{ष})^{\frac{३}{२}}-\text{ज्या}^३\text{षकोस्प}^३\text{ष}}{\text{ज्या}^३\text{ष}}\right\}+\text{स्थि}$$

$$=२\,\text{अ}^२\text{कोस्पष}+\frac{४\,\text{अ}^२}{३}\ \frac{(\text{कोज्या}२\text{ष})^{\frac{३}{२}}-\text{कोज्या}^३\text{ष}}{\text{ज्या}^३\text{ष}}+\text{स्थि}$$

१२२। जिस सर्पिल का अक्षीयसमीकरण $\text{श्रु}=\text{अष}^{\text{न}}$ यह है उस का फलानयन।

$$\text{यहाँ आ}=\tfrac{१}{२}\int\text{श्रु}^२\text{ताष}=\tfrac{१}{२}\int\text{अ}^२\text{ष}^{२\text{न}}\ \text{ताष}=\frac{\text{अ}^२}{२}\int\text{ष}^{२\text{न}}\text{ताष}$$

$$=\frac{\text{अ}^२}{२(२\text{न}+१)}\,\text{ष}^{२\text{न}+१}+\text{स्थि}=\frac{\text{अ}^२\text{ष}^{२\text{न}}\times\text{ष}}{२(२\text{न}+१)}+\text{स्थि}=\frac{\text{श्रु}^२\times\text{ष}}{२(२\text{न}+१)}+\text{स्थि}$$

$$=\frac{\text{श्रु}^२\times\left(\frac{\text{श्रु}}{\text{अ}}\right)^{\frac{१}{\text{न}}}}{२(२\text{न}+१)}+\text{स्थि}=\frac{\text{श्रु}^{\frac{२\text{न}+१}{\text{न}}}}{२\text{अ}^{\frac{१}{\text{न}}}(२\text{न}+१)}+\text{स्थि}$$

यहाँ क्षेत्र के लक्षण से जब $\text{ष}=०$, $\text{श्रु}=०$ और $\text{फल}=०$ इस लिये स्थिराङ्क शून्य होगा। इस में यदि $\text{न}=१$ तो सर्पिल आर्किमिडिज़ का हो जायगा इस की

आकृति चलन कलन के २८६ प्रक्रम में लिखी है यहाँ भी बोध के लिये नीचे लिखा है।

इस में अ, ध्रुव, अय स्थिर रेखा जिस से प की गणना है। य से त की ओर धन गणना है। जब प = ० तब श्रु = अ·प = ०। जब प = $\frac{\pi}{२}$। तब श्रु = $\frac{अ\pi}{२}$ = अड। जब प = π, तब श्रु = अग = अथ।



इसी तरह जब प = २π तब श्रु = २ अ π = अक। इस लिये अ के चारो ओर श्रुति के एक बार घूमने में अडलपटथ ड' प' क खण्ड उत्पन्न हुआ।

इस खण्ड और अक श्रुति से जो क्षेत्र बना है उस का फल ऊपर फल के समीकरण में अर्थात् $\frac{श्रु^{\frac{२न+१}{न}}}{२अ^{\frac{१}{न}}(२न+१)}$ इस में न के स्थान में १ और श्रु के स्थान में २ अ π का उत्थापन देने से $\frac{श्रु^३}{६ अ} = \frac{८अ^३ \times \pi^३}{६ अ} = \frac{४ अ^२\pi^३}{३} = \frac{\pi \times (२अ\pi)^२}{३}$ $= \frac{\pi श्रु^२}{३}$ ऐसा होगा यदि श्रु = २ अπ। और जब श्रुति का दो फेरा होगा तब श्रु = ४ अ π = २श्रु इस का फल में उत्थापन देने से $\frac{\pi\,(२श्रु)^३}{३\,श्रु}$ यह मान जो आवेगा इस में अ के चारो ओर श्रुति के दो बार घूम जाने के कारण अडलपट थड' प'क दो बार आजायगा इस लिये श्रुति के दो बार फेरा करने से सर्पिल का ठीक फल = $\frac{\pi(२\,श्रु)^३}{३श्रु} - \frac{\pi श्रु^२}{३} = \frac{७\pi श्रु^२}{३}$ यह होगा और

दोनों फेरों के चापों के अन्तर में $\frac{७\pi श्रु^२}{३} - \frac{\pi श्रु^२}{३} = \frac{६\pi श्रु^२}{३}$

$=२\pi श्रु^२$ यह फल होगा।

इसी तरह श्रुति के न वार फेरा करने में श्रु = नश्रु और न—१ वार फेरा करने में श्रु = (न—१) श्रु।

इस लिये श्रु के न वार फेरा करने में फल $= \frac{\pi}{३} \cdot \frac{(नश्रु)^३ - (न-१)^३ श्रु^३}{श्रु}$

$$= \frac{\pi श्रु^२}{३} \left\{ न^३ — (न—१)^३ \right\}$$

और न + १ वार फेरा करने में फल $= \frac{\pi श्रु^२}{३} \left\{ (न+१)^३ — न^३ \right\}$

इस लिये न और न + १ वार फेरा करने में दोनों चापों के अन्तर में फल $= \frac{\pi श्रु^२}{३} \left\{ (न+१)^३ + (न—१)^३ — २न^३ \right\} = \frac{\pi श्रु^२}{३} \times ६न = २न\pi श्रु^२$

= प्रथम और दूसरे फेरे के चापों के अन्तर सम्बन्धी फल का न गुना यह सिद्ध होता है।

इस सर्पिल के विषय में आगे कुछ और विचार किया जायगा।

१२३। इलामूलक के फल का आनयन।

यहाँ $श्रु^२ = २ क^२$ कोज्या२ष

इस लिये आ $= क^२ \int$ कोज्या २ ष ताष $= \frac{क^२}{२}$ ज्या२ष + स्थि।

यहाँ वक्र के लक्षण से जब ष = ० तब आ = ० इस लिये स्थि = ०।

तब आ $= \frac{क^२}{२}$ ज्या२ष इस में ष के स्थान में $\frac{\pi}{४}$ का उत्थापन देने से

चतुर्थांश फल $= \frac{क^२}{२}$ इस को ४ से गुणने से संपूर्ण इलामूलक का फल $= २ क^२$

१२४। दो वक्र के चाप और श्रुत्यन्तर से वने क्षेत्र का फलानयन। कल्पना करो कि अ ध्रुवस्थान और अय, अर अक्ष से जो काव₁प₁त₁ कवपत वक्र के चाप और काक, तत₁श्रुत्यन्तर से क्षेत्र है उस के फल का ज्ञान करना है।



अवव₁, अपप₁ अत्यन्त निकट दो श्रुति रेखा खींचो। अव = श्रु, अप = श्रु + △श्रु। अव₁ = श्रु₁। अप₁ = श्रु₁ + △श्रु₁। और
∠व₁ अप₁ = △ष। और कवपत वक्र का समीकरण श्रु = फ(ष) और का व₁प₁त₁ का समीकरण श्रु₁ = फा(ष) समझो तो पव और प₁व₁ को अत्यल्प होने के कारण सरल रेखा मान लेने से
अकव, अकप वक्र त्रिभुज का अन्तर = △अवप = $\frac{1}{2}$△ष श्रु (श्रु + △श्रु) और काअव₁ काअप₁ का अन्तर = △अव₁प₁ = $\frac{1}{2}$△ष श्रु₁(श्रु₁ + △श्रु₁)

इस लिये दोनों का अन्तर = काकपप₁−काकवव₁ = व₁वपप₁ = △आ = $\frac{1}{2}$△ष { श्रु₁(श्रु₁ + △श्रु₁)—श्रु(श्रु + △श्रु) }

इस लिये $\dfrac{\triangle\text{आ}}{\triangle\text{ष}} = \frac{1}{2}$ { श्रु₁(श्रु₁ + △श्रु₁)—श्रु(श्रु + △श्रु) }

इस में ष मान शून्य मानने से △श्रु₁ = ०, △श्रु = ०, इस लिये

$\dfrac{\text{ताआ}}{\text{ताष}} = \frac{1}{2}(\text{श्रु}_1^2 - \text{श्रु}^2) = \frac{1}{2}\left[\{\text{फा(ष)}\}^2 - \{\text{फ(ष)}\}^2\right]$

इस लिये आ = $\frac{1}{2}\int \left[\{\text{फा(ष)}\}^2 - \{\text{फ(ष)}\}^2\right]\text{ताष}$

यदि ∠यअका = अ₁, ∠यअत₁ = क₁ तो काकवपतत₁प₁व₁का का फल आ =

$$\frac{1}{2}\int_{\text{अ}_1}^{\text{क}_1} \left[\{\text{फा(ष)}\}^2 - \{\text{फ(ष)}\}^2\right]\text{ताष} \cdots\cdots\cdots\cdots \quad (१)$$

जब $\int \text{श्रु ताश्रु} = \dfrac{\text{श्रु}^2}{2} \pm \text{स्थि}$ इस लिये $\int_{\text{फ(ष)}}^{\text{फा(ष)}} \text{श्रु ताश्रु}$

$=\frac{1}{2}[\{$ फा(ष) $\}^2 - \{$ फ(ष) $\}^2]$ इस पर से (१) समीकरण को द्विगुण चलानयन की रीति से $\int_{अ_1}^{क_1}\int_{फ(ष)}^{फा(ष)}$ श्रु ताश्रु ताष ऐसे लिख सकते हो।

१२५। इसी जगह यदि ष = फ(श्रु), $ष_1$ = फा(श्रु) ऐसे दो समीकरण के वक्र के चापों से और श्रु = अ, $श्रु_1$ = क ऐसे समीकरण के दो वृत्तों के चापों से बने क्षेत्र का फल जानना हो तो मान लो कि कक'क'$_1$का, तत'त'$_1$त$_1$ दो वक्र के चाप और कवपत, का$व_1प_1त_1$ दो वृत्त के चाप हैं जिन का अ केन्द्र है। अ केन्द्र से दक'व'प'त', और $द_1$क'$_1$व'$_1$प'$_1$त'$_1$ वृत्त का चापखण्ड बनावो जिनके व्यासार्द्ध श्रु, श्रश्रु + श्रु हैं। तो चलनकलन के १५९ वें प्रक्रम से त'त'$_1$प'$_1$व'$_1$क'$_1$क'व'प'त' का फल = आ

$$= \frac{\{ श्रु\,(ष_1 - ष) + (श्रु + \triangle श्रु)(ष_1 - ष) \}\, \triangle श्रु}{2}$$ । $\triangle$श्रु का भाग दे देने से

$$\frac{आ}{श्रु} = \frac{श्रु(ष_1 - ष) + (श्रु + \triangle श्रु)\,(ष_1 - ष)}{2}$$

इस लिये

$$\frac{ताआ}{ताश्रु} = श्रु\,(ष_1 - ष) = श्रु\,\{ फा(श्रु) - फ(श्रु) \}$$

इस लिये अभीष्ट क्षेत्र का फल

$$= \int_{अ}^{क} श्रु\,\{ फा(श्रु) - फ(श्रु) \}\, ताश्रु = आ \quad \cdots\cdots\cdots\cdots (१)$$

जब $\int$ श्रुताष = श्रु $\int$ ताष = श्रुष, श्रु को स्थिर मानने से

इस लिये $\int_{फ(श्रु)}^{फा(श्रु)}$ श्रुताष = श्रु { फा(श्रु) — फ(श्रु) }

इस लिये द्विगुणचलानयन की रीति से ऊपर के फल को

$\int_{अ}^{क}\int_{फ(श्रु)}^{फा(श्रु)}$ श्रुताष ताश्रु ऐसे लिख सकते हो। यदि यहाँ दो वक्रों के चापान्तर्गत सीमित दोनों कर्णों के अनेक विभाग कर ध्रुव विन्दु से प्रत्येक विभाग पर गया ऐसा अनेक वृत्त बना डालो और वक्र चापों का भी अनेक विभाग कर प्रति विभागों में जो रेखा लगा दो तो रेखा और वृत्त के चापखण्डों से अनेक चतुर्भुज होंगे जिन में किसी एक का फल = श्रष यह होगा।

१२६। जैसे अपक, अपाका वृत्तार्द्ध के चापों से और कका रेखा से बने क्षेत्र का फल जानाना है तो मानो अक = ग, अका = च ∠काअपा = ष, तो अप = श्रु = गकोज्याष, अपा = श्रु_1 = चकोज्याष



इस लिये १२४ प्रक्रम से

$$\text{अभीष्ट फल} = \int_{\text{अ}_1}^{\text{क}_1}\int_{\text{फ}(\text{ष})}^{\text{फा}(\text{ष})} \text{श्रुताश्रु ताष} = \int_0^{\frac{\pi}{2}}\int_{\text{गकोज्याष}}^{\text{चकोज्याष}} \text{श्रुताश्रु ताष}$$

$$\text{अब यहाँ} \int_{\text{गकोज्याष}}^{\text{चकोज्याष}} \text{श्रुताश्रु} = \tfrac{1}{2}(\text{च}^2 - \text{ग}^2)\text{कोज्या}^2\text{ष}$$

$$\text{इस लिये अभीष्ट फल} = \tfrac{1}{2}(\text{च}^2 - \text{ग}^2)\int_0^{\frac{\pi}{2}} \text{कोज्या}^2\text{ष ताष}$$

$$\text{इस में} \int \text{कोज्या}^2\text{ष ताष} = \int \frac{1 + \text{कोज्या}2\text{ष}}{2}\text{ताष} = \frac{\text{ष}}{2} + \frac{\text{ज्या}2\text{ष}}{4}$$

इस लिये $\int_0^{\frac{\pi}{2}} \text{कोज्या}^2\text{ष ताष} = \frac{\pi}{4}$ इस का उत्थापन फल में देने से फल = $\frac{\pi}{8}(\text{च}^2 - \text{ग}^2)$।

इसी क्षेत्र का यदि अक व्यासार्द्ध से बना कक_1स वृत्त चाप से दो खण्ड करें तो पहले अम, मक, अपक, वृत्त चापों से बने क्षेत्र का फल १२५ वें प्रक्रम से, मान लो कि कपम एक वृत्त का चाप, और दूसरे वृत्त का अ विन्दु रूप चाप, एक वक्र अपक वृत्तार्द्ध चाप, और दूसरा अम बड़े वृत्तार्द्ध का चाप इन से बना हुआ क्षेत्र है। यहाँ श्रु = गकोज्याष। और दूसरी श्रु = चकोज्याष

इस लिये ष = $\text{कोज्या}^{-1}\frac{\text{श्रु}}{\text{ग}}$, और $\text{ष}_1 = \text{कोज्या}^{-1}\frac{\text{श्रु}}{\text{च}}$, क = ग, अ = ०

इन का उत्थापन देने से

$$\int_{\text{क}}^{\text{अ}}\int_{\text{फ}(\text{श्रु})}^{\text{फ}_1(\text{श्रु})} \text{श्रुताष ताश्रु} = \int_0^{\text{ग}}\int_{\text{कोज्या}^{-1}\frac{\text{श्रु}}{\text{ग}}}^{\text{कोज्या}^{-1}\frac{\text{श्रु}}{\text{च}}} \text{श्रुताषताश्रु}$$

यहाँ $\int_{\text{कोज्या}^{-1}\frac{\text{श्रु}}{\text{ग}}}^{\text{कोज्या}^{-1}\frac{\text{श्रु}}{\text{च}}}$ श्रुताष $=$ श्रु $\left[\text{कोज्या}^{-1}\frac{\text{श्रु}}{\text{च}} - \text{कोज्या}^{-1}\frac{\text{श्रु}}{\text{ग}}\right]$

और $\int$ श्रुकोज्या $^{-1}\frac{\text{श्रु}}{\text{च}}$ ताश्रु $= \frac{1}{4}\{(2\text{श्रु}^2 - \text{च}^2)$ कोज्या $^{-1}\frac{\text{श्रु}}{\text{च}}$

$-\text{श्रु}\sqrt{(\text{च}^2 - \text{श्रु}^2)}\}$ ।

$\int$ श्रुकोज्या $^{-1}\frac{\text{श्रु}}{\text{ग}}$ ताश्रु $= \frac{1}{4}\{(2\text{श्रु}^2 - \text{ग}^2)$कोज्या $^{-1}\frac{\text{श्रु}}{\text{ग}}$

$-\text{श्रु}\sqrt{(\text{ग}^2 - \text{श्रु}^2)}\}$

इस लिये $\int_0^{\text{ग}}$ कोज्या $^{-1}\frac{\text{श्रु}}{\text{च}}$ ताश्रु

$= \frac{1}{4}\{(2\text{ग}^2 - \text{च}^2)$ कोज्या $^{-1}\frac{\text{ग}}{\text{च}} - \text{ग}\sqrt{(\text{च}^2 - \text{ग}^2)} + \text{च}^2\frac{\pi}{2}\}$

और $\int_0^{\text{ग}}$ श्रुकोज्या $^{-1}\frac{\text{श्रु}}{\text{ग}}$ ताश्रु $= \frac{1}{4}\left\{\text{ग}^2\frac{\pi}{2}\right\}$

इस लिये

$\int_0^{\text{ग}}\int_{\text{कोज्या}^{-1}\frac{\text{श्रु}}{\text{ग}}}^{\text{कोज्या}^{-1}\frac{\text{श्रु}}{\text{च}}}$ श्रुताषताश्रु

$= \frac{1}{4}\{(2\text{ग}^2 - \text{च}^2)$कोज्या $^{-1}\frac{\text{ग}}{\text{च}} - \text{ग}\sqrt{(\text{च}^2 - \text{ग}^2)} + \frac{\pi}{2}(\text{च}^2 - \text{ग}^2)\}$ यह एक खण्ड का फल हुआ।

अब कस वृत्तचाप, कास वृत्तचाप, और कका रेखा से उत्पन्न क्षेत्र के फल साधन में एक वक्र के चाप को कका रेखा समझो और दूसरे वक्र को असका मान लो तो ष $= 0 =$ फ(श्रु), $\text{ष}_1 =$ कोज्या $^{-1}\frac{\text{श्रु}}{\text{च}} =$ फा(श्रु), क $=$ च, अ $=$ ग।

इनका उत्थापन १२५ वें प्रक्रम के (१) समीकरण के दूसरे रूप में देने से

$\int_{\text{अ}}^{\text{क}}\int_{\text{फ(श्रु)}}^{\text{फा(श्रु)}}$ श्रुताषताश्रु $= \int_{\text{ग}}^{\text{च}}\int_0^{\text{कोज्या}^{-1}\frac{\text{श्रु}}{\text{च}}}$ श्रुताषताश्रु

यहाँ भी पहले खण्ड के फल साधन के ऐसा

$$\int_{0}^{\text{कोज्या}^{-1}\frac{\text{श्रु}}{\text{च}}} \text{श्रु} \text{ताप} = \text{श्र कोज्या}^{-1}\frac{\text{श्रु}}{\text{च}}$$

$$\int \text{श्रु} \text{कोज्या}^{-1}\frac{\text{श्रु}}{\text{च}} \text{ताश्रु} = \frac{1}{4}\left\{(2\text{श्रु}^2 - \text{च}^2)\text{ कोज्या}^{-1}\frac{\text{श्रु}}{\text{च}} - \text{श्रु}\sqrt{(\text{च}^2 - \text{श्रु}^2)}\right\}$$

इस लिये

$$\int_{\text{च}}^{\text{ग}}\int_{0}^{\text{कोज्या}^{-1}\frac{\text{श्रु}}{\text{च}}} \text{श्र ताप ताश्रु}$$

$$= \int_{\text{ग}}^{\text{च}} \text{श्रु कोज्या}^{-1}\frac{\text{श्रु}}{\text{च}} \text{ताश्रु}$$

$$= \frac{1}{4}\left\{\text{ग}\sqrt{(\text{च}^2 - \text{ग}^2)} - (2\text{ग}^2 - \text{च}^2)\text{कोज्या}^{-1}\frac{\text{ग}}{\text{च}}\right\}$$

यही दूसरे खण्ड का फल हुआ।

अब इन दोनों खण्डों का योग करो तो $\frac{\pi}{2}(\text{च}^2 - \text{ग}^2)$ यह सम्पूर्ण क्षेत्र का फल ठीक पहले ही के तुल्य आया।

१२७। यदि अक्षीय समीकरण पर से ११५ प्रक्रम के अलक क्षेत्र का फल साधन करें तो यहाँ न को ध्रुव स्थान मानने से परवलय का समीकरण $\text{श्रु} = \frac{\text{अ}}{\text{कोज्या}^2\frac{\text{प}}{2}}$ जहाँ प का मान नक रेखा से लिया गया है। और वृत्त का अक्षीय समीकरण $\text{श्र}_{,} = 2\text{ अ}$। इस लिये पहले श्रु के वश चलानयन करने से अलक का फल $= \int_{0}^{\frac{\pi}{2}}\int_{\text{अछे}^2\frac{\text{प}}{2}}^{2\text{अ}} \text{श्रु ताश्रु ताप}$

इसी जगह यदि प के वश से पहले चलानयन करें तो प_1

$= \text{कोज्या}^{-1}\frac{2\text{अ}-\text{श्रु}}{\text{श्रु}}$ मान लेने से अलक का फल $= \int_{\text{अ}}^{2\text{अ}}\int_{0}^{\text{प}_1}\int \text{श्रु तापताश्रु}$।

यदि घलग का फल अपेक्षित हो तो घग का अक्षीय समीकरण

$\text{श्रु} = -\frac{2\text{अ}}{\text{कोज्याप}}$ और $\text{नग} = 4\text{अ}$, $\angle\text{कनग} = \frac{2\pi}{3}$, और मान लो कि प_1

$= \text{कोज्या}^{-1}\frac{2\text{अ}-\text{श्रु}}{\text{श्र}}$ और $\text{प}_2 = \left[\frac{-2\text{अ}}{\text{श्रु}}\right]$। अब यहाँ पहले प के वश

चलानयन करने से घलग का फल $= \int_{\text{२अ}}^{\text{४अ}} \int_{\text{ष}_{१}}^{\text{ष}_{२}} \text{श्रु ताषताश्रु}$ । इसी का फल नग रेखा से दो भाग कर पृथक् पृथक् लावें तो पहले उस खण्ड का फल जिस में लग चाप है $\int_{\frac{\pi}{२}}^{\frac{२\pi}{३}} \int_{\text{२अ}}^{\text{अछे}^{२}\frac{\text{प}}{२}} \text{श्रुताश्रुताप}$ यह होगा फिर दूसरे खण्ड का फल $= \int_{\frac{२\pi}{३}}^{\pi} \int_{\text{२अ}}^{\text{२अछेप}} \text{श्रुताश्रुताप}$ यह होगा और इन दोनों का योग ठीक पहले के बराबर क्षेत्र फल निकल आवेगा। इस तरह से जहाँ पर जैसा सुभीता जान पड़े तहाँ पहले श्रु के वश अथवा प के वश चलानयन करो।

१२८। १२२ प्रक्रम में जो आर्किमिडिज़ का सर्पिल है उस में $\text{व}_{१}\text{वम}$ को एक वक्रचाप और $\text{भ}_{१}$ भन को दूसरे वक्र का चापखण्ड मान लो तो १२४ प्रक्रम की युक्ति से $\text{व}_{१}$ $\text{भ}_{१}$ नम का फल $= \int_{\text{ष}_{१}}^{\text{ष}_{२}} \int_{\text{फ(ष)}}^{\text{फा(ष)}} \text{श्रु ताश्रु ताष}$ ऐसा होगा। यहाँ $\text{फ(ष)} = \text{अष}$ और $\text{फा(ष)} = \text{अ}(\text{ष} + २\pi)$ मानो तो

$$\int_{\text{फ(ष)}}^{\text{फा(ष)}} \text{श्रु ताश्रु} = \tfrac{१}{२}\left[\{ \text{फा(ष)} \}^{२} - \{ \text{फ(ष)} \}^{२} \right]$$

$$= \tfrac{१}{२}(\text{अ}^{२}\text{ष}^{२} + ४\text{अ}^{२}\text{ष}\pi + ४\text{अ}^{२}\pi^{२} - \text{अ}^{२}\text{ष}^{२}) = \frac{\text{अ}^{२}}{२}\left\{ (\text{ष} + २\pi)^{२} - \text{ष}^{२} \right\}$$

और $\int \frac{\text{अ}^{२}}{२}\left\{ (\text{ष} + २\pi)^{२} - \text{ष}^{२} \right\} \text{ताष} = \frac{\text{अ}^{२}}{२}\left\{ \frac{(\text{ष} + २\pi)^{३}}{३} - \frac{\text{ष}^{३}}{३} \right\}$

इस लिये

$$\int_{\text{ष}_{१}}^{\text{ष}_{२}} \int_{\text{फ(ष)}}^{\text{फा(ष)}} \text{श्रुताश्रुताष} = \frac{\text{अ}^{२}}{२}\left\{ \frac{(\text{ष}_{२} + २\pi)^{३} - \text{ष}_{२}^{३}}{३} - \frac{(\text{ष}_{१} + २\pi)^{३} - \text{ष}_{१}^{३}}{३} \right\}$$

$$= \frac{\text{अ}^{२}}{२}\left\{ \frac{\times ६\text{ष}_{२}^{२}\pi + १२\text{ष}_{२}\pi^{२} + ८\pi^{३} - ६\text{ष}_{१}^{२}\pi - १२\text{ष}_{१}\pi^{२} - ८\pi^{३}}{३} \right\}$$

$$= \frac{\text{अ}^{२}}{२}\left\{ २\text{ष}_{२}^{२}\pi + ४\text{ष}_{२}\pi^{२} - २\text{ष}_{१}^{२}\pi - ४\text{ष}_{१}\pi^{२} \right\} = \frac{\text{अ}^{२}}{२}\left\{ २\pi(\text{ष}_{२}^{२} - \text{ष}_{१}^{२}) + ४\pi२(\text{ष}_{२} - \text{ष}_{१}) \right\}$$

यह फल हुआ। इस में यदि $प_२ = २न\pi$ और $प_१ = २\pi(न—१)$ हो तो न और न+१ वार श्रु के फेरा करने में दोनों चापों के अन्तर का फल

$$= \frac{अ^२}{२}\left\{ २\,\pi(प_२^२ - प_१^२) + ४\pi^२(प_२ - प_१) \right\}$$

$$= \frac{अ^२}{२}\left\{ २\pi(४न^२\pi^२ — ४न^२\pi^२ + (न\pi^२ — ४\pi^२) + ८\pi^२ \right\}$$

$$= \frac{अ^२}{२}(१६\,न\pi^२) = ८नअ^२\pi^२ = २\pi न \times ४\pi^२अ^२ = २\pi नश्रु^२$$

यही ठीक १२२वें प्रक्रम में भी उत्पन्न हुआ था परन्तु इस क्रिया से वहुत ही स्पष्ट रूप से उपपन्न होता है और १२२वें प्रक्रम में जो युक्ति लिखी है वह वड़े गाम्भीर्य विचार करने से तव मन में बैठती है॥

१२९। अपचक्रालद के अक्षीय समीकरण पर से फलानयन। (११७ प्रक्रम का (३) समीकरण देखो) फल = $आ = \frac{१}{२}\int \frac{लश्रुताश्रु}{\sqrt{(श्रु^२ — ल^२)}}$

यहाँ क्षेत्र के लक्षण से $ल = \frac{ग\sqrt{(श्रु^२ — अ^२)}}{\sqrt{(ग^२ — अ^२)}}$ (८२ प्रक्रम देखो)

इस लिये फल $= \frac{१}{२}\int \frac{ग\sqrt{(श्रु^२ - अ^२)}श्रुताश्रु}{अ\sqrt{(ग^२ — श्रु^२)}} = \frac{ग}{२अ}\int \frac{\sqrt{(श्रु^२ - अ^२)}श्रुताश्रु}{\sqrt{(ग^२ — श्रु^२)}}$

$= \frac{ग}{२अ}\int \frac{व^२ताव}{\sqrt{(ग^२ - अ^२ - व^२)}}$ यदि $व^२ = श्रु^२ — अ^२$

अब $\int \frac{व^२ताव}{\sqrt{(ग^२ - अ^२ - व^२)}} = \int \frac{व^२ — (ग^२ — अ^२)}{\sqrt{(ग^२ - अ^२ - व^२)}}$ ताव

$+ (ग^२ — अ^२)\int \frac{ताव}{\sqrt{(ग^२ - अ^२ - व^२)}} = (ग^२ - अ^२)\int \frac{ताव}{\sqrt{(ग^२ - अ^२ - व^२)}}$

$-\int \sqrt{(ग^२ — अ^२ — व^२)}ताव = \frac{ग^२ — अ^२}{२}ज्या^{-१}\frac{व}{\sqrt{(ग^२ — अ^२)}}$

$— \frac{व\sqrt{(ग^२ - अ^२ - व^२}}{२} = \frac{ग^२ - अ^२}{२}ज्या^{-१}\frac{\sqrt{(श्रु^२ - अ^२)}}{\sqrt{(ग^२ - अ^२)}}$

$— \frac{\sqrt{(श्रु^२ - अ^२)}\sqrt{(ग^२ - श्रु^२)}}{२}$ इस पर से

श्रु = अ और श्रु = ग इस के भीतर का मान $= \frac{ग^२ — अ^२}{२}\,\frac{\pi}{२}$ इस

को $\frac{ग}{२अ}$ से गुण देने से $\frac{ग}{२अ}\cdot\frac{ग^२-अ^२}{२}\frac{\pi}{२}$ इस में ग के स्थान में अ + २क का उत्थापन देने से

$\frac{(अ+२क)\ क\ (अ+क)\pi}{२अ}$ इस को दूना करने से चलितवृत्त के एक वार घूम जाने से जो वक्र का अवयव और तत्सम्बन्धी श्रुतियों से उत्पन्न क्षेत्र का फल $=\frac{(अ+२क)\ क\ (अ+क)\pi}{अ}$।

यहां पर दोनों श्रुतियाँ स्थिरवृत्त के व्यासार्द्ध = अ है और तदन्तर्गत स्थिरवृत्त का चाप चलितवृत्त के परिधि २कπ तुल्य है इस लिये उस वृत्तखण्ड का फल = अकπ इस को ऊपर के फल में घटा देने से स्थिरवृत्त के परिधि और वक्र चाप से उत्पन्न फल

$$=\frac{(अ+२क)\ क\ (अ+क)\pi}{अ}-अक\pi$$

$$=\frac{क(अ^२+३अक+२क^२)\pi-अ^२क\pi}{अ}=\frac{\pi क^२}{अ}(३अ+२क)$$

इसी तरह से अतिचक्रालद में यदि अ $\angle$ क तो क का चिह्न वदल देनेसे फल $\frac{\pi क^२}{अ}(३अ-२क)$ यह होगा।

१३०। एक वक्र का फ$\left(\frac{य}{अ},\ \frac{र}{क}\right)=ग$ · · · · (१) यह समीकरण और दूसरे वक्र का फ(य,र) = ग यह समीकरण है इस को (२) कहो अब इन दोनों वक्रों के किसी साजात्य अवयव के फलों का सम्बन्ध जानना है।

(१) में यदि $\frac{य}{अ}=य'$ और $\frac{र}{क}=र'$ तो (१) में

ताय = अताय' इस लिये (२) का फल $=\int र'ताय'=\int\frac{र}{क}\cdot\frac{ताय}{अ}=\frac{१}{अक}\int रताय$

अर्थात् (२) का फल $=\frac{१}{अक}\times$(१) का फल

इस लिये अक × (२) का फल = (१) का फल।

जैसे (१) दीर्घवृत्त में यदि केन्द्र को मूल विन्दु मानो तो

$$\frac{य^२}{अ^२}+\frac{र^२}{क^२}=१\quad\cdots\cdots\quad(१)$$

और वृत्त में $य^२ + र^२ = १$ (जिस का व्यासार्द्ध = १ है) . . . (२)

इस लिये (२) का फल × अक = (१) का फल

अर्थात् (१) का समग्र फल = (२) का समग्र फल × अक = अकπ

$= \frac{अ}{क}$ अ$^२\pi$ यही पहले १०४ प्रक्रम में भी उत्पन्न हुआ था

(२) अतिपरवलय में $\frac{य^२}{अ^२} - \frac{र^२}{क^२} = १$ . . . . (१)

और समातिपरवलय में $य^२ — र^२ = १$ . . . . (२)

इस लिये (२) का फल × अक = (१) का फल ।

(३) जिस वक्र का $\left[\frac{य^२}{अ^२} + \frac{र^२}{क^२}\right]^२ = \frac{य^२}{त^२} + \frac{र^२}{म^२}$ यह समीकरण है उस के फल को जानना है । इस में यदि य = अय$'$ और र = कर$'$ तो वक्र के समीकरण का रूपान्तर $(य'^२ + र'^२)^२ = \frac{अ^२य'^२}{त^२} + \frac{क^२र'^२}{म^२}$ . . . . . (२)

अब इस के फल को अक से गुण देने से अभीष्ट वक्र का फल ऊपर की युक्ति से हो जायगा ।

(२) के फल जानने के लिये इस का अक्षीय समीकरण बनाओ तो

$श्रु^४ = \frac{अ^२य'^२}{त^२} + \frac{क^२र'^२}{म^२}$, $श्रु^२$ का भाग दे देने से

$$श्रु^२ = \frac{अ^२कोज्या^२प}{त^२} + \frac{क^२ज्या^२प}{म^२}$$

$$इस\ लिये\ फल = \frac{१}{२}\int श्रु^२ ताप = \frac{१}{२}\int \frac{अ^२कोज्या^२प}{त^२} ताप + \frac{१}{२}\int \frac{क^२ज्या^२प}{म^२} ताप$$

$$= \frac{अ^२}{२त^२}\int \frac{१ + कोज्या२प}{२} ताप + \frac{क^२}{२म^२}\int \frac{१ — कोज्या२प}{२} ताप$$

$$= \frac{अ^२}{२त^२}\int \left(\frac{प}{२} + \frac{ज्या२प}{४}\right) + \frac{क^२}{२म^२}\left(\frac{प}{२} - \frac{ज्या२प}{४}\right)$$

प का मान ० और $\frac{\pi}{२}$ मानने से

चतुर्थांश फल $= \frac{अ^२}{२त^२}\frac{\pi}{४} + \frac{क^२}{२म^२}\frac{\pi}{४}$, इस को ४ गुना कर देने से समग्र फल $= \frac{\pi}{२}\left[\frac{अ^२}{त^२} + \frac{क^२}{म^२}\right]$ और इस को अक से गुण देने से अभीष्ट वक्र

का समग्र फल $= \frac{\text{अक}\pi}{२}\left[\frac{\text{अ}^2}{\text{त}^2}+\frac{\text{क}^2}{\text{म}^2}\right]$

ऊपर के सिद्धान्त अर्थात् $\text{फ}\left(\frac{\text{य}}{\text{अ}},\frac{\text{र}}{\text{क}}\right)=\text{ग}$ । $\text{फ}(\text{य},\text{र})=\text{ग}$ इस में यदि $\text{अ}=\text{क}$ तो (१) का फल $=\text{अ}^2\times$ (२) का फल ऐसा होगा अर्थात् दोनों वक्र सजातीय होंगे और (२) के फल को अ^2 से गुण देने से (१) का फल होगा। देखो ऐसे दो वक्रों में सजातीय भुज वा कोटि में अ:१ का सम्बन्ध रहेगा और फल में $\text{अ}^2:१$ इस का सम्बन्ध। इस लिये रेखा-गणित से जैसा सजातीय ऋजुबहुभुज क्षेत्रों में धर्म्म सिद्ध होता है वैसा ही ऊपर की युक्ति से सजातीय वक्रों में भी सिद्ध हुआ।

१३१। वक्र चाप और वक्र के अवलूत चाप से बने क्षेत्र का फलानयन। ९६ प्रक्रम के (१) और (२) क्षेत्र में $\text{व}_1\text{व}$ को तनिक सा उठाओ तो दूसरा वक्र-जातीयव्यासार्द्ध का मान होगा दोनों को बहुत पास होने से यदि तुल्य मानो और व_1 के पास ही चलित विन्दु मानो और इन दोनों व्यासार्द्धों से उत्पन्न कोण का मान व_1 मान लो तो स्वल्पान्तर से दोनों व्यासार्द्ध, और वक्र का चाप इन से बने वृत्तखण्ड का फल $\triangle\,\text{आ}=\frac{1}{2}\,\text{वव}_1^2\triangle\text{व}_1$

और $\frac{\triangle\text{आ}}{\triangle\text{व}_1}=\frac{1}{2}\,\text{वव}_1^2$ अब इस में $\triangle\text{व}_1=0$ मानो तो ठीक ठीक $\frac{\text{ताआ}}{\text{ताव}_1}$ $=\frac{1}{2}\,\text{वव}_1^2$ यह अभीष्ट क्षेत्र के फल का तात्कालिक सम्बन्ध ताव_1 के वश से उत्पन्न हुआ।

यहाँ यदि आ को अवलूत का चाप, वक्र का चाप, और दो वक्रजातीय-व्यासार्द्ध इन से बने क्षेत्रका क्षेत्रफल समझो और दोनों वक्रजातीयव्यासार्द्ध सम्बन्धी व_1 का मान व_2, व_3 मान लो तो

$$\text{आ}=\frac{1}{2}\int_{\text{व}_2}^{\text{व}_3}\text{वव}_1^2\,\text{ताव}_1 \text{ यह होगा}$$

यहाँ वव_1 वक्रजातीयव्यासार्द्ध के स्थान में $\text{वि}=\frac{\text{ताचा}}{\text{ताव}_1}$ (चलन-कलन के १७१वें प्रक्रम से) इस का उत्थापन दे दें तो

$\text{आ}=\frac{1}{2}\int\text{वि ताचा}=\frac{1}{2}\int\text{वि}\,\frac{\text{ताचा}}{\text{ताय}}\,\text{ताय}$ ऐसा होगा

१३२। कातन्वली उसका अवलूत और वक्रजातीय दो व्यासार्द्ध इन से बने क्षेत्र का फलानयन।

यहाँ चा = ग· स्पव$_1$ (९४ प्रक्रम से)

इस लिये $\frac{\text{ताचा}}{\text{ताव}_1}$ = वि = ग छे^{2}व$_1$

और $\quad$ आ = $\frac{1}{2}\int_{व_1}^{व_2}$ वि^{2}ता व$_1$ = $\frac{1}{2}\int_{व_1}^{व_2}$ ग^{2}छे^{4} व$_1$ ताव$_1$

$$= \frac{ग^2}{2}\int_{व_1}^{व_3} \text{छे}^4\, व_1\, \text{ताव}_1$$

यहाँ $\quad \int$ छे^{4} व$_1$ ताव$_1$ = स्पव$_1$ + $\frac{1}{3}$ स्प^{3}व$_1$ + स्थि

इस पर से व$_1$, व$_2$ का इष्टमान मानने से अभीष्ट क्षेत्र का फल जान सकते हो ।

१३३। वक्र के प्रतिविन्दु सम्बन्धि स्पर्शरेखाओं के ऊपर कोई स्थिर विन्दु से (जो कि उसी धरातल में है जिस में कि वक्र है) लम्ब डालें और इन लम्बमूलों में लगाकर एक वक्र रेखा कर दें तो इस वक्र को पहले वक्र का पाददल कहते हैं ।

जिस स्थिरविन्दु से लम्ब डाले गये हैं इसको पाददल का मूलविन्दु कहते हैं और जिस वक्र का पाददल वक्र बनावोगे उसे पाददल का मूलवक्र कहते हैं ।

१३४। पिछले प्रक्रमों से स्पष्ट है कि मूलविन्दु से पाददल के मूलवक्र के कोई दो स्पर्शरेखाओं पर दो लम्ब डाले जायँ तो पाददल का चाप और इन दोनों लम्बों से बने क्षेत्र का फल = $\frac{1}{2}\int$ ल^{2}ताप (जहाँ कोई नियत रेखा और लम्ब से उत्पन्न कोण = प है) क्योंकि पाददल में मूल वक्र के स्पर्शरेखा पर जो मूलविन्दु से लम्ब डाला जायगा वह लम्बही श्रुति होगी ।

कल्पना करो कि अ, अ' दो मूलविन्दुओं से दो पाददल एकही मूलवक्र से बने हैं । और मूलवक्र के किसी दो स्पर्शरेखा पर दोनों मूलविन्दुओं से ल, ल' लम्ब डाले गये हैं । नियतरेखा समानान्तर है । अ मूलविन्दु से अ' की श्रुति, श्रु और श्रु और नियतरेखा से उत्पन्न कोण प$_1$ है तो प के दो मानों के भीतर पहले पाददल का फल = आ = $\frac{1}{2}\int$ ल^{2}ताप, और प के उन्हीं दो मानों के भीतर दूसरे पाददल का फल = आ' = $\frac{1}{2}\int$ ल'^{2}ताप

परन्तु ल' = ल—श्रु कोज्या (प—प$_1$)

इस लिये ल$'^2$ = ल^2 + २लश्रु कोज्या (ष—ष$_1$) + श्रु^{2}कोज्या^{2}(ष−ष$_1$)

इस लिये आ$'$ = $\frac{1}{2}$∫ल^{2}ताष − ∫श्रुलकोज्या (ष−ष$_1$)ताष

= $\frac{1}{2}$∫श्रु^{2} कोज्या^{2} (ष−ष$_1$)ताष

= आ − ∫लश्रुकोज्या (ष—ष$_1$)ताष + $\frac{1}{2}$∫श्रु^{2} कोज्या^{2}(ष—ष$_1$) ताष

= आ—∫लश्रु (कोज्याष कोज्याष$_1$ + ज्याष ज्याष$_1$) ताष

+ $\frac{1}{2}$∫श्रु^{2} (कोज्याष कोज्याष$_1$ + ज्याष ज्याष$_1$)^{2}ताष

= आ—∫ल(यकोज्याष$_1$ + रज्याष) ताष

+ $\frac{1}{2}$∫(य^{2}कोज्या^{2}ष + यरज्या२ष + र^{2}ज्या^{2}ष) ताष

यदि य = श्रुकोज्याष$_1$ । र = श्रुज्याष$_1$ . . . . (१)

(१) में ∫लकोज्याषताष = च, ∫लज्याषताष = ज

$\frac{1}{2}$ कोज्या^{2}ष ताष = त, $\frac{1}{2}$ ∫ ज्या^{2}षताष = न, $\frac{1}{2}$ ∫ ज्याषकोज्याषताष = म

इन का उत्थापन दे देवो जहाँ सर्वत्र ष की दोनों सीमायें एकही हैं तो आ$'$ = आ—(चय + जर) + तय^2 + २मयर + नर^2 . . . . (२)

१३५। कल्पना करो कि किसी वक्र का अय^2 + कयर + गर^2 + घय + चर + फ = ० यह समीकरण है। इच्छा है कि यह पता लगावें कि यह कौन सा वक्र है।

यदि यह वक्र मूलविन्दु में भी गया होगा तो स्पष्ट है कि फ = ०। कल्पना करो कि मूलविन्दु में नहीं गया है तब फ का दोनों पक्षों में भाग देने से लब्धिओं को क्रम से अ$'$, क$'$ इत्यादि मान लेने से ऊपर के समीकरण का रूप

अ$'$य^2 + क$'$यर + ग$'$र^2 + घ$'$य च$'$र + १ = ०

जिस विन्दु का वक्र के मूलविन्दु से त,द भुज कोटि हैं उसको मूलविन्दु मानने से वक्र का भु = य = य$'$ + त, र = र$'$ + द इनका उत्थापन

अय^2 + कयर + गर^2 + घय + चर + फ = ० . . . . . (१)

इस में देने से

अ(य$'^2$ + २तय$'$ + त^2) + क (य$'$र$'$ + य$'$द + र$'$त + तद) + ग (र$'^2$ + २र$'$द + द^2)
+ घय + घत + चर$'$ + चद + फ

= अय$'^2$ + २तअय$'$ + अत^2 + कय$'$र$'$ + कदय$'$ + कत$'$ + कतद + गर$'^2$ + २गदर$'$
+ गद$'^2$ + घय$'$ + घत + चर$'$ + चद + फ

= अय$'^2$ + कय$'$र$'$ + गर$'^2$ + (२तअ + कद + घ)य$'$ + (२गद + कत + च)र$'$ + फ$'$ = ०...(२)

जहाँ फ$'$ = अत^2 + कतद + घत + चद + फ, ... (३)

कल्पना करो कि इस में सम्भव है कि त, और द के ऐसे मान हैं कि य' र' के गुणक शून्य के तुल्य होते हैं तो

$\text{२तअ} + \text{कद} + \text{घ} = ० \text{ और } \text{२गद} + \text{कत} + \text{च} = ०$

इन परसे $\text{त} = \frac{\text{२गघ}-\text{कच}}{\text{क}^२-\text{४अग}}$, और $\text{द} = \frac{\text{२अग}-\text{कघ}}{\text{क}^२-\text{४अग}}$

इस लिये निश्चय हुआ कि यदि $\text{क}^२-\text{४अग}$ यह शून्य के तुल्य न हो तो त, द का मान ऐसा मान सकते हैं जिस पर से य', र' के गुणक शून्य हों। पहले मानो कि $\text{क}^२-\text{४अग}$ यह शून्य नहीं है तो त, द के मान भी सान्त होंगे। और तब (२) का रूप $\text{अय}'^२ + \text{कय}'\text{र}' + \text{गर}'^२ + \text{फ}' = ०$ . . . . . (४)

अब यह (४) समीकरण दिखलाता है कि धन, $\text{य}_१$, $\text{र}_१$ के वा, ऋण $\text{य}_१$, $\text{र}_१$ के मान में फल एक ही होगा इस लिये (१) समीकरण के वक्र का दूसरा मूलविन्दु (जिस का भु = त, को = द प्रथम मूलविन्दु के अभिप्राय से है) केन्द्र होगा।

त, द के मान का उत्थापन (३) में देने से

$\text{फ}' = \text{फ} + \frac{\text{गघ}^२ + \text{अग}^२ + \text{कगघ}}{\text{क}^२-\text{४अग}}$ ऐसा होगा।

(४) में स्वर चिह्न उड़ा देने से

$\text{अय}^२ + \text{कयर} + \text{गर}^२ + \text{फ} = ०$, ... (५)

इस में कल्पना करो कि मूल विन्दु तो वही है परन्तु य अक्ष नया पहले य अक्ष से प तुल्य कोण बनाने वाली रेखा को माना और इस पर मूल विन्दु पर जो रेखा लम्ब होगी वह नया र अक्ष माना तो इन अक्ष सम्बन्धी भुज = य', को = र' तो पहले अक्ष सम्बन्धी

$\text{य} = \text{य}'\text{कोज्याप} - \text{र}'\text{ज्याप}$, $\text{र} = \text{य}'\text{ज्याप} + \text{र}'\text{कोज्याप}$, इन का उत्थापन (५) वें में देने से

$$\begin{aligned}&\text{य}'^२(\text{अकोज्या}^२\text{प} + \text{गज्या}^२\text{प} + \text{कज्यापकोज्याप})\\&\qquad + \text{र}'^२(\text{अज्या}^२\text{प} + \text{गकोज्या}^२\text{प} - \text{कज्यापकोज्याप})\\&+ \text{य}'\text{र}'\{\text{२(ग} - \text{अ)ज्यापकोज्याप} + \text{क(कोज्या}^२\text{प} - \text{ज्या}^२\text{प}\} + \text{फ}' = ०, \cdots (६)\end{aligned}$$

मान लो कि य'र' का गुणक शून्य है तो

$\text{२(ग}-\text{अ)ज्यापकोज्याप} + \text{क(कोज्या}^२\text{प} - \text{ज्या}^२\text{प)} = ०$

$= (\text{ग} - \text{अ})\text{ज्या२प} + \text{ककोज्या२प}$

इस लिये $\text{स्प२प} = \frac{\text{क}}{\text{अ}-\text{ग}}$, ... ( )

(७)वाँ दिखलाता है कि सर्वदा प का मान ऐसा मान सकते हैं जिस में $य'र'$ का गुणक शून्य हो। $य'र'$ के गुणक को शून्य करने से (६) वें का रूप

$$य'^{२}(अकोज्या^{२}प + गज्या^{२}प + कज्यापकोज्याप)$$
$$+ र'^{२}(अज्या^{२}प + गकोज्या^{२}प — कज्यापकोज्याप) + फ'$$
$$= आय'^{२} + कार'^{२} + फ' = ०, \quad \cdots\cdots\cdots \quad (८)$$

जहाँ $आ = \frac{१}{२}\{अ + ग + (अ — ग)कोज्या२प + कज्या२प\}$

$का = \frac{१}{२}\{अ + ग — (अ — ग) कोज्या२प — कज्या२प\}$

परन्तु $स्प२प = \frac{क}{अ-ग}$ $\therefore$ $कोज्या२प = \frac{अ — ग}{\sqrt{\{क^{२} + (अ-ग)^{२}\}}}$

और $ज्या२प = \frac{क}{\sqrt{\{क^{२} + (अ — ग)^{२}\}}}$ इन का उत्थापन देने से

$आ = \frac{१}{२}[अ + ग + \sqrt{\{क^{२} + (अ - ग)^{२}\}}]$

$का = \frac{१}{२}[अ + ग — \sqrt{\{क^{२} + (अ - ग)^{२}\}}]$

$य'र'$ के स्वर चिह्न को उड़ा देने से और $फ'$ का भाग देकर पक्षान्तरानयन से (८) वें का रूप $— \frac{आ}{फ'} य^{२} — \frac{का}{फ'} र^{२} = १$ यह समीकरण दिखलाता है कि यदि

(१) आ, का, $फ'$ एक ही चिह्न के होंगे तो वक्र असम्भव होगा।

(२) यदि आ, का एक ही चिह्न के हों और उस से विरुद्ध चिह्न $फ'$ का हो तो वक्र दीर्घवृत्त होगा जिस के व्यासार्द्ध क्रम से $\sqrt{(— \frac{फ'}{आ})}, \sqrt{(— \frac{फ'}{का})}$ हैं।

(३) यदि आ, का विजातीय चिह्न के हों तो वक्र अतिपरवलय होगा।

(४) यदि आ = का और एक चिह्न के हों और उन से विजातीय $फ'$ हो तो वक्र वृत्त होगा।

(५) यदि $फ' = ०$ तो (८) वें समीकरण पर से $आय^{२} + कार^{२} = ०$ इस लिये वक्र मूलविन्दुरूप होगा यदि आ, का एक ही चिह्न के हों और यदि भिन्न चिह्न के हों तो वक्र दो सरलरेखा रूप होगा जिन का समीकरण $र = \pm\sqrt{(— \frac{आ}{का})}\, य$ यह होगा।

ऊपर जो आ, का का मान ले आये हैं उन का यदि घात करो तो

$$आ \times का = \frac{(अ + ग)^{२} — क^{२} - (अ - ग)^{२}}{४} = \frac{४अग - क^{२}}{४}$$

इस लिये यदि आ, का भिन्न भिन्न चिह्न के होंगे तो ४अग − क^{2} यह ऋणात्मक होगा अन्यथा धन होगा।

इस लिये यदि वक्र असम्भव और विन्दुरूप न हो और वृत्त को भी एक प्रकार का दीर्घवृत्त ही समझें जिस का कि दोनों व्यासार्द्ध तुल्य हैं तो कह सकते हैं कि यदि ४अग−क^{2} यह धनात्मक हो तो वक्र दीर्घवृत्त होगा यह सिद्धान्त हुआ। इस में ४अग − क^{2} यह जब शून्य के तुल्य होगा तब त, और द के मान अनन्त होंगे इस स्थिति में वक्र का केन्द्र अनन्त दूर पर होगा अर्थात् वक्र परवलय ठहरेगा। इस में और भी अनेक विचार और सिद्धान्त हैं जिन का वर्णन करना चलराशिकलन में व्यर्थ है।

१३६। १३४ प्रक्रम (२) समीकरण में यदि पक्षान्तरानयन करो तो $\text{त}\text{य}^{2} + 2\text{म}\text{य}\text{र} + \text{न}\text{र}^{2} - \text{च}\text{य} - \text{ज}\text{र} - (\text{अ}\dot{\text{ा}} - \text{आ}) = 0$ ऐसा होगा।

इस की यदि १३५ प्रक्रम के (१) समीकरण के साथ तुलना करो तो

अ = त, २म = क, ग = न, घ = —च, च = —ज, फ = —आं—आ ऐसा होगा। इस लिये

$$4\text{अग} - \text{क}^{2} = 4\text{तन} - 4\text{म}^{2} = 4(\text{तन} - \text{म}^{2})$$

$$= \left(\int \text{कोज्या}^{2}\text{पताप}\right)\left(\int \text{ज्या}^{2}\text{पताप}\right) - \left(\int \text{ज्यापकोज्यापताप}\right)^{2}$$

परन्तु यहाँ दहना पक्ष चतुर्थाध्याय के १९ वें प्रश्न से धनात्मक होगा इस लिये उन पाददलों के मूलविन्दु सब एक दीर्घवृत्त के परिधि में होंगे जो मूलवक्र के नियत दो स्पर्शरेखान्तर्गत लम्ब और अपने चाप से तुल्य फल बनाते हैं। यदि इस दीर्घ वृत्त के भुज कोटि को इस के केन्द्र से गणना करें तो ऊपर के प्रक्रम की युक्ति से य, और र के गुणक शून्य होंगे अर्थात् च = ०, और ज = ०। इस लिये अनुमान कर सकते हो कि कोई पाददल का मूलविन्दु ऐसा भी होगा जिसमें च = ०, ज = ०। कल्पना करो कि अ के वदले इस को प्रथम मूलविन्दु माना तो १३४ प्रक्रम के (१) समीकरण से

$$\text{आं} = \text{आ} + \tfrac{1}{2}\int \text{श्रु}^{2}\text{कोज्या}^{2}(\text{प} - \text{प}_{1})\text{ताप} \text{ ऐसा होगा}$$

यहाँ दहने पक्ष का दूसरा खण्ड सर्वदा धनात्मक है इस लिये आं का मान आ से सर्वदा अधिक होगा। इस पर से यह सिद्ध होता है कि जिस पाददल के मूलविन्दु से च = ०, ज = ० हों उस का फल सब से छोटा होगा।

१३७। निर्दिष्ट लम्बाई की गग' रेखा है इस का एक अग्र ग छोटे वक्र की परिधि पर और दूसरा अग्र बड़े वक्र की परिधि पर घूमता है इस लिये इस तरह से गग' रेखा के घूमने से गग' रेखास्थ व विन्दु भी किसी वक्र में घूमेगा। इच्छा है कि इस ब विन्दु के वक्र का फल ग और ग' विन्दु के वक्रों के फलों से जानें।



कल्पना करो कि गव = ग, वग' = ग' और कोई परस्पर लम्बरूप अक्षों के वश से $\text{य}_1, \text{र}_1$, य, र और $\text{य}_2, \text{र}_2$ क्रम से ग, व, और ग' के भुज कोटि हैं। गग' रेखा और र अक्ष से उत्पन्न कोण ष समझो तो चलनकलन के ११ वें अध्याय से।

$\text{य}_1 = \text{य} - \text{ग}\,\text{ज्या}\,\text{ष}$, $\text{र}_1 = \text{र} - \text{ग}\,\text{कोज्या}\,\text{ष}$।

$\text{य}_2 = \text{य} + \text{ग}'\,\text{ज्या}\,\text{ष}$, $\text{र}_2 = \text{र} + \text{ग}'\,\text{कोज्या}\,\text{ष}$।

इस लिये $\text{ताय}_1 = \text{ताय} - \text{ग}\,\text{कोज्या}\,\text{ष}\,\text{ताष}$

और $\text{र}_1\,\text{ताय}_1 = (\text{र} - \text{ग}\,\text{कोज्या}\,\text{ष})\,(\text{ताय} - \text{ग}\,\text{कोज्या}\,\text{ष}\,\text{ताष})$

$$= \text{रताय} - \text{ग}\,\text{कोज्या}\,\text{ष}\,(\text{रताष} + \text{ताय}) + \text{ग}^2\,\text{कोज्या}^2\,\text{ष}\,\text{ताष}$$

इसी तरह $\text{र}_2\text{ताय}_2 = \text{रताय} + \text{ग}'\,\text{कोज्या}\,\text{ष}\,(\text{रताष} + \text{ताय}) + \text{ग}'^2\,\text{कोज्या}^2\,\text{ष}\,\text{ताष}$

पहले को ग' और दूसरे को ग से गुण कर जोड़ देने से

$$\text{ग}'\text{र}_1\text{ताय}_1 + \text{ग}\text{र}_2\,\text{ताय}_2 = (\text{ग} + \text{ग}')\,\text{रताय} + (\text{ग} + \text{ग}')\,\text{गग}'\,\text{कोज्या}^2\,\text{ष}\,\text{ताष}$$

$$\therefore\ \text{ग}'\int \text{र}_1\,\text{ताय}_1 + \text{ग}\int \text{र}_2\,\text{ताय}_2 = (\text{ग} + \text{ग}')\int \text{रताय}$$
$$+ (\text{ग} + \text{ग}')\,\text{गग}'\int \text{कोज्या}^2\,\text{ष}\,\text{ताष}$$

$$= (\text{ग} + \text{ग}')\int \text{रताय} + (\text{ग} + \text{ग}')\,\text{गग}'\int \frac{१ + \text{कोज्या}\,२\text{ष}}{२}\,\text{ताष}$$

$$= (\text{ग} + \text{ग}')\int \text{रताय} + (\text{ग} + \text{ग}')\,\text{गग}'\left(\frac{\text{ष}}{२} + \frac{\text{ज्या}\,२\text{ष}}{४}\right)$$

यदि गग' रेखा एक वार पूरा भ्रमण कर फिर अपने स्थान पर पहुंचे तो स्पष्ट है कि ष, ० और २ π के वीच होगा, इस लिये सान्तचलानयन से

$$\text{ग}'\,(\text{गा}) + \text{ग}\,(\text{गा}') = (\text{ग} + \text{ग}')\,(\text{वा}) + (\text{ग} + \text{ग}')\,\text{गग}'\,\pi$$

$= \dfrac{\text{ग}'\,(\text{गा}) + \text{ग}\,(\text{गा}')}{\text{ग} \times \text{ग}'} = (\text{वा}) + \pi\,\text{गग}'$, यहाँ (गा), (वा), (गा'), क्रम से ग, ब, ग' विन्दुसम्बन्धि वक्रों के सम्पूर्ण फल हैं।

यदि ग, ग' रेखा के अग्र एकही वक्र की परिधि पर घूमे तो (गा) = (गा')

(गा) = (वा) + πगर्ग और (गा)—(वा) = πगर्ग इसलिये वक्र की परिधि और व बिन्दूत्पन्न वक्र की परिधि के बीच जो क्षेत्र होगा उस का फल πगर्ग यह होगा।

ग, गं बिन्दु, घूमने के बदले झूल कर उलटा झलुअे के ऐसा यदि फिर पीछे से अपने स्थान पर पहुँचे तो स्पष्ट है कि (गा) = ०, (गा) = ० इसलिये (वा) = −πगर्ग। ऋण चिह्न दिखलाता है कि जिधर गर्ग रेखा घूमती है उस से विरुद्ध दिशा से फल उत्पन्न हुआ है। यदि घूमने के बदले गर्ग रेखा ही आगे पीछे चले तो (वा) = ० इस से सिद्ध होता है कि व बिन्दु से दो तुल्य फन्दे के ऐसे वक्र होंगे जिन में एक धनात्मक दूसरा इस से उलटा ऋणात्मक होगा।

१३८। जिन वक्रों में भुज का कौन फल कोटि है इस का ज्ञान न हो वा $\int$र ताय इस के मान का ठीक ठीक पता न लगे वहाँ स्वल्पान्तर से भुज का अनेक समान खण्ड कर प्रति भागों पर लम्ब खड़ा करने से अनेक पास पास में दो दो कोटि और तदन्तर्गत भुजखण्ड और वक्र की पूर्णज्या से समलम्ब चतुर्भुज बनाकर पृथक् पृथक् फल साधन कर सब का योग करो तो वक्रक्षेत्र का आसन्न फल होगा। (५)वें प्रक्रम से स्पष्ट है कि भुज का जितनाही अधिक विभाग करोगे उतनाही सूक्ष्म फल होगा।

(१) कल्पना करो कि भुज का न खण्ड जो समान कर डाला उसका मान = च और कोटियों का मान $र_०, र_१, र_२, र_३, \cdot \cdot \cdot \cdot \cdot \cdot र_न,$

तो स्पष्ट है कि जितने समलम्बचतुर्भुज होंगे सभों में आद्यन्त कोटियों को छोड़ और सब कोटियाँ एक बार आधार दूसरे बार मुख होंगी और लम्ब सर्वत्र च यही रहेगा।

इस लिये $र_०$, $र_न$ दो कोटि, तदन्तर्गत भुजान्तर, और वक्र का चाप इन से बने

क्षेत्र का आसन्न फल = $च\left\{\frac{र_० + र_न}{2} + र_१ + र_२ + र_३ + \cdots र_{न-१}\right\}$ यह होगा।

इस पर से यह फल जानने के लिये क्रिया उत्पन्न होती है कि आद्यन्त कोटि के योगार्द्ध में और बीचवाली सब कोटियों को जोड़ दो योग को भुजखण्ड च से गुणदेने से वक्र का स्वल्पान्तर से फल होगा।

(२) कल्पना करो कि एक ऐसा परवलय है जिसका मूलबिन्दु $र_१$ कोटि का मूल, और समीकरण $र = अ + कय + गय^२$ यह है और यह, वक्र

के $र_०$, $र_१$, $र_२$,कोट्यग्र पर होके जाता है तो $र_० = अ - कच + गच^२$, $र_१ = अ$, $र_२ = अ + कच + गच^२$

और पहली और तीसरी कोटि के बीच फल = $\int_{-च}^{च} (अ + कय + गय^२) ताय$

$$= २ च \left(अ + ग \frac{च^२}{३} \right)$$

परन्तु $र_० + र_२ = २र_१ + २गच^२$ इस लिये

$$फल = \frac{च}{३} \{ र_० + ४र_१ + र_२ \}$$

अब समझो कि न का मान सम है अर्थात् $र_०$, $र_न$ कोटि के बीच भुजान्तर का सम विभाग किया है तो ऊपर की युक्ति से तीन तीन कोट्यग्र पर गये हुए परवलयों के फल

$\frac{च}{३} \{ र_२ + ४र_३ + र_४ \}$, $\frac{च}{३} \{ र_४ + ४र_५ + र_६ \}$, $\frac{च}{३} \{ र_६ + ४र_७ + र_८ \}$ …इत्यादि होंगे

इस लिये इन सब फलों का योग

$$\frac{च}{३} \{ र_० + र_न + ४(र_१ + र_३ + र_५ + \cdot\cdot) + २(र_२ + र_४ + र_६ + \cdot\cdot) \}$$

यह स्वल्पान्तर से वक्र का फल हुआ।

इस पर से यह क्रिया उत्पन्न होती है कि $र_०$, $र_न$ के बीच य अक्ष का समान भाग कर कोटियों का मान जानलो फिर आद्यन्त कोटियों के योग में चौगुना अवशिष्ट विषम कोटियों का योग और दूना बाकी कोटियों का योग मिला कर तीन से भाग देदो लब्धि को च से अर्थात् दो कोटियों के बीच के अन्तर से गुण दो तो गुणनफल स्वल्पान्तर से वक्र का फल होगा।

इस रीति को सिम्पशन ने सन् १७४३ में निकाला है इसी लिये इसे सिम्पशन की रीति (Simpson's Rule) कहते हैं (See Simpson's mathematical Dissertations 1743, page 109)

इस के लिये एक उदाहरण दिखाते हैं। कल्पना करो कि जिस वक्र का $र = \frac{१}{१ + य^२}$ यह समीकरण है उस का फल सिम्पशन की रीति से जानना है $र_० = १$, $र_न = \frac{१}{२}$ इस के बीच में।

यहाँ $र_० = १$ तब $य = ०$, और $र_न = \frac{१}{२}$, तब $य = १$, मानो कि $न = १०$ इस लिये $च = \frac{१}{१०} = \cdot १$, और

$$र_{१} = \frac{१}{१\cdot०१} = \cdot ९९००९९०१,\quad र_{२} = \frac{१}{१\cdot०४} = \cdot ९६१५३८४५$$

$$र_{३} = \frac{१}{१\cdot०९} = \cdot ९१७४३११९,\; र_{४} = \frac{१}{१\cdot१६} = ८६२०६८९६,\; र_{५} = \frac{१}{१\cdot२५} = \cdot ८००००००० $$

$$र_{६} = \frac{१}{१\cdot३६} = \cdot ७३५२९४१२,\; र_{७} = \frac{१}{१\cdot४९} = \cdot ६७११४०९४,\; र_{८} = \frac{१}{१\cdot६४} = \cdot ६०९७५६१०$$

$$र_{९} = \frac{१}{१\cdot८१} = \cdot ५५२४८६१९,\quad र_{१०} = \frac{१}{१+१} = \cdot ५०००००००$$

$$\begin{array}{rr}
 & १\cdot०००००००० \\
 & \underline{\cdot ५०००००००} \\
\text{इस लिये } र_{०} + र_{न} = & १\cdot ५०००००००\\
र_{१} = & \cdot ९९००९९०१ \\
र_{३} = & \cdot ९१७४३११९ \\
र_{५} = & \cdot ८००००००० \\
र_{७} = & \cdot ६७११४०९४ \\
र_{९} = & \underline{\cdot ५५२४८६१९} \\
\text{सब का योग} = & ३\cdot ९३११५७३३ \\
 & ४ \\
४(र_{१} + र_{३} + र_{५} + \cdots) = & १५\cdot ७२४६२९३२ \\
र_{२} = & \cdot ९६१५३८४५ \\
र_{४} = & \cdot ८६२०६८९६ \\
र_{६} = & \cdot ७३५२९४१२ \\
र_{८} = & \underline{\cdot ६०९७५६१०} \\
 & ३\cdot १६८६४९१८ \\
 & \underline{\qquad\qquad २}
\end{array}$$

$$\begin{array}{rl}
६\cdot ३३७२९८३६ = & २(र_{२} + र_{४} + र_{६} + र_{८}) \\
१५\cdot ७२४६२९३२ = & ४(र_{१} + र_{३} + र_{५} + र_{७} + र_{९}) \\
\underline{१\cdot ५०००००००} = & र_{०} + र_{१०}
\end{array}$$

$$\text{यो} = २३\cdot ५६१९२७६८$$

$$= र_{०} + र_{१०} + ४(र_{१} + र_{३} + र_{५} + र_{७} + र_{९}) + २(र_{२} + र_{४} + र_{६} + र_{८})$$

फल $= \frac{\text{च} \times \text{यो}}{३.} =$ ·७८५३९७५८९   इस में यदि ६ स्थान तक ग्रहण करें तो ·७८५३९८ यह मान होगा

परन्तु $\frac{१}{१ + \text{य}^२} =$ र इस वक्र का य के ० और १ के बीच मान में चलानयन की रीति से ठीक फल $\int_०^१ \frac{\text{ताय}}{१ + \text{य}^२} = \frac{\pi}{४} = \frac{३·१४१५९२६५\cdots}{४} =$ ·७८५३९८ · · · · यह हुआ इस लिये यदि यहाँ भी दशमलव का मान ६ स्थान तक लें तो सिम्पशन की रीति से बहुत ही ठीक ठीक फल आया यह प्रत्यक्ष देखने में आता है।

(३) प्रत्येक दो कोटियों के बीच में जो भुजान्तर च माना है उसे २ ज के तुल्य मानें और कल्पना करें कि एक प्रकार के परवलय का र = अ + कय + गय^२ + घय^३ यह समीकरण है जो कि $\text{र}_०$, $\text{र}_१$, $\text{र}_२$, $\text{र}_३$ इन चार कोट्यग्र पर होकर जाता है और जिसका मूलविन्दु य अक्ष में $\text{र}_१$, $\text{र}_२$ कोटियों के बीच में है तो

$$\text{र}_० = \text{अ} - ३\,\text{कज} + ९\,\text{गज}^२ - २७\,\text{घज}^३$$
$$\text{र}_१ = \text{अ} - \text{कज} + \text{गज}^२ - \text{घज}^३$$
$$\text{र}_२ = \text{अ} + \text{कज} + \text{गज}^२ + \text{घज}^३$$
$$\text{र}_३ = \text{अ} + ३\,\text{कज} + ९\,\text{गज}^२ + २७\,\text{घज}^३$$

इस लिये $\text{र}_० + \text{र}_३ = २(\text{अ} + ९\,\text{गज}^२)$, $\text{र}_१ + \text{र}_२ = २\,(\text{अ} + \text{गज}^२)$

$$\therefore \text{अ} + ९\,\text{गज}^२ = \frac{\text{र}_० + \text{र}_३}{२} \quad \cdots\cdots\cdots \quad (१)$$

$$\text{अ} + \text{गज}^२ = \frac{\text{र}_१ + \text{र}_२}{२} \quad \cdots\cdots\cdots \quad (२)$$

$\text{अ} + ५\text{गज}^२ = \frac{\text{र}_० + \text{र}_३ + \text{र}_१ + \text{र}_२}{४}$ । (१) और (२) को जोड़कर २का भाग देने से

$$\text{इस लिये } २\text{अ} + ६\text{गज}^२ = \frac{\text{र}_० + \text{र}_३ + ३\text{र}_१ + ३\text{र}_२}{४} \quad \cdots\cdots \quad (३)$$

परंतु परवलयका $\text{र}_०\text{र}_३$ कोटिसीमा से फल $= \int_{-३\text{ज}}^{३\text{ज}} (\text{अ} + \text{कय} + \text{गय}^२ + \text{घय}^३)\text{ताय}$

$= ३\text{ज}(२\text{अ} + ६\text{गज}^२) = \frac{३\text{ज}}{४} \{ \text{र}_० + \text{र}_३ + ३(\text{र}_१ + \text{र}_२) \}$,ज के स्थान में $\frac{\text{च}}{२}$ का उत्थापन देने से फल $= \frac{३\text{च}}{८} \{ \text{र}_० + \text{र}_३ + ३(\text{र}_१ + \text{र}_२) \}$

इसी तरह $\text{र}_३, \text{र}_४, \text{र}_५, \text{र}_६$ के अग्र पर गये परवलय का $\text{र}_३$, $\text{र}_६$ कोटि के बीच

में फल $\frac{३च}{८}\{र_{३}+र_{६}+३(र_{४}+र_{५})\}$ इसी तरह चार चार कोट्यग्र पर गये हुए परवलयों के फल, $\frac{३च}{८}\{र_{६}+र_{९}+३(र_{७}+र_{८})\}$,
$\frac{३च}{८}\{र_{९}+र_{१२}+३(र_{१०}+र_{११})\}$ इत्यादि होंगे । यदि अभीष्ट वक्र के फल को इन परवलयों के फल योग तुल्य स्वल्पान्तर से मान लो तो वक्र का फल
$=\frac{३च}{८}\{र_{०}+र_{न}+२(र_{३}+र_{६}+र_{९}+र_{१२}+\cdot\cdot)+३(र_{१}+र_{२}+र_{४}+र_{५}+\cdots)\}$
यह हुआ । इस पर से यह रीति उत्पन्न होती है कि आद्यन्त कोटि योग में $र_{०}$ के आगे तीसरी तीसरी कोटियों का दूना योग और वाकी कोटियों का तिगुना योग मिला दो । योग को च के $\frac{३}{८}$ से गुण देने से वक्र का फल हो जायगा ।

इस को भी सिम्पशन की रीति कहते हैं परन्तु वास्तव में यह न्यूटन का निकाला हुआ है (See Opusula, method. Diff., Prop. 6 Scolium) ऊपर की रीतियों में कोटि की संख्या ज्यों ज्यों वढ़ाते जायंगे त्यों त्यों फल सूक्ष्म आवेगा ।

१३९। किसी वक्र में सिद्ध है कि य = श्रु कोज्याप, र = श्रु ज्याप इस लिये

$$स्पप=\frac{र}{य} \text{ और } तास्पप=\frac{ताप}{कोज्या^{२}प}=\frac{यता'र-रताय}{य^{२}} ।$$

इस लिये $श्रु^{२}ताप=यतार-ताय$

और $\frac{१}{२}\int श्रु^{२}ताप=\frac{१}{२}\int(यतार-रताय)$

इस पर से सिद्ध होता है कि $\frac{१}{२}\int श्रु^{२}ताप$ इस के स्थान में

$\frac{१}{२}\int(यतार-रताय)$ इस को लेकर भी उचित सीमाओं के भीतर फल साधन कर सकते हैं ।

१४०। वक्र रेखा से घिरे हुए किसी क्षेत्र के फल जानने के लिये बुद्धिमानों ने यान्त्रिक विद्या के वल से यन्त्र वनाये हुए हैं इस यन्त्र को धरातलमापक (Planimeters) कहते हैं यह कई प्रकार के हैं उन में प्रोफेसर आमस्टलर (Porfessor Amstler of Schaffhausen) का सव से सहज और उत्तम है । इस में दो भुज ऐसे जुटे हुए हैं कि स्वतन्त्र एक धरातल में घुस सकते हैं । एक भुज के अग्र पर एक विन्दु स्थिर वनी हुई है जिस के चारो ओर यन्त्र फिरा

करता है इस लिये इस विन्दु को यन्त्र का केन्द्र कहते हैं। इस यन्त्र में एक पहिये के ऐसा चक्र भी लगा हुआ है जो दूसरे भुज में सटा हुआ इस भुज पर लम्बरूप फिरा करता है और उन वक्रों के क्षेत्रफल के मान भी इस में अङ्कित हैं जो कि दूसरे भुज किसी विन्दु के चलने से उत्पन्न होते हैं। इस चक्र की रचना से स्पष्ट है कि यह दूसरे भुज पर जो लम्ब है उसके गमनमान को केवल वताता है जिस के ज्ञान से वक्र का फल भी जान सकते हैं।

जिस वक्र का फल जानना हो उस की परिधि के एक विन्दु पर दूसरे भुज का क अग्र रक्खो फिर इस में लगे हुए चक्र को जो कि पहले दोनों भुजों के सम्पात विन्दु अ पर था क की ओर घसकाते और आगे वढ़ाते जाओ जिस में इस के साथ साथ गअ और अक भुज ऐसा घूमें कि क विन्दु अभीष्टवक्र की परिधि पर ही सर्वदा रहे इस प्रकार से जव वक्र के सव परिधि पर क विन्दु घूम कर फिर अपने पहले स्थान पर आवे उस समय चक्राङ्कित संख्या जो सामने में हो वही वक्र का फल समझना।



इस में पहले यह दिखलाते हैं कि सर्वदा अ विन्दु पर चक्र के स्थिर रहने से जो लम्ब के गमन का प्रमाण होगा वही चाहे अक में चक्र जहाँ रहे सर्वत्र होगा।

कल्पना करो कि चक्र का केन्द्र व विन्दु पर पहुँचा और जव अक की क विन्दु चल कर वहुत ही पास के क′ विन्दु पर पहुँची उस समय यन्त्र के भुज गअ′, अ′क′ रूप हुए और तब चक्र का केन्द्र व′ विन्दु पर पहुँचा। अ′क, अ′क′ को बहुत ही पास पास समझो, अ और व विन्दु से अ′क′ रेखा पर अन′, वन लम्ब और अ विन्दु से अ′क′ के समानान्तर अट रेखा खींचो तो अक, अ′क′ के अत्यन्त पास होने के कारण अन′ = ताचा = अ स्थान से लम्ब की गति, ∠वअट = ताप, और वन = ताचा′ = व स्थान से लम्ब की गति, अव = ग, इस लिये

वन = ताचा′ = वट + टन = ताचा + गताप

अब, जब क वक्र की परिधि में घूमते घूमते फिर अपने पहले स्थान पर पहुँचे गा उस समय ताप, के जितने मान होंगे सब का योग धन ऋण के तुल्य होने से शून्य हो जायगा क्योंकि अक रेखा का एक ओर जितने झुकाव से चलना होगा फिर उतने ही झुकाव से विरुद्ध दिशा में चलना होगा। इस लिये वक्र के चारो ओर घूमने में यौ ताचा = यौ ताचा अर्थात् अ विन्दु पर चक्र के केन्द्र को स्थिर रखने से जो लम्ब के गमन का प्रमाण होगा वही अक रेखा में कहीं केन्द्र रहने से होगा।

अब कल्पना करो कि यन्त्र के केन्द्र अर्थात् प्रथम भुज के ग विन्दुगत लम्बरूप अक्ष युग्म के अभिप्राय से क के भुज = य, कोटि = र हैं, और अग = अ, अक = क, ∠ अगय = प, और कल्पना करो कि अक रेखा बढ़ाने से य अक्ष से $\text{प}_{\text{१}}$ कोण बनाती है तो सरलत्रिकोणमिति से

$$\text{य} = \text{अकोज्याप} + \text{ककोज्याप}_{\text{१}},\quad \text{र} = \text{अज्याप} + \text{कज्याप}_{\text{१}}$$

इस लिये $\text{ताय} = -\text{अज्यापताप} - \text{कज्याप}_{\text{१}}\text{ताप}_{\text{१}},$

$$\text{तार} = \text{अकोज्यापताप} + \text{ककोज्याप}_{\text{१}}\text{ताप}_{\text{१}}$$

और $\text{यतार} = \text{अ}^{\text{२}}\text{कोज्या}^{\text{२}}\text{पताप} + \text{अककोज्यापकोज्याष}_{\text{१}}\text{ताष}_{\text{१}}$

$+ \text{अककोज्यापकोज्याप}_{\text{१}}\text{ताप} + \text{क}^{\text{२}}\text{कोज्या}^{\text{२}}\text{प}_{\text{१}}\text{ताप}_{\text{१}}$

$\text{रताय} = -\text{अ}^{\text{२}}\text{ज्या}^{\text{२}}\text{पताप} - \text{अकज्यापज्याप}_{\text{१}}\text{ताप}_{\text{१}}$

$-\text{अकज्यापज्याप}_{\text{१}}\ \text{ताप} - \text{क}^{\text{२}}\text{ज्या}^{\text{२}}\text{प}_{\text{१}}\text{ताप}_{\text{१}}$

इस लिये $\text{यतार} - \text{रताय} = \text{अ}^{\text{२}}\text{ताप} + \text{अककोज्या}(\text{प} - \text{प}_{\text{१}})\text{ताप}_{\text{१}}$

$+ \text{अककोज्या}(\text{प} - \text{प}_{\text{१}})\text{ताप} + \text{क}^{\text{२}}\text{ताप}_{\text{१}}$

$= \text{अ}^{\text{२}}\text{ताप} + \text{अककोज्या}(\text{प} - \text{प}_{\text{१}})\text{ता}(\text{प} + \text{प}_{\text{१}}) + \text{क}^{\text{२}}\text{ताप}_{\text{१}}$

और $\text{ताचा} = \text{अन} = \text{अअज्याअअन} = \text{अतापकोज्या}(\text{प} - \text{प}_{\text{१}})$

परन्तु $\text{ष} + \text{ष}_{\text{१}} = \text{२प} - (\text{प} - \text{प}_{\text{१}})$

इस लिये $\text{अककोज्या}(\text{प} - \text{प}_{\text{१}})\text{ता}(\text{ष} + \text{प}_{\text{१}})$

$$= \text{२अककोज्या}(\text{ष} - \text{प}_{\text{१}})\text{ताप} - \text{अककोज्या}(\text{प} - \text{प}_{\text{१}})\text{ता}(\text{ष} - \text{ष}_{\text{१}})$$

$$= \text{२कताचा} - \text{अककोज्या}(\text{ष} - \text{प}_{\text{१}})\text{ता}(\text{प} - \text{प}_{\text{१}})$$

इस के उत्थापन से

$\text{यतार} - \text{रताय} = \text{अ}^{\text{२}}\text{ताष} + \text{क}^{\text{२}}\text{ताष}_{\text{१}}$

$+ \text{२कताचा} - \text{अककोज्या}(\text{ष} - \text{ष}_{\text{१}})\text{ता}(\text{ष} - \text{प}_{\text{१}})$

परन्तु १३२वें प्रक्रम से क बिन्दु के भ्रमण से उत्पन्न निर्दिष्ट वक्र का फल

$= \frac{१}{२} \int$ (यताr—रताय) यह होगा ।

अब निर्दिष्ट वक्र के परिधि पर क बिन्दु के पूरा भ्रमण करने में कुछ आगे पीछे घसकते घसकते अक, अग फिर अपने पहले स्थान पर पहुँचेंगे इस लिये ऊपर की युक्ति से $\int$ अ^{२}ता र, $\int$ क^{२}ता र$_{१}$,

$\int$ अककोज्या(प—प$_{१}$) ता(प—र$_{१}$) ये शून्य के तुल्य हो जायँगे इस लिये वक्र का पूरा फल $= \frac{१}{२} \int$ (यतार—रताय) $=$ क $\int$ ताचा $=$ कचा

जहाँ चा लम्ब के गमन का प्रमाण है जो कि चक्र स्वयं बताता है। इस लिये चक्र में पहले ही से लम्ब के गमन के प्रमाण को क गुना कर अङ्कन कर डालें तो जो उस समय चक्र में अङ्कन की संख्या होगी वही वक्र का समग्र फल होगा ।

अभ्यास के लिये प्रश्न

१। समातिपरवलय में जिसका य^{२}—र^{२} = १ यह समीकरण है

यदि केन्द्राभिप्राय से भुज, श्रुति, वक्र का चाप, इन से उत्पन्न वक्रत्रिभुज का फल = स हो तो सिद्ध करो कि

$$य = \frac{इ^{स} + इ^{-स}}{२} \text{ और } र = \frac{इ^{स} — इ^{-स}}{२}$$

२। जिस वक्र का अ^{२}र^{३} = य^{३} (२ अ–य) यह समीकरण है उसका सम्पूर्ण फल क्या होगा । उ० πअ^{२}

३। जिस वक्र का य^{३} = र^{२} (अ—य) यह समीकरण है उसके चाप और असीमपथ और य अक्ष से बने क्षेत्र का फल बताओ । उ० $\frac{३}{८}\pi$ अ^{२}

४। जिस वक्र का अ^{३}र^{२} = य^{४} (क + य) यह समीकरण है उसकी आकृति नीचे लिखी हुई है इसमें अ क ग घ अ फन्दे का फल बताओ ।



उ० $\dfrac{८क^{\frac{७}{२}}}{३·५·७अ^{\frac{३}{२}}}$

५। 

इस वक्र में अक = अ,

अग = क और इस का समीकरण ग $र^2 = (य—अ)(य—क)^2$ यह है । ग क के बीच जो फन्दा है उस का फल बताओ । उ० $\frac{८(क—अ)^{\frac{5}{2}}}{३\cdot५ग^{\frac{1}{2}}}$

६। $य\,र^2 = ४\,अ^2\,(२\,अ—य)$ यह एक विटचरी (Witch) का समीकरण है इसके और स्पर्शपथ के बीच क्षेत्र का फल बताओ ।

उ० $४\,\pi\,अ^2$

७। जिस दीर्घवृत्त का $\frac{य^2}{अ^2} + \frac{र^2}{क^2} = १$ यह समीकरण है उसके अवलूत का सम्पूर्ण फल क्या होगा । उ० $\frac{३\pi(अ^2—क^2)^2}{८\,अ\,क}$

८। सिद्ध करो कि जिसका अक्षीय समीकरण श्रुप = अ यह है उसके कोई दो श्रुति और चाप से बने क्षेत्रों के फलों में वही सम्बन्ध होगा जो उस काल की दो दो श्रुतियों के अन्तर में होगा ।

९। $य^3 + र^3 = ३\,अ\,य\,र$ इस समीकरण के वक्र में जो एक फन्दा होगा उसका क्या फल होगा । यहाँ अक्षीय समीकरण बनावो तो

$श्रु = \frac{३\,अ\,कोज्याप\,ज्याप}{ज्या^3प + कोज्या^3प}$ ऐसा होगा फिर

$फल = \frac{९\,अ^2}{२}\int_0^{\frac{\pi}{2}} \frac{ज्या^2पकोज्या^2प}{(ज्या^3प + कोज्या^3प)^2}ताप$

इसके जानने के लिये मानो कि स्पप = च तो

$इस\ का\ रूप\ \frac{९\,अ^2}{२}\int_0^{\infty} \frac{च^2ता\,च}{(१+च^3)^2} = \frac{३अ^2}{२}$

१०। सिद्ध करो कि जिस वक्र का $र\,(य^2 + अ^2) = ग^2\,(अ—य)$ यह समीकरण है उसका फल य = ० से य = अ तक $ग^2(\frac{\pi}{४} — \frac{1}{२}\,ला\,२)$ यह है ।

११। $र^2 = \frac{य^2(अ+य)}{अ—य}$ इस समीकरण के वक्र में जो फन्दा होगा उसका फल क्या होगा । उ० $२\,अ^2(१— \frac{\pi}{४})$

१२। $श्रु^2कोज्याष = अ^2ज्या३ष$ इस समीकरण के वक्र में एक फन्दे का फल बतावो । उ० $\frac{३अ^2}{४} - \frac{अ^2}{२}ला२$

१३। यदि वक्र में श्रु = (कोज्या २ प + ज्या २ प) तो सम्पूर्ण फल क्या होगा। उ० π अ^2

१४। जिस वक्र का $(य^2+र^2)^3 = ४\frac{अ^2}{क^2}\cdot य^2 र^2$ यह समीकरण है उसके एक फन्दे का फल बतावो। उ० $\frac{\pi अ^2}{८ क^2}$

१५। जहाँ $(य^2 + र^2)^2 = ४अ^2 य^2 + ४क^2 र^2$ ऐसा समीकरण है उस वक्र का सम्पूर्ण फल क्या होगा। उ० $२\pi(अ^2 + क^2)$

१६। जिस वक्र का $\frac{य^2}{अ^2} + \frac{र^2}{क^2} = \frac{१}{ग^2}\left[\frac{य^2}{अ^2} + \frac{र^2}{क^2}\right]^2$ यह समीकरण है उस का फल सम्पूर्ण क्या होगा उ० $\frac{\pi ग^2}{२अक}(अ^2 + क^2)$

(१३०) प्रक्रम का ३ उदाहरण देखो)

१७। जहाँ श्रु कोज्याष = अकोज्या २ प उस वक्रके फन्दे का फल बतावो उ० $(२—\frac{\pi}{२})अ^2$

१८। यदि अ $>$ क तो $श्रु = \frac{अ^2}{\sqrt{(अ^2—क^2 कोज्या^2 ष)}}$ + ककोज्याप इस समीकरण के वक्र का क्या फल होगा। उ० $\frac{\pi अ^2}{\sqrt{(अ^2-क^2)}} + \frac{\pi क^2}{२}$

१९। दो श्रुति और कर्णच्छेद (Conchoid) के चाप से बने क्षेत्र के फल का मान बतावो। जहाँ कर्णच्छेद का श्रु = अ + क कोछेप यह समीकरण है।

२०। दीर्घवृत्त के केन्द्र से दो श्रुति जो दीर्घवृत्त के परिधिस्थ दो विन्दुओं तक खींची गई हैं उन से और दीर्घवृत्त के चाप से बने क्षेत्र का फल बतावो।

२१। परवलय का चाप और शिरःस्थान से दो श्रुति इन से बने क्षेत्र का फल कैसा होगा।

२२। यदि वक्र का समीकरण श्रु = अ(छेष + स्पष) और इस के असीमपथ का समीकरण श्रु कोज्याष = २ अ यह हो तो वक्र और असीमपथ के भीतर का क्षेत्रफल क्या होगा।

२४। सिद्ध करो कि श्रु = अ (१ + २ कोज्याप) इस समीकरण के वक्र का सम्पूर्ण फल अ$^2\left[२\pi+\frac{३\sqrt{३}}{२}\right]$ यह और इस के भीतरी फन्दे का फल

अ^२ $\left[\pi - \frac{३\sqrt{३}}{२}\right]$ यह होगा।

२५। लावुरिक्थिक सर्पिल में दो श्रुति और चाप से बने क्षेत्र का फल बतावो।

२६। यदि वक्र की श्रुति श्रु, मूलविन्दु से किसी स्पर्शरेखा पर पड़े लम्ब का मान ल और इस लम्ब और नियत रेखा से उत्पन्न कोण = ष, और सीमितवक्र का सम्पूर्ण फल स और इस के सीमित पाददल का सम्पूर्ण फल स$_१$ हो तो सिद्ध करो कि २ स$_१$ = स + $\frac{१}{२}\int$श्रु^{२} ताप जहाँ वक्र और पाददल का एक ही मूलविन्दु है।

२७। सिद्ध करो कि पाददल का मूल स्थान दीर्घवृत्त के भीतर ही दीर्घवृत्त के केन्द्र से ग दूरी पर है उसका सम्पूर्ण फल = $\int$ (अ^२ + क^२ + ग^२) यह होगा।

२८। श्रु = अकोज्यानष + कज्यानष इस समीकरण के वक्र में एक फन्दे का फल बतावो।

उ० $\frac{\pi}{न}$ (अ^२ + क^२)

२९। श्रु^{२} = अ^{२}कोज्यानष + क^{२}ज्यानष इस समीकरण के वक्र में एक फन्दे का फल बतावो।

उ० $\frac{\sqrt{(अ^४ + क^४)}}{न}$

३०। अ^{२}र^४ = य^४(अ^२—य^२) इस समीकरण के वक्र का सम्पूर्ण फल क्या होगा।

उ० $\frac{८अ^२}{५}$

३१। श्र = अकोज्यानष इस समीकरण के वक्र में एक फन्दे का फल बतावो।

उ० $\frac{\pi अ^२}{न}$

३२। श्रु = अज्यानष इस समीकरण के वक्र में सब फन्दों का फल बतावो।

$$उ\ फल = \begin{cases} \frac{\pi अ^२}{४} & यदि\ न\ विषम \\ \frac{\pi अ^२}{२} & यदि\ न\ सम \end{cases}$$

३३। दीर्घवृत्त के एक नाभि से जितनी श्रुतियाँ हैं उन्हें अपनी सीध में बढ़ा

कर ग तुल्य काट उन पर एक वक्र रेखा कर दिया। इस से और दीर्घवृत्त की परिधि से उत्पन्न जो क्षेत्र हुआ उसका फल वतावो।

उत्तर πग (२क + ग)

जहाँ क = दीर्घवृत्त का लघुव्यासार्द्ध।

३४। $श्रु^{म} = अ^{म}$ कोज्यामध इस समीकरण के वक्र में एक फन्दे का फल यदि आ और वक्र के मूलविन्दु ही इस के पाददल की मूलविन्दु जहाँ है वैसे पाददल का सम्पूर्ण फल $आ_१$ तो सिद्ध करो कि

$$आ_१ = आ\left(१ + \frac{म}{२}\right)$$

३५। नाभि से जो परवलय में दो श्रुतियाँ हों उन से और परवलय के चाप से जो क्षेत्र वना उसका फल सिद्ध करो कि।

$$\frac{अ^{\frac{१}{२}}}{३}\left\{\left(\frac{श्रु + श्रु' + ग}{२}\right)^{\frac{३}{२}} — \left(\frac{श्रु + श्रु' — ग}{२}\right)^{\frac{३}{२}}\right\}$$

जहाँ परवलय की कोटि र = $\sqrt{४ अ य}$ और परवलय के चाप की पूर्णज्या ग है।

३६। दीर्घवृत्त के केन्द्र न से वृहद्व्यासार्द्ध से जो वृत्त वनाया गया उसको सहायक वृत्त कहो और न को नाभि। दीर्घवृत्त की परिधि में व विन्दु लेकर इस के कोटि को अपनी सूध में वढ़ा कर मानो कि सहायक वृत्त की परिधि में प विन्दु पर लगी, और दीर्घवृत्त के व्यासार्द्धाग्र अ अक्ष में अ विन्दु पर मानो तो यदि $\angle$ अ न प = ज तो सिद्ध करो कि अनाव दीर्घवृत्तखण्ड का फल = $\frac{अक}{२}$ (ज—इज्याज) यह होगा।

जहाँ अ, क वृहल्लघुव्यासार्द्ध हैं।

३७। $४अ^{४}र^{२} = क^{२}य^{२}(अ^{२}—२अय)$ इस समीकरण के वक्र में फन्दे का फल वतावो। उ० $\frac{अ.क}{१५}$

३८। जिन दो वक्रों के $र^{२}—४अय = ०$, $य^{२}—४अर = ०$ ये समीकरण हैं उनके चापों से बने क्षेत्र का फल वतावो। उ० $\frac{१६ अ^{२}}{३}$

३९। जिस वक्र का र = ग ज्या $\frac{य}{अ}$ ला ज्या $\frac{य}{अ}$ यह समीकरण है उसका फल० से लेकर $अ\pi$ तक य के मान में क्या होगा। उ० २अग (१-ला२)

४०। जिस दीर्घवृत्त का $अय^2 + २कयर + गर^2 = १$ यह समीकरण है उसका फल क्या होगा। उ० $\frac{\pi}{\sqrt{(अग - क^2)}}$

(११६ प्रक्रम का अन्तिम वाक्य देखो)

४१। जिस दीर्घवृत्त का $अय^2 + २कयर + गर^2 + २घय + २चर + फ = ०$ यह समीकरण है उसका क्षेत्रफल क्या होगा।

$$उ० \quad \frac{\pi\,(अच^2 + गघ^2 + फक^2 - २\,चजक - अगफ)}{(अग - क^2)^{\frac{3}{२}}}$$

४२। जिस वक्र का $४\,र^2(अ^2 + य^2) - ८अर(अ^2 - य^2) + २\,(अ^2 - य^2)^2 = ०$ यह समीकरण है उसका सम्पूर्ण फल क्या होगा। उ० $अ^2\pi\left\{४ - \frac{५\sqrt{२}}{२}\right\}$

४३। केन्द्र से दीर्घवृत्त की कोटियों पर बने अर्द्धवृत्त पर स्पर्शरेखा कर देने से स्पर्श विन्दुओं पर जानेवाला जो वक्र हो उसका फल क्या होगा।

दीर्घवृत्त का समीकरण $\frac{य^2}{अ^2} + \frac{र^2}{क^2} = १$ यह है

उ० वक्र का अक्षीय समीकरण दीर्घवृत्त के केन्द्र को ध्रुवस्थान मान $श्रु^2 = \frac{अ^2क^2}{क^2 + ४अ^2 स्प^2\frac{प}{२}}$

और $फल = \frac{\pi(अ^2 \times क)}{२(२अ + क)}$

४४। जिस परवलय का $र^2 = ४अय$ यह समीकरण है उसके भीतर स्थिर (२ ग) पूर्णज्या घूमती है। उसके दोनों प्रान्तों पर परवलय में जो दो स्पर्शरेखा हैं उनके योगविन्दु के गमन से जो वक्र होगा उसके और परवलय के भीतर समग्र फल क्या होगा। उ० $\frac{ग^2\pi}{२}$

(परवलय के तिर्यक्‌भुजकोटि का समीकरण देखो)

४५। एक लड़के ने सात हाथ डंडे के दोनों शिरों को एक दीर्घवृत्त की परिधि पर रखकर चारो ओर घुमाने लगा। उस डंडे के बीच में नीचे एक लोहे की नोखदार कील लगी थी। इसके कारण डंडे के चारों ओर घूम जाने से दीर्घवृत्त के भीतर एक नया वक्र बन गया। लड़के ने हँसकर अपने गुरु से जो कि उसे हिसाब पढ़ाता था पूछा कि गुरुजी दीर्घवृत्त और नये वक्र के भीतर एक

वर्गहस्त पत्थर की कितनी पटिया फर्श के लिये लगेंगी। वताओ गुरु ने क्या उत्तर दिया। यहाँ बृहद्व्यास १४ हाथ का समझो।

यदि व्यास परिधि का सम्वन्ध $\frac{२२}{७}$ मानो तो पत्थर के पटिये की संख्या ३८$\frac{१}{२}$

इति सप्तमाध्याय।

अथ अष्टमाध्याय।

वक्र के पृष्ठफल और घनफल का आनयन।

१४१। कल्पना करो कि अर, अय लम्बरूप अक्ष, आ स्थिरविन्दु



चा = आव, व विन्दु का भु = य, को = र है। व के पास प एक और विन्दु लो और आवप वक्र को अ य अक्ष के चारो ओर घुमा दो तो एक घनक्षेत्र वन जायगा जिसके आव चाप के घूमने से जो पृष्ठफल होगा उसके गति का सम्बन्ध चाप के गति के वश से $\frac{\text{ता पृ}}{\text{ताचा}} = \text{२}\pi\text{र}$ (चलनकलन का १६० वाँ प्रक्रम देखो)

$$\text{इस लिये}\quad \text{पृ} = \int \text{२}\pi\text{र ता चा} \qquad \text{(१)}$$

$$\text{इसी तरह से पृ} = \int \text{२}\pi\text{र} \frac{\text{ताचा}}{\text{ताय}} \text{ताय} \qquad \text{(२)}$$

$$\text{पृ} = \int \text{२}\pi\text{र} \frac{\text{ताच}}{\text{तार}} \text{तार} \qquad \text{(३)}$$

$$\text{पृ} = \int \text{२ र ता चा} = \int \text{२}\pi\text{ र} \frac{\text{ताचा}}{\text{ताप}} \text{ताप} = \int \text{२}\pi\text{श्रुज्या प} \frac{\text{ताचा}}{\text{ताप}} \text{ताप} \qquad \text{(४)}$$

$$\text{जहाँ} \frac{\text{ताचा}}{\text{ताप}} = \sqrt{\left\{ \text{श्रु}^{\text{२}} + \left[\frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताप}} \right]^{\text{२}} \right\}}$$

किसी स्थान में पृष्ठफल के लिये इन चारो समीकरणों में से गणितलाघव समझ कर एक को चुन सकते हो। जहाँ सहज में र, चाप के फल रूप में आ सके वहाँ (१) पहले को जहाँ $\frac{\text{ताचा}}{\text{तार}}$ सहज में र के फलरूप में आ सके वहाँ (३) को और जहाँ अक्षीयसमीकरण मालूम हों वहाँ (४) को ले सकते हो। प्रायः (२) बहुत ही कामका है क्योंकि वक्र के समीकरण से र और

$\frac{\text{ताच}}{\text{ताय}}$ दोनों प्रायः सहज में य के फलरूप में आजाते हैं इस लिये इसी को बहुधा लोग लेते हैं।

प्रत्येक समीकरणों से उचित सीमा के भीतर चाप से बने पृष्ठ का फल मालूम हो जायगा।

१४२। अ य अक्ष से अ दूरी पर अ य के समानान्तर अ य के चारो ओर यदि एक अपरिमित रेखा घूमे तो स्पष्ट है कि समतलमस्तकरूप एक शङ्कु बन जायगा इस लिये य_2, य_1 भुज के भीतर इस शङ्कु का पृष्ठ-फल (२) समीकरण लेने से ($\text{र} = \text{अ}$, $\frac{\text{ताचा}}{\text{ताय}} = \sqrt{१ + \left(\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\right)^२} = १$)

$$\int_{\text{य}_1}^{\text{य}_2} २\pi\ \text{अ ताय} = २\pi\ \text{अ}\ (\text{य}_2 - \text{य}_1)\ \text{यह होगा।}$$

इस से यह सिद्ध होता है कि इस शङ्कु के आधार परिधि को ऊँचाई के अन्तर से गुण देने से दोनों उचाइयों के भीतर का पृष्ठफल हो जायगा।

१४३। अ विन्दु पर अ य अक्ष से अ तुल्य कोण बनाने वाली रेखा यदि अ य के चारो ओर घूमे तो स्पष्ट है कि समसूची का पृष्ठ उत्पन्न हो जायगा जहाँ किसी विन्दु का भु = य और को = र = य स्प अ

$$\text{इस लिये}\ \frac{\text{ताचा}}{\text{ताय}} = \sqrt{\left\{१ + \left(\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\right)^२\right\}} = \sqrt{(१ + \text{स्प}^२\text{अ})} = \text{छे अ।}$$

इस लिये १४१ प्रक्रम का (२) समीकरण लेने से

$$\text{पृ} = २\pi \int \text{स्प अ छे अ य ताय} = \pi\ \text{स्प अ छे अ य}^२ + \text{स्थि}$$

और य_2, य_1 के भीतर पृष्ठफल $= \pi$ स्प अ छे अ $(\text{य}_2^२ - \text{य}_1^२)$ यही पृष्ठफल उस घनक्षेत्र का भी होगा जिसे भास्कराचार्य ने अपनी लीलावती में वापी क्षेत्र कहा है।

इस में यदि $\text{य}_1 = ०$ और मूलस्थान से य_2 दूरी पर अ य अक्ष पर लम्बरूप धरातल से सूचीपृष्ठसूत्रों को काटें तो कटे हुए परिधि का व्यासार्द्ध = त्रि = य_2 स्पअ इसलिये समसूच्याकारशङ्कु का पृष्ठफल = πकोछेअत्रि^{२} इसी में यदि परिधि = प = २π त्रि और सूची का पृष्ठसूत्र = पृ सू = को छे अ त्रि तो पृष्ठफल = $\frac{\text{प} \times \text{पृसू}}{२}$। इस का साधन हमने अपने चलनकलनके १५९वें प्रक्रम में केवल क्षेत्रयुक्ति ही से किया है।

१४४। गोल के पृष्ठफल का आनयन ।

कल्पना करो कि वृत्त का समीकरण $\text{र}^{२} = \text{अ}^{२} - \text{य}^{२}$ यह है और यह वृत्त य अक्ष के चारो ओर घूमकर एक गोल को बनाया है तो $\frac{\text{तार}}{\text{ताय}} = -\frac{\text{य}}{\text{र}}$

और $\frac{\text{ताच}}{\text{ताय}} = \sqrt{\left\{ १ + \left(\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\right)^{२} \right\}} = \sqrt{\left(१ + \left[\frac{\text{य}^{२}}{\text{र}^{२}}\right]\right)} = \frac{\text{अ}}{\text{र}}$

इस लिये १४१ प्रक्रम का (२) समीकरण लेने से

$$\text{पृ} = २\pi \int \text{र}\frac{\text{अ}}{\text{र}}\text{ताय} = २\pi\text{अ}\int \text{ताय} = २\pi\ \text{अ}\ \text{य} + \text{स्थि}$$

कल्पना करो कि मूलविन्दु से $\text{य}_{१}$, $\text{य}_{२}$ दूरी पर य अक्ष पर लम्बरूप जो दो धरातल हैं उन से गोल को काटा तो कटे हुए खण्ड का पृष्ठफल $= २\pi\ \text{अ}\ (\text{य}_{२} - \text{य}_{१}) = \text{प}\ (\text{य}_{२} - \text{य}_{१})$, (यदि प = गोल की परिधि ।) इस पर से सिद्ध होता है कि कटे खण्ड का पृष्ठफल $\text{य}_{२} - \text{य}_{१}$ इसके अर्थात् उसके उँचाई के वश से घटता बढ़ता है अर्थात् खण्डों की उँचाइयों में जो सम्बन्ध है वही उनके पृष्ठफल में सम्बन्ध होता है ।

यहाँ यदि $\text{य} = \text{अ}$ और $\text{य}_{२} = -\text{अ}$ तो गोल का समग्र पृष्ठफल $= ४\pi\ \text{अ}^{२} = ४ \times$ वृत्तफल ।

अर्थात् वृत्त के फल को चार गुना कर देने से वृत्त से बने गोल का पृष्ठफल होता है । भारतवर्ष में सब से पहले इस गोल के पृष्ठफल को भास्कराचार्य ने निकाला है और यद्यपि उन से इस की सच्ची उपपत्ति न हुई तथापि गोल का बहुत सा खण्ड कर और प्रत्येक खण्डों का फल साधन कर उनके योग पर से अटकर से सच्चा ही पृष्ठफल निकाला और लल्ल ने जो अशुद्ध पृष्ठफल का साधन किया था उसका खण्डन किया ।

भास्कराचार्य ने अपने गोलाध्याय में यह भी दिखलाया है कि गोल के परिधि के आधे को व्यास मान एक कपड़े का वृत्त बनाया जाय और इस से यदि गोल को ढाँके तो गोल का आधे से अधिक खण्ड ढँक जाता है इस लिये कपड़े के वृत्त का जो फल उसके दूने से गोल का पृष्ठफल अल्प ही होगा और गणित से निश्चय है कि गोल के वृत्त के फल से कपड़े के वृत्त का दूना फल पांच गुना के आसन्न है इस लिये वृत्त के फल को पांच गुना करने से गुणनफल गोल के पृष्ठफल से अधिक होगा इस लिये लल्लने जो अपने गणित में लिखा है कि

(वृत्तफलं परिधिघ्नं समन्ततो भवति गोलपृष्ठफलम्) वृत्तफल को परिधि से गुण देने से पृष्ठफल होता है यह बहुत ही अशुद्ध है।

१४५। बृहद्व्यास के चारो ओर दीर्घवृत्त के घूमने से जो घनक्षेत्र हो उसको दीर्घगोल कहो तो इस के पृष्ठफल के आनयन के लिये कल्पना करो कि दीर्घवृत्त का समीकरण $\text{अ}^{२}\text{र}^{२} + \text{क}^{२}\text{य}^{२} = \text{अ}^{२}\text{क}^{२}$ यह है

$$\text{तो यहाँ } \frac{\text{तार}}{\text{ताय}} = -\frac{\text{क}^{२}\text{य}}{\text{अ}^{२}\text{र}} \text{ और } \frac{\text{ताचा}}{\text{ताय}} = \sqrt{\left[१ + \frac{\text{क}^{४}\text{य}^{२}}{\text{अ}^{४}\text{र}^{२}}\right]}$$

$$= \frac{\text{क}(\sqrt{(\text{अ}^{२} - \text{इ}^{२}\text{य}^{२})})}{\text{अर}}$$

इस लिये १४१ प्रक्रम के (२) समीकरण से

$$\text{पृ} = \frac{२\pi\text{क}}{\text{अ}}\int\sqrt{(\text{अ}^{२} - \text{इ}^{२}\text{य}^{२})}\,\text{ताय} = \frac{२\pi\text{कइ}}{\text{अ}}\int\sqrt{\left(\frac{\text{अ}^{२}}{\text{इ}^{२}} - \text{य}^{२}\right)}\,\text{ताय} \quad \cdots (१)$$

$$= \frac{\pi\text{कइ}}{\text{अ}}\left\{\text{य}\sqrt{\left[\frac{\text{अ}^{२}}{\text{इ}^{२}} - \text{य}^{२}\right]} + \frac{\text{अ}^{२}}{\text{इ}^{२}}\text{ज्या}^{-१}\frac{\text{इय}}{\text{अ}}\right\}$$

यदि ०, अ के भीतर य के मान में पृष्ठफल का साधन करें तो दीर्घगोल

$$\text{का आधा पृष्ठफल} = \pi\,\text{अक}\left\{\sqrt{(१ - \text{इ}^{२})} + \frac{\text{ज्या}^{-१}\text{इ}}{\text{इ}}\right\}$$

(दीर्घवृत्तलक्षण देखो)

यदि $\text{य}_{२}$, $\text{य}_{१}$ के भीतर चलानयन करें तो (१) से

$$\text{पृ} = \frac{२\pi\text{कइ}}{\text{अ}}\int_{\text{य}_{१}}^{\text{य}_{२}}\sqrt{\left(\frac{\text{अ}^{२}}{\text{इ}^{२}} - \text{य}^{२}\right)}\,\text{ताय}$$

यह दिखलाता है कि जिस दीर्घवृत्त का $\frac{\text{अ}}{\text{इ}}$ बृहद्व्यासार्द्ध और क लघुव्यासार्द्ध है उसका $\text{य}_{२}$, $\text{य}_{१}$ सम्बन्धि द्विगुण कोटियों के भीतर जो खण्ड है उसे π से गुण देने से $\text{य}_{२}$, $\text{य}_{१}$ भुज सम्बन्धि अपने दीर्घवृत्त का पृष्ठफल हो जायगा।

इसी तरह यदि दीर्घवृत्त लघुव्यास के चारो ओर घूम कर घनक्षेत्र बनावे तो उसका पृष्ठफल भुज और कोटि को बदल देने से

$$\text{पृ} = २\pi\int\text{य ताचा} = २\pi\int\left[\text{अ}^{२} + \frac{\text{अ}^{४}\text{इ}^{२}}{\text{क}^{४}}\text{र}^{२}\right]^{\frac{१}{२}}\text{तार}$$

$$= २\pi\frac{\text{अ}^{२}\text{इ}}{\text{क}^{२}}\int\left[\text{र}^{२} + \frac{\text{क}^{४}}{\text{अ}^{२}\text{इ}^{२}}\right]\text{तार}$$

$$= २\pi\frac{अ^२इ}{क^२}\left\{\frac{र}{२}\sqrt{\left(र^२+\frac{क^४}{अ^२इ^२}\right)}+\frac{क^४}{अ^२इ^२}ला\left\{र+\sqrt{\left[र^२+\frac{क^४}{अ^२इ^२}\right]}\right\}\right.$$

$$= \pi\frac{अर}{क^२}(अ^२इ^२र^२+क^४)^{\frac{1}{२}}+\pi\frac{क^२}{इ}ला\frac{अइर+\sqrt{(अ^२इ^२र^२+क^४)}}{अइ}$$

०, क के बीच में चलानयन करने से और उसको दूना कर देने से

समग्र पृष्ठफल $= २\pi अ^२+\pi\frac{क^२}{इ}ला\frac{१+इ}{१-इ}$

यदि $\frac{य^२}{अ^२}-\frac{अ^२इ^२र^२}{क^२}=१$ इस अतिपरवलय का $य_१, य_२$ के भीतर फल साधन करो तो स्पष्ट होगा कि इस फल से π गुना ऊपर के घनक्षेत्र का $य_१, य_२$ भुजसम्बन्धी पृष्ठफल होगा।

१४६। परवलय का चाप य अक्ष के चारो ओर घूम कर जो घनक्षेत्र बनाता है उसके पृष्ठफल का आनयन।

कल्पना करो कि परवलय का समीकरण $र^२=४अय$ यह है तो

$$\frac{तार}{ताय}=\frac{२अ}{र}\therefore\frac{ताचा}{तार}=\sqrt{१+\frac{र^२}{४अ^२}}$$

$$=\frac{\sqrt{(४अ^२+र^२)}}{२अ}$$ इस लिये १४१ प्रक्रम के (३) समीकरण से

$$पृ=\int २\pi र\frac{ताचा}{तार}तार=\frac{\pi}{अ}\int र\sqrt{(४अ^२+र^२)}\,तार$$

$$=\frac{\pi}{२अ}\int\sqrt{(४अ^२+र^२)}\,२र\,तार=\frac{\pi}{२अ}\times\frac{२}{३}(४अ^२+र^२)^{\frac{३}{२}}$$

$$=\frac{\pi}{३अ}(४अ^२+र^२)^{\frac{३}{२}}+स्थि$$

०, और $र_१$ के भीतर पृष्ठफल $=\frac{\pi}{३अ}\left\{(४अ^२+र_१^२)^{\frac{३}{२}}-८अ^३\right\}$

१४७। कातन्वली (Catenary) का पृष्ठफलानयन।

इस का $र=\frac{\pi}{२}\left(इ^{\frac{य}{\pi}}+इ^{-\frac{य}{\pi}}\right)$ यह समीकरण है

और जहाँ य = ० वहाँ से गणना करने से $चा=\frac{\pi}{२}\left(इ^{\frac{य}{\pi}}-इ^{\frac{-य}{\pi}}\right)$

(७३वाँ प्रक्रम देखो) इस लिये यदि य अक्ष के चारो ओर वक्र के घूमने से घनक्षेत्र बना हो तो उसका पृष्ठफल १४१ प्रक्रम के (२) समीकरण से

$\int २\pi र \frac{ताचा}{ताय}$ ताय यह होगा परन्तु यहाँ वक्र के लक्षण से

$$र^२ = \frac{ग^२}{४}(इ^{\frac{२य}{ग}} + इ^{-\frac{२य}{ग}} + २) = \frac{ग^२}{४}(इ^{\frac{२य}{ग}} - २ + इ^{-\frac{२य}{ग}} + ४) = चा^२ + ग^२$$

इस लिये र तार = चा · ताचा। $\frac{र}{चा} = \frac{ताचा}{ता}$ और $\frac{तार}{ताय} = \frac{१}{२}(इ^{\frac{य}{ग}} - इ^{-\frac{य}{ग}})$

$= \frac{चा}{ग}$ इस लिये $\frac{ताचा}{ताय} = \frac{र}{ग}$।

$$\therefore पृ = २\pi \int र \frac{ताचा}{ताय} ताय = २\pi \int \frac{र^२ ताय}{ग} = \frac{२\pi}{ग} \int \frac{ग^२}{४}(इ^{\frac{२य}{ग}} + इ^{\frac{२य}{ग}} + २) ताय$$

$$= \frac{\pi ग}{२} \int (इ^{\frac{२य}{ग}} + इ^{\frac{२य}{ग}} + २) ताय = \frac{ग^२ \pi}{४}(इ^{\frac{२य}{ग}} - इ^{-\frac{२य}{ग}}) + ग \pi य$$

$$= \pi (र चा + ग य)$$

इस से यह सिद्ध होता है कि चाप और कोटि के घात में ग गुणित भुज जोड़ कर उसको व्यास मानो तो इस व्यास पर से जो परिधि हो वही कातन्वली घनक्षेत्र का पृष्ठफल होगा।

इसी स्थान में यदि र अक्ष के चारो ओर घूमने से घनक्षेत्र बना हो तो पृष्ठफल =

$$२\pi \int य ताचा = २\pi \int \frac{यर ताय}{ग} = \pi \int य(इ^{\frac{य}{ग}} + इ^{-\frac{य}{ग}}) ताय$$

परन्तु $\int यइ^{\frac{य}{ग}} ताय = गयइ^{\frac{य}{ग}} - ग \int इ^{\frac{य}{ग}} ताय = गयइ^{\frac{य}{ग}} - ग^२ इ^{\frac{य}{ग}}$

और $\int यइ^{-\frac{य}{ग}} ताय = -गयइ^{-\frac{य}{ग}} + ग \int इ^{-\frac{य}{ग}} ताय = -गयइ^{-\frac{य}{ग}}$

$- ग^२ इ^{-\frac{य}{ग}}$ खण्डचलानयन से।

इस लिये

$$०, य \text{ के बीच में } पृ = \pi \int_०^य य इ^{\frac{य}{ग}} ताय + \pi \int_०^य य इ^{-\frac{य}{ग}} ताय$$

$$= \pi (गयइ^{\frac{य}{ग}} - ग^२ इ^{\frac{ग}{ग}} + ग^२ - गयइ^{-\frac{य}{ग}} - ग^२ इ^{-\frac{ग}{ग}} + ग^२)$$

$$= २\pi \left\{ ग^२ + य\left[\frac{ग}{२}\left(इ^{\frac{य}{ग}} — इ^{-\frac{य}{ग}}\right)\right] - ग\left[\frac{ग}{२}\left(इ^{\frac{य}{ग}} + इ^{-\frac{य}{ग}}\right)\right] \right\}$$

$$= २\pi\,(ग^२ + यचा — गर)।$$

१४८। कल्पना करो कि कवपग पवं क एक ऐसा सीमितवक्र है जिस का कग रेखा के दोनों ओर तुल्य अवयव है। कग रेखा अय अक्ष के समानान्तर और अय अक्ष क्षेत्र के बाहर है।



अय अक्षके चारो ओर इस क्षेत्र के घूमने से जो घनक्षेत्र होगा उस का पृष्ठफल १४१ प्रक्रम से यदि व, प और वंपं को बहुत ही पास पास समझो और अय अक्ष पर व न लम्ब को र, वंन लम्ब को रं और क ग के दोनो ओर सब तरह से क्षेत्र के समान भाग होने से वप चाप = वंपं चाप तो $२\pi \int (र + र') \text{ ताचा} = ४\pi क \text{ ताचा}$ यहाँ क = तन इस लिये यदि समग्र वक्र की लम्बाई अर्थात् परिधि कवपगपंवं क का मान संचा हो तो समग्र पृष्ठफल = २πक × संचा।

इस से यह सिद्ध होता है कि ऐसे क्षेत्रों का पृष्ठफल उन के परिधि और य अक्ष से समानान्तर रेखा का अन्तर जो हो उस को व्यासार्द्ध मानने से जो वृत्त की परिधि हो इन के घात के तुल्य होता है।

जैसे यदि वृत्त का समीकरण $(य—च)^२ + (र—ज)^२ — ग^२ = ०$ ऐसा हो तो स्पष्ट है कि य अक्ष के समानान्तर केन्द्रगामिनी रेखा जो होगी उस का य अक्ष से अन्तर ज होगा इस लिये य अक्ष के चारो ओर वृत्त के घूमने से गोलमुद्रिका होगी उस का पृष्ठफल = गोलपरिधि × ज व्यासार्द्ध की परिधि = २πग × २πज

यहाँ यदि १४१वें प्रक्रम से समानान्तर रेखा के ऊपरी भाग का पृष्ठफल साधन करो तो $पृ = २\pi \int \left[ज + \sqrt{\{ग^२ — (य—च)^२\}}\,\right] \text{ताचा}$

$$= २\pi \int ज \text{ ताजा} + २ग \int \sqrt{\{ग^२ — (य—च)^२\}} \text{ ताचा}$$

$= २\pi जचा + २\pi \int \sqrt{\{ग^२ — (य — च)^२\}}$ ताचा $= २\pi जचा + २\pi गय$

लघुरूप करने से।

इसी प्रकार रेखा के नीचे के भाग का पृष्ठफल $= २\pi जचा — २\pi गय$ ऐसा होगा।

इस लिये समग्र घनफल $= २\pi ज \times २चा = २\pi गज \times$ गो॰ प॰

१४९। जिस वक्र का अक्षीय समीकरण श्रु $=$ अ(१ $+$ कोज्याष) यह है, स्थिर रेखा के चारो ओर उस के घूमने से जो घनक्षेत्र होगा उस के पृष्ठफल का ज्ञान करना हो तो १४१वें प्रक्रम के (४) समीकरण से

$$पृ = २\pi \int श्रुज्याष \frac{ताचा}{ताष} ताष।$$

परन्तु $\frac{ताचा}{ताष} = \sqrt{\{श्रु^२ + \left[\frac{ताश्रु}{ताष}\right]^२\}} = अ\sqrt{\{(१ + कोज्याष)^२ + ज्या^२ष\}}$

$$= अ\sqrt{(२ + २कोज्याष)} = २अ\ कोज्या\frac{ष}{२}$$

$$इस\ लिये\ पृ = ४\pi अ^२ \int (१ + कोज्याष) कोज्या\frac{ष}{२} ज्याष\ ताष$$

$$= १६\ \pi अ^२ \int कोज्या^४ \frac{ष}{२} ज्या\frac{ष}{२} ताष = -\ \frac{३२\pi अ^२}{५} कोज्या^५ \frac{ष}{२} + स्थि।$$

$०, \pi$ के भीतर ष के मान में समग्र घनक्षेत्र का पृष्ठफल $= \frac{३२\pi अ^२}{५}$

१५०। कल्पना करो कि परस्पर लम्बरूप तीन धरातलों के योग रेखाओं के वश से किसी घनक्षेत्र के पृष्ठ का फ(य, र, ल) $= ०$ यह समीकरण है (९८वाँ प्रक्रम देखो) तो इस पर से स्पष्ट है कि
ल $=$ फा (य,र) ऐसा होगा। जिस पृष्ठविन्दु का भु $=$ य, को $=$ र, शं $=$ ल है उस विन्दु पर घनक्षेत्र में स्पर्शधरातल करने की इच्छा है।

स्पर्शधरातल उसे कहते हैं जिस के और वक्र के पृष्ठ के बीच दूसरा धरातल न बन सके। इस धरातल के जानने के लिये पहले साधारण किसी धरातल का समीकरण बनाते हैं।

कल्पना करो कि किसी इष्टधरातल में प कोई विन्दु है जिस के शङ्कु ल का मूल यर धरातल में म और यर धरातल और इष्ट धरातल की योगरेखा कग है।

म विन्दुसे अय और अर अक्ष पर क्रम से मन, मत लम्ब डाल कर बढ़ा दो और मान लो कि कग रेखा में इन दोनों लम्बों का योग न', और त' विन्दु में हैं।

प विन्दु से कग रेखा पर लम्ब पम' है।



अब यहाँ घनक्षेत्रमिति से शं = ल = पम, भु = य = अन और कोटि = र = मन। ∠ मम'प = यर धरातल और इष्टधरातल से उत्पन्न कोण = इ, ∠ क = क, ∠ ग = ग।

नग = अग−अन = अग—य ∴ नन' = नग कोस्प न' = (अग−य) कोस्पक

और न'म = न'न−मन = (अग—य) कोस्पक—र ∴ मम' = न'म ज्यान'

= (अग—य) कोज्याक—रज्याक परन्तु मम' = पम कोस्प ∠ पम'म

= लकोस्पइ। इस लिये

(अग−य)कोज्याक−रज्याक = अगज्याग—यज्याग—रज्याक = लकोस्पइ

वा य ज्याग + रज्याक + लकोस्पइ—अगज्याग = ०, ... (१)

इस में ज्याग, ज्याक, कोस्पइ, और—अगज्याग इन स्थिराङ्कों को इन के महत्तमापवर्त्तन से भाग दे कर इन के स्थान में क्रम से आ, का, खा, गा का उत्थापन देवो तो धरातल का समीकरण

आय + कार + खाल + गा = ० . . . . (२) यह हुआ

कल्पना करो कि पृष्ठ के उस विन्दु पर गये धरातल का समीकरण

आय + कार + खाल + गा = ० यह है तो इस के दूसरे विन्दु के भु = य', को = र', शं = ल' से आय' + कार' + खाल' + गा = ० ऐसा समीकरण होगा।

इस लिये दोनों के अन्तर से आ(य'—य) + का(र'—र) + खा(ल'—ल) = ०

इसलिये $\acute{ल}$—ल = $\acute{आ}\triangle य + \acute{का}\triangle र$ जहाँ— $\frac{आ}{खा} = \acute{आ} - \frac{का}{खा} = -\acute{का}$

परन्तु य + △ य, र + △ र भुजकोटि के वश से घनवक्र के पृष्ठ का शङ्कु

$$= ल + \frac{ताल}{ताय}\triangle य + \frac{ताल}{तार}\triangle र$$

$$+ \frac{1}{2}\left\{\frac{ता^2 ल}{ताय^2}(\triangle य)^2 + 2\frac{ता^2 ल}{ताय\, तार}\triangle य\triangle र + \frac{ता^2 ल}{तार^2}(\triangle र)^2\right\} + \cdots$$

(चलनकलन का ६८वाँ प्रक्रम देखो) इस लिये घनक्षेत्र के पृष्ठ के शङ्कु में धरातल के शङ्कु को घटा देने से

$$अन्तर = \acute{अं} = \left(\frac{ताल}{ताय} - \acute{आ}\right)\triangle य + \left(\frac{ताल}{तार} = \acute{का}\right)\triangle र$$

$$+ \frac{1}{2}\left\{\frac{ता^2 ल}{ताय^2}(\triangle य)^2 + 2\frac{ता^2 ल}{ताय\, तार}\triangle य\triangle र + \frac{ता^2 ल}{तार^2}(\triangle र)^2\right\} + \cdots$$

यर धरातल में जिन विन्दुओं का य, र और य + △य, र + △र भुजकोटि हैं उन पर गई रेखा य अक्ष से यदि व कोण वनावे तो △ र = यस्पव अन्तर में इन का उत्थापन देने से

$$\acute{अं} = \left\{\left[\frac{ताल}{ताय} - \acute{आ}\right] + \left[\frac{ताल}{तार} - \acute{का}\right] स्पव\right\}\triangle य$$

$$+ \left[\frac{ता^2 ल}{ताय^2} + 2\frac{ता^2 ल}{ताय\, तार} स्प\, व + \frac{ता^2 ल}{तार^2} स्प^2 व\right\}\frac{(\triangle य)^2}{2} + \cdots\Big]$$

इस लिये

$$\frac{\acute{अं}}{\triangle य} = \left[\frac{ताल}{ताय} - \acute{आ}\right] + \left[\frac{ताल}{तार} - \acute{का}\right] स्प\, व$$

$$+ \left\{\frac{ता^2 ल}{ताय^2} + 2\frac{ता^2 ल}{तायतार} स्प\, व + \frac{ता^2 ल}{तार^2} स्प^2\, व\right\}\frac{\triangle य}{2}$$

यह समीकरण दिखलाता है कि △ य अत्यल्प लेने से $\frac{\acute{अं}}{\triangle य}$ यह

$\left(\frac{ताल}{ताय} - \acute{आ}\right) + \left(\frac{ताल}{तार} - का\right)$ स्प व इस के तुल्य हो सकता है इस में यदि

△य, △ र ऐसे हों कि स्प व = $-\dfrac{\frac{ताल}{ताय} - \acute{आ}}{\frac{ताल}{तार} - \acute{का}}$ तो स्पष्ट है कि एक दिशा में परमाल्प अन्तर शून्य के लगभग होगा।

परन्तु यदि $\frac{ताल}{ताय} = \acute{आ}$ और $\frac{ताल}{तार} = \acute{का}$ तो सब दिशाओं में परमाल्प अन्तर शून्य के लग भग होगा और △ य के स्थान में ताय रखने से ठीक ही ठीक शून्य के तुल्य होगा ऐसी दशा में वह धरातल स्पर्शधरातल होगा

और उस का समीकरण अं, कं के स्थान में $\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}$, $\frac{\text{ताल}}{\text{तार}}$ का उत्थापन देने से

$\text{ल}' - \text{ल} = \frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}(\text{य}' - \text{य}) + \frac{\text{ताल}}{\text{तार}}(\text{र}' - \text{र})$ यह होगा . . . . . . (३)

(१) समीकरण का रूपान्तर करने से

$\text{ल} = \text{अग स्प इ ज्या ग} - \text{य स्प इ ज्या ग} - \text{र स्प इ ज्या क}$

और $\text{ल}' = \text{अ ग स्प इ ज्या ग} - \text{य}' \text{ स्प इ ज्या ग} - \text{र}' \text{ स्प इ ज्या क}$

इस लिये $\text{ल}' - \text{ल} = -\text{स्प इ ज्या ग }(\text{य}' - \text{य}) - \text{स्प इ ज्या क}(\text{र}' - \text{र})$, ..(४)

(३) और (४) का तुलना करने से

$\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}} = -\text{स्पइज्याग}$, $\frac{\text{ताल}}{\text{तार}} = -\text{स्पइज्याक} = -\text{स्पइकोज्याग}$

इस लिये $\left(\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}\right)^2 + \left(\frac{\text{ताल}}{\text{तार}}\right)^2 = \text{स्प}^2\text{ इ}$

इस लिये $\text{छे इ} = \sqrt{\left\{1 + \left(\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}\right)^2 + \left(\frac{\text{ताल}}{\text{तार}}\right)^2\right\}}$ .. .. .. (५)

मैं यहाँ पर घनक्षेत्रमिति के सिद्धान्तों का वर्णन नहीं करता हूँ किन्तु घन-क्षेत्रमिति के बल से कुछ चलराशि के सिद्धान्त को दिखलाया चाहता हूँ। हिन्दी भाषा में घनक्षेत्रमिति के न होने से उपयोगी सिद्धान्तों का कुछ वर्णन कर दिया है। डिमार्गन (Demorgan) साहब ने चलनकलन और चलराशिकलन के १५ वें अध्याय में इस विषय पर बहुत बढ़ाकर लिखा है। चलराशिकलन में घन-क्षेत्रमिति के सिद्धान्तों का लिखना मैं अनावश्यक समझता हूँ।

१५१। कल्पना करो कि यर धरातल से जो इष्टधरातल इ तुल्य कोण बनाता है उसमें ख प व भ म त द ध ख एक कोई क्षेत्र है इसके सीमा के प्रति-



विन्दु से यर धरातल पर लम्ब डाल लम्बमूलों में रेखा कर देने से यर धरा-तल में एक नया क्षेत्र $\text{ख}_1\text{प}_1\text{व}_1\text{द}_1\text{वं}'_1\text{पं}'_1\text{ख}_1$ उत्पन्न हुआ इस का फल जानना हो तो पहले क्षेत्र में कोई ख विन्दु लेकर धरातलों के योगरेखा क ग के समा-नान्तर खद रेखा खींचो। इस का छोटा छोटा च के समान बहुतसा विभाग कर प्रति भागों पर पर्प,

वर्व, भर्भ, इत्यादि लम्ब खड़ा कर दो इस तरह से इस क्षेत्र का समानलम्ब-चतुर्भुज रूप बहुत खण्ड हो गये जिन में किसी एक पर्प र्व व चतुर्भुज का फल $= च\left[\frac{पर्प + वर्व}{२}\right]$ और इस चतुर्भुज के वश से यर धरातल में नये क्षेत्र में भी लम्बमूल के वश से एक समान लम्ब $प_१ प_१', व_१' व_१$ चतुर्भुज उत्पन्न होगा जिस में $प_१ प_१' =$ कोज्याइ $\times$ प प', $व_१' व_१ =$ कोज्याइ $\times$ व व' और इस में लम्ब मान वही च के तुल्य होगा इस लिये इस का फल $= च\left[\frac{प_१ प_१' + व_१ व_१'}{२}\right] = च\left[\frac{प प' + व व'}{२}\right]$ कोज्या इ = पहले चतुर्भुज का फल $\times$ कोज्या इ ॥ इसी तरह सब पहले चतुर्भुजों के फल को कोज्याइ से गुण देने से नये क्षेत्र के चतुर्भुजों का सब फल होगा इस लिये सब चतुर्भुजों का योग नये क्षेत्र का फल = पहले क्षेत्र के चतुर्भुजों का योग $\times$ कोज्याइ = पहले क्षेत्र का फल $\times$ कोज्याइ ।

इस से यह सिद्ध होता है कि जिस धरातल में जो कोई क्षेत्र हो उसके प्रान्त से दूसरे धरातल में लम्ब डाल इस क्षेत्र को दूसरे धरातल में परिणामन करें तो परिणत क्षेत्र का फल पहले क्षेत्र के फल को धरातलों के झुकाव की कोटिज्या से गुण देने से होगा ।

१५२। कल्पना करो कि किसी घनक्षेत्र के पृष्ठ का फ (य, र, ल) = ० यह समीकरण है । पृष्ठ के प विन्दु का भु = य, को = र, —श = ल और प विन्दु के बहुत ही पास जो व विन्दु है उस का भु = य + $\triangle$य, को = र + $\triangle$र, शं = ल + $\triangle$ल । प, विन्दु पर एक स्पर्शधरातल बना लो और प और व विन्दुओं में लगा कर य ल, र ल, धरातलों के समानान्तर धरातलों को बनावो तो समानान्तर धरातलों से जो स्पर्शधरातल में अवयव उत्पन्न हुआ उसके प्रान्त से य र धरातल पर यदि लम्ब डालें तो उस का परिणत रूप एक आयत होगा जिसका भुज = $\triangle$य, को = $\triangle$र इस लिये स्पर्शधरातल के अवयव का फल $= \frac{\triangle य \times \triangle र}{कोज्या\ इ}$ । १५१ प्रक्रम से इस में स्पष्ट है कि $\triangle$ य के स्थान में यदि ताय को रख दें तो स्पर्शधरातल का अवयव घनक्षेत्र के पृष्ठ का अवयव हो जायगा । परन्तु जब य = ताय तो र = तार इस लिये रल धरातल के समानान्तर दोनों

धरातलों के वीच का पृष्ठफल $=$ ताय $\int \frac{\text{तार}}{\text{कोज्याइ}}$ और समग्र पृष्ठफल

$$= \int \text{ताय} \int \frac{\text{तार}}{\text{कोज्याइ}} = \int\int \sqrt{\left\{ १ + \left(\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}\right)^२ + \left(\frac{\text{ताल}}{\text{तार}}\right)^२ \right\}} \text{ तार ताय}$$

१'५० प्रक्रम और द्विगुण चलानयन से

यहाँ यदि पहले तार को स्थिर मान चलानयन करो तो यल धरातल के समानान्तर धरातल जो हैं उन के वीच का पहले पृष्ठफल आवेगा फिर इस पर से तार के वश से समग्र पृष्ठफल आ जायगा।

पृष्ठ के समीकरण के वश से $\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}, \frac{\text{ताल}}{\text{तार}}$ के मान विदित हो जायँगे फिर य, और र के उचित सीमाओं पर से अभीष्ट पृष्ठखण्ड का फल $\int\int \sqrt{\left\{ १ + \left(\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}\right)^२ + \left(\frac{\text{ताल}}{\text{तार}}\right)^२ \right\}}$ तार ताय इस पर से विदित हो जायगा।

जैसे (१) जिस गोल के पृष्ठ का $य^२ + र^२ + ल^२ = अ^२$ यह समीकरण है उस के अष्टमांश का पृष्ठफल जानना है तो यहाँ

$$\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}} = -\frac{य}{ल}, \frac{\text{ताल}}{\text{तार}} = -\frac{र}{ल}$$

$$\text{इसलिये पृ} = \int\int \sqrt{\left(१ + \frac{य^२}{ल^२} + \frac{र^२}{ल^२}\right)} \text{ तार ताय}$$

$$= \int\int \frac{\text{अतार ताय}}{\sqrt{(अ^२ - य^२ - र^२)}}$$

$$= अ \int\int \frac{\text{तार ताय}}{\sqrt{(अ^२ - य^२ - र^२)}} = अ \int\int \frac{\text{तार ताय}}{\sqrt{(र_१^२ - र^२)}} \text{ यदि } अ^२ - य^२ = र_१^२$$

$$\text{परन्तु} \int \frac{\text{तार}}{\sqrt{(र_१^२ - र^२)}} = \text{ज्या}^{-१} \frac{र}{र_१}$$

यहाँ यदि $ल = ०$ तो यर धरातल में जो गोलपृष्ठ का अवयव लगा है उस का समीकरण $अ^२ - य^२ = र^२ = र_१^२$ ऐसा होगा इस में यदि $र = ०$, और $र = र_१$ मानें तो अय अक्ष के ऊपर से य र धरातल और गोलपृष्ठ के सम्पात तक रल धरातल के समानान्तर धरातलों के वीच का

$$\text{पृष्ठफल} = \int_०^{र_१} \frac{\text{तार}}{\sqrt{(र_१^२ - र^२)}} = \frac{\pi}{२}$$

इसलिये पृ $= \frac{अ\pi}{२} \int$ ताय इस में यदि ० और अ के वीच य के मान

में चलानयन करें तो गोल के अष्टमांश पृष्ठ का फल $= \frac{\pi अ^{२}}{२}$ इस लिये समग्र पृष्ठफल $= ४\pi अ^{२}$ ।

इसी स्थान में यदि पहले ताय और फिर तार के वश से चलानयन करें तो ऊपर की युक्ति से अष्टमांश पृष्ठ का फल

$$= \int_{०}^{अ} \int_{०}^{य_{१}} \frac{अ ताय\, तार}{\sqrt{(अ^{२}-र^{२}-य^{२})}}$$ । जहाँ $य_{१}^{२} = अ^{२} - र^{२}$

(२) जिस घनक्षेत्र के पृष्ठ का $ल^{२} + (य\, कोज्याअ_{१} + रज्याअ_{१})^{२} - अ^{२} = ०$ यह समीकरण है उस के पृष्ठ फल का क्या मान होगा।

यहाँ $\frac{ताल}{ताय} = - \frac{कोज्याअ_{१}(यकोज्याअ_{१} + रज्याअ_{१})}{ल}$

$\frac{ताल}{तार} = - \frac{ज्याअ_{१}(यकोज्याअ_{१} + रज्याअ_{१})}{ल}$

इसलिये $पृ = \int\int \frac{अतारताय}{ल} = \int\int \frac{अतार\, ताल}{\sqrt{\{ अ^{२}-(यकोज्याअ_{१} + रज्याअ_{१})^{२} \}}}$

यर धरातल घनपृष्ठ को जहाँ काटता है उस का समीकरण

$अ = \pm$ (यकोज्याअ$_{१}$—रज्याअ$_{१}$) यह है। यहाँ धनचिह्न ग्रहण करने से धन पद में $र = (अ - यकोज्याअ_{१})$ कोछेअ$_{१}$

अब $\int \frac{तार}{\sqrt{\{ अ^{२}-(यकोज्याअ_{१} + रज्याअ_{१})^{२}}}$

$= \frac{१}{ज्याअ_{१}} ज्या^{-१} \frac{य\, कोज्याअ_{१} + रज्याअ_{१}}{अ}$ इस का $र = ०$ और

$र = (अ - य\, कोज्याअ_{१})$कोछेअ$_{१}$ के भीतर का मान

$= \frac{१}{ज्याअ_{१}} (\frac{\pi}{२} - ज्या^{-१} \frac{यकोज्याअ_{१}}{अ})$

इस लिये $पृ = \frac{अ}{ज्याअ_{१}} \int (\frac{\pi}{२} - ज्या^{-१} \frac{यकोज्याअ_{१}}{अ})$ ताय

इस में यदि $ज्या^{-१} \frac{यकोज्याअ_{१}}{अ} = स$, तो $\frac{अज्यास}{कोज्याअ_{१}} = य$ और

$$\frac{अकोज्यासतास}{कोज्याअ_{१}} = ताय$$

इसलिये

$$\int तायज्या^{-१}\frac{यकोज्याअ_{१}}{अ} = \int\frac{असकोज्यासताम}{कोज्याअ_{१}} = \frac{अ}{कोज्याअ_{१}}\int सकोज्यासतास$$

$$= \frac{अ}{कोज्याअ_{१}}(सज्यास + कोज्यास)$$

अब ० और $\frac{अ}{कोज्याअ_{१}}$ के भीतर य के मान में

$$पृ = \frac{अ}{ज्याअ_{१}}\int\frac{अ}{कोज्याअ_{१}}\left(\frac{\pi}{२} - ज्या^{-१}\frac{यकोज्याअ_{१}}{अ}\right) ताय$$

$$= \frac{अ}{ज्याअ_{१}}\left(\frac{\pi}{२}\frac{अ}{कोज्याअ_{१}} + \frac{अ}{कोज्याअ_{१}} - \frac{\pi}{२}\frac{अ}{कोज्याअ_{१}}\right) = \frac{अ^{२}}{ज्याअ_{१}कोज्याअ_{१}}$$

यह पृष्ठफल धन पद में जो घनक्षेत्र का खण्ड है उस का हुआ।

यदि ध्यान दे कर विचार करो तो जिस घनक्षेत्र के पृष्ठ का समीकरण ऊपर लिख कर दिखाया है वह एक समतलमस्तक रूप शङ्कु है जिस के अक्ष का समीकरण $ल = ०$, $य\,कोज्याअ_{१} + रज्याअ_{१} = ०$ ऐसा होगा।

१५३। बहुत से घनक्षेत्र के पृष्ठ ऐसे होते हैं जिन के पृष्ठ का अवयव जो १५२ प्रक्रम में देखा गया है एक ही होते हैं। जैसे जिस पृष्ठ का $२अल = य^{२} + र^{२}$ यह समीकरण है उस में

$$\left(\frac{ताल}{ताय}\right)^{२} + \left(\frac{ताल}{तार}\right)^{२} = \frac{य^{२} + र^{२}}{अ^{२}}$$ और जिस के पष्ठ का समीकरण

अल = यर यह है उस में भी $\left(\frac{ताल}{ताय}\right)^{२} + \left(\frac{ताल}{तार}\right)^{२} = \frac{य^{२} + र^{२}}{अ^{२}}$

वही सिद्ध होता है इस लिये दोनों में पृष्ठ का परमाल्पमान अर्थात् तात्कालिकी गति एक ही है। ऐसे पृष्ठों का यूलर (Euler) ने Congruent नाम रक्खा है मैं इन्हें समगतिक पृष्ठ कहता हूँ।

इसी प्रकार $(ल—ग)^{२} = \{(य—अ)^{२} + (र—क)^{२}\}स्प^{२}इ$ इस शङ्कु और

यकोज्याअ$_१$ + र कोज्याक$_१$ + ल कोज्याइ = घ इस धरातल में भी पृष्ठ का अवयव एक ही है। जहाँ कोज्या^{२}अ$_१$ + कोज्या^{२}क$_१$ + कोज्या^{२}इ = १ इसी तरह

$$२अल = य^२ + र^२$$

$$२अल = (य^२ — र^२)ग + २यर\sqrt{(१ — ग^२)}$$

$$२अल = \{ (य^२ + र^२)^२ — ४कयर + २ग(य^२ — र^२) + क^२ + ग^२ \}^{\frac{१}{२}}$$

इत्यादि सब पृष्ठ समगतिक पृष्ठ हैं।

१५४। यदि स्पर्शधरातल में ऐसा एक अवयव लें जिस का यर धरातल में परिणत मान श्रुताश्रुताष यह हो तो

$$पृ = \int\int\sqrt{\left\{ १ + \left(\frac{ताल}{ताय}\right)^२ + \left(\frac{ताल}{तार}\right)^२ \right\}}\ श्रुताश्रु ताष$$

जैसे जिस घनक्षेत्र के पृष्ठ का यर = अल यह समीकरण है वह $य^२ + र^२ = ग^२$ इस वृत्त से काटा गया तो कटे खण्ड का पृष्ठफल जानना हो तो यहाँ

$$छेइ = \sqrt{\left(१ + \frac{य^२}{अ^२} + \frac{र^२}{अ^२}\right)} = \frac{\sqrt{(अ^२ + श्रु^२)}}{अ}\ क्योंकि\ य^२ + र^२ = श्रु^२$$

$$इस\ लिये\ पृ = \int_०^{२\pi}\int_३^{ग}\frac{\sqrt{(अ^२ + श्रु^२)}}{अ}\ श्रुताश्रु ताष$$

$$परन्तु \int\frac{\sqrt{(अ^२ + श्रु^२)}}{अ}\ श्रुताश्रु = \frac{१}{३अ}(अ^२ + श्रु^२)^{\frac{३}{२}}$$

$$इस\ लिये \int_०^{ग}\frac{\sqrt{(अ^२ + श्रु^२)}}{अ}\ श्रुताश्रु = \frac{१}{३अ}\left\{ (अ^२ + ग^२)^{\frac{३}{२}} — अ^३ \right\}$$

$$और \int\frac{१}{३अ}\left\{ (अ^२ + ग^२)^{\frac{३}{२}} — अ^३ \right\} ताष = \frac{ष}{३अ}\left\{ (अ^२ + ग^२)^{\frac{३}{२}} — अ^३ \right\}$$

$$इस\ लिये\ अभीष्ट\ पृष्ठफल = \int_०^{२\pi}\int_०^{ग}\frac{\sqrt{(अ^२ + ग^२)}}{अ}\ श्रुताश्रुताष$$

$$= \frac{२\pi}{३अ}\left\{ (अ^२ + ग^२)^{\frac{३}{२}} — अ^३ \right\}$$

१५५। यदि पृष्ठ का अक्षीय समीकरण लें अर्थात्

$$\text{य} = \text{श्रुज्याप कोज्याप}_1,\ \text{र} = \text{श्रुज्यापज्याप}_1,\ \text{ल} = \text{श्रु कोज्याप}$$

और इन पर से ताय, तार इत्यादि का मान बना कर

$$\text{पृ} = \int\int\sqrt{\left\{ 1 + \left[\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}\right]^2 + \left[\frac{\text{ताल}}{\text{तार}}\right]^2 \right\}}\ \text{तार ताय}$$

इस में उत्थापन दें तो

$$\text{पृ} = \int\int\sqrt{\left\{ \text{श्रु}^2\text{ज्या}^2\text{प} + \left[\frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताप}}\right]^2 \text{ज्या}^2\text{प} + \left[\frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताप}_1}\right]^2 \right\}}\ \text{श्रुताप ताप}_1$$

ऐसा सिद्ध होगा। जहाँ सुभीता समझ पड़े तहाँ इस पर से भी उचित सीमाओं के भीतर पृष्ठफल जान सकते हो विस्तार के भय से बहुत बढ़ाना नहीं चाहते। २५० प्रक्रम के (३) उदाहरण तक पहुँचोगे तो स्पष्ट घनक्षेत्र हो जायगा।

वक्र का घनफलानयन।

१५६। कल्पना करो कि आ, वक्र में नियत विन्दु और प कोई विन्दु है जिस का भु = अम = य, को = पम = र और मान लो कि आ के भुज से य बड़ा है।



कल्पना करो कि आपव वक्र य अक्ष के चारो ओर घूम कर घनक्षेत्र बनाता है तो यदि आ और प विन्दु में गये और य अक्ष पर लम्बरूप ऐसे दो धरातलों से घनक्षेत्र को काटें और इन दोनों धरातलों के बीच में के घनफल को घ कहें तो चलनकलन के १६० वें प्रक्रम से

$$\frac{\text{ताघ}}{\text{ताय}} = \pi\text{र}^2$$

इस लिये $\text{घ} = \int \pi\text{र}^2\ \text{ताय}$

वक्र के समीकरण से र का ज्ञान य के फल के रूप में आजायगा। समझ लो कि $\int \pi\text{र}^2\text{ताय} = \text{फा(य)}$ तो

$$\text{घ} = \text{फा(य)} + \text{स्थि}$$

कल्पना करो कि जिस विन्दु का भु = य_1 उस का घनफल = घ_1 और जिस विन्दु का भु = य_2 उस का घनफल = घ_2 है तो

$$घ_1 = फा(य_1) + स्थि$$
$$घ_2 = फा(य_2) + स्थि$$

इस लिये $घ_2 - घ_1 = फा(य_2) - फा(य_1) = \int_{य_1}^{य_2} \pi र^2 ताय = \pi \int_{य_1}^{य_2} र^2 ताय$

१५७। समसूच्याकार शङ्कु का घनफलानयन।

कल्पना करो कि एक सरल रेखा अ मूल विन्दु में हो कर गई है और य अक्ष से अ तुल्य कोण बनाती है तो य अक्ष के चारो ओर इस के घूमने से समसूची उत्पन्न होगी (१४३वाँ प्रक्रम देखो) इस लिये यहाँ $र = य \cdot स्पअ$

$$घ = \int \pi स्प^2 अ\, य^2 ताय = \frac{\pi स्प^2 अ \cdot य^3}{3} + स्थि$$

और $घ_2 - घ_1 = \frac{\pi स्प^2 अ}{3}(य_2^3 - य_1^3)$

कल्पना करो कि $य_1 = 0$ और $त्रि = य_2\, स्पअ$ अर्थात् $य_2 = \frac{त्रि}{स्पअ}$ तो समसूच्याकार शङ्कु (जिसके आधार परिधि का व्यासार्द्ध त्रि है) का घनफल $= \frac{\pi स्प^2 अ}{3} \times \frac{त्रि^3}{स्प^3 अ} = \frac{\pi त्रि^3}{3 स्पअ} = \frac{\pi त्रि^2 य_2}{3}$

इस से यह सिद्ध होता है कि समखात फल की तिहाई सूची का घनफल होता है। इस को भास्कराचार्य ने भी अपनी लीलावती में लिखा है।

१५८। गोल का घनफलानयन।

$$यहां\ र^2 = अ^2 - य^2$$

इस लिये $घ = \int \pi र^2 ताय = \pi \int (अ^2 - य^2) ताय$

$= \pi(अ^2 य - \frac{य^3}{3}) + स्थि$। $य = 0$ और $य = अ$ मानने से आधे गोल का घनफल $= \frac{2\pi अ^3}{3}$ इस लिये सम्पूर्ण घनफल $= \frac{4\pi अ^3}{3} = \frac{4\pi अ^2 \times 2अ}{6}$

$= \frac{पृफ \times व्या}{6}$ अर्थात् पृष्ठफल को व्यास से गुण कर छ का भाग देने से गोल का घनफल होता है। इस को भी भास्कराचार्य ने अपनी लीलावती में लिखा है।

१५९। जिस परवलय का $र^2 = 4अय$ यह समीकरण है य अक्ष के चारो ओर उस के घूमने से जो घनक्षेत्र होगा उस का

$घ = \int {}^{\pi}र^{२}ताय = {}^{\pi}\int ४अय\, ताय = ४अ^{\pi}\int यताय = २अ^{\pi}य^{२} + स्थि$

इस लिये $घ_{२} — घ_{१} = २अ^{\pi}(य_{२}^{२} — य_{१}^{२})$ इस में यदि $य_{१} = ०$ तो क्षेत्र के समीकरण से $घ_{१} = ०$ इस लिये $र_{२}$ कोटि से बने वृत्त और शिरः स्थान के भीतर का घनफल $= २अ^{\pi}य_{२}^{२} = \frac{४अय_{२}{}^{\pi}य_{२}}{२} = \frac{{}^{\pi}र_{२}^{२}य_{२}}{२}$

अर्थात् जिस समतलमस्तकपरिधि शङ्कु का आधार $र_{२}$त्रिज्या से उत्पन्न परिधि हो और उँचाई $य_{२}$ हो उस के घनफल के आधे के बराबर उसी उँचाई और उसी आधार से जो परवलय का घनक्षेत्र होगा उस का घनफल होगा।

१६०। चलनकलन के ३८८ पृष्ठ में जो चक्रालद (Cycloid) का समीकरण

$र = क\,(अ + ज्याय),\ \ य = क\,(१ — कोज्याअ)$ यह लें तो य अक्ष के चारो ओर इस के घूमने से जो घनक्षेत्र होगा उस का

$$घ = \int {}^{\pi}र^{२}ताय = {}^{\pi}क^{३}\int (अ + ज्याअ)^{२}ज्याअताअ$$

$$= \pi क^{३}\int (अ^{२} + २अज्याअ + ज्या^{२}अ)ज्याअताअ$$

यहाँ खण्डचलानयन से

$$\int अ^{२}ज्याअताअ = — अ^{२}कोज्याअ + २\int अकोज्याअताअ$$

$$= — अ^{२}कोज्याअ + २अज्याअ + २कोज्याअ।$$

$$\int २अज्या^{२}अताअ = \int अ(१ — कोज्या२अ)ताअ$$

$$= \frac{अ^{२}}{२} - \frac{अज्या२अ}{२} - \frac{कोज्या२अ}{४}।$$

$$\text{और} \int ज्या^{३}अताअ = \frac{कोज्याअज्या^{२}अ}{३} + \frac{२}{३}\int ज्याअताअ$$

$$= -\frac{कोज्याअज्या^{२}अ}{३} - \frac{२कोज्याअ}{३}$$ (१२ वें प्रक्रम के १५ वें उदाहरण से)।

अब आधे चक्रालद के घूमने से जो घनक्षेत्र होता है उस के घनफल का ज्ञान करना हो तो $य = ०$ और $य = २क$ वा $अ = ०, अ = {}^{\pi}$ के भीतर ऊपर के चलों का मान ले आने से

$$\int_{०}^{\pi} अ^{२}ज्याअताअ = \pi^{२} — २ — २ = \pi^{२} — ४$$

$$२\int_{०}^{\pi} अज्या^{२}अताअ = \frac{\pi^{२}}{२} - \frac{१}{४} + \frac{१}{४} = \frac{\pi^{२}}{२},$$

और $\int_0^{\pi}$ ज्या^{3}अताअ $= \frac{2}{3} + \frac{2}{3} = \frac{4}{3}$,

इस लिये अभीष्टघनफल

$= \pi क^3 \left\{ \pi^2 — ४ + \frac{\pi^2}{२} + \frac{४}{३} \right\} = \pi क^3 \left(\frac{3\pi^2}{२} - \frac{८}{३} \right)$ ।

१६१। यदि वक्र र अक्ष के चारो ओर घूम कर घनक्षेत्र बनावे तो स्पष्ट है कि उस का घनफल य और र को बदल देने से $\int \pi य^2 तार$ यह होगा । इस लिये $घ_२ — घ_१ = \pi \int_{र_१}^{र_२} य_२ तार$ ऐसा होगा ।

१६२। परवलय का $र^2 = ४अय$ यह समीकरण है और यह र अक्ष के चारो ओर घूम कर घनक्षेत्र बनाता है तो इस का घन फल ऊपर के प्रक्रम से

$घ = \int \pi य^2 तार = \pi \int \frac{र^4}{१६अ^2} तार = \frac{\pi र^5}{८०अ^2} + स्थि$

इस लिये $घ_२ — घ_१ = \frac{\pi(र_२^5 — र_१^5)}{८०अ^2}$ । इस में यदि $र_१ = ०$ तो क्षेत्र के समीकरण से $घ_१ = ०$ इस लिये $र_२$ त्रिज्या से बने वृत्त और शिरः स्थान के भीतर का घनफल $= \frac{\pi र_२^5}{८०अ^2}$ ।

१६३। यदि दो वक्र य अक्ष के चारो ओर घूम कर दो घनक्षेत्र बनाते हों तो जो धरातल य अक्ष पर लम्ब है ऐसे दो धरातलों से दोनों घनक्षेत्रों के काटने से उन के भीतर जो घनफल होंगे उन के अन्तर को घ कहो और पहले वक्र का र = फ(य) यह और दूसरे का र = फ(य) यह समीकरण हो तो पिछले प्रक्रमों से स्पष्ट है कि $घ = \pi \int [\{ फ (य) \}^2 — \{ फ(य) \}^2] ताय$ यह होगा ।

जिन दोनों लम्बरूपी धरातलों से दोनों घनक्षेत्रों को काटा है उन का समीकरण क्रम से यदि $य = य_१$, $य = य_२$ ऐसे हों तो ऊपर के चल में $य_१$, $य_२$ के भीतर जो मान होगा वही घनफलों का अन्तर होगा ।

कल्पना करो कि एक सीमित वक्र ऐसा है कि एक सरल रेखा जिस का समीकरण र = क है उस के सब कोटि खण्डरूपी पूर्णज्याओं का समान द्विभाग करती है (१४८वें प्रक्रम का क्षेत्र देखो) तो पूर्णज्या का मान यदि फि(य) हो तो रेखा के नीचे वक्र के भाग का समीकरण र = अ — फि(य) = फा(य) और ऊपर

के भाग का समीकरण र = क + फि(य) = फ(य) ऐसा होगा । इस लिये दोनों भागों से उत्पन्न घनक्षेत्र का फल = घ = $\pi \int [\{फ(य)\}^2 - \{फा(य)\}^2]$ताय

$= 4\pi क \int$ फि(य)ताय

कल्पना करो कि सीमित वक्र के दोनों प्रान्त के जहाँ कोटि वक्र की स्पर्शरेखा हो जाती है भुज क्रम से $य_1$, $य_2$ हैं तो य अक्ष के चारो ओर सीमित वक्र के घूमने से जो घनक्षेत्र उत्पन्न होगा उस का घन—

फल $= 4\pi क \int_{य_1}^{य_2}$ फि(य)ताय यह होगा ।

यह अक्ष के चारो ओर वक्र के घूमने से जो घनक्षेत्र होगा इस वाक्य का तात्पर्य यह है कि य, और र अक्ष से जितने जितने अन्तर पर वक्र के प्रत्यवयत्र हैं उतने ही उतने ही अन्तर पर सर्वत्र रहें ऐसा वक्र को चारो ओर घुमानेसे वक्र के आकार के वश से आकाश में जो घनाकृति उत्पन्न हो वही वक्रजन्य घनक्षेत्र है ।

ऊपर के घनफल में अर्थात् $\pi \int [\{फ(य)\}^2 - \{फा(य)\}^2]$ताय इस में यदि फ(य) के स्थान में र और फा(य) के स्थान में $र'$ रख दें तो

घ = $\pi \int (र^2 - र'^2)$ताय = $\pi \int (र + र')(र - र')$ताय = $2\pi क \int (र - र')$ताय ऐसा होगा परन्तु $\int (र - र')$ताय यह पिछले अध्याय से सीमित वक्र का फल है।

इस लिये यदि सम्पूर्ण वक्र का फल आ हो तो सम्पूर्ण घनक्षेत्र का फल $2\pi क \times$ आ होगा । यहाँ भी १४८ प्रक्रम के ऐसा समझ लेना चाहिये कि वक्र का सब भाग य अक्ष के ऊपर है । यदि वक्र का कुछ भाग य अक्ष के नीचे भी हो तो सहज में दिखला सकते हो कि $2\pi क \times$ आ यह य अक्ष के नीचे और ऊपर के घन-क्षेत्र विभागों के घन फलों का अन्तर होगा ।

जैसे १४८ प्रक्रम में जो $(य - च)^2 + (र - ज)^2 - ग^2 = 0$ इस वृत्त के य अक्ष के चारो ओर घूमने से गोलीय मुद्रिका होगी उस का घनफल ऊपर की युक्ति से $2\pi^2 ग^2 ज$ यह होगा जहाँ ग वृत्त का व्यासार्द्ध और ज; य अक्ष से वृत्त के केन्द्र का लम्बरूपी अन्तर है ।

१६३। इसी तरह यदि दोनों वक्र जिन के समीकरण क्रम से

य = फ(र), य = फा(र)

ये हैं र अक्ष के चारो ओर घूमकर घनक्षेत्र बनावें तो ऊपर के प्रक्रम की युक्ति से घनफलान्तर = घ = $\pi \int [\{फ(र)\}^2 - \{फा(र)\}^2]$ तार यह होगा ।

फिर इस पर से पूर्ववत् विचार कर सकते हो।

१६४। १५६वें प्रक्रम में घनफल के लिये जो युक्ति लिखी गई है उसी युक्ति से चाहे जैसा घनक्षेत्र हो सब का घनफल जान सकते हैं।

जैसे किसी घनक्षेत्र को य अक्ष पर लम्ब जो धरातल है उस से काटें और कटे क्षेत्र का फल फ(य) कल्पना करें तो स्पष्ट है कि इस लम्बरूपी धरातल के बहुत ही पास जो दूसरा लम्बरूप धरातल है उस से भी जो कट कर दोनों धरातलों के बीच में घनक्षेन का घनफल $\triangle$घ है वह फ(य)$\triangle$य के समान होगा इस लिये

$\frac{\triangle घ}{\triangle य}$ = फ(य) $\triangle$ य को शून्य अर्थात् ताय मानने से

$\frac{ताघ}{ताय}$ = फ(य) $\therefore$ घ = $\int$फ(य) ताय ऐसा होगा।

१६५। दैर्घवृत्तीय घनक्षेत्र जिसके पृष्ठ का समीकरण

$\frac{य^२}{अ^२} + \frac{र^२}{क^२} + \frac{ल^२}{ग^२} = १$ यह है उसका घनफलानयन।

यहाँ यदि घनक्षेत्र को य अक्ष पर लम्ब धरातल से काटो जो कि मूल विन्दु से य तुल्य हट कर य अक्ष में लगा है तो घनक्षेत्र के लक्षण से कटा हुआ प्रदेश एक दीर्घवृत्त होगा जिसके दोनों व्यासार्द्ध क्रम से

क$\sqrt{\left[१ - \frac{य^२}{अ^२} \right]}$, ग$\sqrt{\left[१ - \frac{य^२}{२} \right]}$ ये हैं इस लिये छेदित प्रदेश का

फल = फ(य) = π क ग$(१ - \frac{य^२}{अ^२})$ यह हुआ और अभीष्ट क्षेत्र का संपूर्ण घनफल

$$= \int_{-अ}^{अ} \left[१ - \frac{य^२}{अ^२} \right] \pi क ग \, ताय = \frac{४\pi \, अ \, क \, ग}{३}$$

१६६। किसी सूची क्षेत्र का घनफलानयन।

कल्पना करो कि सूची का आधार कोई बहुभुजक्षेत्र है जिस का फल आ है और सूची का वेध वा उँचाई वे है तो यदि भुज, कोटि शङ्कुओं का मूल विन्दु सूची का शिरःस्थान मानें और य अक्ष को सूची के आधार पर लम्ब रूप मानें तो १६४ प्रक्रम की युक्ति से सूची का घनफल $\int_0^{वे}$ फ(य) ताय यह होगा। अब यदि य अक्ष पर लम्बरूपी धरातल से सूची को काटें

तो स्पष्ट है कि छेदित प्रदेश आधार का सजातीय होगा इस लिये इस प्रदेश का फल = फ(य) $= \frac{य^2 आ}{वे^2}$ इस लिये सूची का घनफल

$$= \int_0^{वे} फ(य) ताय = \int_0^{वे} \frac{य^2 आ}{वे^2} ताय = \frac{आ}{वे^2} \int_0^{वे} य^2 ताय = \frac{आ \cdot वे}{३}$$

बहुभुज क्षेत्र रूपी आधार के स्थान में यदि कोई सीमित क्षेत्र हो तब भी यही घनफल आवेगा। इस पर से यह सिद्ध होता है कि आधार पर वेध तुल्य वेध में जो समखात का घनफल होता है उसके तृतीयांश के तुल्य सूची का घनफल होता है। इसको भी भास्कराचार्य ने अपनी लीलावती के खातव्यवहार में लिखा है (समखातफलत्र्यंशः सूचीखाते फलं भवति) परन्तु इसकी उपपत्ति कहीं नहीं लिखी है।

१६७। कल्पना करो कि $\frac{य^2}{अ^2} - \frac{र^2}{क^2} - \frac{ल^2}{ग^2} = १$ यह एक आतिपरवलयिक घनक्षेत्र का समीकरण और $\frac{य^2}{अ^2} - \frac{र^2}{क^2} - \frac{ल^2}{ग^2} = ०$ यह एक समसूच्याकार शङ्कु का समीकरण है तो पहले घनक्षेत्र को य अक्ष पर लम्ब और मूल विन्दु से य तुल्य हट कर य अक्ष में लगा हुआ जो धरातल है उस से काटें तो छेदित प्रदेश एक दीर्घवृत्त होगा जिस का फल फ(य) = π क ग $\left[\frac{य^2}{अ^2} + १\right]$ यह होगा और उसी धरातल से शङ्कु का छेदित प्रदेश भी दीर्घवृत्तही होगा जिसका फल = फा(य) = $\frac{\pi क ग य^2}{अ^2}$ इस लिये दोनों का अन्तर π क ग यह हुआ। इस लिये शङ्कु, आतिपरवलयिक और दो लम्ब रूपी धरातल जो मूल विन्दु से क्रम से $य_१$, $य_२$ तुल्य हट कर य अक्ष में लगे हैं उनके भीतर का घनफल = $\int_{य_१}^{य_२} \pi$ क ग ताय

$= \pi$ क ग $(य_२ - य_१)$

१६८। जिन समानान्तर धरातलों से घनक्षेत्र को काट कर ऊपर के प्रक्रमों में घनफल साधन की युक्ति दिखाई है वे यदि य अक्ष पर लम्ब न हों किन्तु य अक्ष उन से $अ_१$ तुल्य झुका हो तो स्पष्ट है कि $\int$ फ(य) ताय इस

के स्थान में $\int$ फ(य) ज्याअ$_1$ताय इस को लेने से घनफल का मान आ जायगा।

१६९। १६७वें प्रक्रम से सिद्ध है कि घ = $\int$ फ (य) ताय इस लिये फ(य) को कल्पना कर लें कि किसी वक्र की कोटि र है तो १३८वें प्रक्रम की युक्ति से तीन समानान्तर वा चार समानान्तर धरातलों से जिन का परस्पर अन्तर = च है छेदित प्रदेश के फलों से आद्यन्त धरातलान्तर्गत घन फल का स्वल्पान्तर से मान $\frac{च}{३}$ (आ$_०$ + ४ आ$_१$ + आ$_२$) वा $\frac{३च}{८}$ { आ$_०$ + आ$_३$ + ३(आ$_१$ + आ$_२$) } यह होगा जहाँ र$_०$, र$_१$, इत्यादि के स्थान में आ$_०$, आ$_१$ इत्यादि को रख दिया है।

१७०। १५६वें प्रक्रम से सिद्ध है कि घ = $\int \pi$ र^२ ताय परन्तु

πर^२ = $\int$ २ π र तार इस लिये द्विगुण चलानयन की रीति से घनफल को $\int\int$ २ π र तार ताय = २ $\pi \int\int$ र तार ताय इस से प्रकाश कर सकते हैं। ११४वें प्रक्रम के क्षेत्र को यदि य अक्ष के चारो ओर घुमावें तो द ट चतुर्भुज से एक वलय उत्पन्न होगा जिसका घनफल स्वल्पान्तर से २ πर $\triangle$ य $\triangle$ र यह होगा और एक स्तम्भ में जितने चतुर्भुज हैं सब से उत्पन्न वलयों के घनफल का योग $\triangle$ य $\int_{फ(य)}^{फा(य)}$ २ π र तार अर्थात्

$\triangle$ य × २π $\int_{फ(य)}^{फा(य)}$ र तार = π $\triangle$ य [{ फा(य) }^{२} − { फ(य) }^{२}] यह होगा

इस लिये काता कत के घूमने से जो घनक्षेत्र होगा उस का घनफल

$$= \pi \int_{अगा}^{अचा_1} [\{ फा(य) \}^२ - \{ फ(य) \}^२] ताय$$

$$= \int_{य_1}^{य_२} \int_{फ(य)}^{फा(य)} २\pi र \; तार \; ताय$$

$$= २\pi \int_{य_1}^{य_२} \int_{फ(य)}^{फा(य)} र \; तार \; ताय$$ यदि अचा = य$_२$, अगा = य$_१$

ऊपर के $\pi\int_{\text{अगा}}^{\text{अचा}_1}$ [{ फा(य) }^{2}— { फ(य) }^{2}] ताय इस समीकरण में यदि फा(य) के स्थान में फ (य) और फ (य) के स्थान में फा(य) को रख दें तो ठीक १६३वें प्रक्रम का समीकरण हो जायगा।

१७१। यदि जिन वक्रों के क्रम से य = फ(र), य = फा(र) ये समीकरण हैं उन के चाप से और जिन रेखाओं के क्रम से र = र_1, र = र_2 ये समीकरण हैं उन से बना हुआ क्षेत्र य अक्ष के चारो ओर घूम कर घनक्षेत्र बनावे तो ऊपर की युक्ति से उसका घनफल = $2\pi\int_{\text{र}_1}^{\text{र}_2}\int_{\text{फा(र)}}^{\text{फ(र)}}$ र ताय तार ऐसा होगा इस का ताय के वश यदि चल बना लो तो

$$\text{घ} = 2\pi\int_{\text{र}_2}^{\text{र}_1} \{ \text{फ(र)—फा(र)} \} \text{ र तार}$$

१७२। ऊपर के प्रक्रमों की व्याप्ति दिखलाने के लिये ११६वें प्रक्रम का क्षेत्र लो। कल्पना करो कि अलक वक्र क्षेत्र य अक्ष के चारो ओर घूम कर जो घन क्षेत्र बनाया उसका घनफल जानना है तो स्पष्ट है कि कनल के घूमने से जो अर्द्ध-गोल होगा और अनल के घूमने से जो परवलय संबन्धि घनक्षेत्र होगा उनके घनफलों के अन्तर के समान अभीष्ट घनफल होगा। इन दोनों घनक्षेत्रों का घन-फल पिछले प्रक्रमों से विदित है इसलिये अभीष्टघनक्षेत्र का घनफल भी इन दोनों के अन्तर पर से विदित होगा इसलिये द्विगुण चलानयन से जो इसका घनफल निकलेगा उसकी जाँच अच्छी तरह से इस उदाहरण में होगी अर्थात् दोनों रीति से फलों का मान एक हो जानेसे मन भर जायगा मानो कि न मूल विन्दु और नक य अक्ष में धनात्मक मार्ग है तो अल वक्र का समीकरण $\text{र}^2 = 4$ अ (अ—य) और कल का $\text{र}^2 = 4\,\text{अ}^2 - \text{य}^2$ यह होगा।

इस लिये ऊपर के प्रक्रम की युक्ति से अभीष्ट घनफल

$$= \int_{0}^{2\text{अ}} \int_{\frac{4\text{अ}^2-\text{र}^2}{4\text{अ}}}^{\sqrt{(4\,\text{अ}^2-\text{र}^2)}} 2\pi \text{ र ताय तार}$$

इसी जगह यदि यह इच्छा होकि पहले र के वश से चलानयन करें तो अलक का अफ रेखा से दो विभाग करने से

घ = वृत्त खण्ड का घ· फ + परवलय के खण्ड का घ· फ

$$= \int_{अ}^{२अ}\int_{०}^{\sqrt{(४अ^2-य^2)}} २\pi र\, तार\, ताय$$

$$+ \int_{०}^{अ}\int_{\sqrt{(४अ^2-४अय)}}^{\sqrt{(४अ^2-य^2)}} २\pi र\, तार\, ताय$$

इसी जगह यदि य अक्ष के चारो ओर घलग के घूमने से जो घनक्षेत्र बने उसका घनफल अपेक्षित हो तो मान लो कि य अक्ष की धनात्मक दिशा नघ की ओर है तब न को मूल विन्दु मानने से लग का समीकरण $र^2 = ४ अ (अ + य)$ और लघ का $र^2 = ४ अ^2 - य^2$ यह होगा।

इस लिये अपेक्षित घनफल $= \int_{०}^{२अ}\int_{\sqrt{(४अ^2-य^2)}}^{\sqrt{(४अ^2+४अय)}} २\pi र\, तार\, ताय$

इसी स्थान में यदि पहले य के वश से चल अपेक्षित हो तो लल, रेखा से अभीष्ट क्षेत्र का दो विभाग कर देने से

घ = वृत्तखण्ड का घ फ + परवलयखण्ड का घ फ

$$= \int_{०}^{२अ}\int_{\sqrt{(४अ^2-र^2)}}^{२अ} २\pi र\, ताय\, तार$$

$$+ \int^{२अ\sqrt{३}}\int_{\frac{र^2-४अ^2}{४अ}} २\pi र\, ताय\, तार$$

१७३। यदि क्षेत्र र अक्ष के चारो ओर घूमने से घनक्षेत्र बनावे तो य, र को परस्पर बदल देने से ऊपर की युक्ति से सहज में सिद्ध हो जायगा कि $घ = \int\int २\pi य\, ताय\, तार$ ।

१७४। किसी घनक्षेत्र के पृष्ठ में एक प विन्दु और इस विन्दु के बहुत ही पास दूसरी व विन्दु लेकर दोनों विन्दुओं में लगा कर यल, रल धरातलों के समानान्तर दो दो धरातलों को बनावो तो घनक्षेत्र के भीतर एक आयत आधार के ऊपर समखात बन जायगा जिस के आधार का भुज य, कोटि र और वेध, ल होगा इस लिये समखात का घनफल = ल $\triangle$ य $\triangle$ र । $\triangle$ य, $\triangle$ र को बहुत छोटा मानने से समखात का घनफल = ल तार ताय, इस लिये समग्र घनफल = $\int\int$ ल तार ताय इस में पहले यदि $\int$ ल तार इस का मान निकालो तो स्पष्ट है

कि यह य अक्ष पर लम्ब जो धरातल है उस से छेदित प्रदेश का फल होगा इसे यदि फ(य) के बराबर मान लो तो समग्र घनफल $= \int$ फ(य) ताय यही १६४वें प्रक्रम से भी सिद्ध हुआ है।

इसी में यदि पहले $\int$ ल ताय इस का मान निकालो तो यह र अक्ष पर लम्ब रूप धरातल जो होगा उस से छेदित प्रदेश का फल होगा इस लिये इस को यदि फ(र) कहो तो ऊपर की युक्ति से समग्र घनफल $= \int$ फ(र) तार। सर्वत्र सीमाओं का विचार कर घनफल निकालना चाहिये।

१७५। दैर्घ्यवृत्तीय घनक्षेत्र का अष्टमांश घनफल (जिस के पृष्ठ का समीकरण $\frac{य^2}{अ^2} + \frac{र^2}{क^2} + \frac{ल^2}{ग^2} = १$ यह है) जानना हो तो यहाँ

$$ल = ग\sqrt{\left(१ - \frac{य^2}{अ^2} - \frac{र^2}{क^2}\right)}$$

इस लिये $घ = ग\int\int\sqrt{\left(१ - \frac{य^2}{अ^2} - \frac{र^2}{क^2}\right)}$ तार ताय

यहाँ पहले $\int\sqrt{\left(१ - \frac{य^2}{अ^2} - \frac{र^2}{क^2}\right)}\,तार = क\int\sqrt{\left(१ - \frac{य^2}{अ^2} - \frac{र^2}{क^2}\right)}\frac{तार}{क}$

$$= क\left\{\frac{र}{२क}\sqrt{\left(१ - \frac{य^2}{अ^2} - \frac{र^2}{क^2}\right)} + \frac{\left(१ - \frac{य^2}{अ^2}\right)}{२}\, ज्या^{-१}\frac{र}{क\sqrt{\left(१ - \frac{य^2}{अ^2}\right)}}\right\}$$

इस में $र = ०$ और $र = क\sqrt{१ - \frac{य^2}{अ^2}}$ के भीतर का चल

$= \frac{\pi क}{४}\left(१ - \frac{य^2}{अ^2}\right)$। इस लिये $घ = \int\frac{\pi\, क\, ग}{४}\left(१ - \frac{य^2}{अ^2}\right)$ ताय

$= \frac{\pi\, क\, ग}{४}\left[य - \frac{य^3}{३अ^2}\right]$ ० और अ के बीच य के मान में समग्र का $\frac{१}{८}$ घनफल $= \frac{\pi क ग}{४}\left(अ - \frac{अ^3}{३अ^2}\right) = \frac{\pi क ग}{४}\cdot\frac{२अ}{३} = \frac{\pi अ क ग}{६}$ इस को ८ से गुण देने से सम्पूर्ण घनफल $= \frac{४\pi अकग}{३}$। यही १६५वें प्रक्रम में भी सिद्ध हुआ है।

१७६। जिसके पृष्ठ का समीकरण य र = अल है उस से यर धरातल से और जिन चारो धरातलों का क्रम से $य = य_१$, $य = य_२$, $र = र_१$, $र = र_२$ ये समीकरण हैं उन से बने हुए घनक्षेत्र का घनफल जानना है।

यहाँ १७४वें प्रक्रम की युक्ति से

$$घ = \int_{य_1}^{य_2}\int_{र_1}^{र_2} \frac{यर}{अ}\ तार\ ताय = \frac{१}{२अ}\int_{य_1}^{य_2} (र_2^2 - र_1^2) य\ ताय$$

$$= \frac{१}{४अ}(र_2^2 - र_1^2)(य_2^2 - य_1^2)$$

$$= \frac{१}{४अ}(य_2 - य_1)(र_2 - र_1)\{य_1 र_1 + य_2 र_2 + य_1 र_2 + य_2 र_1\}$$

$$= \frac{१}{४}(य_2 - य_1)(र_2 - र_1)(ल_1 + ल_2 + ल_3 + ल_4)$$

जहाँ $ल_1$, $ल_2$, $ल_3$, $ल_4$ ये चारो कोनों के क्रम से शङ्कु हैं

यहाँ पर यह मान लिया गया है कि सीमाओं के भीतर सर्वत्र यर धन है।

१७७। जिस धरातल का समीकरण $ल = ०$, वृत्त का $(य - च)^2 + (र - ज)^2 = ग^2$ और घन के पृष्ठ का $य\ र = अ\ ल$ यह है उन से बने घनक्षेत्र का घनफल जानना है।

यहाँ वृत्त के समीकरण से र की सीमा $ज - \sqrt{\{ग^2 - (य - च)^2\}}$ और $ज + \sqrt{\{ग^2 - (य - च)^2\}}$ ये होंगी इस लिये १७४वें प्रक्रम की युक्ति से

$$घ = \int\int \frac{य\ र}{अ} तार\ ताय = \frac{१}{अ}\int\int यर\ तार\ ताय$$

$$= \frac{२ज}{अ}\int य\sqrt{\{ग^2 - (य - च)^2\}}\ ताय$$

जहाँ य की सीमा $च - ग$, $च + ग$, ये हैं

और $\frac{२ज}{अ}\int य\sqrt{\{ग^2 - (य - च)^2\}}\ ताय = \int (य - च)\sqrt{\{ग^2 - (य - च)^2\}} ताय$

$+ च\int \sqrt{\{ग^2 - (य - च)^2\}}$ ताय यदि $य - च = त$ तो ऊपर का घनफल

$$= \frac{२ज}{अ}\int त\sqrt{\{ग^2 - त^2\}}\ तात + च\int\sqrt{\{ग^2 - त^2\}} तात$$

यहाँ त की सीमा $-ग$, $+ग$ है इस लिये सीमाओं के भीतर ऊपर के चल का मान निकालने से अभीष्ट घनफल $= \frac{ज\ च\ ग^2 \pi}{अ}$,

यहाँ भी यह मान लिया गया है कि सीमाओं के भीतर यर धन है अर्थात् $(य - च)^2 + (र - ज)^2 = ग^2$ इस वृत्त का सब भाग प्रथम वा तृतीय पद में है ऐसा समझ कर तब ऊपर का घनफल निकाला गया है।

१७८। यदि घनक्षेत्र को ऐसे धरातलों से काटें जिस में शङ्कु मूल के

अक्षीय समीकरण के वश श्रुताश्रुताप यह आधार का फल हो तो समखात का फल लश्रुताश्रुताप यह होगा इस लिये घ $= \int$ लश्रुताश्रुताप । यहाँ श्रु^{2} = य^2 + र^2

जैसे जिस धरातल का ल = ०, और दो पृष्ठों का य^2 + र^2 = ४ अ ल,

र^2 = २ गय—य^2 ये समीकरण हैं उन से बने घनक्षेत्र का फल जानना है तो यहाँ $\frac{\text{श्रु}^2}{४\text{अ}}$ = ल और श्रु, प की ऐसी सीमा होगी जिस में चल का फैलाव र^2 = २ गय − य^2 इस वृत्त के संपूर्ण फल तक हो तो यहां श्रु$_1$ = २ ग कोज्याप ऐसा मानने से अभीष्ट घनफल

$$= \int_{-\frac{\pi}{२}}^{\frac{\pi}{२}} \int_{0}^{\text{श्रु}_1} \frac{\text{श्रु}^3}{४\text{अ}} \text{ताश्रु ताय} = \frac{\text{ग}^४}{\text{अ}} \int_{-\frac{\pi}{२}}^{\frac{\pi}{२}} \text{कोज्या}^४\text{पताप}$$

$$= \frac{२\ \text{ग}^४}{\text{अ}} \times \frac{३}{४} \times \frac{१}{२} \times \frac{\pi}{२} = \frac{३\pi\ \text{ग}^४}{८\ \text{अ}} \text{(खण्डचलानयन से)}$$

१७९। जिस पृष्ठ का ल = अ $\text{इ}^{-\frac{\text{य}^2 + \text{र}^2}{\text{ग}^2}}$ = अ$\text{इ}^{-\frac{\text{श्रु}^2}{\text{ग}^2}}$ यह समीकरण है उस से और यर अक्ष से बने घनक्षेत्र का घनफल जानना हो तो यहाँ पृष्ठ के समीकरण से स्पष्ट है कि मूल विन्दु से चारो ओर अनन्त दूर तक पृष्ठ फैला हुआ है इस लिये य की सीमा ०, और २ π होगी

और श्रु की ०, और ∞ होगी इस लिये घ $= \int\int$ अ $\text{इ}^{-\frac{\text{श्रु}^2}{\text{ग}^2}}$ श्रुताश्रुताप

इस में $\int \text{इ}^{-\frac{\text{श्रु}^2}{\text{ग}^2}}$ श्रुताश्रु इस का मान $= -\frac{\text{इ}^{-\frac{\text{श्रु}^2}{\text{ग}^2}}}{२}$ ग^2 यह होगा

इस लिये $\int_0^\infty \text{इ}^{-\frac{\text{श्रु}^2}{\text{ग}^2}}$ श्रताश्रु $= \frac{\text{ग}^2}{२}$ और तब अभीष्ट घनफल का प्रमाण

$$= \int_0^{२\pi} \int_0^{\infty} \text{अ}\ \text{इ}^{-\frac{\text{श्रु}^2}{\text{ग}}} \text{श्रुताश्रुताप} = \text{अ} \int_0^{२\pi} \frac{\text{ग}^2}{२} \text{ताय} = \frac{२\pi\text{अग}^2}{२} = \pi\text{अग}^2$$

१८०। १७४वें प्रक्रम में जो समखात का फल लतायतार यह निकाला है इसका ल अक्ष पर लम्ब जो धरातल है उन से अनन्त विभाग कर डालें तो एक

विभाग वा समखात घनफल की तात्कालिकी गति = ताल तार ताथ यह होगी इस लिये घनक्षेत्र के घनफल का मान त्रिगुण चलानयन की रीति से $\int\int\int$ ताल तार ताय यह होगा।

१८१। जिस नलक का $य^2+र^2-२ अ य=०$ यह समीकरण है उसके यदि उस खण्ड का घनफल जानना चाहते हो जो कि $ल = य\ स्पअ_1$, $ल = यस्पक_1$ इन धरातलों से नलक के कटने से उत्पन्न हुआ है तो यहाँ नलक के समीकरण से $र^2 = २\ अ\ य - य^2 = र_1^2\ \therefore\ र_1 = \sqrt{(२\ अ\ य - य^2)}$

$$\text{अब १८० प्रक्रम की युक्ति से } घ = \int_0^{२अ}\int_{-र_1}^{र_1}\int_{य\ स्प\ अ_1}^{य\ स्प\ क_1} तालतारताय$$

$$= \int_0^{२अ}\int_{-र_1}^{र_1}(यस्पक_1 - यस्पअ_1)तार\ ताय$$

$$= \int_0^{२अ}(स्पक_1 - स्पअ_1)\ २य\sqrt{(२अय - य^2)}ताय$$

$$= २(स्पक_1 - स्पअ_1)\frac{\pi\ अ^3}{२}\text{।}$$

१८२। १७८वें प्रक्रम में समखात का आधार जिस का फल, श्रुता श्रुताष यह है उसे मान लो कि यर के धरातल में है अब इस आधार को स्थिररेखा अर्थात् य अक्ष के चारो ओर घुमावो तो स्पष्ट है कि इस आधार के घूमने से एक घनवलय होगा जिसका घनफल = $२\pi र$श्रुताश्रुताष = २π श्रुज्याष श्रुताश्रुताष यह होगा और पूरा फेरा करने में आधार का धरातल यर धरातल से २π कोण उत्पन्न करेगा इस लिये बहुत पास पास के दो स्थानों में आधार के धरातल के आने में यर धरातल से उत्पन्न कोण का मान क्रम से $ष_1$, $ष_1 +$ ताष$_1$ मानो तो घनवलय के घनफल का परमाल्प विभाग वा तात्कालिकी गति = ताष$_1$ श्रुज्यायश्रुताश्रुताय = श्रु^{2}ज्याषताश्रुताषताष$_1$ इस लिये उचित सीमाओं के वश से सम्पूर्ण घनक्षेत्र का घनफल घ = $\int\int\int$ श्रु^{2}ज्याष ताश्रुताषताष$_1$

जैसे जिस गोल का व्यासार्द्ध अ है उसके अष्टमांश का घनफल जानना है तो पहले $\int$ श्रु^{2} ताश्रु = $\frac{श्रु^3}{३}$ इस में ०, और अ के बीच श्रु के मान

में चल $= \frac{अ^३}{३}$

तब $घ = \int\int \frac{अ^३}{३}$ ज्याषताषताष$_१$

इस तरह से पहले र के वश चल ले आने से श्रु^{२}ज्याष श्रु ष ष$_१$

इन सब अवयवों का योग जो कि एक सूची के (जिसके आधार का फल = अ^{२}ज्याष ष ष$_१$ और वे = अ) समान है आया।

फिर ष के वश चल ज्ञान करने से

$$\int ज्याष\ ताष = - कोज्याष,$$

यहाँ ष की सीमा ० और $\frac{\pi}{२}$ मानने से

$$घ = \int \frac{अ^३}{३} ताष_१$$

इस तरह यहाँ ष के वश चलानयन से $\frac{अ^३}{३}$ ज्याष $\triangle$ष $\triangle$ष$_१$ इस चाल को ष$_१$ और ष + ष$_१$ के भीतर जितनी सूचियाँ हैं उनका योग आया।

फिर सब के पीछे ष$_१$ के वश से चल ज्ञान करने से और ष$_१$ की सीमा ० और $\frac{\pi}{२}$ मानने से गोल के अष्टमांश घनफल का मान = घ = $\frac{\pi अ^३}{६}$

१८३। एक समसूच्याकार शङ्कु का शिरःस्थान एक गोल के पृष्ठ पर है और शिरःस्थान से गोलगर्भ तक जो रेखा गई है वही शङ्कु का अक्ष है। गोल का व्यासार्द्ध अ और शङ्कु का शिरःकोणार्द्ध अ$_१$ है तो शङ्कु के आधार के गोल के पृष्ठ में लगने से शङ्कु पृष्ठ और गोल पृष्ठ के भीतर जो घनक्षेत्र होगा उसका घनफल जानना हो तो शङ्कु के शिरःस्थान को मूलविन्दु मानने से गोल-पृष्ठ का अक्षीयसमीकरण

श्रु = २अकोज्याष यह होगा। इस लिये अभीष्ट

$$घनफल = \int_०^{२\pi}\int_०^{अ_१}\int_०^{२अकोज्याय} श्रु^२ज्याषताश्रुताषताष_१$$

१८४। इसी प्रकार श्रु = अ(१ + कोज्याष) इस वक्र के स्थिर रेखा के चारो ओर घूमने से जो घनक्षेत्र होगा उसका घनफल।

$$घ = \int_०^{२\pi}\int_०^{\pi}\int_०^{अ(१ + कोज्याष)} श्रु^२ज्याषताश्रुताषताष_१$$

$= \int_0^{\pi} \int_0^{2\pi} \int_0^{\text{अ}(1+\text{कोज्याष})}$ श्रु^{2}ज्याष ताश्रुताष$_1$ ताष (६३वें प्रक्रम से)

$= \frac{2\pi \text{ अ}^3}{3} \int_0^{\pi} (1+\text{कोज्याष})^3$ ज्याषताष इसका मान १२वें प्रक्रम के १५वें उदाहरण से वा खण्डचलानयन से $\frac{\pi \, 8 \text{ अ}^3}{3}$ यह होगा।

१८५। जिन दो घनक्षेत्रों के पृष्ठ का समीकरण (१) फ $\left(\frac{\text{य}}{\text{अ}}, \frac{\text{र}}{\text{क}}, \frac{\text{ल}}{\text{ग}}\right) = 0$

(२) फ(य, र, ल) = ० ये हों तो यदि

$\frac{\text{य}}{\text{अ}} = \text{य}'$, $\frac{\text{र}}{\text{क}} = \text{र}'$, $\frac{\text{ल}}{\text{ग}} = \text{ल}'$ तो

लतायतार = अकग ल' ताय' तार'

इस लिये १७४वें प्रक्रम से

(१) का घ = $\int\int$ लतायतार = $\int\int$ अकगल'ताय'तार' = अलक × (२)का घ।

जैसे दैर्घवृत्तीय घनक्षेत्र के पृष्ठ का समीकरण $\frac{\text{अ}^2\text{य}^2}{\text{अ}^2} + \frac{\text{अ}^2\text{र}^2}{\text{क}^2} + \frac{\text{अ}^2\text{ल}^2}{\text{ग}^2} - \text{अ}^2 = 0$

और गोल का $\text{य}^2 + \text{र}^2 + \text{ल}^2 - \text{अ}^2 = 0$ यह है इस लिये

दैर्घवृत्तीयघनक्षेत्र का घनफल $= \frac{\text{अकग} \times}{\text{अअअ}}$ गोल का घनफल

$= \frac{4\pi\text{अ}^3 \times \text{अकग}}{3 \times \text{अ}^3} = \frac{4\pi\text{अकग}}{3}$ यही १६५वें प्रक्रम में भी सिद्ध हुआ है।

इस प्रकार से ऊपर कहे हुए सिद्धान्तों से सैकड़ों नये सिद्धान्त उत्पन्न होते हैं जिन के बल से बड़े बड़े कठिन प्रश्नों का उत्तर सहज में निकल सकता है। विद्यार्थियों को चाहिये कि जिस प्रश्न में जिस सिद्धान्त से सहज में उत्तर निकलने की आशा पाई जाय उसका उत्तर बड़ी सावधानी से उसी सिद्धान्त से निकालें। उत्तर निकालने में सीमाओं का विचार बड़ी सावधानी से करना चाहिये क्योंकि सीमा ही से तो क्षेत्र बँधा है और जब सीमा ही बिगड़ गई तो क्षेत्र ही दूसरा हो गया इस लिये जिस का फल अपेक्षित है उस का फल सीमाओं के बिगड़ जाने से कथमपि न निकलेगा। जहाँ कहीं सीमाओं में संशय जान पड़े वहाँ वक्र क्षेत्र की आकृति बनाकर सीमाओं का ज्ञान कर लो।

अभ्यास के लिये प्रश्न ।

१। जिस वक्र का $यर = अ^{२}$ यह समीकरण है उसके चाप के य अक्ष के चारो ओर घूमने से जो घनक्षेत्र होगा उसका क्या पृष्ठफल होगा ।

२। $र = \frac{क}{अ} इ^{\frac{य}{ग}}$ यह वक्र य अक्ष के चारो ओर घूमकर जो घनक्षेत्र बनाता है उसका पृष्ठफल क्या होगा ।

३। चक्रालद् यदि शिरःस्थानगतस्पर्शरेखा के चारो ओर घूमकर घनक्षेत्र बनावे तो उसका सम्पूर्ण पृष्ठफल क्या होगा ।

उ० $\frac{३२\pi क^{२}}{३}$

४। यदि चक्रालद् अपने आधार के चारो ओर घूमकर घनक्षेत्र बनावे तो उसका सम्पूर्ण पृष्ठफल क्या होगा । उ० $\frac{६४\pi क^{२}}{३}$

५। त्रीतर (Tractory) य अक्ष के चारो ओर घूमकर जो घनक्षेत्र बनाता है उसका सम्पूर्ण पृष्ठफल बतावो (९१वाँ प्रक्रम देखो) उ० $४\pi ग^{२}$

६। एक गोल को दो तुल्य समतलपरिधि रूप शङ्कु से (जो कि गर्भक्षितिज पर लम्ब है और जिन के आधार वृत्त का व्यास गोल के व्यासार्द्ध तुल्य हैं और जिन के अक्ष गोल के उन व्यसार्द्धों का सम द्विभाग करते हैं जिनके योग से गर्भक्षितिज का व्यास बनता है) आर पार छेद डाला तो अवशिष्ट गोल के भाग का पृष्ठफल क्या होगा ।

उ० अवशिष्ट भाग का पृष्ठफल गोल व्यास के वर्ग का दूना होगा (१५२ प्रक्रम का (१) उदाहरण देखो । सीमा का विचार अच्छी तरह से करलो)

७। जिस वक्र का $र = अ \pm अ\, ला\, \frac{य}{अ}$ यह समीकरण है वह यदि य अक्ष के चारो ओर घूमकर घनक्षेत्र बनावे तो $य = अ$, $य = अक$ इस के भीतर के खण्ड का क्या पृष्ठफल होगा ।

$$उ०\ ४\pi अ^{२} \left\{ \sqrt{(१ + क^{२})} - \sqrt{२} + ला \frac{क\,(१ + \sqrt{२})}{१ + \sqrt{(१ + क^{२})}} \right\}$$

८। जिस वक्र के समीकरण पर से $र^{२} ताय = -(अ^{२} - र^{२})^{\frac{१}{२}} रतार$ ऐसा सिद्ध हो य अक्ष के चारो ओर उसके घूमने से जो घनक्षेत्र होगा उस का सम्पूर्ण पृष्ठफल क्या होगा । उ० $२\pi अ^{२}$ ।

९। एक गोल को एक समतलमस्तकपरिधि रूप शङ्कु से छेद डाला तो छेदित प्रदेश का क्या पृष्ठफल होगा। इस प्रश्न में इतना जानते हैं कि गोल की परिधि से शङ्कु की आधार परिधि आधी है और शङ्कु का एक पृष्ठसूत्र गोलगर्भ में होकर जाता है।

उत्तर, यदि गोल का व्यासार्द्ध = अ तो अभीष्ट पृष्ठफल $= २\pi अ^२ - ४अ^२$।

१०। एक गोल जिसका व्यासार्द्ध १५ हाथ है उन दो समानान्तर धरातलों से काटा गया केन्द्र से जिनका अन्तर क्रम से ३, ७ हाथ हैं तो धरातलों के बीच में जो गोलखण्ड है उसका पृष्ठफल क्या होगा।

उ० ३७६.९९०८ वर्ग हस्त।

११। पृथ्वी के पृष्ठ से कितनी ऊँचाई पर पृथ्वी के पृष्ठ भाग की तिहाई देख पड़ेगी। उ० पृथ्वी के व्यास के समान ऊँचाई पर।

१२। एक समसूच्याकार शङ्कु के भीतर एक गोल बना हुआ है गोल का व्यासार्द्ध त्रि और गोल के केन्द्र और शङ्क्वग्र का अन्तर (अ) है तो शङ्कु और गोल के पृष्ठफलों में क्या सम्बन्ध होगा। उ० $स = \frac{अ^२ - त्रि^२}{४अ\ त्रि}$

१३। अ, क गोल के व्यासार्द्ध क्रम से ३ और ४ हाथ हैं इन के पृष्ठफल के योग के समान ग गोल का पृष्ठफल है तो बतावो कि ग गोल का क्या व्यासार्द्ध होगा। उ० ५ हाथ

१४। यदि एक त्रिभुज जो कि य अक्ष के एकही ओर है य अक्ष के चारो ओर घूमने से घनक्षेत्र बनावे तो उसका पृष्ठफल कैसे निकालोगे। हर एक भुज को बढ़ाकर य अक्ष से मिला दो तो त्रिभुज के घूमने से वर्धित भुज भी घूमकर समसूची बनावेंगे फिर इन सूचियों के पृष्ठसूत्रों की सीमा तीनों भुज क्रम से कल्पना कर सूची खण्ड के पृष्ठफलों के योग से अभीष्ट पृष्ठफल जानलो।

१५। दो समानान्तर धरातलों के काटने से एक गोल खण्ड ऐसा उत्पन्न हुआ कि उसके मुखपरिधि का व्यासार्द्ध (अ) आधार परिधि का व्यासार्द्ध (क) और गोलखण्ड की ऊँचाई (उ) ठीक ठहरी तो उस गोलखण्ड का समग्र पृष्ठफल क्या होगा।

$$उ० \left[\pi\left\{२उ\sqrt{अ^२ + \left\{\frac{क^२ - अ^२ + उ^२}{२उ}\right\}^२} + क^२ + अ^२\right]$$

१६। $र = अ^2 (क + य)$ यह वक्र य अक्ष के चारो ओर घूमकर जो घन-क्षेत्र बनाता है उसका घनफल सिद्ध करो कि

$$\frac{\pi\, अ^2 (क+य)^3}{६} + स्थि \text{ यह होगा}$$

१७। य अक्ष के चारो ओर घूमकर यदि $र^2 (य — अ क) = अ_1 य (य — गक)$ यह वक्र घनक्षेत्र वनावे तो सिद्ध करो कि

$$घ_2 - घ_1 = \pi अ_1 \left\{ \frac{य_2^2 — य_1^2}{२} + क(अ-ग)(य_2 - य_1) + अक^2 (अ-ग) ला \frac{य_2 - अक}{य_1 - अक} \right\}$$

१८। य अक्ष के चारो ओर घूमकर यदि $र^2 = \frac{अय(य-३अ)}{य-४अ}$ यह अक्ष घन-क्षेत्र वनावे तो ० और ३अ, य के मान में क्या घनफल होगा।

उ० $\frac{\pi\, अ^3}{२}$ (१५—१६ ला २)

१९। शिरः स्थानगत स्पर्श रेखा के चारो ओर घूमकर चक्रालद जो घनक्षेत्र बनाता है उसका क्या घनफल होगा उ० $\pi^2 अ^3$।

२०। यदि आधार के चारो ओर चक्रालद घूमे तो क्या घनफल होगा।

उ० $५\pi\, अ^3$

२१। अपने असीमपथ के चारो ओर घूमने से जो घनक्षेत्र $र^2 = \frac{य^3}{२अ-य}$ यह वक्र वनाता है उसका घनफल क्या होगा। उ० $२\pi^2 अ^3$

२२। अपने असीमपथ के चारो ओर घूमने से जो घनक्षेत्र $र^2 = \frac{४ अ^2 (२ अ — य)}{य}$ यह वक्र वनाता है उसका घनफल क्या होगा।

उ० $४\pi^2 अ^3$।

२३। जिस वक्र का $(र — क^2)^2 = १६ अ^3 य$ यह समीकरण है वह र अक्ष के चारो ओर घूमकर जो घनक्षेत्र वनाता है उस में चारो ओर से घिरा हुआ जो भाग है उस का घनफल क्या होगा। उ० $\frac{\pi\, क^9}{३१५ अ^6}$

२४। जिस गोलखण्ड में मुखव्यासार्द्ध ($र_1$) आधार व्यासार्द्ध ($र_2$) ऊँचाई (वे) उसका घनफल क्या होगा। उ० $\frac{\pi\, वे}{६} \left\{ वे^2 + ३ (र_1^2 + र_2^2) \right\}$

२४। जिस वक्र का $र^2 = २ मय + नय^2$ यह समीकरण है वह यदि य अक्ष के चारो ओर घूमकर घनक्षेत्र बनावे तो सिद्ध करो कि

$$घ_२ — घ_१ = \frac{\pi(य_२ — य_१)}{२}\left\{र_२^२ + र_१^२ — \frac{१}{३}(य_२ - य_१)^२\right\}$$

२५। एक समसूची (जिस का शिरःकोण ६०° है) के भीतर एक गोल है जो कि सूची के आधार और पृष्ठसूत्रों को स्पर्श करता है। यदि गोल का व्यासार्द्ध (त्रि) हो तो गोल और सूची से बने घनक्षेत्र का क्या घनफल होगा।

उ० $\frac{\pi\, त्रि^३}{६}$

२६। य अक्ष के चारो ओर घूमने से जो घनक्षेत्र $श्रु^४ = अ^२(य^२ — र^२)$ यह वक्र बनाता है उस का क्या घनफल होगा।

उ० $\frac{\pi\, अ^३}{२}\left\{\frac{१}{\sqrt{२}}\, ला\,(१ + \sqrt{२}) — \frac{१}{३}\right\}$

२७। जिस वक्र में $श्रु^४ = अ^२य^२ + क^२र^२$ हैं वह य अक्ष के चारो ओर घूमकर जो घनक्षेत्र बनाता है उस का घनफल निकालो।
इस में अ $>$ क समझो।

उ० $\frac{\pi}{६}(२\, अ^२ + ३\, क^२)अ + \frac{\pi\, क^४}{२\sqrt{(अ^२ - क^२)}}\, ला\, \frac{अ + \sqrt{(अ^२ — क^२)}}{क}$

२८। २७ वें प्रश्न में यदि अ = क तो घनक्षेत्र का क्या फल होगा।

उ० $\frac{४\, \pi\, अ^३}{३}$।

२९। २७ वें प्रश्न का वक्र यदि र अक्ष के चारो ओर घूमे तो घनक्षेत्र का क्या घनफल होगा।

उ० $\frac{\pi}{६}(२क^२ + ३अ^२)क + \frac{\pi\, अ^४}{२\sqrt{(अ^२ — क^२)}}\, ज्या^{-१}\, \frac{\sqrt{अ^२ — क^२}}{अ}$

३०। जिस के पृष्ठ का $\frac{य^२}{अ^२} + \frac{र^२}{क^२} + \frac{ल^४}{ग^४} = १$ यह समीकरण है उसका सम्पूर्ण घनफल क्या होगा। उ० $\frac{८\, \pi\, अ क ग}{५}$

३१। जिसके पृष्ठ का $\frac{य^२}{अ^२} + \frac{र^२}{क^२} = २\, ल$ यह समीकरण है उसे यदि यर धरातल के समानान्तर धरातल (जिसमें ल = ग) से काटें तो कटे खण्ड का क्या घनफल होगा। उ० π अ क $ग^२$

३२। जिस के पृष्ठ का $\frac{य^२}{अ^२} + \frac{र^२}{क^२} = \frac{२\, ल}{ग} - \frac{ल^२}{ग^२}$ यह समीकरण है उसे

यदि यर धरातल के समानान्तर धरातल (जिसमें ल = च) से काटें तो कटे खण्ड का क्या घनफल होगा।

$$\text{उ० } \pi \text{ अ क } \left\{ \frac{\text{च}^2}{\text{ग}} - \frac{\text{च}^3}{3\text{ग}^2} \right\}$$

३३। जिसके पृष्ठ का $\left(\frac{\text{य}}{\text{अ}}\right)^{\frac{1}{2}} + \left(\frac{\text{र}}{\text{क}}\right)^{\frac{1}{2}} + \left(\frac{\text{ल}}{\text{ग}}\right)^{\frac{1}{2}} = 1$ यह समीकरण है उसका प्रथम पद में जो खण्ड है उसका क्या घनफल होगा। उ० $\frac{\text{अकग}}{90}$

३४। जिस के पृष्ठ का $\left(\frac{\text{य}}{\text{अ}}\right)^{\frac{2}{3}} + \left(\frac{\text{र}}{\text{क}}\right)^{\frac{2}{3}} + \left(\frac{\text{ल}}{\text{ग}}\right)^{\frac{2}{3}} = 1$ यह समीकरण है उसका सम्पूर्ण घनफल क्या होगा। उ० $\frac{4 \text{ अ क ग}}{35}$

३५। जिसके पृष्ठ का $(\text{य}^2 + \text{र}^2 + \text{ल}^2)^3 = 27\text{अ}^3\text{यरल}$ यह समीकरण है उसका सम्पूर्ण घनफल क्या होगा। उ० $\frac{9\text{अ}^3}{2}$

(१८२ प्रक्रम देखो और ध्रुव का परमाधिक मान समीकरण को अक्षीय समीकरण में बदल $\frac{3\text{अ}}{2\sqrt[3]{2}}$ यह जान लो)

३६। जिस त्रिभुज के तीनों भुज क्रम से अ, क, ग हैं वह यदि ग भुज के चारो ओर घूमकर एक घनक्षेत्र बनावे तो उसका क्या घनफल होगा।

यदि स $= \frac{\text{अ}+\text{क}+\text{ग}}{2}$ तो घनफल $= \frac{4\pi}{3} \cdot \frac{\text{स}(\text{स}-\text{अ})(\text{स}-\text{क})(\text{स}-\text{ग})}{\text{ग}}$

३७। जिसके पृष्ठ का $\text{ल}^{\text{न}} = \text{अय}^2 + \text{कर}^2$ यह समीकरण है उसे यदि यर धरातल के समानान्तर धरातल से काटें (जिस धरातल में ल = ल_1) तो कटे खण्ड का क्या घनफल होगा। उ० $\frac{\pi \text{ल}_1^{\text{न}+1}}{(\text{न}+1)\sqrt{\text{अक}}}$

३८। जिस वृत्त का व्यासार्द्ध अ है उस में एक पूर्णज्या केन्द्र से ग दूरी पर है इस के ऊपर का चाप इस पूर्णज्या के चारो ओर घूमकर यदि घनक्षेत्र बनावे तो उसका क्या घनफल होगा। चाप को समझो कि परिधि के आधे से छोटा है और कोज्या$\text{प}_1 = \frac{\text{ग}}{\text{अ}}$। प_1 = कोण का चापीयमान।

$$\text{उ० अभीष्ट घनफल} = 2\pi \text{ अ} \left\{ \frac{(2\text{अ}^2 + \text{ग}^2)\text{ज्या}\text{प}_1}{3} - \text{गप}_1 \right\}$$

३९। य अक्ष पर जो पूर्णज्या (ग) लम्ब है उसके चारो ओर घूमकर यदि परवलय का चाप घनक्षेत्र बनावे तो उसका क्या घनफल होगा।

उ० यदि पूर्णज्या के आधे पर जो लम्ब खड़ा हो वह जहाँ परवलय के चाप में लगे उसका मान पूर्णज्यार्द्ध विन्दु से क मानो तो घनफल $= \frac{८\pi क^२ ग}{१५}$

४० एक गोल जिसका व्यासार्द्ध (अ) है एक धरातल से जो गोल गर्भ से द दूरी पर है काटा गया है। काटने से जो गोल में एक वृत्त वना उसे आधार मान दो समसूची वनाया जिसके वेध क्रम से, अ + द, अ − द हैं तो दोनों के घनफलों का क्या अन्तर होगा। उ० $\frac{२\pi द}{३}(अ^२ - द^२)$

४१। एक परवलय के य अक्ष पर केन्द्र कल्पना कर एक वृत्त वनाया तो यह वृत्त परवलय की एक शाखा में दो जगह जहाँ पर लगा उनके कोटियों का लम्ब रूपी अन्तर क ठहरा और यह वृत्त य अक्ष को दो जगह जहाँ काटा वे दोनों विन्दु परवलय के भीतर हैं। अब यदि परवलय और वृत्त दोनों साथही य अक्ष के चारो ओर घूमें तो परवलय और वृत्त के सम्पातान्तर्गत परवलय चाप, और वृत्तचाप के वश से एक घनक्षेत्र होगा। वतावो इसके घनफल का क्या मान होगा। उ० $\frac{\pi क^३}{६}$

४२। जिस गोल का व्यासार्द्ध (अ) है उसे गोल गर्भ से (ग) अन्तर पर जो धरातल है उससे काट डाला। काटने से जो गोलार्द्ध से अल्प खण्ड है उसका क्या घनफल होगा। उ० $\frac{\pi}{३}(अ - ग)^२(२अ + ग)$

४३। परवलय का $र^२ = ४ अय$ यह समीकरण है। य अक्ष में केन्द्र कल्पना कर परवलय के विन्दु का भु = ३ अ है उसे स्पर्श करते हुए एक वृत्तार्द्ध बनाया जिसके केन्द्र का अन्तर परवलय के शिरःस्थान से (४ अ) दूरी पर भुज की ओर है। यदि परवलय और वृत्तार्द्ध दोनों साथही य अक्ष के चारो ओर घूम कर घनक्षेत्र वनावें तो गोलपृष्ठ और परवलय सम्बन्धी पृष्ठ के भीतर का क्या घनफल होगा। उ० $\frac{१४}{३} अ^३ \pi$

यहाँ $\frac{\text{ताव}}{\text{ताह}}$ और $\frac{\text{ताश}}{\text{ताह}}$ के उन्मितियों पर से

$$\frac{\text{ताल}}{\text{ताह}} = \frac{\text{ना}}{\frac{\text{ताफ}_{१}}{\text{ताव}}\,\frac{\text{ताफ}_{२}}{\text{ताश}} - \frac{\text{ताफ}_{२}}{\text{ताव}}\,\frac{\text{ताफ}_{१}}{\text{ताश}}}$$

$$\text{जहां ना} = \frac{\text{ताफ}_{३}}{\text{ताह}}\left(\frac{\text{ताफ}_{१}}{\text{ताव}}\,\frac{\text{ताफ}_{२}}{\text{ताश}} - \frac{\text{ताफ}_{२}}{\text{ताव}}\,\frac{\text{ताफ}_{१}}{\text{ताश}}\right)$$

$$+ \frac{\text{ताफ}_{२}}{\text{ताह}}\left(\frac{\text{ताफ}_{३}}{\text{ताव}}\,\frac{\text{ताफ}_{१}}{\text{ताश}} - \frac{\text{ताफ}_{१}}{\text{ताव}}\,\frac{\text{ताफ}_{३}}{\text{ताश}}\right)$$

$$+ \frac{\text{ताफ}_{१}}{\text{ताह}}\left(\frac{\text{ताफ}_{२}}{\text{ताव}}\,\frac{\text{ताफ}_{३}}{\text{ताश}} - \frac{\text{ताफ}_{३}}{\text{ताव}}\,\frac{\text{ताफ}_{२}}{\text{ताश}}\right)$$

इस लिये ऊपर के त्रिगुण चल का रूप

$$\iiint \text{शा}_{१} \frac{\text{ना}}{\frac{\text{ताफ}_{१}}{\text{ताव}}\,\frac{\text{ताफ}_{२}}{\text{ताश}} - \frac{\text{ताफ}_{२}}{\text{ताव}}\,\frac{\text{ताफ}_{१}}{\text{ताश}}}\,\text{ताह तार ताय}$$ ऐसा होगा।

जहां शा₁ ल के स्थान में ल का मान जो य, र और ह के फल रूप में आया है उस का उत्थापन दे देने से शा का मान है। और ल के सीमाओं पर से ह सीमायें भी मालूम हो जायंगी।

अब ऊपर के त्रिगुणचल में मान लो कि दो बार क्रम बदलने से

$$\iiint \text{शा}_{१} \frac{\text{ना}}{\frac{\text{ताफ}_{१}}{\text{ताव}}\,\frac{\text{ताफ}_{२}}{\text{ताश}} - \frac{\text{ताफ}_{२}}{\text{ताव}}\,\frac{\text{ताफ}_{१}}{\text{ताश}}}\,\text{तार ताय ताह}$$ इस का मान

जान लिया तो २४९ वें प्रक्रम की युक्ति से ऊपर (१) के प्रथम दो समीकरणों से तार ताय के स्थान में

$$\left(\frac{\text{ताफ}_{१}}{\text{ताव}}\,\frac{\text{ताफ}_{२}}{\text{ताश}} - \frac{\text{ताफ}_{२}}{\text{ताश}}\,\frac{\text{ताफ}_{१}}{\text{ताश}}\right)\text{ताव ताश}$$ इस को रख सकते हैं।

इस लिये त्रिगुण चल का रूप बदलने से

$$\iiint \text{शा ताव ताश ताह}$$ होगा।

जहां य,र और ल के मान जो व,श और ह के फल रूप में आवेंगे उनका शा में उत्थापन देने से शा है।

२५३। इस प्रक्रम में ऊपर के प्रक्रमों का विशेष बोध होने के लिये दो उदाहरण दिखलाते हैं।

$$(१)\ \int\int\int\cdots \text{फ}(\text{अ}_१\text{य}_१+\text{अ}_२\text{य}_२+\cdots+\text{अ}_\text{न}\text{य}_\text{न})\text{ताय}_\text{न}\text{ताय}_{\text{न}-१}\cdots\text{ताय}_१$$

इस अनेक गुणचल को एक गुणचल में बदलना है जहां चलों के प्रतिमानों के वश से (जो कि $\text{य}_१^२+\text{य}_२^२+\text{य}_३^२+\cdots+\text{य}_\text{न}^२\angle १$ इस नियम से आवेंगे) चलानयन किया गया है।

यहां २५० वें प्रक्रम के (२) उदाहरण के ऐसा बार बार क्रिया करने से अन्त में अनेक गुणचल का रूप

$$\int\int\int\cdots\text{फ}(\text{जय}_१\cdots)\ \text{ताय}_\text{न}\ \text{ताय}_{\text{न}-१}\cdots\text{ताय}_१$$ ऐसा होगा।

जहां $\text{ज}=\sqrt{(\text{अ}_१^२+\text{अ}_२^२+\text{अ}_३^२+\cdots+\text{अ}_\text{न}^२)}$

यहां पर यह जो परिवर्त्तन किया गया है वह सब चलराशियों का वर्गयोग १ से अधिक नहीं है इस नियम को न तोड़ेगा अर्थात् इस में भी सब की वही सीमा रहेंगी जो कि पहले में थीं।

इस लिये $\text{य}_१$ को छोड़ और चलराशियों के वश से चलानयन करने में और $\text{य}_२^२+\text{य}_३^२+\cdots+\text{य}_\text{न}^२\angle १-\text{य}_१^२$ मान लेने से २१४ वें प्रक्रम में यदि द, म, न, इत्यादि को १, प, ब, भ इत्यादि को २ और अ, क, ख इत्यादि को $\sqrt{(१-\text{य}_१^२)}$ मान लें तो चलराशियों के सब धन मान में मान

$$\frac{\{\text{गा}(\frac{१}{२})\}^{\text{न}-१}}{२^{\text{न}-१}\text{गा}\left(\frac{\text{न}-१}{२}+१\right)}(१-\text{य}_१^२)^{\frac{\text{न}-१}{२}}$$ यह होगा।

परन्तु यदि जैसे चलराशियों के मान सब धन लिये गये वैसे ही ऋण लिये जाते तो सब मान ऊपर के मान का $२^{\text{न}-१}$ गुणित होता। इस लिये सब मान $=\dfrac{\pi^{\frac{\text{न}-१}{२}}(१-\text{य}_१^२)^{\frac{\text{न}-१}{२}}}{\text{गा}(\frac{\text{न}-१}{२}+१)}$ इस लिये ऊपर के अनेक गुणचल का मान साधारण चल के रूप में $\text{य}_१$ के -१ और $+१$ मान के भीतर

$$\frac{\pi^{\frac{\text{न}-१}{२}}}{\text{गा}(\frac{\text{न}-१}{२}+१)}\int_{-१}^{१}\text{फ}(\text{जय}_१)(१-\text{य}_१^२)^{\frac{\text{न}-१}{२}}\text{ताय}_१$$ यह होगा।

(२) $\int\int\int\cdots\dfrac{\text{फ}(\text{अ}_1\text{य}_1+\text{अ}_2\text{य}_2+\cdots+\text{अ}_\text{न}\text{य}_\text{न})}{\sqrt{(1-\text{य}_1^2-\text{य}_2^2-\cdots-\text{य}_\text{न}^2)}}\text{ताय}_\text{न}\text{ताय}_{\text{न}-1}\cdots\text{ताय}_1$

इसको साधारण चल के रूप में ले आना है। जहाँ $\text{य}_1^2+\text{य}_2^2+\cdots+\text{य}_\text{न}^2<1$

यहाँ भी २५० वें प्रक्रम के (२) उदाहरण के ऐसा बार बार क्रिया करने से

$\int\int\int\cdots\dfrac{\text{फ}(\text{जय}_1)}{\sqrt{(1-\text{य}_1^2-\text{य}_2^2-\cdots-\text{य}_\text{न}^2)}}\text{ताय}_\text{न}\text{ताय}_{\text{न}-1}\cdots\text{ताय}_1$ ऐसा होगा।

अब यहाँ य_1 को छोड़ और चलराशियों के वश से चलानयन करने से और $\text{य}_2^2+\text{य}_3^2+\cdots+\text{य}_\text{न}^2<1-\text{य}_1^2$ इस नियम से चलराशियों के सब धन मान में २१९ वें प्रक्रम से (जैसा कि द, म, न इत्यादि का मान ऊपर (१) उदाहरण में माना है वैसा ही यहाँ भी मान लेने से)

$$\frac{1}{2^{\text{न}-1}}\,\frac{\{\text{गा}(\frac{1}{2})\}^{\text{न}-1}}{\text{गा}(\frac{\text{न}-1}{2})}\int_0^{1-\text{य}_1^2}(1-\text{य}_1^2-\text{च})^{-\frac{1}{2}}\text{च}^{\frac{\text{न}-1}{2}-1}\text{ताय}$$

$$=\frac{1}{2^{\text{न}-1}}\,\frac{\{\text{गा}(\frac{1}{2})\}^{\text{न}-1}}{\text{गा}(\frac{\text{न}-1}{2})}\,\frac{\text{गा}(\frac{1}{2})\text{गा}(\frac{\text{न}-1}{2})}{\text{गा}(\frac{\text{न}}{2})}\,(1-\text{य}_1^2)^{\frac{\text{न}}{2}-1}\ \text{(२१२ वें प्रक्रम से)}$$

$$=\frac{1}{2^{\text{न}-1}}\,\frac{\{\text{गा}(\frac{1}{2})\}^{\text{न}}}{\text{गा}(\frac{\text{न}}{2})}(1-\text{य}_1^2)^{\frac{\text{न}}{2}-1}$$

परन्तु यदि चलराशियों के मान ऋण भी लिये जायँ तो स्पष्ट है कि ऊपर का मान $2^{\text{न}-1}$ गुणित होगा।

इसलिये ऊपर के अनेक गुण चल का मान य_1 के -1 और $+1$ मान के भीतर साधारण चल के रूप में

$\dfrac{\pi^{\frac{\text{न}}{2}}}{\text{गा}(\frac{\text{न}}{2})}\int_{-1}^{+1}\text{फ}(\text{जय}_1)\ (1-\text{य}_1^2)^{\frac{\text{न}}{2}-1}\text{ताय}_1$ ऐसा होगा।

२५४। बहुत से त्रिकोणमिति फलों के रूप चलराशिकलन के बल से श्रेढी में ला सकते हैं। जैसे यह चाहना है कि

$\text{फ}(\text{य})=\text{आ}_1\text{ज्याय}+\text{आ}_2\text{ज्या}2\text{य}+\text{आ}_3\text{ज्या}3\text{य}+\cdots+\text{आ}_\text{म}\text{ज्यामय}\cdots(1)$

यह समीकरण य के स्थान में ष, २ष, ३ष, ... मष तक उत्थापन देने तक ठीक रहे जहां $\text{ष}=\frac{\pi}{\text{म}+1}$ और आ_1, $\text{आ}_2\cdots\text{आ}_\text{म}$ स्थिराङ्क हैं। तो यहां सब स्थिराङ्कों के मान जानने के लिये नीचे लिखे हुए म समीकरण उत्पन्न होंगे

$\text{फ}(\text{य})=\text{आ}_1\text{ज्याष}+\text{आ}_2\text{ज्या}2\text{ष}+\text{आ}_3\text{ज्या}3\text{ष}+\cdots+\text{आ}_\text{म}\text{ज्यामष}$।

$$\text{फ}(\text{२ष}) = \text{आ}_{१}\text{ज्या२ष} + \text{आ}_{२}\text{ज्या४ष} + \text{आ}_{३}\text{ज्या६ष} + \cdots + \text{आ}_{\text{म}}\text{ज्या२मष}\text{।}$$

$$\vdots \qquad\qquad\qquad\qquad \vdots$$

$$\text{फ}(\text{मष}) = \text{आ}_{१}\text{ज्यामष} + \text{आ}_{२}\,\text{ज्या२मष} + \text{आ}_{३}\text{ज्यामष} + \cdots + \text{आ}_{\text{म}}\text{ज्याममष}\text{।}$$

इन में पहले को ज्यासष, दूसरे को ज्या२सष, ···· अन्त को ज्यामसष से गुण कर जोड़ देने से दहने पक्ष में $\text{आ}_{\text{न}}$ का गुणक

$$\text{ज्यासष ज्यानष} + \text{ज्या२सष ज्या२नष} + \cdots + \text{ज्यामसष ज्यामनष}$$

यह होगा। इस गुणक का दूना त्रिकोणमिति से

$$\text{कोज्या }(\text{स}-\text{न})\text{ष} + \text{कोज्या२}(\text{स}-\text{न})\text{ष} + \cdots + \text{कोज्याम }(\text{स}-\text{न})\text{ष}$$

$$-\{\text{कोज्या }(\text{स}+\text{न})\text{ष} + \text{कोज्या२ }(\text{स}+\text{न})\text{ष} + \cdots + \text{कोज्याम}(\text{स}+\text{न})\text{ष}\}$$

यह होगा

इसने ऊपर के श्रेढी का योग त्रिकोणमिति से

$$\frac{\text{ज्या}(\text{२म}+१)\dfrac{(\text{स}-\text{न})}{२}\text{ष} - \text{ज्या}\dfrac{(\text{स}-\text{न})\text{ष}}{२}}{२\text{ ज्या}\dfrac{(\text{स}-\text{न})\text{ष}}{२}}$$

$$= \frac{\text{ज्या}\left\{(\text{स}-\text{न}) - \dfrac{(\text{स}-\text{न})\text{ष}}{२}\right\} - \text{ज्या}\dfrac{(\text{स}-\text{न})\text{ष}}{२}}{२\text{ ज्या}\dfrac{(\text{स}-\text{न})\text{ष}}{२}}$$ यह होगा और इसी में न के

स्थान में $-\text{न}$ का उत्थापन दे देने से नीचे के श्रेढ़ी का योग

$$\frac{\text{ज्या}\left\{(\text{स}+\text{न})\pi - \dfrac{(\text{स}-\text{न})\text{ष}}{२}\right\} - \text{ज्या}\dfrac{(\text{स}+\text{न})\text{ष}}{२}}{२\text{ ज्या}\dfrac{(\text{स}+\text{न})\text{ष}}{२}}$$

यहाँ स्पष्ट है कि यदि स − न यह विषम संख्या होगी तो ऊपर के श्रेढी का योग शून्य होगा और यदि स − न यह सम संख्या होगी तो योग − १ होगा। इसी तरह स + न के विषम संख्या होने से दूसरी का योग शून्य और सम होने से − १ के तुल्य होगा। इस पर से यह एक सिद्धान्त उत्पन्न होता है कि यदि विषम, और सम के वश से जाति का विचार करे तो कह सकते हैं कि यदि न की जाति स से भिन्न हो तो दोनों योग शून्य और एक हो तो —१ होंगे। परन्तु संख्याओं के सिद्धान्त से यदि स—न विषम तो स + न भी विषम होगा और यदि स—न सम तो स + न भी सम होगा इसलिये यदि न, स के समान न हो अर्थात् स से भिन्न हो तो $\text{आ}_{\text{न}}$ का गुणक शून्य होगा।

यदि न = स तो $\text{आ}_{\text{न}}$ का गुणक

$$\text{ज्या}^2\text{सष} + \text{ज्या}^2 2\text{सष} + \cdots + \text{ज्या}^2\text{मसष}$$
$$= \frac{\text{म}}{2} - \frac{1}{2}\{\text{कोज्या}2\text{सष} + \text{कोज्या}4\text{सष} + \cdots + \text{कोज्या}2\text{मसष}\}$$

यह होगा जहाँ ऊपर की युक्ति से कोटिज्याओं का योग — १ के बराबर होगा। इसलिये ऐसी दशा में $\text{आ}_{\text{न}}$ का गुणक $\frac{\text{म}+1}{2}$ यह होगा।
इसलिये

$$\text{आ}_{\text{न}} = \frac{2}{\text{म}+1}\{\text{ज्यासष फ}(\text{ष}) + \text{ज्या}2\text{सष फ}(2\text{ष}) + \cdots + \text{ज्यामसष फ}(\text{मष})\}$$

जहाँ स के स्थान में १, २, · · · म का उत्थापन देने से आ_1, आ_2 · · $\text{आ}_{\text{म}}$ इत्यादि स्थिराङ्कों के मान व्यक्त हो जायँगे।

ऊपर अ के मान में यदि म को अनन्त मानें तो श्रेढी के द्वारा जो ४० वें प्रक्रम में चल का स्वरूप दिखलाया है उससे

$\text{आ}_{\text{न}} = \frac{2}{\pi}\int_0^{\pi} \text{ज्यानशफ}(\text{श})\text{ताश}$ ऐसा होगा और ० और π के भीतर अनन्त तुल्यान्तर य के मानों में

$\text{फ}(\text{य}) = \text{आ}_1\,\text{ज्याय} + \text{आ}_2\,\text{ज्या}2\text{य} + \text{आ}_3\,\text{ज्या}3\text{य} + \cdots$ इत्यादि यह समीकरण ठीक होगा।

लाघव से ऊपर के समीकरण को

$\text{फ}(\text{य}) = \frac{2}{\pi}\,\text{यौ}\,{}_1^{\infty}\;\text{ज्यानय}\int_0^{\pi}\text{ज्यानशफ}(\text{श})\text{ताश}$ ऐसा लिखते हैं यहाँ

$\text{यौ}\,{}_1^{\infty}$ यह दिखलाता है कि न के स्थान में क्रम से
१, २, · · · ∞ का उत्थापन देने से जितने मान होंगे उनका योग कर दिया गया है। इस सिद्धान्त को ल्यागरेञ्ज (Lagrange) ने निकाला है। इसके विषय पर प्वाइशन (Poisson) का विशेष दिखलाते हैं।

२५५। २३३ वें प्रक्रम से विदित है कि

$$\frac{1-\text{च}^2}{1-2\text{च}\;\text{कोज्या}\frac{\pi(\text{श}-\text{य})}{\text{द}}+\text{च}^2} = 1 + 2\text{चकोज्या}\frac{\pi(\text{श}-\text{य})}{\text{द}}$$
$$+ 2\text{च}^2\text{कोज्या}\,\frac{2\pi(\text{श}-\text{य})}{\text{द}} + 2\text{च}^3\text{कोज्या}\,\frac{3\pi(\text{श}-\text{य})}{2} + \cdots\cdots\cdots \quad (1)$$

जहाँ च, १ से न्यून है इसलिये श्रेढी का मान सान्त होगा।

(१) के दोनों पक्षों को फ(श) ताश से गुण कर श के वश से चलानयन करो—द, द सीमाओं के भीतर और च को शून्य के समान मान लो तो बायें

पक्ष का अंश शून्य होगा इसलिये यदि इसका हर शून्य न हो तो श्रेढी द्वारा चलानयन की जो विधि है उससे स्पष्ट है कि बायें पक्ष के चल का मान शून्य होगा परन्तु यदि य का मान—द, और द के भीतर हो तो चलानयन के बीच में हर में च कोज्या $\frac{\pi(\text{श}-\text{य})}{\text{द}}$ जो यह भाग है उसका मान १ के बराबर होगा इसलिये ऐसी स्थिति में हर का मान $(१-\text{च})^{२}$ यह होगा तब यह नहीं कह सकते कि बायें पक्ष का चल शून्य होगा। ऐसी दशा में इसका मान जानने के लिये कल्पना करो कि श — य = ल और च = १ — $\text{इ}_{१}$

$$\text{तो} \int \frac{(१-\text{च}^{२})\text{फ}(\text{श})\text{ताश}}{१-२\text{चकोज्या}\,\frac{\pi(\text{श}-\text{य})}{\text{द}}+\text{च}^{२}} = \int \frac{\text{इ}_{१}(१+\text{च})\text{फ}(\text{य}+\text{ल})\text{ताल}}{\text{इ}_{१}^{२}+४\text{चज्या}^{२}\,\frac{\pi\text{ल}}{२\text{द}}}$$

इसमें निश्चय है कि श—य इसका मान धन वा ऋण जब बहुत ही छोटा होगा उसी समय के मान का तो विचार ही कर रहे हैं इसलिये ज्या चाप का भेद न मानने से और फ(य + ल) = फ(य) कल्पना करने से

$$\int \frac{\text{इ}_{१}(१+\text{च})\text{फ}(\text{य}+\text{ल})\text{ताल}}{\text{इ}_{१}^{२}+४\text{चज्या}^{२}\,\frac{\pi\text{ल}}{२\text{द}}} = \text{इ}_{१}\,(१+\text{च})\text{फ}(\text{य})\int \frac{\text{ताल}}{\text{इ}_{१}^{२}+\frac{\text{च}\pi^{२}\text{ल}^{२}}{\text{द}^{२}}}$$

$$= २\,\text{इ}_{१}\text{फ}(\text{य}) \int \frac{\text{ताल}}{\text{इ}_{१}^{२}+\frac{\pi^{२}\text{ल}^{२}}{\text{द}^{२}}} = \frac{२\text{दफ}(\text{य})}{\pi}\,\text{स्प}^{-१}\,\frac{\pi\text{ल}}{\text{इ}_{१}\text{द}}$$

इसमें मानो कि ल की सीमा $\text{अ}_{१}$, और — $\text{क}_{१}$ है तो मान

$$\frac{२\text{दफ}(\text{य})}{\pi}\left\{\text{स्प}^{-१}\frac{\pi\text{अ}_{१}}{\text{इ}_{१}\text{द}} + \text{स्प}^{-१}\frac{\pi\text{क}_{१}}{\text{इ}_{१}\text{द}}\right\} \text{ ऐसा होगा।}$$

इसमें $\text{इ}_{१}$ को शून्य मान लेने से

२ दफ(य) ऐसा होगा। इसलिये यदि य,—द और द के भीतर हो तो फ(य)

$$= \frac{१}{२\text{द}}\int_{-\text{द}}^{\text{द}} \text{फ}(\text{श})\text{ताश} + \frac{१}{\text{द}}\,\text{यौ}_{१}^{\infty} \int_{-\text{द}}^{\text{द}} \text{फ}(\text{श})\ \text{कोज्या}\ \frac{\text{न}\pi(\text{श}-\text{य})}{\text{द}}\,\text{ताश} \cdots\cdots (२)$$

यदि य = द वा — द तो बायें पक्ष के चल का मान जब श, द और — द के बहुत ही पास होगा श — य = ल $\frac{२\text{दफ}(\text{य})}{\pi}$ स्प$^{-१}$ $\frac{\pi\text{ल}}{\text{इ}_{१}\text{द}}$ इन दोनों समीकरणों से क्रम से द { फ(द) + फ(− द) } यह होगा क्योंकि जब य = द और श = द तब श — य = ल यह समीकरण दिखलाता है कि ल का मान केवल — $\text{क}_{१}$ से ० तक

पहुँचेगा और जब श = — द और य = — द तब ल का मान केवल ० से अ, तक होगा। इसलिये ऐसे समय में (२) का बायाँ पक्ष $\frac{१}{२}$ { फ(द) + फ(—द) } यह होगा।

इस प्रकार से द, — द के बीच वा द, — द के तुल्य य के मान में दहने पक्ष का मान निश्चित हो जाता है।

२५६। २५५ वें प्रक्रम की युक्ति से यदि ० और द के बीच श के मान में सान्तचलानयन करो तो

$$फ(य) = \frac{१}{२द}\int_{०}^{द} फ(श)ताश + \frac{१}{द} यौ_{१}^{\infty} \int_{०}^{द} फ(श) कोज्या \frac{न\pi(श-य)}{द} ताश \cdots (१)$$

यह समीकरण ० और द के बीच कोई य के मान में सत्य होगा परन्तु यदि य = ० तो ऊपर के प्रक्रम की युक्ति से बायाँ पक्ष $\frac{१}{२}$ फ (०) और जब य = द तो बायाँ पक्ष $\frac{१}{२}$ फ(द) होगा।

इसी तरह

$$० = \frac{१}{२}\int_{०}^{द} फ(श)ताश + \frac{१}{द} यौ_{१}^{\infty} \int_{०}^{द} फ(श) कोज्या \frac{न\pi(श+य)}{द} ताश, \cdots\cdots (२)$$

यह ० और द के बीच चाहे जो य का मान मानो समीकरण सत्य होगा। परन्तु जब य = ० तो बायाँ पक्ष $\frac{१}{२}$ फ (०) के तुल्य और जब य = द तो बायाँ पक्ष $\frac{१}{२}$ फ (द) के तुल्य होगा।

(१) और (२) को जोड़ देने से

$$फ(य) = य \frac{१}{द}\int_{०}^{द} फ(श)ताश + \frac{२}{द} यौ_{१}^{\infty} कोज्या \frac{न\pi य}{द} \int_{०}^{द} कोज्या \frac{न\pi श}{द} फ(श) ताश \cdots (३)$$

यह य का मान चाहे ० और द के तुल्य हो वा इनके बीच में हो सर्वत्र सत्य रहेगा।

(१) और (२) के अन्तर से

$$फ(य) = \frac{२}{द} यौ_{१}^{\infty} ज्या \frac{न\pi य}{द} \int_{०}^{द} ज्या \frac{न\pi श}{द} फ(श) ताश \cdots\cdots\cdots\cdots (४)$$

यह य का मान यदि ० और द के बीच में हो तब सत्य होगा और जब य = ० और य = द तो बायाँ पक्ष अवश्य शून्य के समान होगा। यदि देखो तो (४) समीकरण ठीक ठीक ल्याग्राञ्ज के सिद्धान्त से मिल जाता है।

थोड़ा सा परिवर्त्तन कर देने से (३) से (४) और (४) से (३) समीकरण उत्पन्न हो जाता है।

जैसे यदि (३) में फ(य) के स्थान में यदि ज्या $\frac{\pi य}{द}$ फ(य) रख दो तो

$$ज्या \frac{\pi य}{द} फ(य) = \frac{१}{द}\int_{0}^{द} ज्या \frac{\pi श}{द} फ(श) ताश$$

$$+\frac{२}{द} यौ_{१}^{\infty} कोज्या \frac{न\pi य}{द}\int_{0}^{द} कोज्या \frac{न\pi श}{द} ज्या \frac{\pi श}{द} फ(श) ताश$$

इसमें कोज्या $\frac{न\pi श}{द}$ ज्या $\frac{\pi श}{द}$ के स्थान में इसका जो दूसरा

$\frac{१}{२}$ ज्या $\frac{(न+१)\pi श}{द}$ — $\frac{१}{२}$ ज्या $\frac{(न-१)\pi श}{द}$ यह रूपान्तर है इसे रख देने से ज्या $\frac{\pi य}{द}$ फ(य)

$$= \frac{१}{द} यौ_{१}^{\infty} \left\{ कोज्या \frac{(न-१)\pi य}{द} — कोज्या \frac{(न+१)\pi य}{द} \right\} \int_{0}^{द} ज्या \frac{न\pi श}{द} फ(य) ताश$$

ऐसा होजायगा। इसमें { } इसके अन्तर्गत दोनों खण्डों का त्रिकोणमिति से २ज्या $\frac{न\pi य}{द}$ ज्या $\frac{\pi य}{द}$ ऐसा रूपान्तर कर दोनों पक्षों में ज्या $\frac{\pi य}{द}$ का भाग दे देने से (४) उत्पन्न हो जायगा। और ऊपर जो क्रिया दिखलाया है उसके विपरीत से (४) से (३) यह उत्पन्न हो जायगा।

२५७। इन ऊपर दिखलाये हुए समीकरण रूपी सिद्धान्तों की व्याप्ति दिखलाने के लिये इस प्रक्रम में कुछ उदाहरण दिखलाते हैं।

(१) य को जीवा की श्रेढी में ले आना है।

यहाँ २५६ प्रक्रम का (४) समीकरण ग्रहण करो और मान लो कि द = π तो यहाँ फ(य) = य इसलिये फ(श) = श

$$इसलिये \int_{0}^{द} ज्या \frac{न\pi श}{द} फ(श)\ ताश = \int_{0}^{\pi} शज्यानश\ ताश$$

$$= \frac{\pi}{न} \text{ यदि विषम और } — \frac{\pi}{न} \text{ यदि न सम इसलिये}$$

$$य = २ \left\{ ज्याय — \frac{१}{२} ज्या२य + \frac{१}{३} ज्या३य — \frac{१}{४} ज्या४य + \cdots \right\}$$

यह य के ० और π के बीच के मानों में सत्य है और यह भी देख पड़ता है कि यदि य = ० तब भी ठीक है और ऋण मान में भी देखने से स्पष्ट है कि ठीक है इसलिये $-\pi, \pi$ के बीच में $-\pi, \pi$ को छोड़ और सब मानों में समीकरण ठीक हुआ।

(२) कोज्याय को ज्या की श्रेढी में ले आना है। यहाँ भी २५६ का (४) समीकरण लेने से फ(य) = कोज्याय इसलिये फ(श) = कोज्याश इसलिये यदि द = π तो

$$\int \text{ज्या}\, \frac{\text{न}\pi\text{श}}{\text{द}}\, \text{फ(श)}\ \text{ताश} = \int \text{कोज्याश ज्यानश ताश}$$

$$= \tfrac{1}{2}\int \{\text{ज्या(न}+1\text{) श} + \text{ज्या(न}-1\text{) श}\}\ \text{ताश}$$

$$= -\tfrac{1}{2}\left\{\frac{\text{कोज्या(न}+1\text{)श}}{\text{न}+1} + \frac{\text{कोज्या(न}-1\text{)श}}{\text{न}-1}\right\}$$

इसलिये $\int_0^{\pi}$ कोज्याश ज्यानश ताश = ० यदि न विषम हो

और $= \frac{2\text{न}}{\text{न}^2-1}$ यदि सम।

इसलिये

$$\text{कोज्याय} = \frac{2}{\pi}\left\{\frac{4\text{ज्या}2\text{य}}{2^2-1} + \frac{8\text{ज्या}4\text{य}}{4^2-1} + \cdots + \frac{1+(-1)^{\text{न}}}{\text{न}^2-1}\text{नज्यानय} + \cdots\right\}$$

यह ० और π के बीच, ० और π को छोड़ और य के सब मानों में सत्य है।

(३) (ग) स्थिराङ्क को चाहते हैं कि य की ज्या श्रेढी में ले आवें।

यहाँ भी २५६ प्रक्रम का (४) समीकरण लेने से और फ(य) = ग, और द = π मान लेने से $\int_0^{\pi}$ ग ज्यानश ताश = ग $\int_0^{\pi}$ ज्यानश ताश = $\frac{2\text{ग}}{\text{न}}$ यदि न विषम, = ०, यदि न सम हो तो

इसलिये

$$\text{ग} = \frac{4\text{ग}}{\pi}\left\{\text{ज्याय} + \tfrac{1}{3}\,\text{ज्या}3\text{य} + \tfrac{1}{5}\,\text{ज्या}5\text{य} + \cdots\right\}$$

$\frac{4\text{ग}}{\pi}$ का भाग दे देने से

$$\frac{\pi}{4} = \text{ज्याय} + \tfrac{1}{3}\,\text{ज्या}\ 3\text{य} + \tfrac{1}{5}\,\text{ज्या}5\text{य} + \cdots$$

यह ० और π के बीच ० और π को छोड़ और य के सब मानों में ठीक होगा। इसी में यदि य के स्थान में $\frac{\pi}{२}$ — र रख लें तो

$\frac{\pi}{४}$ = कोज्यार — $\frac{१}{३}$ कोज्या३र + $\frac{१}{५}$ कोज्या५र — $\frac{१}{७}$ कोज्या७र + · · ·

यह र के — $\frac{\pi}{२}$ और $\frac{\pi}{२}$ के बीच — $\frac{\pi}{२}$ और $\frac{\pi}{२}$ को छोड़ और सब मानों में ठीक होगा।

(४) य को इसकी कोटिज्या की श्रेढी में ले आवो।

यहाँ २५६ प्रक्रम का (३) समीकरण ग्रहण करो और द = π मान लो तो

$$\int \text{शकोज्यानशताश} = \frac{\text{शज्यानश}}{\text{न}} + \frac{\text{कोज्यानश}}{\text{न}^२}$$

इस लिये $\int_०^{\pi}$ शकोज्यानशताश = — $\frac{२}{\text{न}^२}$ यदि न, विषम हो।

और = ० यदि न, सम हो।

और $\int_०^{\pi}$ शताश = $\frac{\pi^२}{२}$ इसलिये

$$\text{य} = \frac{\pi}{२} — \frac{४}{\pi} \left\{ \text{कोज्याय} + \frac{१}{३^२}\text{कोज्या३य} + \frac{१}{५^२}\text{कोज्या५य} + \cdots \right\}$$

यह य के ० और π मान में और इनके बीच के मान में भी सत्य होगा।

यदि यहाँ य = $\frac{\pi}{२}$ — र तो र के — $\frac{\pi}{२}$ और $\frac{\pi}{२}$ मान में और इनके बीच के मान में भी र = $\frac{४}{\pi}$(ज्यार — $\frac{१}{३^२}$ज्या३र + $\frac{१}{५^२}$ ज्या५र · · ·) यह ठीक रहेगा।

(५) $\text{इ}^{\text{अय}}$ इसको ज्या की श्रेढी में ले आवो।

यहाँ २५६ प्रक्रम का (४) समीकरण लेने से य के ० और π को छोड़ इनके बीच के मान में

$$\text{इ}^{\text{अय}} = \frac{२}{\pi} \text{यौ}_१^{\infty} \frac{\text{न}}{\text{अ}^२ + \text{न}^२}(१ — \text{कोज्यान}\,\pi \times \text{इ}^{\text{अ}\pi}) \ \text{ज्यानय}$$

{ १० वें प्रक्रम का (५) वाँ उदाहरण देखो }

(६) $\text{इ}^{\text{अय}}$ को कोटिज्या की श्रेढीमें ले आवो।

यहाँ २५६ प्रक्रम का (३) समीकरण लेने से

$$\text{इ}^{\text{अय}} = + \frac{\text{इ}^{\text{अ}\pi} — १}{\text{अ}\pi} \frac{२\text{अ}}{\pi} \text{यौ}_१^{\infty} \frac{\text{कोज्यान}\pi \times \text{इ}^{\text{अ}\pi} — १}{\text{अ}^२ + \text{न}^२} \text{कोज्यानय}$$

यह य के ० और π मान में और इनके बीच के मान में भी ठीक होगा।

(७) ज्याअय को ज्या की श्रेढी में ले आवो। जहाँ अ < १ है

यहाँ भी २५६ प्रक्रम का (४) समीकरण लेने से

$$ज्याअय = \frac{२}{\pi} ज्याअ\pi \left\{ \frac{ज्याय}{१^२ - अ^२} - \frac{२ज्या२य}{२^२ - अ^२} + \frac{३ज्या३य}{३^२ - अ^२} - \frac{४ज्या४य}{४^२ - अ^२} + \cdots \right\}$$

यह य के ० और ० और π के बीच π को छोड़ और सब मानों में ठीक होगा।

(८) कोज्याअय को कोटिज्या की श्रेढी में ले आवो। जहाँ अ < १ यहाँ २५६ प्रक्रम का (३) समीकरण लेने से

$$कोज्याअय = \frac{२}{\pi} ज्याअ\pi \left\{ \frac{१}{२अ} - \frac{अकोज्याय}{अ^२ - १} + \frac{अकोज्या२य}{अ^२ - २^२} - \cdots \right\}$$

यह य के ० और π मान में और इनके बीच के मान में भी ठीक होगा।

(९) $इ^{अय} - इ^{-अय}$ इस को ज्या की श्रेढी में ले आवो।

यहाँ २५६ प्रक्रम का (४) समीकरण लेने से

$$\int_0^\pi (इ^{अश} - इ^{-अश}) ज्यानशताश = - \frac{न(इ^{अ\pi} - इ^{-अ\pi})}{अ^२ + न^२} कोज्यान\pi$$

इसलिये

$$इ^{अय} - इ^{-अय}$$
$$= \frac{२}{\pi}(इ^{अ\pi} - इ^{-अ\pi}) \left(\frac{ज्याय}{१^२ + अ^२} - \frac{२ज्या२य}{२^२ + अ^२} + \frac{३ज्या३य}{३^२ + अ^२} - \cdot \right)$$

(१०) $इ^{अ(\pi-य)} + इ^{-अ(\pi-य)}$ इसको कोटिज्या की श्रेढी में ले आवो। यहाँ २५६ प्रक्रम का (३) समीकरण लेने से

$$\int_0^\pi \left\{ इ^{अ(\pi-श)} + इ^{-अ(\pi-श)} \right\} कोज्यानशताश = \frac{अ(इ^{अ\pi} - इ^{-अ\pi})}{अ^२ + न^२}$$

$$और \int_0^\pi \left\{ इ^{अ(\pi-श)} + इ^{-अ(\pi-श)} \right\} ताश = \frac{इ^{अ\pi} - इ^{-अ\pi}}{अ}$$

$$इसलिये \frac{\pi}{२} \frac{इ^{अ(\pi-य)} + इ^{-अ(\pi-य)}}{इ^{अ\pi} - इ^{-अ\pi}} = \frac{१}{२अ^२} + \frac{कोज्याय}{१^२ + अ^२} + \frac{कोज्या२य}{२^२ + अ^२} + \cdots$$

इस प्रकार से हज़ारों उदाहरण सहज में सिद्ध हो जाते हैं।

इन के चलानयन से और भी नये नये चमत्कार उत्पन्न होते चले जाते हैं।

जैसे (२) उदाहरण में जो कोटिज्या का मान ज्या की श्रेढी में आया है उस का यदि ताय से गुण कर चलानयन करो तो ।

$$\frac{\pi}{४} \text{ ज्याय} = \text{स्थिर} - \frac{\text{कोज्या२य}}{१\cdot३} - \frac{\text{कोज्या४य}}{३\cdot५} - \frac{\text{कोज्या६य}}{५\cdot७} - \;\ldots\ldots$$

इसमें यदि य = ० तो

$$\text{स्थिर} = \frac{१}{१\cdot३} + \frac{१}{३\cdot५} + \frac{१}{५\cdot७} + \;\ldots\ldots = \frac{१}{२}$$

(चलनकलन के २०वें अध्याय के ४४वें "अभ्यासार्थ" प्रश्न में न = ∞ मान $\frac{१}{१\cdot३}$ जोड़ देने से।

२५८। यदि २५६ प्रक्रम के (३) समीकरण में, जो कि य के ० और द और इन के बीच के सब मान में सत्य है, यदि य का मान द से पार हो तब देखना चाहिये कि दहना पक्ष किस के तुल्य होता है। मानो कि य का मान द और २द के बीच में है और धन है तो यदि य = २ द—य' ऐसा माने जहां य', द से न्यून है तो

$$\text{कोज्या } \frac{\text{न}\pi\text{य}}{\text{द}} = \text{कोज्या } (२\text{न}\pi - \frac{\pi\text{नय}'}{\text{द}}) = \text{कोज्या } \frac{\text{न}\pi\text{य}'}{\text{द}}$$

इस लिये इस स्थिति में दहने पक्ष का मान फ(य') होगा ।

फिर मानो कि य, २ द से बड़ा है और २ मद + य' इस के तुल्य है जहां य', २ द से अल्प है तो

$$\text{कोज्या} \frac{\text{न}\pi\text{य}}{\text{द}} = \text{कोज्या } \frac{\text{न}\pi\text{य}'}{\text{द}}$$

अर्थात् दहने पक्ष का वही मान हुआ जो कि य के स्थान में य' के रख देने से होता है इस लिये यदि य' $\angle$ द तो दहने पक्ष का मान फ(य') होगा और यदि य' 7 द $\angle$ २द तो दहने पक्ष का फ(२द-य') यह मान होगा। इसी प्रकार सिद्ध कर सकते हो कि य के ऋण मान में भी वही मान होगा जो कि धनमान में होता है।

इसी तरह यदि य धन और २मद+य' इस के तुल्य हो तो २५६ प्रक्रम के (४) समीकरण का मान फ(य') होगा यदि य' $\angle$ द और यदि य' 7 द तो दहने पक्ष का मान —फ(२द—य') यह होगा। और य के ऋण मान में वेही मान आवेंगे जो कि य के धनमान में आते हैं केवल धन ऋण चिह्न बदल जायगा।

२५९। २५६ प्रक्रम के (३) और (४) समीकरण में यह कुछ आवश्यकता नहीं कि य का मान ० और द के बीच में लगातार हो किन्तु ० और अ के बीच के य के मान में $\text{फ}(\text{य}) = \text{फ}_{१}(\text{य})$, अ और क के बीच में य के मान में $\text{फ}(\text{य}) = \text{फ}_{२}(\text{य})$, और क और ग के बीच में य के मान में $\text{फ}(\text{य}) = \text{फ}_{३}(\text{य})$, इसी तरह अन्त में ग और द के बीच में य के मान में $\text{फ}(\text{य}) = \text{फ}_{४}(\text{य})$ ऐसा मान लें तौ भी समीकरण सत्य रहेगा केवल जब य = ० वा अ, वा क, वा ग तब व्यभिचरित होगा उस समय २५६ वें प्रक्रम की युक्ति से वास्तव में दहने पक्ष का क्या रूप होगा इसका ज्ञान सहज में हो जायगा। जैसे २५६ वें प्रक्रम के (३) समीकरण का दहना पक्ष जब य = अ तब $\frac{१}{२}\{\text{फ}_{१}(\text{अ}) + \text{फ}_{२}(\text{अ})\}$ यह होगा।

इस लिये यदि य = अ तब $\text{फ}_{१}(\text{य}) = \text{फ}_{२}(\text{य})$ तो (३) समीकरण जब य = अ तब भी सत्य ठहरेगा।

२६०। ज्या और कोटिज्या के रूप में एक श्रेढी ऐसी बनानी है जिसका योग ग तुल्य हो य के ० और अ के बीच के मानों में और वही योग शून्य के तुल्य हो य के अ और द के बीच के मानों में।

यहां २५६ प्रक्रम का (३) समीकरण लेने से

फ(य) = ग, इस लिये फ(श) = ग, श के ० और अ के बीच के मानों में और फिर उसके बाद श के अ और द के बीच के मानों में फ(श) = ० = फ(य)

इस लिये

$$\int_{०}^{\text{द}} \text{कोज्या}\,\frac{\text{न}\pi\text{श}}{\text{द}}\,\text{फ}(\text{श})\text{ताश}\ \text{यह}$$

$$\text{ग}\int_{०}^{\text{अ}} \text{कोज्या}\frac{\text{न}\pi\text{श}}{\text{द}}\,\text{ताश} = \frac{\text{गद}}{\text{न}\pi}\ \text{ज्या}\ \frac{\text{न}\pi\text{अ}}{\text{द}}\ \text{ऐसा होगा।}$$

इस लिये अभीष्ट श्रेढ़ी

$$\frac{\text{गअ}}{\text{द}} + \frac{२\text{ग}}{\pi}\left\{\text{ज्या}\,\frac{\pi\text{अ}}{\text{द}}\,\text{कोज्या}\,\frac{\pi\text{य}}{\text{द}} + \frac{१}{२}\,\text{ज्या}\,\frac{२\pi\text{अ}}{\text{द}}\,\text{कोज्या}\,\frac{२\pi\text{य}}{\text{द}} + \frac{१}{३}\,\text{ज्या}\,\frac{३\pi\text{अ}}{\text{द}}\,\text{कोज्या}\,\frac{३\pi\text{य}}{\text{द}} + \cdots\right\}$$

इस में जब य = अ तब इसका मान $\frac{\text{ग}}{२}$ होगा।

अथवा इसी जगह २५६ प्रक्रम का (४) समीकरण लेने से

$$ग \int_0^{अ} ज्या \frac{न श \pi}{द} ताश = \frac{ग द}{न \pi} (१ - कोज्या \frac{न अ \pi}{द})$$

इस लिये अभीष्ट श्रेढी

$$\frac{२ ग}{\pi} \left\{ उ ज्या \frac{\pi अ}{द} ज्या \frac{\pi य}{द} + \frac{१}{२} उ ज्या \frac{२ \pi अ}{द} ज्या \frac{२ \pi य}{द} \right.$$

$$\left. + \frac{१}{३} उ ज्या \frac{३ \pi अ}{द} ज्या \frac{३ \pi य}{द} + \cdots \right\} यह होगी$$

यहां जब य = ० तब यह श्रेढी भी शून्य और जब य = अ तब श्रेढी का मान $\frac{ग}{२}$ होगा।

२६१। एक श्रेढी कोटिज्या के रूप में ऐसी बनावो जिसका योग ज य हो य के ० और $\frac{द}{२}$ के बीच के मान में और जब य, $\frac{द}{२}$ और द के बीच में हो तो वही योग ज (द—य) के तुल्य हो।

यहाँ २५६ प्रक्रम के (३) समीकरण से।

$$\int_0^{द} फ(श) कोज्या \frac{न \pi श}{द} ताश$$

$$= \int_0^{\frac{द}{२}} ज श कोज्या \frac{न \pi श}{द} ताश + \int_{\frac{द}{२}}^{द} ज(द - श) कोज्या \left(\frac{न \pi श}{द}\right) ताश$$

$$= \frac{ज द^२}{\pi} \left\{ \frac{१}{२ न} ज्या \frac{न \pi}{२} + \frac{१}{\pi न^२} कोज्या \frac{न \pi}{२} - \frac{१}{\pi न^२} \right\} + \frac{ज द^२}{न \pi} \left(ज्या न \pi - ज्या \frac{न \pi}{२} \right)$$

$$- \frac{ज द^२}{\pi} \left\{ \frac{१}{न} ज्या न \pi - \frac{१}{२ न} ज्या \frac{न \pi}{२} + \frac{१}{\pi न^२} कोज्या न \pi - \frac{कोज्या \frac{न \pi}{२}}{\pi न^२} \right\}$$

$$= \frac{ज द^२}{\pi^२ न^२} \left\{ २ कोज्या \frac{न \pi}{२} - कोज्या न \pi - १ \right\}$$

यहि यदि न = ४ म + २ ऐसा होगा तो $- \frac{४ ज द^२}{\pi^२ न^२}$ इसके तुल्य होगा और सर्वत्र शून्य के तुल्य होगा। और

$$\int_0^{द} फ(श) ताश = ज \int_0^{\frac{द}{२}} श ताश + ज \int_{\frac{द}{२}}^{द} (द - श) ताश = \frac{ज द^२}{४}$$

इसलिये अभीष्ट श्रेढी

$$\frac{ज द}{४} - \frac{८ ज द}{\pi^२} \left\{ \frac{१}{२^२} कोज्या \frac{२ \pi य}{द} + \frac{१}{६^२} कोज्या \frac{६ \pi य}{द} + \frac{१}{१०^२} कोज्या \frac{१० \pi य}{द} + \cdots \right\}$$

इस श्रेढी का मान यदि र रख लें तो य के ० और $\frac{द}{२}$ मान और इनके बीच के मानों में भी र = ज य और य के $\frac{द}{२}$ और द और इनके बीच के मानों में भी र = ज(द-य) यह होगा। यदि य का मान द से बड़ा हो तो २५८ वें प्रक्रम से र का मान फिर फिर यही आवेगा क्योंकि २५८ वें प्रक्रम से यदि य = २ द—य' जहाँ य', द से छोटा है तो दहना पक्ष फ(य') के अर्थात् जहाँ य, द से छोटा है वहाँ जो र का मान है वही यहाँ पर भी हुआ। इस तरह से २५६ वें प्रक्रम के (३) और (४) समीकरण से हजारों प्रकार के नये सिद्धान्त वना सकते हो।

अभ्यास के लिये प्रश्न।

१। सिद्ध करो कि य के —π और π और इनके बीच के मानों में

$$\frac{य^{२}}{४} = \frac{\pi^{२}}{१२} — कोज्याय + \frac{कोज्या\ २य}{२^{२}} — \frac{कोज्या\ ३य}{३^{२}} + \cdots\cdot$$

२। (१) प्रश्न से सिद्ध करो कि

$$\frac{य^{३}}{१२} — \frac{\pi^{२}य}{१२} = — ज्याय + \frac{ज्या२य}{२^{३}} — \frac{ज्या३य}{३^{३}} + \cdots$$

३। सिद्ध करो कि यदि एक श्रेढी ऐसी बनाई जाय जो य के ० और अ के बीच के मानों में शून्य, य के अ और π — अ के बीच के मानों में अ, और फिर य के π — अ और π के बीच के मानों में π — य के तुल्य हो तो

$$\frac{४}{\pi}\ \{ज्याअ\ \ ज्याय + \frac{१}{३^{३}} ज्या३अज्या३य + \frac{१}{५^{२}} ज्या\ ५अ\ ज्या\ ५\ य + \cdots\}$$

२६२। जिस समीकरण में

$$\frac{तार}{ताय}, \frac{ता^{२}र}{ताय^{२}}, \frac{ता^{३}र}{ताय^{३}}, \cdots\cdots \frac{ता^{न}र}{ताय^{न}}$$ क्रम से रहते हैं।

उन्हें क्रम से एक घात, प्रथम सम्बन्ध द्वितीय सम्बन्ध, तृतीय सम्बन्ध,....न सम्बन्ध चलनसमीकरण कहते हैं। एक घात को प्रत्येक सम्बन्ध के साथ मिलाना चाहिये। इसी प्रकार जिसमें $\frac{तार}{ताय}$, $\left(\frac{तार}{ताय}\right)^{२}$, $\left(\frac{तार}{ताय}\right)^{३}\cdots\cdots\left(\frac{तार}{ताय}\right)^{न}$ ये हों उन्हें एक घात प्रथम सम्बन्ध, द्वितीयघात प्रथम सम्बन्ध, तृतीयघात प्रथम सम्बन्ध, न घात प्रथम सम्बन्ध चलनसमीकरण कहते हैं। और $\left[\frac{ता^{म}स}{ताय^{म}}\right]^{न}$ यह जिसमें हो उसे न घात म सम्बन्ध चलनसमीकरण कहते हैं।

२६३। यदि एक घात प्रथम सम्बन्ध चलनसमीकरण का रूप

मा + ना $\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}$ = ० ऐसा हो जहाँ मा और ना, य और र के फल हों और फलों में य और र के घात संख्याओं का योग प्रत्येक पद में एक ही हो तो कल्पना करो कि र = यल ∴ $\frac{\text{तार}}{\text{ताय}} = \text{ल} + \text{य}\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}$। समीकरण में ना का भाग दे दो तो

$$\frac{\text{मा}}{\text{ना}} + \frac{\text{तार}}{\text{ताय}} = 0 \text{ वा } \frac{\text{मा}}{\text{ना}} + \text{ल} + \text{य}\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}} = 0$$

परन्तु $\frac{\text{मा}}{\text{ना}}$, $\frac{\text{र}}{\text{य}}$ वा ल का कोई फल है इसलिये कल्पना करो कि

$\frac{\text{मा}}{\text{ना}} = \text{फ}(\text{ल})$ इसलिये य $\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}} = -\{\text{ल} + \text{फ}(\text{ल})\}$

$$\therefore \frac{\text{ताय}}{\text{य ताल}} = -\frac{1}{\text{ल} + \text{फ}(\text{ल})} \quad \therefore \text{ला}\left(\frac{\text{य}}{\text{ग}}\right) = -\int \frac{\text{ताल}}{\text{ल} + \text{फ}(\text{ल})}\text{, जहाँ}$$

ग कोई स्थिराङ्क है।

अपने सुभीते के लिये जहाँ कहीं लाघव जान पड़े तहाँ य = रल ऐसा मान कर भी ऊपर की क्रिया कर सकते हो।

(१) उदाहरण

कल्पना करो कि $\text{य} + \text{र} = (\text{य} - \text{र})\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}$

यहाँ र = यल मान लो तो $\frac{\text{तार}}{\text{ताय}} = \text{ल} + \text{य}\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}$

$$\therefore \text{ल} + \text{य}\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}} = \frac{\text{य} + \text{र}}{\text{य} - \text{र}} = \frac{1 + \text{ल}}{1 - \text{ल}} \quad \therefore \text{य}\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}} = \frac{1 + \text{ल}^2}{1 - \text{ल}}$$

$$\therefore \frac{\text{ताय}}{\text{यताल}} = \frac{1 - \text{ल}}{1 + \text{ल}^2} = \frac{1}{1 + \text{ल}^2} - \frac{\text{ल}}{1 + \text{ल}^2}$$

$$\text{इसलिये ला}\left(\frac{\text{य}}{\text{ग}}\right) = \text{स्प}^{-1}\text{ल} - \tfrac{1}{2}\text{ला}(1 + \text{ल}^2)$$

$$\text{वा ला}\left\{\frac{\text{य}}{\text{ग}}(1 + \text{ल}^2)^{\frac{1}{2}}\right\} = \text{ला}\frac{\sqrt{(\text{य}^2 + \text{र}^2)}}{\text{ग}} = \text{स्प}^{-1}\frac{\text{र}}{\text{य}}$$

(२) एक ऐसा वक्र बताओ जिसके भुज कोटि का योग उसके अवान्तर स्पर्शरेखा के समान हो।

यहाँ चलनकलन से अवान्तर स्पर्शरेखा = र $\frac{\text{ताय}}{\text{तार}}$ = य + र, और य = रल,

मान लो $\therefore \frac{\text{ताय}}{\text{तार}} = \text{ल} + \text{र}\frac{\text{ताल}}{\text{तार}} = \frac{\text{य}+\text{र}}{\text{र}} = \text{ल} + १$

$\therefore \frac{\text{तार}}{\text{रताल}} = १ \therefore \text{ला}\left(\frac{\text{र}}{\text{ग}}\right) = \text{ल} = \frac{\text{य}}{\text{र}}$।

२६४। $\frac{\text{तार}}{\text{ताय}} + \text{पार} = \text{वा} \cdots\cdots (१)$ इसमें र का मान जानना है जहाँ पा और वा य के कोई फल हैं।

देखो $\frac{\text{ता}}{\text{ताय}}\left(\text{र इ}^{\int \text{पाताय}}\right) = \frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\text{ इ}^{\int \text{पाताय}} + \text{पार इ}^{\int \text{पाताय}}$

$$= \text{इ}^{\int \text{पाताय}}\left(\frac{\text{तार}}{\text{ताय}} + \text{पार}\right)$$

इसलिये (१) को इ$^{\int \text{पाताय}}$ से गुण देने से

$$\text{इ}^{\int \text{पाताय}}\left(\frac{\text{तार}}{\text{ताय}} + \text{पार}\right) = \frac{\text{ता}}{\text{ताय}}\left(\text{र इ}^{\int \text{पाताय}}\right) = \text{वा इ}^{\int \text{पाताय}}$$

इसलिये चलानयन से

$$\text{र इ}^{\int \text{पाताय}} = \text{स्थि} + \int \text{वा इ}^{\int \text{पाताय}} \text{ताय}$$

और $\text{र} = \text{स्थि इ}^{-\int \text{पाताय}} + \text{इ}^{-\int \text{पाताय}} \int \text{वा इ}^{\int \text{पाताय}} \text{ताय}$

(१) उदा० $\frac{\text{तार}}{\text{ताय}} + \text{र} = \text{अय}^{३}$,

यहाँ पा = १, $\int \text{पाताय} = \text{य} \therefore \text{इ}^{\int \text{पाताय}} = \text{इ}^{\text{य}}$ और बा = अय^{३}

$\therefore \text{र} = \text{स्थि इ}^{-\text{य}} + \text{इ}^{-\text{य}} \int \text{अय}^{३}\text{इ}^{\text{य}}\text{ताय}$

$$= \text{स्थिइ}^{-\text{य}} + \text{इ}^{-\text{य}}\text{अ}\left\{\text{य}^{३}\text{इ}^{\text{य}} - ३\int \text{य}^{२}\text{इ}^{\text{य}}\text{ताय}\right\}$$

$= \text{स्थिइ}^{-\text{य}} + \text{अ}\ (\text{य}^{३} - ३\text{य}^{२} + ६\text{य} - ६)$

(२) उदा० $(१+\text{य}^{२})\frac{\text{तार}}{\text{ताय}} - \text{रय} = \text{अ}$, वा $\frac{\text{तार}}{\text{ताय}} - \frac{\text{य}}{१+\text{य}^{२}}\text{र} = \frac{\text{अ}}{१+\text{य}^{२}}$.

यहाँ पा = $-\frac{\text{य}}{१+\text{य}^{२}}$, $\int \text{पाताय} = \text{ला}\frac{१}{\sqrt{(१+\text{य}^{२})}}$ और $\text{इ}^{\int \text{पाताय}} = \frac{१}{\sqrt{(१+\text{य}^{२})}}$

$\therefore \text{र}\frac{१}{\sqrt{(१+\text{य}^{२})}} = \text{अ}\int \frac{\text{ताय}}{\sqrt{(१+\text{य}^{२})}} \times \frac{१}{१+\text{य}^{२}} = \text{अ}\int \frac{\text{ताय}}{(१+\text{य}^{२})^{\frac{३}{२}}}$

$$= \frac{\text{अय}}{\sqrt{(१+\text{य}^२)}} + \text{स्थि}$$

इसलिये $\text{र} = \text{अय} + \text{स्थि}\sqrt{(१+\text{य}^२)}$

२६५। यदि $\text{र}^{\text{म}-१}\frac{\text{तार}}{\text{ताय}} + \text{पार}^{\text{म}} = \text{वा}\,\text{र}^{\text{न}}$ ऐसा समीकरण हो तो दोनों पक्षों में $\text{र}^{\text{न}}$ का भाग देकर $\text{र}^{\text{म}-\text{न}} = (\text{म}-\text{न})\,\text{ल}$ मान लो तो

$$\text{र}^{\text{म}-\text{न}-१}\frac{\text{तार}}{\text{ताय}} + \text{पार}^{\text{म}-\text{न}} = \text{वा}$$

और $\text{र}^{\text{म}-\text{न}-१}\frac{\text{तार}}{\text{ताय}} = \frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}$

$$\therefore \frac{\text{ताल}}{\text{ताय}} + (\text{म}-\text{न})\,\text{पाल} = \text{वा}$$

यह अब ठीक २६४ वें प्रक्रम के समीकरण ऐसा हो गया।

(१) उदा० $\text{श}\frac{\text{ताश}}{\text{ताचा}} - \frac{\text{चश}^२}{\text{चा}} = -\frac{\text{म}}{\text{चा}^२}$

यहाँ मान लो कि $\text{श}^२ = २\text{ल}\;\therefore \text{श}\frac{\text{ताश}}{\text{ताचा}} = \frac{\text{ताल}}{\text{ताचा}}$

$$\therefore \frac{\text{ताल}}{\text{ताचा}} - \frac{२\text{चल}}{\text{चा}} = -\frac{\text{म}}{\text{चा}^२}$$

अब इस में $\text{पा} = -\frac{२\text{च}}{\text{चा}}\;\therefore \int \text{पाताचा} = -२\,\text{चलाचा} = \text{ला}\,\frac{१}{\text{चा}^{२\text{च}}}$

$$\therefore \text{इ}^{\int\text{पाताचा}} = \frac{१}{\text{चा}^{२\text{च}}}\;\therefore \text{ल}\;\text{चा}^{-२\text{च}} = -\text{म}\int \text{चा}^{-(२\text{च}+२)}\,\text{ताचा}$$

$$= \text{स्थि} + \frac{\text{मचा}^{-(२\text{च}+१)}}{२\text{च}+१}\;\therefore \text{ल} = \frac{\text{श}^२}{२} = \text{स्थि}\,\text{चा}^{२\text{च}} + \frac{\text{म}}{(२\text{च}+१)\text{चा}}$$

(२) उदा० $\text{यर}^२\,\text{तार} + \text{र}^३\text{ताय} = \frac{\text{अताय}}{\text{य}}$, यहाँ भी

ऊपर की क्रिया करने से

$$\text{र}^३ = \frac{३\text{अ}}{२\text{य}} + \frac{\text{स्थि}}{\text{य}^३}$$

२६६। मा ताय + ना तार = ० यह समीकरण $\int$फ (यर) = ग इसका तात्कालिक चलन सर्वदा नहीं हो सकता क्योंकि सम्भव है कि $\int$ फ (यर) इसके तात्कालिक चलन में जो कि शून्य के तुल्य होगा किसी गुणक का अप-

वर्त्तन दे दिया गया हो अथवा कोई स्थिराङ्क का लोप हो गया हो मूल समीकरण के वश से। परन्तु जिस स्थान में इसका पूरा रूप हो अर्थात् गुणक का अपवर्त्तन न दिया गया हो वा स्थिराङ्क का लोप मूल समीकरण के वश से न किया गया हो तो चलनकलन की युक्ति से $\frac{\text{ता}^2\text{स}}{\text{ताय तार}} = \frac{\text{ता}^2\text{स}}{\text{तार ताय}}$ इस नियम से र का मान जान सकते हो क्योंकि यहाँ

$\text{मा} = \frac{\text{तास}}{\text{ताय}}$ और $\text{ना} = \frac{\text{तास}}{\text{तार}}$ । यहाँ दोनों खण्ड तात्कालिक सम्बन्ध हैं अर्थात् पहले में र को दूसरे में य को स्थिर मान कर सम्बन्ध निकाला गया है।

$$\text{इसलिये स} = \int \text{मा ताय} + \text{फ}_{\text{१}}(\text{र})$$

र के वश से तात्कालिक सम्बन्ध निकालने से

$$\frac{\text{तास}}{\text{तार}} = \frac{\text{ता}\int\text{माताय}}{\text{तार}} + \frac{\text{ताफ}_{\text{१}}(\text{र})}{\text{तार}}$$

$$\text{परन्तु } \frac{\text{तास}}{\text{तार}} = \text{ना} \;\therefore\; \frac{\text{ताफ}_{\text{१}}(\text{र})}{\text{तार}} = \text{ना} - \frac{\text{ता}\int\text{माताय}}{\text{तार}}$$

$$\text{और} \quad \text{फ}_{\text{१}}(\text{र}) = \int\left(\text{ना} - \frac{\text{ता}\int\text{माताय}}{\text{तार}}\right)\text{तार}$$

$$\text{इसलिये स} = \int \text{मा ताय} + \int\left(\text{ना} - \frac{\text{ता}\int\text{माताय}}{\text{तार}}\right)\text{तार} + \text{स्थि}$$

(१) उदा० कल्पना करो कि $\text{तास} = \frac{\text{२ ताय}}{\sqrt{(\text{य}^2-\text{र}^2)}} - \frac{\text{२ य तार}}{\text{र}\sqrt{(\text{य}^2-\text{र}^2)}}$

$$\text{यहाँ} \quad \text{मा} = \frac{\text{२}}{\sqrt{(\text{य}^2-\text{र}^2)}},\ \text{ना} = \frac{-\text{२ य}}{\text{र}\sqrt{(\text{य}^2-\text{र}^2)}}$$

$$\text{इस लिये } \frac{\text{तामा}}{\text{तार}} = \frac{\text{२र}}{(\text{य}^2-\text{र}^2)^{\frac{3}{2}}} \text{ । } \frac{\text{ताना}}{\text{ताय}} = \frac{-\text{२}}{\text{र}}\left(\frac{-\text{र}^2}{(\text{य}^2-\text{र}^2)^{\frac{3}{2}}}\right) = \frac{\text{२र}}{(\text{य}^2-\text{र}^2)^{\frac{3}{2}}}$$

$$\therefore \text{स} = \int \text{मा ताय} + \text{फ}_{\text{१}}(\text{र}) = \text{२ ला}\left\{\text{य} + \sqrt{(\text{य}^2-\text{र}^2)}\right\} + \text{फ}_{\text{१}}(\text{र})$$

$$\frac{\text{तास}}{\text{तार}} = \frac{-\text{२र}}{\left\{\text{य}+\sqrt{(\text{य}^2-\text{र}^2)}\right\}\sqrt{(\text{य}^2-\text{र}^2)}} + \frac{\text{ताफ}_{\text{१}}(\text{र})}{\text{तार}} = \text{ना} = \frac{-\text{२ य}}{\text{र}\sqrt{(\text{य}^2-\text{र}^2)}}$$

$$\therefore \frac{\text{ताफ}_{\text{१}}(\text{र})}{\text{तार}} = \frac{\text{२}}{\sqrt{(\text{य}^2-\text{र}^2)}}\left\{\frac{\text{र}}{\text{य}+\sqrt{(\text{य}^2-\text{र}^2)}} - \frac{\text{य}}{\text{र}}\right\}$$

$$= \frac{-\text{२}}{\sqrt{(\text{य}^2-\text{र}^2)}}\left\{\frac{\text{य}^2-\text{र}^2+\text{य}\sqrt{(\text{य}^2-\text{र}^2)}}{\text{रय}+\text{र}\sqrt{(\text{य}^2-\text{र}^2)}}\right\} = -\frac{\text{२}}{\text{र}}$$

$\therefore$ फ$_1$(र) = स्थि—२ ला र

इसलिये स = ला $\left\{ \frac{य + \sqrt{(य^2 - र^2)}}{र} \right\}^2$ + स्थि ।

जहाँ गुणक से अपवर्त्तन दे दिया गया हो वहाँ पर बड़ी कठिनता पड़ेगी और कोई विधि नहीं है जिससे गुणक का पता लगे, केवल अपने बुद्धि बल से गुणक का पता लगा कर गणित करना चाहिये ।

२६७। इस प्रक्रम में चलनसमीकरण सम्बन्धि कुछ उदाहरण दिखाते हैं ।

(१) एक ऐसे वक्र का पता लगावो जो दिये हुए समीकरण सम्बन्धि वक्र-परम्परा को काटने से निर्दिष्टकोण तुल्य कोण बनावे ।

कल्पना करो कि दिये हुए वक्र का भुज = य और कोटि र और साध्य वक्र का भु = य$_1$ और कोटि र$_1$ है और निर्दिष्ट कोण की स्पर्श रेखा = म है

$$\text{तो स्प}^{-1}\text{म} = \text{स्प}^{-1}\frac{\text{तार}}{\text{ताय}} - \text{स्प}^{-1}\frac{\text{तार}_1}{\text{ताय}_1} \; । \therefore \text{म} = \frac{\frac{\text{तार}}{\text{ताय}} - \frac{\text{तार}_1}{\text{ताय}_1}}{1 + \frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\,\frac{\text{तार}_1}{\text{ताय}_1}}$$

सिद्धवक्र के समीकरण पर से $\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}$ का मान य, र के फल रूप में अर्थात् फ (य,र) ऐसा सिद्ध हो जायगा और योग बिन्दु पर दोनों वक्र के भुज कोटि एक ही होंगे इसलिये य$_1$ के स्थान में य और र$_1$ के स्थान में र को रख सकते हैं इन पर से फिर साध्य वक्र का समीकरण भी व्यक्त हो जायगा । ऊपर के समीकरण को ।

$$\text{म}\left\{1 + \text{फ (य,र)}\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\right\} = \text{फ (य,र)} - \frac{\text{तार}}{\text{ताय}}$$ ऐसे लिख सकते हैं जो कि एकघात प्रक्रम सम्बन्धि चलनसमीकरण के ऐसा होगा ।

यदि साध्य वक्र सिद्ध वक्रों को काट कर समकोण बनावे तो म = ∞

इसलिये $1 + \text{फ (य,र)}\frac{\text{तार}}{\text{ताय}} = 0 \;\therefore\; \frac{\text{तार}}{\text{ताय}} = -\frac{1}{\text{फ (य,र)}}$

जैसे उस वक्र को बताओ जो उन परवलयों को काटने से समकोण बनावे जिनमें शिरःस्थान और य अक्ष एक ही है ।

कल्पना करो कि परवलय का र^2 = ४अय यह समीकरण है

$$\therefore \text{फ (य,र)} = \frac{\text{तार}}{\text{ताय}} = \frac{\text{२अ}}{\text{र}} = \frac{\text{र}}{\text{२य}}$$

$$\therefore \frac{\text{तार}}{\text{ताय}} = -\frac{२\text{य}}{\text{र}} \text{ इसलिये } \frac{\text{र}^२}{२} = (\text{ग}^२ - \text{य}^२)$$

यह एक दीर्घवृत्त का समीकरण हुआ जिसका केन्द्र परवलय का शिरःस्थान और वृहद्व्यास य अक्ष पर लम्ब होगा। यहाँ ग का मान अनिश्चित है इसलिये कोई दीर्घवृत्त जिनके व्यासों में $\sqrt{२} : १$ यह सम्बन्ध हो वे सब परवलयों को समकोण पर काटेंगे।

(२) $\left(\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\right)^{\text{न}} + \text{प}\left(\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\right)^{\text{न}} + \text{वा}\left(\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\right)^{\text{न}-२} + \cdots + \text{वा}_{\text{न}} = ०$ जहाँ पा, वा, इत्यादि य, र के फल हैं इसमें र का मान क्या होगा।

इस न घात प्रथमसम्बन्ध चलनसमीकरण में साधारण बीजगणित से $\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}$ का न विध मान आवेगा इसलिये न विध र का मान चलानयन से निकलेगा और इनका घातरूप एक और मान आवेगा।

जैसे यदि $\frac{\text{तार}^२}{\text{ताय}^२} = \text{अ}^२ \therefore \frac{\text{तार}}{\text{ताय}} = \pm \text{अ}$ इसलिये $\text{र} = \text{ग} \pm \text{अय}$ वा $\text{र} = \text{ग}^। - \text{अय}$ ये दोनों दिये समीकरण को ठीक रखेंगे और इनका घात $(\text{र}-\text{ग}-\text{अय})(\text{र}-\text{ग}^। + \text{अय}) = ०$ यह भी समीकरण को ठीक रखेगा।

इस पर से यह एक उदाहरण बनता है कि उस वक्र को बताओ जिसमें चा = अय + कर हो

$$\text{यहाँ } \frac{\text{ताचा}}{\text{ताय}} = \sqrt{\left\{१ + \left(\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\right)^२\right\}} = \text{अ} + \text{क}\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}$$

इससे सिद्ध है कि $\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}$ का मान स्थिर होगा मानो कि $\frac{\text{तार}}{\text{ताय}} = \text{म}$

तो र = मय + ग यह एक सरलरेखा का समीकरण है

$$\therefore \frac{\text{र}-\text{ग}}{\text{य}} = \text{म} = \frac{\text{तार}}{\text{ताय}} \text{ इसलिये } \sqrt{\left\{१ + \left(\frac{\text{र}-\text{ग}}{\text{य}}\right)^२\right\}} = \text{अ} + \text{क}\left(\frac{\text{र}-\text{ग}}{\text{य}}\right)$$

यह समीकरण हुआ।

(३) $\frac{\text{ता}^{\text{न}}\text{र}}{\text{ताय}^{\text{न}}} = \text{या}$ इसमें र का मान क्या होगा जहाँ या, य का कोई फल है।

पहले मानो कि $\frac{\text{ता}^२\text{र}}{\text{ताय}^२} = \text{या} \therefore \frac{\text{ता}}{\text{ताय}}\left(\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\right) = \text{या} \therefore \frac{\text{तार}}{\text{ताय}} = \int \text{याताय}$

और $\text{र} = \int \left\{ \int \text{याताय} \right\} \text{ताय}$

फिर मान लो कि $\frac{ता^2र}{ताय^2}$ = या, तो, $\frac{ता}{ताय}\left(\frac{ता^2र}{ताय^2}\right)$ = या $\therefore \frac{ता^2र}{ताय^2} = \int$ याताय

फिर ऊपर के ऐसा दो वार चलानयन करो। यहाँ स्थिराङ्क को छोड़ दिया है।

(४) $\frac{ता^2र}{ताय^2}$ = रा यहाँ (रा, र कोई फल है) र का मान क्या होगा।

मान लो कि $\frac{तार}{ताय} = प \quad \therefore \frac{ता^2र}{ताय^2} = \frac{ताप}{ताय} = \frac{ताप}{तार}\,\frac{तार}{ताय} = प\,\frac{ताप}{तार}$

$= रा \quad \therefore \frac{प^2}{२} = स्थि + \int रा\, तार$

(५) $\frac{ता^2र}{ताय^2} + पा\,\frac{तार}{ताय} + वार = ०$ इसमें र का मान क्या होगा।

यहाँ मान लो कि

$$र = इ^{\int शताय} \quad \therefore \frac{तार}{ताय} = श\, इ^{\int शताय}, \quad \frac{ता^2र}{ताय^2} = \left(\frac{ताश}{ताय} + श^2\right)\, इ^{\int शताय}$$

$$इसलिये\ इ^{\int शताय}\left\{श + पाश + वा + \frac{ताश}{ताय}\right\} = ०$$

$\therefore \quad श^2 + पाश + वा + \frac{ताश}{ताय} = ०$ इसलिये यदि पा और वा स्थिराङ्क हों तो सहज में श का और श पर से र का ज्ञान हो जायगा। क्योंकि यदि पा = आ और वा = का तो

$$श^2 + आश + का + \frac{ताश}{ताय} = \frac{ताश}{ताय} + (श - अ_१)(श - क_१) = ०$$

जहाँ $श^2 + आश + का = ०$ इसमें श का, $अ_१$ और $क_१$ मान हैं।

इसमें यदि $श = अ_१$ वा $श = क_१$ तो समीकरण ठीक होता है

इसलिये $र = इ^{\int अ_१ ताय} = इ^{अ_१ य + ग} = ग_१ इ^{अ_१ य}$ वा $र = ग_२ इ^{क_१ य}$ दोनों के योग तुल्य र मानें तो भी समीकरण ठीक होगा इसलिये

$$र = ग_१ इ^{अ_१ य} + ग_२ इ^{क_१ य}$$

$अ^१$ और $क^१$ के सम्भाव्य, असम्भाव्य, और तुल्य होने से इस में कई भेद उत्पन्न होते हैं।

(६) नव हाथ ऊँचे खंभे पर एक मोर बैठा था उसने खंभे की जड़ से २७ हाथ दूरी पर एक साँप को बिल की तरफ़ जो कि खंभे की जड़ में थी आते देख उसके ऊपर झपटा । बतावो खंभे की जड़ से कितनी दूरी पर मोर ने साँप को पकड़ा । इस प्रश्न में इतना हम जानते हैं कि प्रतिक्षण में साँप की गति से दूनी मोर की गति थी ।



कल्पना करो कि अवि = खंभा = ९ = अ, विस = साँप बिल का अन्तर = २७ = क, सअ = ग, वि बिल, स, पहिले साँप का स्थान । अप गा, वह वक्र है जिस में मोर चला । इस का अय रेखा य अक्ष और अ मूल विन्दु है । प्रतिक्षण में जब साँपही के सन्मुख मोर चलता है तब स्पष्ट है कि इष्ट स्थान में जहाँ पर साँप होगा वहाँ से वक्र पर जो स्पर्शरेखा होगी उस के स्पर्शविन्दु पर मोर होगा । मान लो कि इष्ट समय में सर्प का स्थान स_1 और वहाँ से वक्र स्पर्शरेखा स_1 प । प, उस समय में मोर का स्थान और उसका भुज = अम = य और कोटि = पम = र हैं । मोर गति और साँप गति का सम्बन्ध = इ; मान रखो तो चलनकलन से ।

$$\text{स्प} \angle \text{स}_2 = \frac{\text{तार}}{\text{ताय}}, \text{स}_2\text{म} = \frac{\text{र ताय}}{\text{तार}}, \text{स}_2\text{वि} = \text{अ} - \text{य} + \frac{\text{र ताय}}{\text{तार}},$$

$$\text{विस}_1 = \frac{\text{तार}}{\text{ताय}}(\text{अ}-\text{य}) + \text{र} \text{ । इस } \text{सस}_1 = \text{क} - \text{र}(-\text{अ}-\text{य})\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}$$

$$\text{इसलिये अप चाप} = \text{च} = \text{इ} \times \text{सस}_1 = \text{इक} - \text{इ}\left\{\text{र} + (\text{अ}-\text{य})\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\right.$$

इसका य के वश तात्कालिक सम्बन्ध निकालने से

$$\frac{\text{तां चा}}{\text{ताय}} = \sqrt{\left\{ १ + \left[\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\right]^२ \right\}} = -\text{इ}_१(\text{अ}-\text{य})\frac{\text{ता}^२\text{र}}{\text{ताय}^२} = \text{इ}_१(\text{य}-\text{अ})\frac{\text{तां}}{\text{ताय}}\left[\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\right]$$

इसलिये

